


CS CamScanner

# SSC-GD

# हिन्दी

2024, 2023, 2021 व 2019 के SSC GD के समस्त महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

लेखक
RWA TEAM

रोजगार पब्लिकेशन

CamScanner

## अंकित भाटी सर की कलम से .........

**प्रिय बालकों/बालिकाओं**

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि SSC GD की नौकरी का आकर्षण पिछले कई वर्षों में बहुत ज्यादा बढ़ा है। इसके पीछे का मुख्य कारण रोजगार के साथ-साथ देश सेवा का भाव भी है। यह नौकरी आपको सही मायनों में देश सेवा के भाव से ओत-प्रोत कराती है। पिछले वर्ष SSC GD में सबसे ज्यादा सिलेक्शन आपकी संस्था (Rojgar With Ankit) से हुए, जिन साथियों का चयन SSC GD में हुआ, उनके लिए हम एक सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं, जिससे हम उनकी Selection की Journey को करीब से आप लोगों को दिखा सकें एवं इस नौकरी की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी उनसे प्रोत्साहित हो सकें। आपकी संस्था RWA वैसे तो अपने प्रत्येक बैच में "सबसे सस्ता, सबसे अच्छा" टैगलाईन को चरितार्थ करती है, लेकिन जब हम SSC GD की बात करते हैं, तो सबसे ज्यादा उम्मीद RWA से की जाती है, इसलिए मैं हमेशा आपकी इच्छानुसार सबसे अच्छा, कंटेंट चाहे वह किसी कोर्स, बुक्स, मॉकटेस्ट व यूट्यूब पर फ्री प्रैक्टिस सेट्स हो सभी रूप में आपको उपलब्ध कराता हूँ, लेकिन इसके बदले में आपसे भी मेहनत, सतत् प्रयास तथा स्वयं व परिवार के प्रति मेहनत की प्रतिबद्धता की अपेक्षा रखता हूँ।

मैं बस एक बात SSC GD की नौकरी की तैयारी करने वाले को कहना चाहूँगा-

**SSC GD की नौकरी लेनी हो ना**<br>
**तो जेब में गाँधी हो या न हो**<br>
**पर दिल में आँधी होनी चाहिए**

मैं यह मानता हूँ कि SSC GD की तैयारी अगर सटीक रणनीति से की जाए तो लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसी कड़ी में RWA SSC GD के लिए विशेष तौर पर चार बुक्स का COMBO निकालता है, जिसमें SSC GD में पूछे जाने वाले चारों विषयः- **हिन्दी, जी.एस., मैथ्स** और **रीजनिंग** की बुक्स प्रकाशित करता है, जिसके कंटेंट को गत वर्षों के टॉपर्स द्वारा भी बहुत सराहा गया है। चार किताबों के इस COMBO में पहली किताब हिंदी की आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ। इस किताब में वर्ष 2019, 2021, 2023 व 2024 के SSC GD के प्रश्नों को चैप्टरवाईस संकलित किया गया है तथा थ्योरी में भी गत-वर्षों के प्रश्नों को शामिल किया गया है। इस किताब में कंटेंट को परीक्षानुसार संक्षिप्त तथा सारगर्भित करने की एक ईमानदार कोशिश की गई है।

वैसे तो इस बुक को कई चरणों में सूक्ष्मता से जाँचा गया है, लेकिन फिर भी यह दावा करना कि पुस्तक त्रुटिरहित है, अव्यावहारिक ही होगा। आप हमें अपने सुझाव हमारे हेल्पलाइन नंम्बर 9311737467 पर के माध्यम से दे सकते हैं। आपके सुझावों पर हम निश्चित रूप से काम करेंगे।

मेरा सपना पंक्ति में खड़े अंतिम विद्यार्थी तक रोजगार की पहुँच सुनिश्चित करना है। मैं आप सभी अभ्यर्थियों को बस यह कहना चाहूँगा-

**राह संघर्ष की जो चलता है, संसार वही बदलता है।**<br>
**जिसने रातों से है जंग जीती, सुबह सूर्य बनकर वही चमकता है।।**

एक बात आपसे शेयर करना चाहूँगा कि-मैं व्यक्तिगत रूप से ऐसे बच्चों से मिला हूँ जो अपनी असफलता का ठीकरा किस्मत के ऊपर फोड़ते हैं, उनके लिए बस यही कहूँगा-

**मुझमें और किस्मत में बस एक ही जंग।**<br>
**मैं उसके फैसलों से तंग, वो मेरे हौसलों से दंग।।**

**शुभकामनाओं सहित**<br>
**अंकित भाटी**<br>
**(Rojgar with Ankit)**

CamScanner

# विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 6-24 |
| 2. | वाक्यांश के लिए एक शब्द | 25-38 |
| 3. | पर्यायवाची या समानार्थी शब्द | 39-53 |
| 4. | विलोम शब्द | 54-70 |
| 5. | अनेकार्थक शब्द एवं शब्द युग्म | 71-76 |
| 6. | शब्द विचार/तत्सम-तद्भव | 77-86 |
| 7. | शुद्ध-अशुद्ध (वर्तनी) | 87-97 |
| 8. | वाक्य शुद्धि | 98-109 |
| 9. | रिक्त स्थानों की पूर्ति | 110-118 |
| 10. | वाक्यांश का प्रतिस्थापन | 119-128 |
| 11. | संज्ञा एवं सर्वनाम | 129-132 |
| 12. | लिंग, वचन एवं कारक | 133-138 |
| 13. | विशेषण एवं अव्यय | 139-143 |
| 14. | क्रिया, काल एवं वाच्य | 144-148 |
| 15. | वाक्य विचार | 149-152 |
| 16. | अपठित गद्यांश | 153-170 |
| | प्रैक्टिस सेट्सः 1-5 | 171-180 |


CamScanner

# गत-वर्षों में SSC GD में पूछे गए प्रश्नों का Topic Wise वर्गीकरण

| *अध्याय* | *वर्ष 2023 में आयोजित परीक्षा में पूछे गए प्रश्न* | *वर्ष 2024 में आयोजित परीक्षा में पूछे गए प्रश्न* |
|---|---|---|
| विलोम शब्द | 1–2 प्रश्न | 2–3 प्रश्न |
| पर्यायवाची शब्द | 1–2 प्रश्न | 2 प्रश्न |
| मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 2 प्रश्न | 2 प्रश्न |
| वाक्यांश के लिए एक शब्द | 2 प्रश्न | 2–3 प्रश्न |
| शुद्ध-अशुद्ध ( वर्तनी ) | 1 प्रश्न | 1 प्रश्न |
| वाक्य शुद्धि | 2 प्रश्न | 2–3 प्रश्न |
| रिक्त स्थान की पूर्ति | 2–3 प्रश्न | 1–2 प्रश्न |
| वाक्यांश का प्रतिस्थापन | 2 प्रश्न | 1 प्रश्न |
| संज्ञा एवं लिंग | 0–1 प्रश्न | 0–1 प्रश्न |
| सर्वनाम, क्रिया, काल, कारक, विशेषण, अव्यय एवं वाक्य रचना | 1 प्रश्न | 0 प्रश्न |
| शब्द विचार/तत्सम-तद्भव | 0 प्रश्न | 1–2 प्रश्न |
| अपठित गद्यांश | 5 प्रश्न | 5 प्रश्न |

**नोट:** *उपर्युक्त चार्ट के आधार पर हम गत-वर्ष में पूछे गए प्रश्नों का विश्लेषण कर अपनी तैयारी के स्तर को नया आयाम दे सकते हैं।*

CamScanner

# 1 मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

### परिभाषा

आमतौर पर कुछ लोग मुहावरे को 'रोजमर्रा', 'बोलचाल', 'तर्ज़ेकलाम' या 'इस्तलाह' भी कहते हैं, परंतु इनमें से किसी भी शब्द को 'मुहावरे' के पूर्ण पर्यायवाची के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता है।

विभिन्न विद्वानों ने विभिन्न प्रकार से 'मुहावरे' की परिभाषा दी है–

"हिन्दी-उर्दू में लक्षणा अथवा व्यंजना द्वारा सिद्ध वाक्यों को ही मुहावरा कहते हैं।" – डॉ. उदय नारायण तिवारी

"किसी भाषा की अभिव्यंजना के विशिष्ट रूप को मुहावरा कहते हैं।" – ऑक्सफोर्ड कन्साइज डिक्शनरी

"मुहावरा शब्दों का वह क्रम या समूह है जिसमें सभी शब्दों का अर्थ एक साथ मिलाकर लिखा जाता है।" – ए. एस. हॉर्नबी

मुहावरे रूप की दृष्टि से पदबंध जैसे होते हैं किन्तु उनमें और साधारण पदबंध में बहुत अंतर होता है। मुहावरे के सतत् प्रयोग के कारण अपने शब्दार्थ को छोड़कर विशेष रूप से भाषा जीवंत और प्रभावशाली प्रतीत होती है। इनके प्रयोग से भाषा में रोचकता, रंजकता, प्रवाह व लालित्य के गुण का सृजन होता है।

'मुहावरा' शब्द अरबी भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है– अभ्यास। हिन्दी भाषा में मुहावरों का प्रयोग भाषा को सुंदर, प्रभावशाली, संक्षिप्त तथा सरल बनाने के लिए किया जाता है। ये प्रायः वाक्यांश होते हैं। इनका प्रयोग करते समय इनका शाब्दिक अर्थ न लेकर विशेष अर्थ लिया जाता है।

उदाहरण–

1. रस्सी का साँप बनाना – बात का बतंगड़ बनाना।
2. रस्सी जल गई पर ऐंठन न गई – सर्वनाश हो गया पर घमंड नहीं गया।
3. राम मिलाई जोड़ी, एक अंधा एक कोढ़ी – बराबर का मेल हो जाना।
4. लंका में सब बावन गज के – एक से बढ़कर एक।
5. लातों के भूत बातों से नहीं मानते – दुष्ट लोगों से कड़ाई से पेश आना पड़ता है।
6. लाल गुदड़ी में नहीं छिपते – उत्तम प्रकृति के लोगों का पता चल ही जाता है।
7. लेना एक न देना दो – किसी से कुछ मतलब न रखना।
8. वहम की दवा लुकमान हकीम के पास भी नहीं है – वहम सबसे बुरा रोग है।
9. शक्ल चुड़ैल की, मिज़ाज परियों का – बेकार का नखरा।
10. शेरों का मुँह किसने धोया – सामर्थ्यवान् के लिए कोई उपाय नहीं।
11. सखी न सहेली, भली अकेली – अकेले रहना अच्छा।
12. साँच को आँच नहीं – सच्चे आदमी को कोई खतरा नहीं।
13. साँप मरे लाठी न टूटे – बिना बल प्रयोग के काम हो जाना।
14. सावन हरे न भादों सूखे – सदा एक सी दशा।
15. सिर मुँड़ाते ही ओले पड़ना – शुरू में ही विघ्न पड़ना।
16. सौ दिन चोर के, एक दिन साह का – चोरी एक न एक दिन खुल ही जाती है।
17. सौ सुनार की एक लोहार की – निर्बल के मुकाबले बलवान का प्रभाव अधिक होता है।
18. हथेली पर सरसों नहीं जमती – कठिन काम इतनी जल्दी नहीं हो जाता।

## *SSC GD की परीक्षानुरूप महत्त्वपूर्ण मुहावरों का संकलन*

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | **अंगूठा दिखाना** | इनकार करना |
| ◈ | **अंधे की लकड़ी** | एकमात्र सहारा |
| ◈ | **अंधे के आगे रोना** | व्यर्थ प्रयत्न करना |
| ◈ | **अंधे के हाथ बटेर लगना** | अनायास ही मिलना |
| ◈ | **अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरना** | मूर्खतापूर्ण कार्य करना |
| ◈ | **अक्ल का अंधा/अक्ल का दुश्मन** | महामूर्ख होना |
| ◈ | **अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना** | आत्मप्रशंसा करना |
| ◈ | **आँख मूँदना** | मर जाना/अनदेखी करना |
| ◈ | **आँखों में धूल झोंकना** | धोखा देना |
| ◈ | **आकाश पाताल एक करना** | कठिन परिश्रम करना |
| ◈ | **उँगली पर नचाना** | वश में रखना |



CamScanner

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | उड़ती चिड़िया पहचानना | दूरदर्शी होना |
| ◈ | ऊधो का न लेना न माधो का देना | किसी से किसी प्रकार का संबंध न रखना |
| ◈ | एक ढेले से दो शिकार | एक कार्य से दो उद्देश्यों की पूर्ति करना |
| ◈ | औंधे मुँह गिरना | पराजित होना |
| ◈ | औकात पहचानना | यह जानना कि किसी में कितना सामर्थ्य है। |
| ◈ | कलेजे पर पत्थर रखना | धैर्य धारण करना |
| ◈ | कूपमण्डूक होना | सीमित ज्ञान |
| ◈ | काँटों पर लेटना | बेचैन होना |
| ◈ | काँटा दूर होना | बाधा दूर होना |
| ◈ | कमर कसना | तैयार होना |
| ◈ | कदम उखड़ना | भाग खड़े होना |
| ◈ | कालिख पोतना | बदनामी करना |
| ◈ | कंगाली में आटा गीला होना | अभाव में और भी अभाव होना |
| ◈ | गागर में सागर भरना | थोड़े में बहुत कुछ कहना |
| ◈ | चोली दामन का साथ | अत्यन्त निकटता |
| ◈ | चैन की बंशी बजाना | बेफिक्र हो जाना |
| ◈ | चिराग तले अँधेरा | अपना दोष स्वयं दिखाई नहीं देता |
| ◈ | चोर की दाढ़ी में तिनका | अपराधी सदैव सशंक रहता है |
| ◈ | चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना | आश्चर्य होना/घबरा जाना |
| ◈ | घाट-घाट का पानी पीना | बहुत अनुभव प्राप्त करना |
| ◈ | टूट पड़ना | आक्रमण करना |
| ◈ | टेढ़ी खीर | कठिन काम या बात |
| ◈ | ठन-ठन-गोपाल | पैसा पास न होना |
| ◈ | तेली का बैल | हर समय काम में लगे रहना |
| ◈ | दाहिना हाथ | बहुत बड़ा सहायक होना |
| ◈ | जूतियों में दाल बाँटना | अनबन होना |
| ◈ | धूप में बाल सफेद होना | अनुभवहीन होना |
| ◈ | नाक में नकेल डालना | वश में करना |
| ◈ | नाकों-चने चबाना | बहुत तंग करना |
| ◈ | फूँक-फूँक कर पाँव रखना | सतर्कता से कार्य करना |
| ◈ | फट पड़ना | एक दम गुस्से में हो जाना |
| ◈ | बखिया उधेड़ना | भेद खोलना |
| ◈ | बाँए हाथ का खेल | अति सरल काम |

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | भैंस के आगे बीन बजाना | बेसमझ आदमी को उपदेश देना |
| ◈ | भगीरथ प्रयत्न करना | कठोर परिश्रम |
| ◈ | मुँह की खाना | हार जाना/अपमानित होना |
| ◈ | मुँह पकड़ना | बोलने न देना |
| ◈ | मुट्ठी गरम करना | रिश्वत देना (SSC GD 2024) |
| ◈ | मिट्टी का माधो | बहुत ही मूर्ख |
| ◈ | लंगोटी में फाग खेलना | दरिद्रता में आनन्द मनाना |
| ◈ | लोहे के चने चबाना | कठिनाइयों का सामना करना |
| ◈ | लाल पीला होना | गुस्से में होना |
| ◈ | श्री गणेश करना | कार्य आरम्भ करना |
| ◈ | साँप छछूँदर की गति होना | असमंजस की दशा में होना |
| ◈ | सब्ज बाग दिखाना | लालच देकर बहकाना |
| ◈ | हाथ-पाँव फूल जाना | डर से घबरा जाना |
| ◈ | अँगूठा चूमना | खुशामद करना/चापलूसी करना |
| ◈ | आँखें चार होना | देखा-देखी होना या प्रेम होना |
| ◈ | आँखें थकना | प्रतीक्षा में निराश होना |
| ◈ | आँख दिखाना | क्रोध प्रकट करना |
| ◈ | आँखों का पानी ढल जाना | लज्जा रहित हो जाना |
| ◈ | आँखों मे चर्बी छाना | घमण्डी होना |
| ◈ | आठ-आठ आँसू रोना | अत्यधिक विलाप करना |
| ◈ | आग में कूद पड़ना | खतरा मोल लेना |
| ◈ | अंडे का शहजादा | अनुभवहीन |
| ◈ | अपनी डफली आप बजाना | अपने मन की करना |
| ◈ | आग उगलना | क्रोध प्रकट करना |
| ◈ | आग में घी डालना | झगड़ा बढ़ाना/क्रोध भड़काना |
| ◈ | आग पानी का बैर | स्वाभाविक शत्रुता |
| ◈ | अपना उल्लू सीधा करना | अपना स्वार्थ साधना |
| ◈ | ऐड़ी चोटी का पसीना एक करना | खूब परिश्रम करना |
| ◈ | कलम तोड़ना | बहुत अच्छा लिखना |
| ◈ | काँटों में घसीटना | संकट में डालना |
| ◈ | करवटें बदलना | बेचैन रहना |
| ◈ | काला अक्षर भैंस बराबर | अनपढ़/निरा मूर्ख |



CamScanner

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | **नीम हकीम खतरा-ए-जान** | अनुभवहीन व्यक्ति के हाथों काम बिगड़ सकता है। |
| ◈ | **कोल्हू का बैल** | खूब परिश्रमी |
| ◈ | **कटे पर नमक छिड़कना** | दुखी को और दुखी करना |
| ◈ | **किस खेत की मूली** | अधिकारहीन/शक्तिहीन |
| ◈ | **खटाई में पड़ना** | झमेले में पड़ना |
| ◈ | **खरी-खोटी सुनाना** | भला-बुरा कहना |
| ◈ | **खून का प्यासा** | जान से मारने पर उतारू |
| ◈ | **गुड़ गोबर करना** | बनाया काम बिगाड़ना |
| ◈ | **गीदड़ भभकी** | मन में डरते हुए भी ऊपर से दिखावटी क्रोध करना |
| ◈ | **गुरु घंटाल** | बहुत चालाक |
| ◈ | **गड़े मुर्दे उखाड़ना** | दबी हुई बात फिर से उभारना |
| ◈ | **गूलर का कीड़ा** | सीमित दायरे में भटकना |
| ◈ | **गुदड़ी का लाल** | गरीब के घर गुणवान का होना |
| ◈ | **घोड़े बेचकर सोना** | बेफिक्र होकर सोना |
| ◈ | **चार दिन की चाँदनी** | क्षणिक सुख |
| ◈ | **चाँद पर थूकना** | किसी बड़े पुरुष पर कलंक लगाना |
| ◈ | **चुल्लू भर पानी में डूब मरना** | अत्यन्त लज्जित होना |
| ◈ | **चम्पत हो जाना** | भाग जाना |
| ◈ | **चकमा देना** | धोखा देना |
| ◈ | **छाती पर मूँग दलना** | कष्ट देना |
| ◈ | **छाती पर पत्थर रखना** | असह्य दुःख को दिल में दबा लेना |
| ◈ | **छोटे मुँह बड़ी बात** | योग्यता से बढ़कर बोलना |
| ◈ | **छाती पर साँप लोटना** | ईर्ष्या से हृदय जलना |
| ◈ | **पैरों तले जमीन खिसकना** | होश उड़ना। |
| ◈ | **जलती आग में तेल डालना** | और झगड़ा बढ़ाना |
| ◈ | **जी का जंजाल होना** | अच्छा न लगना/व्यर्थ का झंझट |
| ◈ | **जान पर खेलना** | प्राण संकट में डालना |
| ◈ | **डींग हाँकना/शेखी बघारना** | बढ़-चढ़कर बातें करना |
| ◈ | **तिल का ताड़ करना** | छोटी बात को बड़ी बनाना |
| ◈ | **तेवर बदलना** | क्रोध करना/व्यवहार बदलना |

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | **तूती बोलना** | प्रसिद्ध होना/खूब चलना |
| ◈ | **दूध के दाँत न टूटना** | अनुभव का न होना |
| ◈ | **दायें-बायें देखना** | सावधान होना |
| ◈ | **धरती पर पाँव न रखना** | घमंडी होना |
| ◈ | **हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा हो** | साधारण मेहनत से अच्छा काम कर लेना |
| ◈ | **हाथ का दिया आड़े आए** | अपना कर्म ही फल देता है। |
| ◈ | **धाक जमाना** | रोब दिखाना या होना (SSC GD 2023) |
| ◈ | **नेकी और पूछ-पूछ** | बिना कहे ही भलाई करना |
| ◈ | **नौ दो ग्यारह होना** | भाग जाना (SSC GD 2019) |
| ◈ | **पानी-पानी होना** | अधिक लज्जित होना |
| ◈ | **पानी-पानी करना** | लज्जित करना |
| ◈ | **पानी में आग लगाना** | असंभव कार्य करना |
| ◈ | **पोल खोलना** | रहस्य प्रकट करना |
| ◈ | **पापड़ बेलना** | बहुत संघर्ष करना |
| ◈ | **पौ बारह होना** | खूब लाभ होना (SSC GD 2021) |
| ◈ | **पीठ ठोंकना** | साहस बढ़ाना |
| ◈ | **पीठ दिखाना** | पलायन करना |
| ◈ | **फूला न समाना** | काफी खुश होना |
| ◈ | **फूटी आँखों न भाना** | तनिक भी न सुहाना |
| ◈ | **बगुला भगत** | कपटी व्यक्ति/ढोंगी व्यक्ति |
| ◈ | **बहती गंगा में हाथ धोना** | समय का लाभ उठाना |
| ◈ | **बगले झाँकना** | बचाव का रास्ता ढूँढ़ना |
| ◈ | **बाग-बाग होना** | खुश होना |
| ◈ | **बाँसों उछलना** | काफी खुश होना |
| ◈ | **भीगी बिल्ली बनना** | लाचार होना/डर जाना |
| ◈ | **भनक पड़ना** | उड़ती हुई खबर सुनना |
| ◈ | **भाड़ झोंकना** | समय नष्ट करना |
| ◈ | **मन फट जाना** | विराग होना |
| ◈ | **मिट्टी के मोल बिकना** | बहुत सस्ता होना |
| ◈ | **मीन-मेख करना** | व्यर्थ तर्क |
| ◈ | **मैदान मारना** | विजय प्राप्त करना |
| ◈ | **रंगा सियार होना** | धोखेबाज व्यक्ति |



CamScanner

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| ◈ मुर्गी को तकवे का घाव भी बहुत है | कमजोर आदमी थोड़ा सा कष्ट भी नहीं सह सकता। |
| ◈ होश उड़ जाना | घबरा जाना |
| ◈ हक्का-बक्का रह जाना | आश्चर्यचकित होना |
| ◈ हवा लगना | प्रभाव पड़ना/असर पड़ना |
| ◈ हथियार डाल देना | हार मान लेना |
| ◈ हड़प जाना | हज़म कर जाना |
| ◈ अंक भरना/लगाना | गले लगाना/आलिंगन करना |
| ◈ अंग-अंग खिल उठना | प्रसन्न हो जाना |
| ◈ अंग-अंग ढीला होना | फुर्ती न रहना |
| ◈ अंग-अंग फूले न समाना | बहुत आनंदित होना |
| ◈ अंग टूटना | थकावट से शरीर में दर्द होना |
| ◈ अंगूठी का नगीना | सजीला और सुंदर |
| ◈ अंटी मारना | चाल चलना |
| ◈ अंडा फूट जाना | भेद खुल जाना |
| ◈ अंडे सेना | घर में बेकार बैठे रहना |
| ◈ अंधेर खाता | अन्याय/अव्यवस्था |
| ◈ अंगार/अंगारे बरसना | कड़ी धूप होना |
| ◈ अंगारों पर पैर रखना | जोखिम मोल लेना |
| ◈ अंदर होना | जेल में बंद होना |
| ◈ अंधेर नगरी | जहाँ धाँधली हो |
| ◈ अँधेरे घर का उजाला | इकलौता बेटा |
| ◈ अँधेरे में रखना | भेद छिपाना |
| ◈ बोए पेड़ बबूल के आम कहाँ से होय | जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा |
| ◈ अक्ल पर पत्थर/परदा पड़ना | बुद्धि भ्रष्ट होना |
| ◈ अटकलें भिड़ाना | उपाय सोचना |
| ◈ अठखेलियाँ सूझना | हँसी दिल्लगी करना |
| ◈ बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम | बुढ़ापे में जवानी का शृंगार या नखरे |
| ◈ अंधा बनाना | मूर्ख बनाकर धोखा देना |
| ◈ अढ़ाई चावल की खिचड़ी अलग पकाना | सबसे अलग सोच-विचार रखना/स्वार्थी होना |
| ◈ अढ़ाई दिन की बादशाहत | थोड़े दिन की शान-शौकत |
| ◈ अधर में लटकना या झूलना | दुविधा में पड़े रह जाना |

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| ◈ अन्न जल उठ जाना | किसी जगह से चले जाना |
| ◈ अपना-अपना राग अलापना | अपनी ही बातें कहना |
| ◈ अपना-सा मुँह लेकर रह जाना | लज्जित होना |
| ◈ अपनी खाल में मस्त रहना | अपनी दशा से संतुष्ट रहना |
| ◈ अपनी खिचड़ी अलग पकाना | अलग-थलग रहना |
| ◈ अबे-तबे करना | आदर से न बोलना |
| ◈ अपने पैरों पर खड़ा होना | स्वावलंबी होना |
| ◈ अब-तब करना | टाल देना |
| ◈ आपे में न रहना | संयम में न रहना |
| ◈ आँख आना | आँख दुखना |
| ◈ आँख का काँटा | शत्रु |
| ◈ आँख का काजल | अत्यंत प्रिय |
| ◈ आँखें पथरा जाना | आँखें थक जाना |
| ◈ आँखों का काजल चुराना | बड़ी सफाई से चोरी करना |
| ◈ आँखें फेर लेना | प्रतिकूल होना |
| ◈ बिन रोए तो माँ भी दूध नहीं पिलाती | बिना यत्न किये कुछ भी नहीं मिलता। |
| ◈ आँखों में खून उतरना | गुस्से से आँखें लाल हो जाना |
| ◈ आँखों में धूल झोंकना | धोखा देना |
| ◈ आँखों से गिरना | आदर भाव घट जाना |
| ◈ आँच न आने देना | जरा सा भी कष्ट न होने देना |
| ◈ आँचल पकड़ना | सहारा लेना |
| ◈ आँधी के आम | सस्ती चीजें |
| ◈ आँसू पोंछना | ढाढस बँधाना/धैर्य प्रदान करना |
| ◈ आकाश-कुसुम | अनहोनी या असंभव बात |
| ◈ आग पर तेल छिड़कना | और भड़काना |
| ◈ आग पर पानी डालना | झगड़ा मिटाना |
| ◈ आग बबूला होना | बहुत गुस्सा होना |
| ◈ आग लगाकर तमाशा देखना | झगड़ा पैदा करके खुश होना |
| ◈ आटे-दाल का भाव मालूम होना | दुनियादारी का ज्ञान होना |



CamScanner

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| आसमान टूट पड़ना | अचानक विपत्ति आ पड़ना |
| आसमान पर चढ़ा देना | बहुत तारीफें करना |
| आसमान सिर पर उठाना | बहुत शोर करना |
| आस्तीन का साँप | विश्वासघाती मित्र |
| इशारों पर नाचना | किसी की इच्छाओं का तुरंत पालन करना |
| ईंट से ईंट बजाना | विनाश करना |
| ईद का चाँद होना | बहुत दिनों बाद दिखाई देना |
| उधेड़-बुन में पड़ना/रहना | सोच-विचार करते रहना |
| उबल पड़ना | एकदम गुस्सा हो जाना |
| उल्टी गंगा बहाना | प्रतिकूल कार्य करना |
| उल्टी माला फेरना | अहित सोचना |
| ऊँचे-नीचे पैर पड़ना | बुराई में पड़ जाना |
| एक घाट का पानी पीना | एकता और सहनशीलता होना |
| एक ही थाली के चट्टे-बट्टे | एक जैसे चरित्र और विचार के लोग |
| ओखली में सिर देना | जोखिम मोल लेना |
| औंधी खोपड़ी | मूर्ख |
| कंधे से कंधा छिलना | भारी भीड़ होना |
| कच्चा चिट्ठा खोलना | सब भेद खोल देना |
| कटे पर नमक छिड़कना | दुःखी को और दुःखी करना |
| कमर कसना | तैयार हो जाना |
| कलम का धनी | अच्छा लेखक |
| कलेजा मुँह को आना | दुःख होना |
| कलेजा ठंडा होना | मन को शांति मिलना |
| कलेजे पर साँप लोटना | डाह से कुढ़ना |
| काँटे बिछाना | अड़चने पैदा करना |
| बाप न मारे मेंढकी, बेटा तीरंदाज | बड़े से छोटे का आगे निकल जाना। |
| काग़जी घोड़े दौड़ाना | केवल लिखा-पढ़ी करते रहना |
| काठ का उल्लू | महामूर्ख |
| कान कतरना | बहुत चालाक होना |
| कान खोलना | सावधान कर देना |
| कान भरना | चुगली करना |
| काफूर होना | गायब हो जाना/चंपत होना |

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| काम तमाम करना | मार डालना |
| काला नाग | खोटा या घातक व्यक्ति |
| काले कोसों | बहुत दूर |
| कीचड़ उछालना | निंदा करना/लांछन लगाना |
| कुँए में गिरना | विपत्ति में पड़ना |
| उठा न रखना | कोई कसर न छोड़ना |
| कूच कर जाना | चले जाना/मर जाना |
| कोई दम भर का मेहमान होना | मरने के करीब होना |
| कोर दबना | दबाव में होना |
| कौड़ी-कौड़ी पर जान देना | कंजूस होना |
| बाँझ क्या जाने प्रसव की पीड़ा | दुख को दुखी ही समझता है। |
| खाक छानना | मारा-मारा फिरना/भटकना |
| खाक में मिलाना | नष्ट करना |
| खुले हाथ | उदारता से |
| खून खौलना/उबलना | जोश आना/क्रोधित होना |
| खून-पसीना एक करना | कड़ी मेहनत करना |
| खेत आना/रहना | रणभूमि में मारा जाना |
| गंगा नहाना | कठिन कार्य पूरा होना |
| गठरी मारना | सामान चुरा लेना |
| गढ़ जीतना | बहुत कठिन काम करना |
| गले पड़ा ढोल बजाना | सिर पर पड़ी जिम्मेदारी को मजबूरन पूरा करना |
| गले मढ़ना | जबरदस्ती सौंपना |
| गहरा हाथ मारना | बहुत कुछ हथिया लेना |
| गाँठ में बाँधना | खूब याद रखना |
| गाजर मूली समझना | तुच्छ समझना |
| गाढ़े का साथी | संकट का साथी |
| गाल फुलाना | रूठना |
| गिरगिट की तरह रंग बदलना | एक बात पर स्थिर न रहना |
| बड़े बोल का सिर नीचा | जो घमंड करता है उसको नीचा देखना पड़ता है। |
| गुल खिलाना | कोई बखेड़ा खड़ा करना |
| गूलर का फूल | दुर्लभ वस्तु |
| गोबर गणेश | बिल्कुल बुद्धू |
| घड़िया गिनना | बेचैनी से प्रतीक्षा करना |
| घर काटे खाना | घर में कोई न होने से अकेलापन अखरना |



CamScanner

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | **घर का न घाट का** | कहीं का नहीं |
| ◈ | **घर फूँक तमाशा देखना** | अपनी हानि करके मौज उड़ाना |
| ◈ | **घाव हरा करना** | भूले हुए दुख को याद दिलाना |
| ◈ | **घास काटना** | फूहड़ काम करना |
| ◈ | **घास छीलना** | व्यर्थ समय गँवाना |
| ◈ | **घी के दिये जलाना** | खुशी मनाना |
| ◈ | **घोघा बसंत** | मूर्ख |
| ◈ | **चंडाल चौकड़ी** | निकम्मे बदमाश लोग |
| ◈ | **चचा बनाकर छोड़ना** | खूब मरम्मत करना |
| ◈ | **चप्पा-चप्पा छान मारना** | हर जगह ढूँढ लेना |
| ◈ | **चलता पुर्जा** | चालाक और व्यवहार-कुशल |
| ◈ | **चलता बनना** | खिसक जाना |
| ◈ | **चल बसना** | मर जाना |
| ◈ | **चाँदी का जूता** | रिश्वत का धन |
| ◈ | **चाँदी काटना** | खूब धन अर्जित करना |
| ◈ | **चार चाँद लगना** | शोभा बढ़ाना |
| ◈ | **चिकना घड़ा** | बेशर्म |
| ◈ | **बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद** | अज्ञानी व्यक्ति गुणवान वस्तु की कद्र नहीं जानता |
| ◈ | **चुल्लुओं लहू पीना** | बहुत परेशान करना |
| ◈ | **चूड़ियाँ पहनना** | कायर बनना |
| ◈ | **चूना लगाना** | धोखा देना |
| ◈ | **चूलें ढीली होना** | अधिक थकावट होना |
| ◈ | **छक्के छूटना** | बुद्धि चकरा जाना |
| ◈ | **छप्पर फाड़कर देना** | बिना परिश्रम एकदम लाभ होना |
| ◈ | **छाँह न छूने देना** | पास तक न आने देना |
| ◈ | **जड़ काटना** | समूल नष्ट करना |
| ◈ | **जबान काट कर देना** | वादा करना |
| ◈ | **जबान में लगाम न होना** | बेमतलब बोलते जाना |
| ◈ | **जमीन आसमान का फर्क** | बहुत भारी अंतर |
| ◈ | **जहर उगलना** | कड़वी बातें कहना |
| ◈ | **जहर की पुड़िया** | झगड़ालू औरत |
| ◈ | **जान में जान आना** | चैन मिलना |
| ◈ | **आपे से बाहर होना** | अति क्रुद्ध होना |
| ◈ | **जी खट्टा होना** | विरक्ति उत्पन्न होना/मन में वैराग पैदा होना |

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | **जीती मक्खी निगलना** | जानते हुए भी धोखा खाना |
| ◈ | **जी भर आना** | दुखी होना |
| ◈ | **झाड़ू फेरना** | नष्ट करना |
| ◈ | **टका-सा जवाब देना** | साफ इन्कार करना |
| ◈ | **फलूदा खाते दाँत टूटे तो टूटे** | स्वाद के लिए नुकसान भी मंजूर है। |
| ◈ | **टट्टू पार होना** | काम निकल जाना |
| ◈ | **टाँग अड़ाना** | बाधा पैदा करना |
| ◈ | **टेढ़ी खीर** | कठिन काम |
| ◈ | **ठीकरा फोड़ना** | दोष लगाना |
| ◈ | **डकार जाना** | माल पचा जाना |
| ◈ | **पेट में दाढ़ी होना** | छोटी सी उम्र में ही बहुत ज्ञान होना |
| ◈ | **डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना** | बहुमत से अलग रहना |
| ◈ | **ढाई घड़ी का आना** | अचानक मर जाना |
| ◈ | **तख्ता उलटना** | सरकार बदलना |
| ◈ | **तलवा खुजलाना** | यात्रा के संकेत का स्पष्ट होना |
| ◈ | **तलवे चाटना** | खुशामद करना |
| ◈ | **तारे गिनना** | नींद न आना |
| ◈ | **तीन पाँच करना** | टाल-मटोल करना |
| ◈ | **तेवर चढ़ाना** | गुस्सा होना |
| ◈ | **थूक कर चाटना** | वचन से फिरना |
| ◈ | **दमड़ी के तीन होना** | बहुत तुच्छ या सस्ता होना |
| ◈ | **दम भरना** | दावा करना |
| ◈ | **दाँत खट्टे करना** | हरा देना |
| ◈ | **दाई से पेट छिपाना** | जानकार से बात छिपाना |
| ◈ | **हीजड़े के घर बेटा हुआ** | असंभव बात |
| ◈ | **दाल का न गलना** | सफल न होना |
| ◈ | **दिन में तारे दिखाई देना** | परेशानी में पड़ना |
| ◈ | **दिन पहाड़ होना** | दिन काटे न कटना |
| ◈ | **दिनों का फेर होना** | भाग्य का चक्कर |
| ◈ | **दिल भर आना** | शोकाकुल होना |
| ◈ | **दूज का चाँद होना** | बहुत दिनों बाद दिखाई देना |
| ◈ | **देवता कूचकर जाना** | अत्यन्त भयभीत हो जाना |
| ◈ | **दो दिन के मेहमान** | मरणासन्न होना |



CamScanner

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | धज्जियाँ उड़ाना | दुर्गति करना |
| ◈ | नकेल हाथ में होना | वश में होना |
| ◈ | नब्ज पहचानना | स्वभाव जानना |
| ◈ | नस-नस फड़क उठना | बहुत उत्साहित होना |
| ◈ | नाक कटना | बदनामी होना |
| ◈ | नाक रगड़ना | गिड़गिड़ाना |
| ◈ | नाच नचाना | मनचाही करवाना |
| ◈ | अंजर-पंजर ढीला होना | अंग-अंग ढीला होना या बहुत थक जाना |
| ◈ | पगड़ी उछालना | बेइज्जत करना |
| ◈ | पगड़ी बदलना | पक्की मित्रता होना |
| ◈ | पट्टी पढ़ाना | बुरी सलाह देना |
| ◈ | पलक लगना | नींद आ जाना |
| ◈ | पसीना-पसीना होना | बहुत थक जाना |
| ◈ | पानी का बुलबुला होना | क्षणभंगुर होना |
| ◈ | पाँव उखड़ना | हारकर भाग जाना |
| ◈ | पानी पी-पीकर कोसना | बद्दुआ देना |
| ◈ | पानी फेर देना | बिगाड़ देना |
| ◈ | पुट्ठे पर हाथ न रखने देना | पास न भटकने देना |
| ◈ | पेट का हल्का | बात को अपने तक न रख सकने वाला |
| ◈ | प्राणों पर खेलना | अपने जीवन को जोखिम में डालकर कोई काम करना |
| ◈ | बंदर घुड़की | प्रभावहीन धमकी |
| ◈ | बच्चों का खेल | सरल काम |
| ◈ | फूलकर कुप्पा होना | बहुत खुश या बहुत नाराज होना |
| ◈ | प्यासा कुँए के पास जाता है | जिसे जरूरत होती है वही दूसरों के पास जाता है। |
| ◈ | बड़े घर की हवा खाना | जेल जाना |
| ◈ | बत्तीसी बंद होना | चुप हो जाना |
| ◈ | बाएँ हाथ का खेल | अति सरल काम |
| ◈ | बाजार गर्म होना | काम धंधा तेज होना |
| ◈ | बाल की खाल निकालना | बहुत मीन-मेख निकालना |
| ◈ | बाल बाँका न कर सकना | कुछ भी हानि न पहुँचा पाना |
| ◈ | पानी पीकर जात पूँछना | काम करने के बाद उसके अच्छे-बुरे पहलुओं पर विचार करना। |

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | मक्खियाँ मारना | बेकार बैठे रहना |
| ◈ | मजा किरकिरा होना | आनन्द में विघ्न पड़ना |
| ◈ | पैसा गाँठ का, जोरू साथ की | अपने पास पैसा और पत्नी हो तो जीवन सुखी रहता है। |
| ◈ | मीठी छुरी चलाना | विश्वासघात करना |
| ◈ | मुँह पर बसंत फूलना या खिलना | भयभीत होना |
| ◈ | मुट्ठी में करना | वश में करना |
| ◈ | रंग में भंग पड़ना | मजा किरकिरा होना |
| ◈ | रास्ता देखना | प्रतीक्षा करना |
| ◈ | रास्ते पर लाना | सुधार करना |
| ◈ | ललाट में लिखा होना | भाग्य में लिखा होना |
| ◈ | लहू के आँसू पीना | दुख/क्रोध सह लेना |
| ◈ | लाले पड़ना | बहुत कमी हो जाना |
| ◈ | लोहा मानना | श्रेष्ठता स्वीकार करना |
| ◈ | शान में बट्टा लगना | शान घटना |
| ◈ | शैतान की आँत | लम्बी बात या वस्तु |
| ◈ | सफेद झूठ | बिल्कुल झूठ |
| ◈ | साँचे में ढ़ल जाना | रूपवान होना |
| ◈ | साँप सूँघ जाना | एकदम चुप हो जाना |
| ◈ | सिन्दूर चढ़ना | लड़की का विवाह होना |
| ◈ | सिर उठाना | विरोध करना |
| ◈ | सिर पर भूत सवार होना | धुन लग जाना |
| ◈ | सुबह-शाम करना | टाल-मटोल करना |
| ◈ | आँख के अंधे नाम नैनसुख | गुण के विरुद्ध नाम का होना। |
| ◈ | आटे के साथ घुन भी पिसता है | दोषी व्यक्ति का साथी निर्दोष भी मारा जाता है। |
| ◈ | आम के आम गुठलियों के दाम | दोहरा लाभ |
| ◈ | उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे | दोषी होने पर भी धौंस जमाना। |
| ◈ | ऊँची दुकान फीका पकवान | केवल बाहरी दिखावा |
| ◈ | कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली | छोटे आदमी के साथ बड़े आदमी की क्या तुलना |
| ◈ | खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे | किसी बात पर लज्जित होकर क्रोध करना |
| ◈ | थोथा चना बाजे घना | कम ज्ञान या गुण रखने वाला बातें बढ़-चढ़कर करता है। |



CamScanner

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| ◈ बिल्ली के भागों छीका टूटा | अकस्मात् कोई काम बन जाना |
| ◈ भागते भूत की लँगोटी ही सही | जहाँ कुछ न मिलने की आशंका हो वहाँ थोड़े में ही संतोष कर लेना चाहिए। |
| ◈ साझे की हाँडी चौराहे फूटी | जिम्मेदारी एक व्यक्ति पर होनी चाहिए, नहीं तो काम खराब हो जाता है। |
| ◈ अंत भला तो सब भला | परिणाम अच्छा हो तो सब कुछ अच्छा माना जाता है। |
| ◈ अंधा क्या चाहे, दो आँखें | आवश्यक वस्तु की चाह सबको होती है। |
| ◈ अंधी पीसे कुत्ता खाए | मूर्खों की कमाई व्यर्थ नष्ट होती है। |
| ◈ यह मुँह और मसूर की दाल | अपनी औकात से बढ़कर पाने की इच्छा होना |
| ◈ अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता | अकेला व्यक्ति कोई बड़ा काम नहीं कर सकता। |
| ◈ अक्ल बड़ी या भैंस | शारीरिक शक्ति का महत्त्व कम है, बुद्धि का अधिक। |
| ◈ अटका बनिया देय उधार | गरज आ पड़े तो आदमी सब कुछ मान जाता है। |
| ◈ अपनी गली में कुत्ता शेर | अपने घर में सबका जोर होता है। |
| ◈ अपनी नींद सोना, अपनी नींद जागना | पूर्ण स्वंतत्र होना। |
| ◈ अपनी पगड़ी अपने हाथ | अपनी इज्जत और मान-सम्मान अपने हाथ में होता है। |
| ◈ आई मोज फकीर की दिया झोंपड़ा फूँक | मोजी और विरक्त आदमी किसी चीज की परवाह नहीं करता। |
| ◈ आठ कनौजिया नौ चूल्हे | अलगाव की स्थिति। |
| ◈ आधा तीतर आधा बटेर | बेमेल चीजों का सम्मिश्रण। |
| ◈ आम खाने से काम, पेड़ गिनने से क्या काम | अपने मतलब की बात करो। |
| ◈ आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास | उच्च लक्ष्य लेकर चलना पर निम्न स्तर के कार्य करना |

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| ◈ आसमान से गिरा खजूर पर अटका | एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में पड़ना। |
| ◈ इधर कुआँ उधर खाई | हर हालत में मुसीबत। |
| ◈ इस हाथ ले उस हाथ दे | कर्मफल तुरंत मिलना |
| ◈ ईद का चाँद | बहुत दिनों बाद दिखाई देने वाला |
| ◈ उल्टी गंगा पहाड़ को चली | असंभव या विपरीत कार्य होना |
| ◈ ऊँट किस करवट बैठता है | निर्णय किसके पक्ष में होता है। |
| ◈ ऊँट के मुँह में जीरा | आवश्यकता से बहुत कम मिलना। |
| ◈ एक अनार सौ बीमार | वस्तु कम व मांग अधिक होना। |
| ◈ एक और एक ग्यारह होते हैं | एकता में बल है। |
| ◈ एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा | एक के साथ दूसरा दोष |
| ◈ एक तो चोरी दूसरे सीना जोरी | अपराध करके उल्टे रोब झाड़ना |
| ◈ एक हाथ से ताली नहीं बजती | झगड़े के लिए दोनों पक्ष जिम्मेदार होते हैं। |
| ◈ ओखली में सिर दिया तो मूसल से क्या डर | कठिन कार्य हाथ में लेने पर कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए। |
| ◈ कल किसने देखा है | भविष्य में क्या होगा, कौन जानता है |
| ◈ कहे से कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता | मनमानी करने वाला दूसरों की बात नहीं मानता। |
| ◈ कहीं की ईट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा | बेमेल चीजें जोड़-जाड़कर कुछ बना लेना। |
| ◈ काठ की हाँडी एक ही बार चढ़ती है | धोखेबाजी हर बार नहीं चल सकती। |
| ◈ काम का न काज का दुश्मन अनाज का | निकम्मा आदमी। |
| ◈ कानी के ब्याह को सौ जोखिम | एक दोष होने पर लोग अनेक दोष निकाल देते हैं। |
| ◈ कुत्ते को घी हजम नहीं होता | नीच आदमी उच्च पद पाकर इतराने लगता है। |
| ◈ कोयले की दलाली में हाथ काले | बुरों के साथ से कलंक लगता है। |



CS CamScanner

| मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है | देखा-देखी काम करना। |
| खुदा की लाठी में आवाज नहीं | कोई नहीं जानता कि भगवान कब, कैसे, क्या कर देते हैं। |
| खोदा पहाड़ निकली चुहिया | परिश्रम बहुत लाभ कम |
| गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास | अपने सिद्धान्त बदलने वाला |
| गवाह चुस्त मुद्दई सुस्त | जिसका काम है वह तो आलस्य करे दूसरे फुर्ती दिखाएँ। |
| गुड़ खाय गुलगुलों से परहेज | झूठ और ढोंग रचना। |
| बगल में छोरा शहर में ढिंढोरा | वस्तु पास में और खोज दूर तक। |
| घर आए कुत्ते को भी नहीं निकालते | घर में आने वाले का सत्कार करना चाहिए। |
| घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव का सिद्ध | अपने लोगों में आदर नहीं होता। |
| घर की मुर्गी दाल बराबर | अपनी चीज या अपने आदमी की कद्र नहीं। |
| घोड़ा घास से यारी करे तो खाए क्या | पेशेवर को किसी की रू-रियायत नहीं करनी चाहिए। |
| चट मँगनी पट ब्याह | तत्काल कार्य होना। |
| चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए | बहुत कंजूसी। |
| चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरी रात | सुख थोड़े ही दिन का होता है। |
| चित भी मेरी पट भी मेरी | हर हालत में मेरा ही लाभ। |
| चुड़ैल पर दिल आ जाए तो वह भी परी है | जो चीज पसंद हो वह सबसे अच्छी मान लेना। |
| चोर-चोर मौसेरे भाई | एक व्यवस्था या स्वभाव वालो में जल्दी मेल हो जाता है। |
| पढ़े तो हैं पर गुने नहीं | पढ़-लिखकर भी अनुभवहीन। |
| छछूँदर के सिर में चमेली का तेल | अयोग्य व्यक्ति को अच्छी चीज देना। |
| छोटे मियाँ तो छोटे मियाँ, बड़े मियाँ सुभान अल्लाह | छोटे से बड़ा अवगुणों में भारी। |
| जंगल में मोर नाचा किसने देखा | ऐसे स्थान पर गुण प्रदर्शन न करें जहाँ कद्र न हो। |
| जल में रहकर मगर से बैर | किसी के आश्रय में रहकर उससे शत्रुता करना |
| जहाँ चार बासन होंगे, वह खटकेंगे भी | जहाँ कुछ व्यक्ति एक जगह होते हैं वहाँ कभी-कभी झगड़ा हो ही जाता है। |
| जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि | कवि कल्पनाशील होता है। |
| जिस थाली में खाना, उसी में छेद करना | जो उपकार करे उसका अहित करना। |
| जिसकी जूती उसी के सिर | जिसकी करनी उसी को फल। |
| जिसकी लाठी उसी की भैंस | शक्ति संपन्न आदमी अपना काम बना लेता है। |
| झूठ के पाँव नहीं होते | झूठा आदमी एक बात पर पक्का नहीं रह पाता। |
| डूबते को तिनके का सहारा | विपत्ति में थोड़ी-सी सहायता भी उबार देती है। |
| ढाक के वही तीन पात | सदा एक-सी स्थिति बने रहना |
| हराम की कमाई हराम में गँवाई | बेईमानी का पैसा बुरे कामों में लग जाता है। |
| तीन में न तेरह में | महत्त्वहीन |
| तुम्हारे मुँह में घी-शक्कर | तुम्हारी बात सच हो। |
| तू डाल-डाल, मैं पात-पात | एक से बढ़कर दूसरा चालाक। |
| थका ऊँट सराय ताकता | थकने पर विश्राम चाहिए। |
| दाग लगाए लँगोटिया यार | आदमी अपनों से ही धोखा खाता है। |
| दाल-भात में मूसलचंद | बीच में दखल देने वाला |
| दिनभर चले अढ़ाई कोस | सुस्त होना/बहुत आलसी होना |
| दीवार के भी कान होते हैं | किसी गुप्त बात के प्रकट होने का खतरा |
| दुधारू गाय की लात भी सहनी पड़ती है | जिससे लाभ हो उसकी दो बातें सहना |
| दूध का दूध पानी का पानी | उचित निर्णय करना |



CamScanner

| | मुहावरे/लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|---|
| ◈ | देशी कुतिया विलायती बोली | किसी की नकल में अपनापन छोड़ना। |
| ◈ | दोनों हाथों से ताली बजती है | लड़ाई-झगड़े के जिम्मेदार दोनों पक्ष होते हैं। |
| ◈ | न अंधे को न्योता देते न दो जने आते | गलत आदमी को बुलावा देना। |
| ◈ | घड़ी में तोला घड़ी में माशा | चंचल मन वाला |

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

1. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**
ठिकाना न रहना
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-II
(a) कहीं जगह न मिलना
(b) सैर करना
(c) बैचेन होना
(d) दुनिया घूमना

2. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**
कहा सुनी होना
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III
(a) वश न चलना
(b) प्यार जताना
(c) वाद-विवाद होना
(d) दुखी हो जाना

3. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।**
अपनी करनी पार उतरनी
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-IV
(a) गुणहीन व्यक्तियों में कम गुण वाला व्यक्ति राजा माना जाता है
(b) जहाँ रहो वहाँ के रिवाज के अनुसार रहो
(c) मनुष्य को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है
(d) संगठन में शक्ति होती है

4. **निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**
किताबी कीड़ा
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I
(a) पढ़ाई से दूर भागने वाला व्यक्ति
(b) ऐसा कीड़ा जो दीमक की भांति किताबें खा जाता है
(c) उलझन पैदा करने वाला सिद्धांत
(d) हर समय पढ़ाई में लगे रहने वाला

5. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**
धाक जमाना
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-II
(a) प्रभाव जमाना
(b) रो कर दिखाना
(c) दिखावा करना
(d) निडर होना

6. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**
अड्डा जमाना
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III
(a) स्थाई रूप से रहने लगना
(b) बहुत फायदा होना
(c) उपहास करना
(d) विरोध करना

7. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।**
आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III
(a) बहुत अनुभवी होना
(b) अच्छा कार्य करके भूल जाना
(c) एक साथ कई कार्य करना
(d) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना

8. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**
दूसरे के कंधे पर रखकर बंदूक चलाना
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II
(a) अपना फायदा और दूसरे का नुकसान करना
(b) अपनी गलती की सजा दूसरे को दिलवाना
(c) दूसरे के बहाने अपना काम करना
(d) दूसरे की हानि करवाना

9. **निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**



CamScanner

सब गुड़ गोबर हो गया

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II

(a) व्यापार में लगातार हानि होना
(b) सारा भोजन कूड़े में फेंक देना
(c) सब किया कराया चौपट कर देना
(d) त्याग करने पर भी कोई लाभ न होना

10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

अपने मरे बिना स्वर्ग नहीं दिखता

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-III

(a) सब लोगों का अपनी-अपनी धुन में मस्त रहना
(b) दूसरे की वस्तु का निर्भय और उन्मुक्त उपभोग
(c) अपने मुँह से अपनी बड़ाई करने वाला व्यक्ति
(d) अपने किये बिना काम नहीं होता

11. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

पापड़ बेलना

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV

(a) चालाकी दिखाकर काम निकालना
(b) काम निकालने के लिए चापलूसी करना
(c) बेवजह व्यर्थ का परिश्रम करना
(d) सफलता प्राप्ति के उद्देश्य से हर प्रयास करना

12. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

नाक का बाल होना

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-I

(a) समस्या हल न होना
(b) सुरक्षा कवच होना
(c) जिसे मजबूरन रखना पड़े
(d) बहुत प्रिय होना

13. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

बासी बचे न कुत्ता खाय

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-II

(a) जरूरत के अनुसार ही सामान बनाना
(b) एक न एक दिन अच्छे दिन आ ही जाते हैं
(c) छोटे का बड़े से बढ़ जाना
(d) रक्षक का भक्षक हो जाना

14. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

बृहस्पति के समान पण्डित

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III

(a) अज्ञानी होना (b) गलत ज्ञान होना
(c) श्रेष्ठ पण्डित (d) अंगूठा छाप

15. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

गिरगिट की तरह रंग बदलना

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III

(a) एक बात पर स्थिर न रहना
(b) भलाई के काम करना
(c) मूर्ख बनाकर अपना काम निकालना
(d) लड़ाई के काम करना

16. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

हुक्का भरना

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I

(a) दिखावा करना (b) नौकरी करना
(c) सेवा करना (d) उधार चुकता करना

17. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

चिपके रहना

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II

(a) बीमारी का कारण
(b) साथ-साथ रहना
(c) मजबूती से चिपकना
(d) प्रिय संतान

18. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

कलेजे पर पत्थर रखना

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II

(a) बड़ा बदला लेना
(b) अत्यंत भयभीत होना
(c) धैर्य धारण करना
(d) बुद्धि भ्रष्ट होना

19. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

टाट उलटना

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-IV

(a) बैठे हुए को गिराना
(b) किसी को दुखी करना
(c) दिवाला निकलना
(d) गलत काम करना

20. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।



CamScanner

आपे से बाहर होना

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I

(a) बचने का बहाना ढूँढना
(b) सामर्थ्य से अधिक क्रोध प्रकट करना
(c) स्वावलंबी होना
(d) मूर्खतापूर्ण कार्य करना

**21. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

ठीकरा फूटना

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II

(a) अन्याय करना
(b) मुक्त कर देना
(c) किसी के सर झूठा दोष लगाना
(d) अनिष्ट की आशंका

**22. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

एक आँख से देखना

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II

(a) आँख मारना
(b) काना होना
(c) किसी को छेड़ना
(d) सबको बराबर समझना

**23. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

बीमार की रात पहाड़ बराबर

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III

(a) गंदी लिखावट
(b) मूर्खतापूर्ण कार्य करना
(c) खराब समय मुश्किल से कटता है
(d) डर खत्म होते ही मौज मनाना

**24. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

जहर उगलना

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-I

(a) मरते-मरते बचना
(b) कष्टदायक बातें कहना
(c) उल्टा जवाब देना
(d) पुरानी बातें याद करना

**25. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

अपना घर समझना

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-I

(a) कुछ काम न करना
(b) सारा दिन सोते रहना
(c) कुछ भी कहना
(d) संकोच न करना

**26. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

वकालत करना

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III

(a) समर्थन करना (b) आरोप लगाना
(c) सहायता करना (d) विरोध करना

**27. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

हाथ-पाँव मारना

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV

(a) लालच दिखाना (b) असन्तुष्ट होना
(c) प्रयत्न करना (d) लड़ाई करना

**28. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

घर की खेती

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II

(a) मुसीबत का एहसास होना
(b) बहुत कष्ट झेलना
(c) अपनी चीज़
(d) जोरों की भूख लगना

**29. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

गर्दन झुकना

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-III

(a) नफरत मिलना
(b) लज्जित होना
(c) अचंभे में पड़ जाना
(d) बहुत कष्ट उठाना

**30. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

खिचड़ी पकाना

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV

(a) बहुत सारा खाना बनाना
(b) छुपकर बातें करना
(c) षड्यन्त्र रचना
(d) खाना बनाना

**31. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**



CamScanner

तू-तू मैं-मैं होना

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III

(a) मन भारी होना
(b) बहस हो जाना
(c) अपनी बात ऊपर रखना
(d) दूसरे व्यक्ति की न सुनना

**32. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

ऐसी-तैसी करना

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II

(a) अपना नुकसान स्वयं ही करना
(b) अपने-आप में संतुष्ट रहना
(c) बुरी दुर्दशा करना
(d) भेद खुल जाना

**33. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

गाढ़े का साथी.

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-III

(a) बुराई करने वाला व्यक्ति
(b) बिना काम इधर-उधर घूमने वाला व्यक्ति
(c) बुरे समय में सहायता करने वाला
(d) धनी व्यक्ति

**34. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

उड़ती चिड़िया पहचानना

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III

(a) बहुत क्रुद्ध होना
(b) बहुत अनुभवी होना
(c) विपरीत कार्य करना
(d) भीतर ही भीतर रोना

**35. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

नेकी और पूछ-पूछ

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV

(a) भलाई करने में क्या पूछना
(b) काम करने के लिए स्वयं समर्थ न होना
(c) गलत काम करके सफाई देना
(d) पूछ के ही कोई काम करना

**36. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

आँखों के आगे पलकों की बुराई

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I

(a) दिखावटी रोना
(b) दोनों तरफ विपत्ति होना
(c) गुणहीन को बहुत गुणी कहना
(d) किसी के भाई-बन्धुओं या इष्ट-मित्रों के सामने उसकी बुराई करना

**37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

टिप्पस लगाना

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I

(a) चुप रहना (b) निकम्मा होना
(c) सिफारिश करना (d) चुगली करना

**38. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

हातिम होना

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV

(a) धूर्त होना (b) चालाक होना
(c) उपकारी होना (d) खास होना

**39. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।**

नाक भौं सिकोड़ना

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-IV

(a) असंतोष प्रकट करना
(b) अजनबीपन महसूस करना
(c) सम्मान न मिलना
(d) दुख को मन में रखना

**40. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

ईंट से ईंट बजाना

SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-III

(a) नष्ट भ्रष्ट कर देना
(b) विपरीत कार्य करना
(c) बहुत आवाज करना
(d) असम्भव कार्य करना

**41. 'टिप्पस भिड़ाना' मुहावरे का अर्थ होगा–**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) अक्ल लगाना
(b) नयी योजना बनाना
(c) लोगों को आपस में लड़वाना
(d) सिफारिश करवाना

**42. वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा दिए गए विकल्पों में से चुनिए–**

**तुम <u>किस काम के</u> हो?**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I



CamScanner

(a) कोल्हू का बैल
(b) कूप मंडूक
(c) किस मर्ज की दवा
(d) कोढ़ में खाज

**43. हिमालय की चोटियाँ तो.........करती हैं। वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।**
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III
(a) राई का पहाड़ हैं
(b) गगनचुम्बी हैं
(c) आसमान से बातें
(d) आसमान चूमती हैं

**44. 'लेने के देने पड़ना' मुहावरे का उचित अर्थ है-**
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III
(a) बहुत अधिक लाभ होना
(b) लाभ के बदले हानि
(c) व्यापार करना
(d) कुछ न देना

**45. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ है-**
जी अच्छा होना
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV
(a) तबियत ठीक होना (b) बहाना करना
(c) रंग बिरंगी (d) हिम्मत करना

**46. मुहावरों और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है?**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I
(a) दिनों का फेर होना-दिनभर भटकते रहना
(b) दाल न गलना-पूरा बस चलना
(c) त्रिशंकु होना-अधर में लटकना
(d) दो दिन का मेहमान-लम्बे समय तक जीना

**47. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ है-**
टका-सा जवाब देना
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I
(a) बहाना करना (b) हिचकना
(c) साफ इंकार करना (d) लालच देना

**48. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ है-**
बहती गंगा में हाथ धोना
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) अवसर का फायदा उठाना
(b) अपमान सहन कर लेना
(c) सम्मान देना
(d) बहुत अधिक परिश्रम करना

**49. 'दाँतों तले उँगली दबाना' मुहावरे का उचित अर्थ है-**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) बहुत भूख लगना (b) खीस काढ़ना
(c) उँगली में दर्द होना (d) चकित होना

**50. निम्नलिखित मुहावरे का उचित अर्थ विकल्पों में से चुनिए-**
मुट्ठी गरम करना
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV
(a) घूस देना (b) शुभारंभ करना
(c) धाक जमाना (d) कलंक लगाना

**51. निम्नलिखित मुहावरे का उचित अर्थ विकल्पों में से चुनिए-**
नाक रगड़ना
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) क्रोधित होना
(b) परेशान करना
(c) दीनता पूर्वक प्रार्थना करना
(d) तंग करना

**52. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ है-**
गूलर का फूल होना
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) बहुत सुंदर होना
(b) क्रोध करना
(c) दुर्लभ होना
(d) बहुत ज्यादा परेशान होना

**53. 'घर में गंगा बहाना' मुहावरे का सही अर्थ है-**
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) निश्चल व्यक्ति होना
(b) घर में सभी सुविधाएँ होना
(c) धार्मिक प्रवृत्ति का होना
(d) रोज गंगा स्नान करना

**54. वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा दिए गए विकल्पों में से चुनिए-**
न माया मिली न राम, वह कहीं का नहीं रहा।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) घड़ों पानी पड़ना
(b) गूलर का फूल
(c) घर का न घाट का
(d) चल बसना

**55. निम्नलिखित अर्थ को समझाने वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
इज्जत उतारना
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) मिट्टी पलीद करना
(b) मखमली जूते मारना
(c) मुँह की बात छीनना
(d) मुँह चाटना

**56. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए-**
अपना किया पाना
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) कर्म का फल भोगना
(b) कुछ न करना



CamScanner

(c) कम काम करना
(d) अपनी वस्तु पाना

57. **निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए-**
चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II
(a) उड़ान भरना (b) अचानक गिरना
(c) घबराना (d) चुप रहना

58. **मुहावरों और उनके अर्थ का निम्न में से कौन-सा एक युग्म सही है?**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) बालू से तेल निकालना-असंभव को संभव करना
(b) रंग बदलना-अपरिवर्तनशील होना
(c) मन मैला करना-अत्यधिक प्रसन्न होना
(d) माथा ठनकना-खुशामद करना

59. **'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का उचित अर्थ है-**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) धोखा देना (b) ध्यान न देना
(c) कुछ न देखना (d) इशारा करना

60. **'घोड़े बेचकर सोना' मुहावरे का सही अर्थ है-**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) नींद न आना (b) गहरी नींद सोना
(c) जिम्मेदारी न लेना (d) खुश होना

61. **'हुक्का पानी बंद करना' मुहावरे का सही अर्थ है-**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) नशा छोड़ना
(b) खाना देना बंद करना
(c) जाति से बहिष्कृत करना
(d) नशा करना

62. **'बाँछें खिल जाना' मुहावरे का सही अर्थ है-**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I
(a) सुंदर हो जाना (b) फूल खिल जाना
(c) प्रसन्न हो जाना (d) दोस्त मिल जाना

63. **नीचे दिए मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए-**
लँगोटी में फाग खेलना
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I
(a) होली खेलना
(b) दरिद्रता में आनंद लूटना
(c) लँगोट पहनना
(d) बचपन से होली के गीत गाना

64. **'सिर उठाना' मुहावरे का उचित अर्थ है-**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) हर स्थिति में साथ देना
(b) सिर ऊपर करना
(c) विरोध में खड़ा होना
(d) पीछे पड़ना

65. **निम्नलिखित विकल्पों में से 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ क्या है?**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV
(a) बुराई करना (b) सम्मान करना
(c) भलाई करना (d) निरादर करना

66. **निम्नलिखित मुहावरे के उपयुक्त अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
धज्जियाँ उड़ाना
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I
(a) चम्पत हो जाना (b) नष्ट-भ्रष्ट करना
(c) प्रयास करना (d) क्रोध करना

67. **निम्नलिखित अर्थ को व्यक्त करने वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
बहुत खुश होना
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I
(a) मुँह में तिनका लेना
(b) मूसलों ढोल बजाना
(c) मैदान हाथ आना
(d) मुँह पर नाक न होना

68. **आँखों में..............माला घिर आना।**
**उक्त मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्वारा कीजिए।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II
(a) मोती (b) पुष्प
(c) मेघ (d) फूल

69. **निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?**
**'राहुल अपनी माँ की ................ है।'**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III
(a) ईद का चाँद (b) अंधे की लाठी
(c) गाल बजाना (d) अक्ल का दुश्मन

70. **निम्न वाक्य में रेखांकित मुहावरे का उपयुक्त अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए-**
**उसके शौक तो देखो, <u>सींग कटाकर बछड़ों में मिल रहा है</u>।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III
(a) गलत काम करके छिपना
(b) बूढ़ा होकर बच्चों जैसा काम करना
(c) नुकसान उठाकर लाभ की प्रतीक्षा
(d) हानि करके लाभ की योजना बनाना

71. **नीचे दिए मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए-**
शैतान की आँत
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV
(a) बुरी बात (b) लम्बी बात
(c) कड़वी बात (d) धोखे की बात

72. **निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ क्या होगा?**



CamScanner

उल्टी गंगा बहाना

SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I

(a) नियम के विरुद्ध काम करना
(b) नदी की धारा को मोड़ देना
(c) बिना मतलब की बातें करना
(d) दूसरों की वस्तु चुरा लेना

73. ......... भर पानी में डूब मरना।'
मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्द द्वारा कीजिए।
(a) तालाब (b) सूखे
(c) चुल्लू (d) बाल्टी

74. मुहावरों और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म अशुद्ध है?

SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I

(a) सर खपाना-दिमाग लगाना
(b) हाथ पैर मारना-प्रयत्न करना
(c) हाथ का मैल-तुच्छ वस्तु
(d) लकीर का फकीर-प्रगतिशील होना

75. मुहावरे और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?

SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II

(a) हाथ पीले करना-असंभव को संभव करना
(b) लोहा मानना-श्रेष्ठता स्वीकार करना
(c) सुरखाब के पर-असाधारण विशेषता
(d) हथियार डालना-आत्मसमर्पण करना

76. 'फूँक से पहाड़ उड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV

(a) बड़ा काम करना
(b) असम्भव कार्य करने की कोशिश करना
(c) बड़ी-बड़ी बातें करना
(d) झूठी बातें करना

77. 'मुसीबत में और मुसीबत आना' किस मुहावरे का अर्थ है?

SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV

(a) ओछे की प्रीति बालू की भीति
(b) एक अनार सौ बीमार
(c) ककड़ी चोर और फाँसी की सजा
(d) कंगाली में आटा गीला

78. निम्न में से किस मुहावरे का अर्थ 'बुरी तरह पछताना' है?

SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II

(a) आठ-आठ आँसू रोना
(b) आँखें चार होना
(c) कुएं में गिरना
(d) अंगारों पर लोटना

79. 'ऊँची दुकान फीके पकवान' मुहावरे का सही अर्थ है-

SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III

(a) नाममात्र का बड़प्पन
(b) बड़ा मकान होना
(c) खाने में स्वाद न होना
(d) बड़ी इमारत में दुकान होना

80. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए-
चाँद पर थूकना

SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV

(a) गलत बातें कहना
(b) किसी का आदर करना
(c) ऊपर की ओर थूकना
(d) सम्माननीय व्यक्ति का अनादर करना

81. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए-
टाँग अड़ाना

SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV

(a) लँगड़ी मारना (b) अड़चन डालना
(c) चापलूसी करना (d) उन्नति न करना

82. 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II

(a) चोर को सजा देना
(b) बड़े व्यक्ति में दोष होना
(c) छोटों को धमकाना
(d) स्वयं दोषी होते हुए भी निर्दोष को धमकाना

83. 'अपने मुँह ............ बनना।' इस मुहावरे को पूरा करें।

SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II

(a) अच्छा (b) चालाक
(c) सुंदर (d) मियाँ मिठ्ठू

84. 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का सही अर्थ होगा-

SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV

(a) शातिर मित्र (b) साँप पालना
(c) कपटी मित्र (d) बगल में साँप रहना

85. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?
वह तो अपनी माँ की ........... है।

SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV

(a) धुन का पक्का (b) अक्ल का दुश्मन
(c) तिल का ताड़ (d) आँखों का तारा

86. हमारे माता-पिता का तो कहना ही यही है कि सबके साथ भला करो, यदि................।
रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।

SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I

(a) अपना काम स्वयं करो
(b) परोपकार सर्वोपरि है
(c) आप काज महाकाज
(d) आप भले तो जग भला

87. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?



CamScanner

'बुद्धिजीवी और पत्रकार ............ खाते हैं।

SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I

(a) अक्ल की रोटी (b) घास की रोटी
(c) गेहूं की रोटी (d) मक्के की रोटी

88. निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

छक्के छुड़ाना

SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II

(a) हरा देना (b) साफ कर देना
(c) भुला देना (d) भला बुरा करना

89. निम्नलिखित मुहावरे के सही अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।

अगस्त्य का समुद्र पान

SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II

(a) रहस्य छुपा रखना
(b) असंभव कार्य करना
(c) दिमाग काम न करना
(d) समझ में कुछ न आना

90. '............ का अंतर होना' सही विकल्प का चयन कर इस मुहावरे को पूरा करें।

SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II

(a) आमने-सामने (b) आकाश-पाताल
(c) ऊपर-नीचे (d) दाएँ-बाएँ

91. निम्नलिखित मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या होगा।

'कागजी घोड़े दौड़ाना।'

SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II

(a) पढ़ाई लिखाई करना
(b) अत्यधिक प्रयास करना
(c) बहुत पढ़ना लिखना
(d) केवल लिखा-पढ़ी करते रहना

92. निम्नलिखित अर्थ वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए।

'किसी व्यक्ति का पुरानी परंपरा के साथ चलना।'

SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II

(a) शेखी बघारना
(b) लकीर का फकीर होंना
(c) राई का पहाड़ बनाना
(d) मक्खी मारना

93. निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ विकल्पों में से चुनिए-

छाती पर कोदों दलना

SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II

(a) पीछे लगे रहना
(b) प्रतिशोधात्मक कष्ट पहुँचाना
(c) कुछ भी ध्यान न देना
(d) लापरवाह होना

94. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ क्या होगा?

दाँतों तले उंगली दबाना

SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II

(a) खुश होना (b) गरीब होना
(c) आश्चर्य करना (d) भूखे पेट होना

95. निम्नलिखित मुहावरे के सही अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।

भूंजी भाँग न होना

SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III

(a) संदेह की स्थिति में होना
(b) अत्यंत दरिद्र होना
(c) कष्ट झेलना
(d) सबसे परे रहना

96. 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III

(a) काम आसान करना
(b) मैच में छक्का लगाना
(c) बुरी तरह हराना
(d) बहुत मेहनत करना

97. निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ विकल्पों में से चुनिए-

खरा खेल फर्रुखाबादी

SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-IV

(a) सही काम (b) गुप्त सलाह करना
(c) युद्ध में मारा जाना (d) परेशान होना

98. निम्नलिखित मुहावरे के सही अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।

पैरों में मेहंदी लगाकर बैठना

SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I

(a) मृत्यु को प्राप्त करना
(b) आलस्य और लाचारी वश घर में पड़े रहना
(c) लाभ का अवसर उठाना
(d) स्वावलंबी होना

99. 'कान काटना' मुहावरे का सही अर्थ है-

SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-II

(a) आसानी से कहने में आ जाना
(b) झूठ बोलना
(c) किसी की चुगली करना
(d) चालाकी में आगे होना

100. '............ का जोर लगाना' इस मुहावरे को पूरा करें।

SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I

(a) आमने-सामने (b) जोर
(c) एड़ी-चोटी (d) पहाड़ चोटी

101. निम्नलिखित विकल्पों में से 'घुन लगना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II

(a) निराश होना (b) क्षय होना
(c) भय होना (d) खुश होना



CamScanner

102. उस विकल्प का चयन कीजिए जो निम्न मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है-
'जूतियों में दाल बाँटना'
(SSC GD 2021)
(a) साफ इनकार करना
(b) बाधा पैदा करना
(c) आपस में लड़ाई-झगड़ा हो जाना
(d) उपाय करना

103. 'माथा ठनकना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(SSC GD 2021)
(a) चोट लगना (b) गुस्सा होना
(c) संशय होना (d) चिंता करना

104. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो मुहावरे का सही अर्थ है-
पौ बारह होना
(SSC GD 2021)
(a) प्रिय वचन बोलना (b) हार जाना
(c) खूब लाभ होना (d) बहुत खुश होना

105. निम्न मुहावरे और उनके अर्थ के सही युग्म का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) आँखों में चर्बी छाना-घमंड से चूर होना
(b) आग लगना-धोखा देना
(c) आँख दिखाना-सुख होना
(d) आँख बिछाना-गुस्से में आना

106. 'मुँह पकड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(SSC GD 2021)
(a) लज्जित होना (b) अपहरण करना
(c) बोलने न देना (d) प्यार जताना

107. उस विकल्प का चयन कीजिए जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ है।
घर की मुर्गी दाल बराबर
(SSC GD 2021)
(a) लाभ के स्थान पर हानि
(b) घर की वस्तु को महत्त्व देना
(c) घर की वस्तु को तुच्छ समझना
(d) अत्यधिक कंजूस

108. 'चादर से बाहर पैर पसारना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(SSC GD 2021)
(a) ठंड के समय चादर ओढ़ना
(b) व्यय से आय अधिक करना
(c) बिना परिश्रम के पैसा कमाना
(d) आय से अधिक व्यय करना

109. उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है।
फूल झड़ना
(SSC GD 2021)
(a) प्रिय वचन बोलना (b) पतझड़ होना
(c) सुन्दर लगना (d) हल्की बातें बोलना

110. 'हथेली पर सरसों उगाना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(SSC GD 2021)
(a) खेती करना
(b) असंभव काम को संभव करना
(c) लड़ाई करना
(d) भाग जाना

111. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों मे से सही विकल्प का चयन करें।
हाथ मलना
(SSC GD 2021)
(a) पछताना (b) संकल्प करना
(c) वीरता दिखाना (d) व्यायाम करना

112. 'हवा से बातें करना' मुहावरे का अर्थ बताइए-
(SSC GD 2021)
(a) ऊँचा उड़ना
(b) पक्षियों की भाषा समझना
(c) अकेले रहना
(d) तेज गति से चलना

113. 'लंगोटी में फाग खेलना' इस मुहावरे का क्या अर्थ है?
(SSC GD 2021)
(a) पुराने रीति-रिवाजों का अनुसरण करना
(b) धनी का निर्धन हो जाना
(c) भाग्य से बँधा होना
(d) दरिद्रता में आनंद लूटना

114. 'शिगूफा खिलाना' इस मुहावरे का अर्थ है-
(SSC GD 2021)
(a) विलक्षण घटना का घटित होना
(b) सिफारिश करवाना
(c) काल्पनिक योजना बनाना
(d) बहुत उपद्रव करना

115. उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है-
कान भरना
(SSC GD 2021)
(a) चुगली करना (b) बदनाम करना
(c) सावधान करना (d) प्रभावित करना

116. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(SSC GD 2021)
(a) थोड़े पैसों से बहुत कुछ खरीद लेना
(b) छोटे बर्तन में ज्यादा चीज रखना
(c) थोड़ी जगह में बहुत सामान जमाना
(d) थोड़े में बहुत कुछ कहना



CS CamScanner

117. दिये गये चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है-
भेड़ बना लेना

(SSC GD 2021)

(a) वश में कर लेना
(b) दीवार में चुनना
(c) घोर विपत्ति आना
(d) मन में जगह बना लेना

118. 'हाथ पाँव फूलना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(SSC GD 2021)

(a) भय से घबराना (b) बीमार होना
(c) भाग जाना (d) गुस्सा होना

119. 'डंके की चोट पर कहना' मुहावरे का अर्थ है-

(SSC GD 2021)

(a) जोर से बोलना
(b) साधारण बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना
(c) खुलेआम कहना
(d) क्रोधित होकर कहना

120. 'काँटों पर लोटना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(SSC GD 2021)

(a) संकट में डालना (b) बाधा दूर होना
(c) बेचैन होना (d) अड़चने पैदा करना

121. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ है-

(SSC GD 2019)

(a) चुप हो जाना (b) भाग जाना
(c) दौड़ना (d) छुप जाना

122. 'बहुत अधिक अभावग्रस्त होना' किस मुहावरे का अर्थ है?

(SSC GD 2019)

(a) पेट में चूहे कूदना
(b) आटा गीला होना
(c) दाने-दाने को तरसना
(d) मुँह उतरना

123. 'अन्धे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(SSC GD 2019)

(a) भविष्य की बात को जान लेना
(b) अन्धे को सोना मिल जाना
(c) एकाएक लाभ होना
(d) हानि होना

124. 'हाथ मलते रह जाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(SSC GD 2019)

(a) बेकार का काम करना
(b) पछताना
(c) मालिश करना
(d) हाथों को गरम करना

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (c) | 3. | (c) | 4. | (d) | 5. | (a) | 6. | (a) | 7. | (d) | 8. | (c) | 9. | (c) | 10. | (d) |
| 11. | (d) | 12. | (d) | 13. | (a) | 14. | (c) | 15. | (a) | 16. | (c) | 17. | (b) | 18. | (c) | 19. | (c) | 20. | (b) |
| 21. | (c) | 22. | (d) | 23. | (c) | 24. | (b) | 25. | (d) | 26. | (a) | 27. | (c) | 28. | (c) | 29. | (b) | 30. | (c) |
| 31. | (b) | 32. | (c) | 33. | (c) | 34. | (b) | 35. | (a) | 36. | (d) | 37. | (c) | 38. | (c) | 39. | (a) | 40. | (a) |
| 41. | (d) | 42. | (c) | 43. | (c) | 44. | (b) | 45. | (a) | 46. | (c) | 47. | (c) | 48. | (a) | 49. | (d) | 50. | (a) |
| 51. | (c) | 52. | (c) | 53. | (b) | 54. | (c) | 55. | (a) | 56. | (a) | 57. | (c) | 58. | (a) | 59. | (a) | 60. | (b) |
| 61. | (c) | 62. | (c) | 63. | (b) | 64. | (c) | 65. | (a) | 66. | (b) | 67. | (b) | 68. | (c) | 69. | (b) | 70. | (b) |
| 71. | (b) | 72. | (a) | 73. | (c) | 74. | (d) | 75. | (a) | 76. | (b) | 77. | (d) | 78. | (a) | 79. | (a) | 80. | (d) |
| 81. | (b) | 82. | (d) | 83. | (d) | 84. | (c) | 85. | (d) | 86. | (d) | 87. | (a) | 88. | (a) | 89. | (b) | 90. | (b) |
| 91. | (d) | 92. | (b) | 93. | (b) | 94. | (c) | 95. | (b) | 96. | (c) | 97. | (a) | 98. | (b) | 99. | (d) | 100. | (c) |
| 101. | (b) | 102. | (c) | 103. | (c) | 104. | (c) | 105. | (a) | 106. | (c) | 107. | (c) | 108. | (d) | 109. | (a) | 110. | (b) |
| 111. | (a) | 112. | (d) | 113. | (d) | 114. | (a) | 115. | (a) | 116. | (d) | 117. | (a) | 118. | (a) | 119. | (c) | 120. | (c) |
| 121. | (b) | 122. | (c) | 123. | (c) | 124. | (b) | | | | | | | | | | | | |



CamScanner

# 2 वाक्यांश के लिए एक शब्द

कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक विचारों या शब्द समूह को अभिव्यक्त करने वाले शब्द इस श्रेणी में आते हैं।

वाक्यांश को संक्षेप में सामासिक पद का भी रूप दिया जाता है। कुछ ऐसे लाक्षणिक पद या शब्द भी हैं जो अपने में पूरे एक वाक्यांश का अर्थ रखते हैं।

उदाहरण-

- जो किसी वंश में बराबर चलता आया है — अनुवांशिक
- आभार मानने वाला — आभारी
- धन से संबंध रखने वाला — आर्थिक
- (स्त्री) जिसे पति ने छोड़ दिया हो — परित्यक्ता
- केवल फल खाकर रहने वाला — फलाहारी
- सूर्योदय से पहले दो घड़ी तक पवित्र समय — ब्रह्ममुहूर्त
- धरती और आकाश के बीच का स्थान — अंतरिक्ष
- मन में होने वाला स्वाभाविक ज्ञान — अंतर्ज्ञान
- जिसके समान कोई दूसरा न हो — अद्वितीय
- आवश्यकता या उचित मात्रा से अधिक खर्च करने वाला — अपव्ययी
- पुरुष जो अभिनय करता हो — अभिनेता
- जिसमें सामर्थ्य न हो — असमर्थ
- अहंकारपूर्वक अपने को सबसे बढ़कर समझना — अहंमन्यता
- सर्वाधिकार सम्पन्न शासक — अधिनायक
- जिसका वचन द्वारा वर्णन न किया जा सके — अनिर्वचनीय
- किसी मत का सर्वप्रथम प्रवर्तन करने वाला — आदिप्रवर्तक
- आदि से लेकर अंत तक — आद्योपान्त
- जिससे बढ़कर ऊँचा कोई न हो — उच्चतम
- जिसका मन उदार हो — उदारमना
- नियमविरूद्ध या निंदनीय कार्य करने वालों की सूची — कालीसूची
- गायों को पालने और रखने का स्थान — गोशाला
- घृणा करने योग्य — घृणास्पद
- ज्ञान देने वाला — ज्ञानदा
- घर-घर जाकर लोगों की डाक पहुँचाने वाला कर्मचारी — डाकिया
- भौंहों के बीच का ऊपरी भाग — त्रिकुटी
- हर तीसरे महीने होने वाला — त्रैमासिक
- एक देश से दूसरे देश में माल भेजना — निर्यात
- पिता का पिता — पितामह
- जो पशु जैसा आचरण करे — पाशविक
- प्रयोग में लाने योग्य — प्रयोजनीय

### *अभ्यास तालिका*

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | अंक (गोद) में सोने वाला | **अंकशायी** |
| ◈ | जो अंडे से जन्म लेता है | **अंडज** |
| ◈ | मन में अपने आप उत्पन्न होने वाली प्रेरणा | **अंतःप्रेरणा** |
| ◈ | गुरु के साथ या समीप रहने वाला छात्र | **अंतेवासी** |
| ◈ | किसी पद्य के अंतिम अक्षर से नया पद्य आरंभ करने का खेल | **अन्त्याक्षरी** |
| ◈ | जो कहा न जा सके | **अकथनीय** |
| ◈ | जिसके पास कुछ भी न हो | **अकिंचन** |
| ◈ | जिसकी गहराई या थाह का पता न लग सके | **अगाध/अथाह** |
| ◈ | जिसका कभी जन्म न हो | **अजन्मा** |
| ◈ | जो न जाना गया हो | **अज्ञात** |
| ◈ | जो दिखायी न देता हो | **अदृश्य** |
| ◈ | पर्वत के ऊपर की समतल भूमि | **अधित्यका** |
| ◈ | जिसका कोई नाथ/मालिक न हो | **अनाथ** |
| ◈ | जिसकी उपमा न दी जा सके | **अनुपम** |
| ◈ | जो पढ़ा न जा सके | **अपठनीय** |
| ◈ | सामान्य या व्यापक नियम के विरूद्ध बात | **अपवाद** |
| ◈ | जो पहले कभी न हुआ हो | **अभूतपूर्व** |
| ◈ | स्त्री जो अभिनय करती हो | **अभिनेत्री** |
| ◈ | जो किसी पर अभियोग लगाए | **अभियोगी** |
| ◈ | जो भेदा या तोड़ा न जा सके | **अभेद्य** |
| ◈ | जो कभी मरे नहीं | **अमर** |
| ◈ | जिसे मारना उचित न हो | **अवध्य** |
| ◈ | जो विधि या कानून के विरूद्ध हो | **अवैध** |
| ◈ | चंद्रमास के किसी पक्ष की आठवीं तिथि | **अष्टमी** |
| ◈ | जिस (रोग) का ठीक होना कठिन हो | **असाध्य** |



CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | आँतों में होने वाला | **आंत्रिक** |
| ◈ | आकाश को चूमने वाला | **गगनचुम्बी** |
| ◈ | अग्नि से संबंधित या आग का | **आग्नेय** |
| ◈ | अतिथि की सेवा करने वाला | **आतिथेयी** |
| ◈ | दूसरों के सुख के लिए अपने सुखों का त्याग | **आत्मोत्सर्ग** |
| ◈ | किसी वस्तु को आधुनिक रूप देने की प्रक्रिया | **आधुनिकीकरण** |
| ◈ | किसी चीज या बात की इच्छा रखने वाला | **इच्छुक** |
| ◈ | जो दूसरों की उन्नति देखकर जलता हो | **ईर्ष्यालु** |
| ◈ | ऊपर आने वाला श्वास | **उच्छ्वास** |
| ◈ | पर्वत के पास की भूमि | **उपत्यका** |
| ◈ | जो उपजाऊ भूमि हो | **उर्वरा** |
| ◈ | सूर्योदय से पहले का समय | **उषाकाल** |
| ◈ | जिस भूमि में कुछ उत्पन्न न होता हो | **ऊसर** |
| ◈ | चंद्रमास के किसी पक्ष की ग्यारहवीं तिथि | **एकादशी** |
| ◈ | जिसका चित्त एकाग्र हो | **एकाग्रचित्त** |
| ◈ | इतिहास से संबंधित | **ऐतिहासिक** |
| ◈ | अपनी विवाहिता पत्नी से उत्पन्न (पुत्र) | **औरस** |
| ◈ | कान का नीचे लटकता हुआ कोमल भाग | **कर्णपाली** |
| ◈ | तांत्रिक जो अपने हाथ में कपाल (खोपड़ी) लिए रहते हैं | **कापालिक** |
| ◈ | जिस लड़की का विवाह न हुआ हो | **कुमारी** |
| ◈ | जो अच्छे या ऊँचे कुल में उत्पन्न हुआ हो | **कुलीन** |
| ◈ | किये हुए उपकार को मानने वाला | **कृतज्ञ** |
| ◈ | जिसकी उत्पत्ति स्वभावगत न हो | **कृत्रिम** |
| ◈ | बालों को सजाने-सँवारने का काम | **केशविन्यास** |
| ◈ | क्षमा किए जाने योग्य | **क्षम्य** |
| ◈ | जिसका हाथ बहुत तेज चलता हो | **क्षिप्रहस्त** |
| ◈ | जिसका कोई हिस्सा टूटकर अलग हो गया हो | **खंडित** |
| ◈ | किसी के घर की होने वाली तलाशी | **खानातलाशी** |
| ◈ | बहुत गप्पे हाँकने वाला | **गपोड़िया** |
| ◈ | गृह (घर) बसाकर रहने वाला | **गृहस्थ** |
| ◈ | संध्या काल जब गायें चरकर लौटती हैं | **गोधूलि** |
| ◈ | घूस लेने वाला | **घूस-खोर** |
| ◈ | जिसके चूड़ा (बालों) में चन्द्रमा है | **चंद्रचूड़** |
| ◈ | जिसके चार पैर होते हैं | **चतुष्पद** |
| ◈ | चिंता उत्पन्न करने वाला | **चिंताजनक** |
| ◈ | किसी को सावधान करने के लिए कही जाने वाली बात | **चेतावनी** |
| ◈ | सेना के ठहरने का स्थान | **छावनी** |
| ◈ | जन्म से सौ वर्ष का समय | **जन्मशती** |
| ◈ | किसी को जीतने की चाह | **ज़िगीषा** |
| ◈ | जिसने इन्द्रियों पर विजय पा ली हो | **जितेन्द्रिय** |
| ◈ | चारों ओर जल से घिरा हुआ भू-भाग | **टापू/द्वीप** |
| ◈ | तैरकर पार होने की इच्छा रखने वाला | **तितीर्षु** |
| ◈ | छुटकारा (त्राण) दिलाने वाला | **त्राता** |
| ◈ | पति-पत्नी का जोड़ा | **दंपती** |
| ◈ | गोद लिया हुआ पुत्र | **दत्तक** |
| ◈ | अपराध और दण्ड देने के नियम निर्धारित करने वाला ग्रन्थ | **दंड संहिता** |
| ◈ | जो कठिनाई से मिलता हो | **दुर्लभ** |
| ◈ | पति के छोटे भाई की पत्नी | **देवरानी** |
| ◈ | राजा द्रुपद की पुत्री | **द्रौपदी** |
| ◈ | धार्मिक सिद्धान्तों के अनुसार आचरण करने वाला | **धर्मात्मा** |
| ◈ | ध्यान या विचार करने वाला | **ध्याता** |
| ◈ | कहीं से नया-नया आया हुआ | **नवागन्तुक** |
| ◈ | नाक से बाहर निकलने वाली साँस | **निःश्वास** |
| ◈ | जिसका कोई आकार न हो | **निराकार** |
| ◈ | जिसकी जड़ या आधार का पता न हो | **निर्मूल** |
| ◈ | जिसमें तेज न हो | **निस्तेज** |
| ◈ | जो पढ़ने के योग्य हो | **पठनीय** |
| ◈ | परपुरुष से प्रेम करने वाली | **परकीया** |
| ◈ | पांचाल प्रदेश की राजकुमारी | **पांचाली** |
| ◈ | पृथ्वी से संबंधित या मिट्टी का बना हुआ | **पार्थिव** |
| ◈ | जिसे पानी या किसी और वस्तु को पीने की प्यास हो | **पिपासु** |
| ◈ | जिसकी कामना पूरी हो गयी हो | **पूर्णकाम** |
| ◈ | दूसरे या विरोधी पक्ष में रहने वाला | **प्रतिपक्षी** |
| ◈ | जो कहीं जाकर लौट आया हो | **प्रत्यागत** |
| ◈ | किसी देश के मंत्रियों में सबसे बड़ा | **प्रधानमंत्री** |
| ◈ | स्त्री जिसने बच्चा जना हो | **प्रसूता** |



CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | प्रकृति से उद्भूत या प्रकृति में होने वाला | **प्राकृतिक** |
| ◈ | प्रार्थना करने वाला व्यक्ति | **प्रार्थी** |
| ◈ | देखने में प्रिय लगने वाला | **प्रियदर्शी** |
| ◈ | बहुत सी भाषाएँ जानने वाला | **बहुभाषाविद्** |
| ◈ | आधे से अधिक लोगों की मिलकर एक राय | **बहुमत** |
| ◈ | जिसका कोई रोजगार नहीं है | **बेरोजगार** |
| ◈ | जिसको किसी बात की खबर न हो | **बेखबर** |
| ◈ | भारत देश से संबंधित या भारत में उत्पन्न | **भारतीय** |
| ◈ | भूगोल से संबंधित या भूगोल का | **भौगोलिक** |
| ◈ | जो खुले हाथों दान करता हो | **मुक्तहस्त** |
| ◈ | जिसने मृत्यु को जीत लिया हो | **मृत्युंजय** |
| ◈ | असाधारण मेधा (बुद्धि) वाला | **मेधावी** |
| ◈ | राजगद्दी का उत्तराधिकारी/सबसे बड़ा राजकुमार | **युवराज** |
| ◈ | पुलिस या सेना में नया भर्ती जवान | **रंगरूट** |
| ◈ | राज्य द्वारा आधिकारिक रूप से प्रकाशित होने वाला पत्र | **राजपत्र** |
| ◈ | रोष से भरा हुआ | **रुष्ट** |
| ◈ | बच्चों को थपकी देते हुए सुलाने का गीत | **लोरी** |
| ◈ | वह स्त्री या मादा पशु जो संतान उत्पन्न करने में असफल हो | **वंध्या** |
| ◈ | जिसे जीत लिया गया हो | **विजित** |
| ◈ | कानून का रूप देने के लिए प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव या मसौदा | **विधेयक** |
| ◈ | भले-बुरे की पहचान करने का ज्ञान | **विवेक** |
| ◈ | पर-स्त्री से अनुचित संबंध रखने वाला | **व्यभिचारी** |
| ◈ | वह जो शक्ति या देवी की उपासना करता है | **शाक्त** |
| ◈ | मुर्दे या शव जलाने का स्थान | **श्मशान** |
| ◈ | दो धाराओं या नदियों के मिलन का स्थान | **संगम** |
| ◈ | मनुष्यों का किसी विशेष विषय पर विचार के लिए मिलन | **सम्मेलन** |
| ◈ | जो अक्षर (पढ़ना-लिखना) जानता हो | **साक्षर** |
| ◈ | मांस से युक्त | **सामिष** |
| ◈ | कोमल और मधुर कंठ वाला | **सुकंठ** |
| ◈ | जो स्मरण रखे जाने योग्य हो | **स्मरणीय** |
| ◈ | जो सब काम अपने भरोसे करता हो | **स्वावलंबी** |
| ◈ | दूसरों को जान से मार डालने वाला | **हत्यारा** |
| ◈ | सेना का वह भाग जो सबसे आगे रहता है | **हरावल** |
| ◈ | जो हाथ से लिखा गया हो | **हस्तलिखित** |
| ◈ | भला या हित चाहने वाला | **हितैषी** |
| ◈ | हाथी की पीठ पर रखी जाने वाली चौकी | **हौदा** |
| ◈ | राजभवन के अंदर महिलाओं का निवास | **अंत:पुर** |
| ◈ | जिसमें कुछ करने की क्षमता न हो | **अक्षम** |
| ◈ | जो खाने योग्य न हो | **अखाद्य** |
| ◈ | जहाँ कोई जा न सके | **अगम्य** |
| ◈ | जिसका ज्ञान इन्द्रियों द्वारा न हो | **अगोचर** |
| ◈ | जिसका जन्म पहले हुआ हो | **अग्रज** |
| ◈ | जो सबके आगे रहता हो | **अग्रणी** |
| ◈ | जिसका चिंतन न हो सके | **अचिन्त्य** |
| ◈ | जिसका कोई शत्रु पैदा ही न हुआ हो | **अजातशत्रु** |
| ◈ | जिसे जीता न जा सके | **अजेय** |
| ◈ | जिसके आने की तिथि (ज्ञात) न हो | **अतिथि** |
| ◈ | कोई बात जो बढ़ा-चढ़ाकर कही गयी हो | **अतिशयोक्ति** |
| ◈ | जिसकी तुलना न की जा सके | **अतुलनीय** |
| ◈ | जो दण्ड पाने योग्य न हो | **अदंडनीय** |
| ◈ | वह जो विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य करता है | **अध्यापक** |
| ◈ | जिसका कोई/कहीं अंत न होता हो | **अनंत** |
| ◈ | जो बात कभी सुनी न गई हो | **अनसुनी** |
| ◈ | जिस पर आक्रमण न किया गया हो | **अनाक्रांत** |
| ◈ | कनिष्ठा और मध्यमा के बीच की उँगली | **अनामिका** |
| ◈ | वर्षा का अभाव | **अनावृष्टि** |
| ◈ | जिस पर कोई नियंत्रण न हो | **अनियंत्रित** |
| ◈ | जिसका या जिसके संबंध में कोई निर्णय न हुआ हो | **अनिर्णीत** |
| ◈ | किसी के पीछे-पीछे चलने वाला | **अनुगामी/ अनुयायी** |
| ◈ | जिसका जन्म बाद में हुआ हो | **अनुज** |
| ◈ | किसी और स्थान पर | **अन्यत्र** |
| ◈ | जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो | **अन्यमनस्क** |
| ◈ | दोपहर के बाद का समय | **अपराह्न** |



CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | आवश्यकता से अधिक धन का संचय न करना | **अपरिग्रह** |
| ◈ | जिसके उस पार की वस्तु को न देखा जा सके | **अपारदर्शी** |
| ◈ | जिसकी पहले से कोई आशा न हो | **अप्रत्याशित** |
| ◈ | जिसके लिए कोई बाधा या रोक-टोक न हो | **अबाध** |
| ◈ | जो इस लोक में संभव न हो | **अलौकिक** |
| ◈ | जिसका अस्तित्व अल्पकाल तक रहे | **अल्पकालिक** |
| ◈ | जो कम जानता हो | **अल्पज्ञ** |
| ◈ | जो कम बोलने वाला है | **अल्पभाषी** |
| ◈ | जो अवश्य होने वाला हो | **अवश्यंभावी** |
| ◈ | जिसका विवाह न हुआ हो | **अविवाहिंत** |
| ◈ | जो व्यवहार में न लाया गया हो | **अव्यवहृत** |
| ◈ | जो शोक करने योग्य न हो | **अशोच्य** |
| ◈ | जो अपनी बात से न टले | **अटल** |
| ◈ | न टूटने वाला | **अटूट** |
| ◈ | जो पहले न देखा गया हो | **अदृष्टपूर्व** |
| ◈ | वास्तविक मूल्य से अधिक लिया जाने वाला शुल्क | **अधिशुल्क** |
| ◈ | किसी व्यक्ति या सिद्धान्त का समर्थन करने वाला | **अनुयायी** |
| ◈ | परम्परा से चली आ रही बात, उक्ति या कला | **अनुश्रुति** |
| ◈ | जिसका कोई निश्चित घर न हो | **अनिकेत** |
| ◈ | जो पहले पढ़ा न गया हो | **अपठित** |
| ◈ | जिसका जन्म उच्च कुल में हुआ हो | **कुलीन** |
| ◈ | अच्छी तरह से सीखा हुआ | **अभ्यस्त** |
| ◈ | अच्छा-बुरा समझने की शक्ति का अभाव | **अविवेक** |
| ◈ | जो समय पर न हो | **असामयिक** |
| ◈ | जिसमें कुछ करने की क्षमता न हो | **अक्षम** |
| ◈ | जो दिया न जा सके | **अदेय** |
| ◈ | जिसे पढ़ा न जा सके | **अपाठ्य** |
| ◈ | आकाश से सुनाई पड़ने वाली वाणी | **आकाशवाणी** |
| ◈ | आक्रमण करने वाला | **आक्रामक** |
| ◈ | वह स्त्री जिसका पति परदेश से लौटा हो | **आगतपतिका** |
| ◈ | जिस पर किसी का आतंक छाया हो | **आतंकित** |
| ◈ | जो अपनी हत्या कर लेता है | **आत्मघाती** |

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | दैव अथवा प्रकृति द्वारा होने वाला (दुख) | **आधिदैविक** |
| ◈ | आत्मा और ईश्वर से संबंध रखने वाला | **आध्यात्मिक** |
| ◈ | एक देश द्वारा दूसरे देशों से वस्तुओं का मँगाया जाना | **आयात** |
| ◈ | आयोजन करने वाला व्यक्ति | **आयोजक** |
| ◈ | जो आलोचना के योग्य हो | **आलोच्य** |
| ◈ | किसी अवधि से संबंध रखने वाला | **आवधिक** |
| ◈ | वह क्लर्क जो आशुलिपि (शार्ट हैंड) जानता है | **आशुलिपिक** |
| ◈ | जिसे आश्वासन दिया गया हो | **आश्वस्त** |
| ◈ | जिसने अपनी इंद्रियों को वश में कर लिया हो | **इंद्रियजित** |
| ◈ | जो इंद्रियों की पहुँच से बाहर हो | **इंद्रियातीत** |
| ◈ | इतिहास का जानकार | **इतिहासज्ञ** |
| ◈ | जिसकी ईप्सा या इच्छा की गई हो | **ईप्सित** |
| ◈ | नीचे की ओर आना या जाना | **उतरना** |
| ◈ | ऊपर की ओर उछाला हुआ | **उत्क्षिप्त** |
| ◈ | जिस पर किसी काम का उत्तरदायित्व हो | **उत्तरदायी** |
| ◈ | सूर्य जिस पर्वत के पीछे निकलता है | **उदयाचल** |
| ◈ | जो ऊपर कहा गया हो | **उपर्युक्त** |
| ◈ | जिसका उल्लेख करना आवश्यक हो | **उल्लेखनीय** |
| ◈ | सूर्योदय से पहले का समय | **उषाकाल** |
| ◈ | ऊपर की ओर जाने वाला | **ऊर्ध्वगामी** |
| ◈ | किसी एक पक्ष से संबंध रखने वाला | **एकपक्षीय** |
| ◈ | इंद्रियों से संबंधित | **ऐंद्रिक** |
| ◈ | इस लोक से संबंध रखने वाला | **इहलौकिक/ ऐहिक** |
| ◈ | जिसका संबंध उपन्यास से हो | **औपन्यासिक** |
| ◈ | सारे शरीर की हड्डियों का ढाँचा | **कंकाल** |
| ◈ | जो कहा गया है | **कथित** |
| ◈ | फूल जो अभी खिला न हो | **कली** |
| ◈ | स्त्री जो कविता रचती है | **कवयित्री** |
| ◈ | जो काम से जी चुराता है | **कामचोर** |
| ◈ | किसी की कृपा से पूरी तरह संतुष्ट | **कृतार्थ** |
| ◈ | जिसे क्रय किया गया हो | **क्रीत** |
| ◈ | कुंती का पुत्र | **कौंतेय** |
| ◈ | भूख से व्याकुल | **क्षुधातुर** |
| ◈ | कारागार से संबंध रखने वाला | **कारागारिक** |



CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | कार्य करने वाला कर्मचारी | **कार्यकर्त्ता** |
| ◈ | वह बात जो जन साधारण में चलती आ रही है | **किंवदंती** |
| ◈ | जिसकी अब कीर्ति शेष रह गयी हो | **कीर्तिशेष** |
| ◈ | अपने ही कुल का नाश करने वाला व्यक्ति | **कुलांगार** |
| ◈ | जिसकी बुद्धि कुश की नोंक के समान तीखी हो | **कुशाग्रबुद्धि** |
| ◈ | जो केन्द्र से हटकर दूर जाता हो | **केन्द्रापसारी** |
| ◈ | जो केन्द्र की ओर उन्मुख होता हो | **केन्द्राभिमुख/ केन्द्राभिसारी** |
| ◈ | सुन्दर और बड़े बालों वाली (स्त्री) | **केशिनी** |
| ◈ | ठीक अपने क्रम से आया हुआ | **क्रमागत** |
| ◈ | ऐसा जो अन्दर से खाली हो | **खोखला** |
| ◈ | गणित शास्त्र का जानकार | **गणितज्ञ** |
| ◈ | जिसके पेट में बच्चा हो | **गर्भवती/गर्भिणी** |
| ◈ | जो कुछ भी बोल न सके | **गूँगा** |
| ◈ | नये बनवाये घर में पहले-पहल होने वाला प्रवेश | **गृहप्रवेश** |
| ◈ | गाँव से संबंधित | **ग्रामीण** |
| ◈ | बहुत-सी घटनाओं का सिलसिला | **घटनावली** |
| ◈ | घृणा किए जाने योग्य | **घृण्य** |
| ◈ | किसी के इर्द-गिर्द घेरा डालने की क्रिया | **घेराबन्दी** |
| ◈ | जिसकी घोषणा की गई हो | **घोषित** |
| ◈ | घूस लेने वाला/रिश्वत लेने वाला | **घूसखोर/ रिश्वतखोर** |
| ◈ | चन्द्रमा की वह स्थिति जब उस पर पृथ्वी की छाया पड़ने से उसका कुछ या सारा भाग दिखाई नहीं देता | **चंद्रग्रहण** |
| ◈ | जिसके सिर पर चन्द्रमा है | **चंद्रशेखर** |
| ◈ | जो चक्र को धारण करता है | **चक्रधर** |
| ◈ | जिसके हाथ में चक्र (सुदर्शन) है | **चक्रपाणि** |
| ◈ | चार वेदों को जानने वाला | **चतुर्वेदी** |
| ◈ | जो चिरकाल तक बना रहे | **चिरस्थायी** |
| ◈ | चूहे फँसाने का पिंजड़ा | **चूहेदानी** |
| ◈ | जिसकी चर्चा की गई हो | **चर्चित** |
| ◈ | ब्याज का वह प्रकार जिसमें मूल के ब्याज पर भी ब्याज लगता है | **चक्रवृद्धि** |
| ◈ | जिसकी चार भुजाएँ हैं | **चतुर्भुज** |
| ◈ | कमल के समान (सुन्दर) चरण | **चरणकमल** |
| ◈ | जो आँखों से संबंधित हो | **चाक्षुष** |

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | चित्त को चुराने वाला | **चित्तचोर** |
| ◈ | जिस पर चिह्न लगाया गया हो | **चिह्नित** |
| ◈ | कर्मचारी आदि को छाँटकर निकाल देने का काम | **छँटनी** |
| ◈ | छः महीने का समय | **छमाही** |
| ◈ | दूसरों के दोष खोजने वाला | **छिद्रान्वेषी** |
| ◈ | जोतने का काम | **जुताई** |
| ◈ | जो वृद्ध होने के कारण जर्जर हो गया हो | **जराजीर्ण** |
| ◈ | जल में पैदा होने वाला | **जलज** |
| ◈ | जल में विचरने वाले जीव | **जलचर** |
| ◈ | वह यान जो जल में चलता है | **जलयान** |
| ◈ | अधिक समय तक जीने की इच्छा | **जिजीविषा** |
| ◈ | अधिक समय तक जीते रहने का इच्छुक | **जिजीविषु** |
| ◈ | जिसे ज्ञान प्राप्त करने की प्यास हो | **ज्ञानपिपासु** |
| ◈ | जिसे जानना आवश्यक हो | **ज्ञेय** |
| ◈ | जिसके लम्बे-लम्बे बिखरे बाल हों | **झबरा** |
| ◈ | झूठ बोलने वाला | **झूठा** |
| ◈ | सिक्के ढालने का कारखाना | **टकसाल** |
| ◈ | किराये पर चलने वाली मोटरगाड़ी | **टैक्सी** |
| ◈ | ढोंग रचने वाला | **ढोंगी** |
| ◈ | किसी पद अथवा सेवा से मुक्ति का पत्र | **त्यागपत्र** |
| ◈ | तीन लोकों का समूह | **त्रिलोक** |
| ◈ | तैरने की इच्छा | **तितीर्षा** |
| ◈ | तीन कालों को जानने वाला | **त्रिकालज्ञ** |
| ◈ | तपस्या करने वाला व्यक्ति | **तपस्वी** |
| ◈ | तर्क के द्वारा जो माना गया हो | **तर्कसम्मत** |
| ◈ | जिसे त्याग देना उचित हो | **त्याज्य** |
| ◈ | कपड़े सीने का व्यवसाय करने वाला | **दर्जी** |
| ◈ | जिसने गुरु से दीक्षा ली हो | **दीक्षित** |
| ◈ | अपने देश से प्यार करने वाला | **देशभक्त** |
| ◈ | दो वेदों को जानने वाला | **द्विवेदी** |
| ◈ | डंक मारा हुआ | **दंशित** |
| ◈ | जिसका मुख दक्षिण की ओर हो | **दक्षिणाभिमुख** |
| ◈ | किसी काम में बहुत मन लगाने वाला | **दत्तचित** |
| ◈ | चंद्रमास के किसी पक्ष की दशवीं तिथि | **दशमी** |
| ◈ | जिस पर दिनांक (तारीख का अंक) लगाया गया हो | **दिनांकित** |



CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| ◈ | जिसकी भुजाएँ लम्बी हों | दीर्घबाहु |
| ◈ | दुख देने वाला | दुखद |
| ◈ | जिसमें दो रंग हो | दुरंगा |
| ◈ | अनुचित बात के लिए आग्रह | दुराग्रह |
| ◈ | जिसका दमन करना कठिन हो | दुर्दम/दुर्दम्य |
| ◈ | ऐसा समय जिसमें भिक्षा या भोजन कठिनता से मिले | दुर्भिक्ष |
| ◈ | बुरे आचरण/चरित्र वाला | दुश्चरित्र |
| ◈ | वह व्यक्ति जो दूर तक की बातों को पहले ही सोच लेता है | दूरदर्शी |
| ◈ | दिन का या प्रतिदिन होने वाला | दैनिक |
| ◈ | प्रवेश द्वार की रक्षा करने वाला | द्वारपाल |
| ◈ | धारण करने वाला | धारक |
| ◈ | जिस पर धारियाँ बनी हों | धारीदार |
| ◈ | यात्रियों के लिए धर्मार्थ बना हुआ घर | धर्मशाला |
| ◈ | शक्तिशाली, दयालु, शांत-धीर और योद्धा नायक | धीरोदात्त |
| ◈ | मछली पकड़ने या बेचने वाली जाति विशेष | धीवर |
| ◈ | ध्यान करने योग्य या लक्ष्य | ध्येय |
| ◈ | जिसकी नाक कट गई हो | नकटा |
| ◈ | आकाश में विचरण करने वाला | नभचर |
| ◈ | चंद्रमास के किसी पक्ष की नौंवी तिथि | नवमी |
| ◈ | जो नष्ट होने वाला हो | नश्वर |
| ◈ | लड़की की लड़की | नातिन |
| ◈ | जिसे किसी बात की स्पृहा (आकांक्षा) न हो | निःस्पृह |
| ◈ | जिसमें (सत्त्व, रज, तम) गुण न हो | निर्गुण |
| ◈ | जिसके मन में दया का अभाव हो | निर्दय |
| ◈ | जिसे कोई भय न हो | निर्भय |
| ◈ | जिस पर नियंत्रण किया गया हो | नियंत्रित |
| ◈ | निशा (रात्रि) में विचरण करने वाला | निशाचर |
| ◈ | जिस पर कोई कलंक न लगा हो | निष्कलंक |
| ◈ | नीति का ज्ञान रखने वाला | नीतिज्ञ |
| ◈ | जिसके हृदय में ममता न हो | निर्मम |
| ◈ | जो कामना रहित हो | निष्काम |
| ◈ | जो उत्तर न दे सके | निरुत्तर |
| ◈ | शासकीय अधिकारियों का शासन | नौकरशाही |
| ◈ | जिसके बारे में मतभेद न हो | निर्विवाद |
| ◈ | नगर में रहने वाला | नागरिक |
| ◈ | जिसमें पाँच कोने हों | पंचकोण |
| ◈ | पानी में डूबकर चलने वाली नाव | पनडुब्बी |
| ◈ | जो पिंड से जन्मता है | पिंडज |
| ◈ | एक बार कही हुई बात को फिर कहना | पुनरुक्ति |
| ◈ | जो शीघ्र किसी बात या युक्ति को सोच ले | प्रत्युत्पन्नमति |
| ◈ | वह जिससे प्रेम किया जाए | प्रेमपात्र |
| ◈ | जिसमें प्रतिभा है | प्रतिभावान |
| ◈ | जो देखने में प्रिय हो | प्रियदर्शी |
| ◈ | जो दूसरे के अधीन हो | पराधीन |
| ◈ | जो प्रशंसा के योग्य हो | प्रशंसनीय |
| ◈ | आँखों के सामने | प्रत्यक्ष |
| ◈ | अगुआ बनकर मार्ग दिखाने वाला | पथ-प्रदर्शक |
| ◈ | किये हुए परिश्रम के बदले में मिलने वाला धन | पारिश्रमिक |
| ◈ | किसी महापुरुष आदि के निधन की वार्षिक तिथि | पुण्यतिथि |
| ◈ | अपने बेटे की पत्नी | पुत्रवधू |
| ◈ | जिसका प्रचार हुआ या किया गया हो | प्रचारित |
| ◈ | प्रश्न के रूप में पूछे जाने योग्य | प्रष्टव्य |
| ◈ | जिसमें मल (गंदगी) हो | मलिन |
| ◈ | जिसने मृत्यु को जीत लिया है | मृत्युंजय |
| ◈ | यात्रा करने वाला | यात्री |

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

**1. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**पुस्तकालय में <u>हाथ से लिखी एक भी पुस्तक</u> उपलब्ध नहीं है।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

(a) पांडुलिपि (b) चित्रपुस्तक
(c) प्रतिलिपि (d) छायाप्रति

**2. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**<u>देवताओं का उपवन</u> बहुत सुंदर होता है।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

(a) अशोकवाटिका (b) स्वर्ग
(c) नंदनकानन (d) राधारणी वन

**3. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो निम्न वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**



CamScanner

जो बाह्य संसार के ज्ञान से अनभिज्ञ हो

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I

(a) असाध्य (b) अलंघनीय
(c) अलौकिक (d) अलोकज्ञ

4. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**
मांस रहित भोजन

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-II

(a) मुमुक्षु (b) निशाचर
(c) पार्थिव (d) निरामिष

5. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**
किसी वाद का विरोध करने वाला

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-II

(a) परोक्ष (b) प्रवर्तक
(c) प्रतिवादी (d) प्रणतपाल

6. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**विशाल <u>बहुत बोलता</u> है।**

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III

(a) प्रवक्ता (b) अधिवक्ता
(c) मितभाषी (d) वाचाल

7. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**
जिससे किसी प्रकार की हानि न हो

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-IV

(a) निरापद (b) निराधार
(c) निराहार (d) निरामिष

8. **दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
जहाँ आसानी से पहुँचा जा सके

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I

(a) दुर्गम (b) सरल
(c) सुगम (d) सूगम

9. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**तुम्हें तो <u>किसी से लगाव ही नहीं</u> है।**

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I

(a) विरक्ति (b) लिप्सु
(c) निर्लिप्त (d) अलगाववादी

10. **दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
पिता या पूर्वजों से प्राप्त संपत्ति

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II

(a) पिता-धन (b) पूँजी
(c) लाभ (d) वसीयत

11. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**गुरु जी <u>सबके मन की बात जानते</u> हैं।**

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II

(a) अंतर्यामी (b) भगवान
(c) जादूगर (d) महापुरुष

12. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**रेखा <u>कम बोलती</u> है।**

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-III

(a) मातृभाषी (b) मितभाषी
(c) मृदुभाषी (d) समभाषी

13. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**
दूसरों के दोष को खोजने वाला

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV

(a) हस्तक्षेप (b) छिद्रान्वेषी
(c) त्रासदी (d) अनुचर

14. **दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
दो पहाड़ों के बीच का खाली स्थान

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV

(a) जमीन (b) घाटी
(c) ढलान (d) पर्वत

15. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**
जिसकी रक्षा न की जाती हो

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-I

(a) अरक्षित (b) अलभ्य
(c) अयाचित (d) अरसिक

16. **दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
नगर में रहने वाला

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-II

(a) नौकर (b) नगरवधू
(c) नागरिक (d) लहरी

17. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**
किसी बात पर बार-बार जोर देना

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III

(a) आमरण (b) आश्वस्त
(c) आग्रह (d) असमान

18. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।**



CamScanner

जो त्यागने योग्य हो

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I

(a) दत्तक (b) टकसाल
(c) त्याज्य (d) दुस्तर

19. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
द्रुपद की पुत्री

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II

(a) द्रोपदी (b) द्रुपद
(c) द्रौपदी (d) निशाचारी

20. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
जिसे व्याकरण का ज्ञान हो

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III

(a) भाष्य (b) लेखक
(c) वैयाकरण (d) अध्यापक

21. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
जिस पर हमला किया गया हो

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I

(a) आक्रांत (b) आग्नेय
(c) आत्मघाती (d) आक्रांता

22. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
मेरी पत्नी के <u>नयन बिल्कुल हिरणी से</u> है।

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II

(a) मृगावती (b) मृगपादुका
(c) मृगोष्ठ (d) मृगनयनी

23. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
जो किसी भी गुट में नहीं हो।

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III

(a) तटवर्ती (b) तस्कर
(c) तल्लीन (d) तटस्थ

24. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
जिसकी पत्नी मर गई हो

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III

(a) अभागा (b) विधुर
(c) विधवा (d) दुराचारी

25. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
कातिल का अपराध <u>माफ करने योग्य नहीं</u> है।

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-IV

(a) अक्षम्य (b) अदम्य
(c) क्षम्य (d) अनैतिक

26. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
अफ़शा <u>बहुत अधिक खर्चा करती</u> है।

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-I

(a) वाचाल (b) अपव्ययी
(c) मितव्यय (d) कंजूस

27. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
ऊपर कहा गया

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II

(a) उपर्युक्त (b) निम्नलिखित
(c) खंड (d) ऊपरोक्त

28. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
उस साधु का <u>कोई शत्रु नहीं</u> था।

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II

(a) अशत्रु (b) सर्वप्रिय
(c) अजातशत्रु (d) सर्वमित्र

29. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
जो सहनशील न हो

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV

(a) अशक्य (b) अशोक्य
(c) असहिष्णु (d) सहिष्णु

30. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
स्त्री जो कविता लिखती है

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV

(a) कवियीत्री (b) कवियित्री
(c) कवयित्री (d) कवियत्री

31. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
किसी कार्य में निपुण

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-III

(a) बुद्धिमान (b) कारीगर
(c) होशियार (d) पारंगत

32. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
जानने को इच्छुक

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV

(a) जिजीविषा (b) जिज्ञासु
(c) जिगीषु (d) जिज्ञासा

33. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
वह व्यक्ति जो छुटकारा दिलाता है

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-I

(a) त्राता (b) त्रिकुटी
(c) त्रिवेणी (d) त्रिगुण

34. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।



CamScanner

यह कंपनी <u>विदेश में समान बेचने</u> का काम करती है।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-I
(a) व्यापार (b) मालवाही
(c) निर्यात (d) आयात

35. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
हमारे देश ने दाल <u>विदेश से खरीदी</u> है।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-II
(a) मालवाही (b) व्यापार
(c) निर्यात (d) आयात

36. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
उसने <u>दूर से फेंककर ही हथियार</u> चलाया।
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I
(a) तलवार (b) चाकू
(c) शस्त्र (d) अस्त्र

37. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
ये कभी <u>न निष्फल होने वाला</u> काम है।
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I
(a) सटीक (b) निश्चित
(c) अमोघ (d) विफल

38. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
योगी महाराज ने <u>मृत्यु को जीत लिया</u> है।
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-II
(a) मृत्युंजय (b) शक्तिशाली
(c) अजर (d) अविनाशी

39. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
जिसकी आशा न की गई हो
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-II
(a) अगोचर (b) अनिर्वचनीय
(c) अल्पज्ञ (d) अप्रत्याशित

40. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
जो आदेश एक निश्चित अवधि तक लागू हो
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III
(a) अधिसूचना (b) अध्यादेश
(c) अनिकेत (d) अधिनियम

41. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
पत्थर को गढ़ने वाला औजार
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV
(a) छावनी (b) छेनी
(c) चम्पू (d) जंगम

42. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
जो पहले कभी न हुआ हो
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I
(a) अधिसूचना (b) अपव्ययी
(c) अभूतपूर्व (d) अद्वितीय

43. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
उसकी <u>तुलना किसी से नहीं की जा सकती।</u>
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-II
(a) तुल्य (b) तुली
(c) अतुलनीय (d) तुलनीय

44. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
<u>रजोगुण वाले व्यक्ति</u> को झुकाना आसान नहीं।
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-III
(a) राजसिक (b) सात्विक
(c) वाचिक (d) रसिक

45. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
इतना <u>प्रिय बोलने वाली वह स्त्री</u> कौन है?
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-III
(a) प्रियंवदा (b) पत्नी
(c) प्रेयसी (d) द्रौपदी

46. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
विज्ञान <u>समस्त पृथ्वी से संबंध रखता</u> है।
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-IV
(a) सर्वज्ञ (b) सर्वकालिक
(c) सार्वभौमिक (d) सार्वदेशिक

47. दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
विरह से उत्पन्न अग्नि
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-I
(a) जठराग्नि (b) दावाग्नि
(c) विरहाग्नि (d) बड़वाग्नि

48. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।
दूसरे के हित में अपने आप को संकट में डालना
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-II
(a) द्विज (b) आत्मोत्सर्ग
(c) अपराह्न (d) दिनानुदिन

49. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का उचित विकल्प हो।



CamScanner

किसी एक में ही आस्था रखने वाला

SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-II

(a) अनन्य (b) अनुपम
(c) अनुभूत (d) अनिकेत

**50. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**

**हवन में जलाई जाने वाली लकड़ियाँ गीली हैं।**

SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I

(a) दिगम्बर (b) समिधा
(c) ज्वाला (d) बड़वाग्नि

**51. 'वह व्यक्ति जो विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य करता है' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) विद्यार्थी (b) शिक्षक
(c) शिक्षार्थी (d) छात्र

**52. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है-**

'जो कहा न जा सके'

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) अकथ्य (b) कथन
(c) कहानी (d) कहना

**53. 'शरीर का कोई भाग' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) अवयव (b) कृशांग
(c) दृष्टि (d) अभिन्न

**54. 'किसी पदार्थ या राज्य का दूसरे पदार्थ या राज्य में मिल जाना' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III

(a) एकीकरण (b) विलय
(c) संगम (d) सहयोग

**55. 'वह धन जो आधिकारिक रूप से राज्य को मिलता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III

(a) राजस्व (b) चुंगी
(c) कर (d) राजधन

**56. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है-**

'बिना स्वार्थ के कार्य करने वाला'

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III

(a) नि:स्वार्थी (b) सहायक
(c) हितैषी (d) स्वार्थी

**57. वाक्यांश और उसके लिए एक शब्द का निम्न में से कौन-सा युग्म अशुद्ध है?**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV

(a) लाभ पाने की इच्छा-लिप्सा
(b) जो किसी से जीता न जा सके-अजेय
(c) नाप तौलकर खर्च करने वाला-मितभाषी
(d) सात दिन का समूह-सप्ताह

**58. रेखांकित शब्द-समूह के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें।**

**आकाश में इतने तारे हैं कि गिने न जा सकें।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV

(a) गणनीय (b) असंख्य
(c) अनगिनत (d) गिनती के

**59. 'सारे शरीर की हड्डियों का ढांचा' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) शरीर की हड्डियाँ (b) कंकाल
(c) हड्डी का ढांचा (d) माँसपेशी

**60. विकल्पों में से निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द चुनें।**

'जो इंद्रियों से परे हो'

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) अतींद्रिय (b) कर्मेंद्रिय
(c) जितेंद्रिय (d) ज्ञानेंद्रिय

**61. 'जो कहा गया है' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) अकथ्य (b) कल्पित
(c) वचनातीत (d) कथित

**62. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।**

'जो प्रमाण द्वारा सिद्ध न हो सके'

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II

(a) अचिंत्य (b) अद्वितीय
(c) अनिर्वचनीय (d) अप्रमेय

**63. 'जो अपनी जगह से न डिगे' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए।**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II

(a) असीमित (b) आधार
(c) अड़िग (d) अखंड

**64. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए।**

'जिसे पार करना कठिन हो'

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II

(a) पारंगत (b) दूरदर्शी
(c) दुस्तर (d) दत्तक

**65. निम्न वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।**

'जिसका जन्म बाद में हुआ हो'

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III

(a) अन्या (b) अनुज
(c) तनुज (d) अतुल

**66. नीचे दिए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए-**



CamScanner

'जिसके पास न पहुँचा जा सके'
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) अगेय (b) अगवानी
(c) अगाध (d) अगम्य

67. दिए गये वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द बताइए - 'दोपहर के बाद का समय'
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV
(a) पूर्वमध्याह्न (b) अपराह्न
(c) मध्याह्न (d) पूर्वाह्न

68. 'जिसकी सीमा न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए-
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV
(a) सीमांकित (b) परिसीमित
(c) ससीम (d) असीम

69. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है।
'जो समान न हो'
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV
(a) बराबर (b) एक समान
(c) खुराक (d) विषम

70. 'राजनीतिज्ञों एवं राजदूतों की नीति संबंधी कला' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I
(a) राजनीति (b) कूटनीति
(c) गृहनीति (d) अर्थनीति

71. 'जिसके सभी दाँत झड़ चुके हों'
दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I
(a) पोपला (b) खल्वाट
(c) बूढ़ा (d) खोखला

72. 'जो कम बोलता है' वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II
(a) मितभाषी (b) अपभाषी
(c) मृदुभाषी (d) कटुभाषी

73. 'जानने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II
(a) दूरदर्शी (b) युयुत्सु
(c) जितेन्द्रिय (d) जिज्ञासु

74. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द-समूह के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें।
तुम्हारा अपराध क्षमा किए जाने योग्य है।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) अशोभनीय (b) क्षम्य
(c) अक्षम्य (d) गलत

75. 'यथासंभव' के लिए कौन-सा वाक्यांश उपयुक्त होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) जहाँ तक हो सके (b) संभवत:
(c) यथारूप (d) संभव हो

76. निम्नलिखित विकल्पों में से 'जो उचित समय पर न हो' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) सामयिक (b) असामयिक
(c) काल्पनिक (d) कल्पनाजन्य

77. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
'जिस घटना को वचन से व्यक्त न किया जा सके'
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) अनुकरणीय (b) अनिर्वचनीय
(c) अविस्मरणीय (d) अतुलनीय

78. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए।
'जिसे बुलाया न गया हो'
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV
(a) अदेय (b) अनाहूत
(c) अमानत (d) अगवानी

79. 'कुछ लाभ पाने की चाह' वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV
(a) पिपासा (b) बुभुक्षा
(c) लिप्सा (d) प्रतीक्षा

80. 'जो पहरा देता है' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV
(a) रक्षक (b) सेवक
(c) प्रत्यागत (d) प्रहरी

81. नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए-
अभूतपूर्व
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) जो किसी पर अभियोग लगाए
(b) जिस पर अभियोग लगाया गया हो
(c) जो पहले घटित न हुआ हो
(d) जो भेदा न जा सके

82. 'मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित कहानियाँ अद्वितीय हैं।' वाक्य में प्रयुक्त 'अद्वितीय' शब्द का अर्थ क्या है?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) जो किसी के समान हो।
(b) जो बहुत अच्छा हो।
(c) जिसके समान कोई दूसरा न हो।
(d) जिसकी किसी से समानता की जा सके।



CamScanner

83. **नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–**
'जिस पेड़ के पत्ते झड़ गए हों'
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) सूखा (b) अधेर
(c) अपर्ण (d) पर्णल

84. **निम्न वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
'जिसके पार देखा जा सके'
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) पारभासक (b) पारदर्शन
(c) पारदर्शक (d) पारमासक

85. **'जिसमें शक्ति न हो' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II
(a) अशक्त (b) शकत
(c) अशक्य (d) अशोक

86. **'ऊपर की ओर जाने वाला'**
**उक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II
(a) उपही (b) उरक्षत
(c) ऊर्ध्वगामी (d) अस्ताचल

87. **'जो स्त्री प्रिय बोलती है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II
(a) कर्णप्रिय (b) प्रेयसी
(c) प्रियंवदा (d) कोमलांगी

88. **नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए–**
'जो सबके आगे रहता हो'
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) अग्रिम (b) अग्रज
(c) अग्रगण्य (d) अग्रणी

89. **'जिसका जन्म बाद में हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द क्या होगा?**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) अनुज (b) अग्रज
(c) ज्येष्ठ (d) अग्रजा

90. **नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए–**
अन्यमनस्क
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो
(b) किसी और स्थान पर
(c) जो पहले न हुआ हो
(d) जो नया न हो

91. **निम्नलिखित विकल्पों में से 'नवीन बनाने की क्रिया' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?**
SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-II
(a) आर्थिक (b) सर्वमत
(c) परम्परावादी (d) आधुनिकीकरण

92. **नीचे दिए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए–**
'जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा न हो'
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I
(a) अगोचर (b) अज्ञात
(c) अचिंत्य (d) अग्रशोची

93. **निम्नलिखित विकल्पों में से 'साधारण या व्यापक नियम के विरुद्ध चीजें' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?**
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II
(a) अपूर्व (b) अपवाद
(c) नीरवता (d) आलोचक

94. **'क्रम के अनुसार' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-**
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II
(a) क्रमांक (b) यथाक्रम
(c) असंख्य (d) सक्रम

95. **'जिसमें दया की भावना न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?**
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-III
(a) अभय (b) निर्जीव
(c) निर्भय (d) निर्दय

96. **'अपने ही कुल का नाश करने वाला व्यक्ति' के लिए एक शब्द होगा–**
(SSC GD 2021)
(a) विभीषण (b) कुलांगार
(c) कुलीन (d) कूपमंडूक

97. **दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।**
'कठिनाई से होने वाला कार्य'
(SSC GD 2021)
(a) असाध्य (b) श्रमसाध्य
(c) आसान (d) कष्टसाध्य

98. **दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।**
'जिसका जन्म शरीर से हुआ हो'
(SSC GD 2021)
(a) अण्डज (b) शरीरज
(c) पिण्डज (d) पार्थिव

99. **'पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–**
(SSC GD 2021)
(a) अंतरिक्ष (b) अधित्यका
(c) अनावृत्त (d) आगतपतिका



CamScanner

100. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
'चार भुजाओं वाला'
(SSC GD 2021)
(a) चतुर्दशी (b) चतुर्भुज
(c) चतुरानन (d) चहुमुखी

101. 'विवाद से अलग रहने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) अभियुक्त (b) तटस्थ
(c) मध्यस्थ (d) गवाह

102. 'आधे से अधिक लोगों की मिलकर एक राय' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) अल्पमत (b) सहमत
(c) बहुमत (d) जनमत

103. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
'जिसे बुलाया न गया हो'
(SSC GD 2021)
(a) अनाहूत (b) आरक्त
(c) आहूत (d) अभिभूत

104. 'बिना विचारे किया गया विश्वास' वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए–
(SSC GD 2021)
(a) गोपनीय (b) विश्वासू
(c) अन्धविश्वास (d) विश्वास

105. 'जिस की गहराई का पता न लग सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) अगाध (b) गहरा
(c) असाध (d) अबाध

106. 'किसी के पीछे-पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) आगामी (b) प्रतिगामी
(c) अनुरागी (d) अनुगामी

107. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
'गोद लिया पुत्र'
(SSC GD 2021)
(a) दत्तक (b) दत्तचित्त
(c) दन्तक (d) बालक

108. नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
'जो निगाह से परे हो'
(SSC GD 2021)
(a) प्रत्यक्ष (b) निगाहहीन
(c) निगेबान (d) परोक्ष

109. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
'ग्राम में रहने वाला'
(SSC GD 2021)
(a) नागर (b) नागरिक
(c) गंवार (d) ग्रामीण

110. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
'जिसका दमन करना कठिन है'
(SSC GD 2021)
(a) दुर्बोध (b) दृष्टव्य
(c) दुर्दम (d) दुर्गम

111. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
'जो दूसरों के अधीन हो'
(SSC GD 2021)
(a) स्वाधीन (b) दास
(c) परजीवी (d) पराधीन

112. 'जो स्त्री विद्वान् हो' इस वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
(a) विजित (b) विदुषी
(c) विज्ञ (d) विधुर

113. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनें।
'पूछने योग्य'
(SSC GD 2021)
(a) सुयोग्य (b) प्रश्न
(c) प्रष्टव्य (d) योग्य

114. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
'जो जन्म से अंधा हो'
(SSC GD 2019)
(a) जन्मांध (b) दुष्टांध
(c) कृपांध (d) अंधभक्त

115. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
'जो मोक्ष चाहता हो'
(SSC GD 2019)
(a) मोक्षालु (b) अमोक्षीय
(c) मोक्षप्रिय (d) मुमुक्षु

116. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
'जीतने की इच्छा'
(SSC GD 2019)
(a) जुगुप्सा (b) जिगीषा
(c) अभिप्सा (d) जिजीविषा

117. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
'अपनी हत्या करने वाला'
(SSC GD 2019)
(a) पराघाती (b) आत्मघाती
(c) मित्रघाती (d) सर्वघाती



CS CamScanner

118. **दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।**
'जो कभी बूढ़ा न हो'
(SSC GD 2019)
(a) अजर (b) यौवन
(c) अमृत (d) अमर

119. **दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।**
'जो आँखों के सामने हो'
(SSC GD 2019)
(a) विरोधा (b) प्रत्यक्ष
(c) परोक्ष (d) अक्षि

120. **दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।**
'जो भूमि उपजाऊ न हो'
(SSC GD 2019)
(a) मैदान (b) बंजर
(c) दलदल (d) उर्वर

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (c) | 3. | (d) | 4. | (d) | 5. | (c) | 6. | (d) | 7. | (a) | 8. | (c) | 9. | (c) | 10. | (d) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (b) | 14. | (b) | 15. | (a) | 16. | (c) | 17. | (c) | 18. | (c) | 19. | (c) | 20. | (c) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (d) | 24. | (b) | 25. | (a) | 26. | (b) | 27. | (a) | 28. | (c) | 29. | (c) | 30. | (c) |
| 31. | (d) | 32. | (b) | 33. | (a) | 34. | (c) | 35. | (d) | 36. | (d) | 37. | (c) | 38. | (a) | 39. | (d) | 40. | (b) |
| 41. | (b) | 42. | (c) | 43. | (c) | 44. | (a) | 45. | (a) | 46. | (c) | 47. | (c) | 48. | (b) | 49. | (a) | 50. | (b) |
| 51. | (b) | 52. | (a) | 53. | (a) | 54. | (b) | 55. | (a) | 56. | (a) | 57. | (c) | 58. | (c) | 59. | (b) | 60. | (a) |
34. 'आज कल सभी के पास स्मार्टफोन होना आम बात है।' वाक्य में प्रयुक्त 'आम' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV

(a) सामान्य (b) अच्छी
(c) सभी (d) आम का फल

35. 'अनंत विश्व में अनेक देवताओं की कहानियाँ प्रचलित हैं।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'अनंत' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I

(a) आकाश (b) अंतहीन
(c) शेष (d) ईश्वर

36. 'वसंत ऋतु में वृक्षों में नव पल्लव आते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त 'पल्लव' शब्द का अर्थ है-

SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II

(a) डाली (b) शाखा
(c) पत्ता (d) फूल

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (a) | 3. | (a) | 4. | (d) | 5. | (d) | 6. | (c) | 7. | (c) | 8. | (b) | 9. | (a) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (a) | 13. | (d) | 14. | (d) | 15. | (a) | 16. | (a) | 17. | (c) | 18. | (a) | 19. | (b) | 20. | (b) |
| 21. | (c) | 22. | (c) | 23. | (d) | 24. | (b) | 25. | (a) | 26. | (d) | 27. | (c) | 28. | (c) | 29. | (c) | 30. | (d) |
| 31. | (c) | 32. | (a) | 33. | (b) | 34. | (a) | 35. | (b) | 36. | (c) | | | | | | | | |



CamScanner

# 6 शब्द विचार/तत्सम-तद्भव

दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक योग को शब्द कहते हैं।

जैसे- हम = ह् + अ + म् + अ

**शब्दों का वर्गीकरण निम्न आधारों पर किया गया है-**

◈ उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद हैं-




◈ रचना के आधार पर शब्दों के तीन भेद हैं-




◈ अर्थ के आधार पर शब्दों के दो भेद हैं-




◈ विकार के आधार पर शब्दों के दो भेद हैं-




### *तत्सम शब्दः*

संस्कृत भाषा से लिए गए वे शब्द जो यथावत् हिंदी में ग्रहण कर लिए गए हैं 'तत्सम शब्द' कहलाते हैं।

जैसे - उच्च, एकत्र, अग्नि आदि।

### *तद्भव शब्दः*

संस्कृत भाषा के ऐसे शब्द जो कुछ रूप परिवर्तन के साथ हिन्दी में प्रचलित हैं, वे 'तद्भव शब्द' कहलाते हैं।

जैसे - ऊँचा, इकट्ठा, आग आदि।

**तद्भव और तत्सम शब्दों को पहचानने के नियम-**

1. जिस शब्द में 'क्ष' हो वह शब्द प्रायः तत्सम शब्द होगा। तत्सम शब्द का तद्भव शब्द बनाते समय 'क्ष' या तो 'ख' या 'छ' में बदल जाता है।
   जैसे - पक्षी का पंछी, भिक्षा का भीख, ऋक्ष का रीछ, लक्ष्मण का लखन इत्यादि।
2. तत्सम शब्दों में 'श्र' वर्ण होता है, जो तद्भव शब्दों में 'स' में बदल जाता है।
   जैसे - श्रावण का सावन, श्रृंगार का सिंगार, श्रृंग का सींग इत्यादि।
3. तत्सम शब्दों में प्रयुक्त हुआ 'श' वर्ण तद्भव रूप में 'स' हो जाता है।
   जैसे - शिक्षा का सीख, शूकर का सूअर, शाक का साग, शुष्क का सूखा, शुण्ड का सूँड़ इत्यादि।
4. तत्सम शब्दों में 'ष' वर्ण का प्रयोग होता है।
   जैसे - पौष, विष्ठा, पृष्ठ, पुष्कर, वाष्प इत्यादि।
5. तत्सम शब्दों में 'व' वर्ण होता है जो उसके तद्भव रूप में 'ब' में बदल जाता है।
   जैसे - वानर का बन्दर, वज्रांग का बजरंग, वणिक का बनिया, वरयात्रा का बरात इत्यादि।

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| अच्छर, आखर | अक्षर |
| अंगूठा | अंगुष्ठ |
| अमोल | अमूल्य |
| अटारी | अट्टालिका |
| अगुवा | अग्रणी |
| अकाज | अकार्य |
| अंगरखा | अंगरक्षक |
| अँगीठी | अग्निष्ठिका |
| अखरोट | अक्षोट |
| अदरक | आर्द्रक |
| अमावस | अमावस्या |
| अँधेरा | अंधकार |
| अखाडा | अक्षवाट |
| अचरज | आश्चर्य |
| अपाहिज | अपादहस्त |

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| अकेला | एकल |
| अगम | अगम्य |
| आग | अग्नि |
| आज | अद्य |
| आँख | अक्षि |
| आस | आशा |
| आम | आम्र |
| आँत | आंत्र |
| आँसू | अश्रु |
| इलायची | एला |
| इकट्ठा | एकत्र |
| ईख | इक्षु |
| ईंट | इष्टिका |
| उसास | उच्छ्वास |
| उजला | उज्ज्वल |
| उल्लू | उलूक |
| ऊँचा | उच्च |
| ऊँट | उष्ट्र |
| ओखली | उलूखल |
| ओठ | ओष्ठ |
| किसान | कृषक |
| कुत्ता | कुक्कुर |
| कन्धा | स्कन्ध |
| केला | कदली |
| किवाड़ | कपाट |
| कपूर | कर्पूर |
| कछुआ | कच्छप |
| कबूतर | कपोत |
| काज, कारज | कार्य |
| कोयल | कोकिल |
| कुम्हार | कुम्भकार |
| कुआँ | कूप |
| कंघी | कंकति |
| कोख | कुक्षि |
| कटहल | कंटफल |
| कान | कर्ण |
| कपड़ा | कर्पट |
| कूची | कूर्चिका |
| केवट | कैवर्त |
| कौआ | काक |

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| कीड़ा | कीट |
| खजूर | खर्जूर |
| खीर | क्षीर |
| खेत | क्षेत्र |
| खाट | खट्वा |
| गाहक | ग्राहक |
| गर्दन | ग्रीवा |
| गदहा (गधा) | गर्दभ |
| गवैया | गायक |
| गाँव | ग्राम |
| गेहूँ | गोधूम |
| गेंद | कंदुक |
| गोत | गोत्र |
| घी | घृत |
| घर | गृह |
| घोड़ा | घोटक |
| घाम | गर्मी |
| चकवा | चक्रवाक |
| चमड़ा | चर्म |
| चाँदनी | चन्द्रिका |
| चूमना | चुम्बन |
| जुआ | द्यूत |
| जीभ | जिह्वा |
| जेठ | ज्येष्ठ |
| टकसाल | टंकशाला |
| तीखा | तीक्ष्ण |
| तेल | तैल |
| थाली | स्थाली |
| दूध | दुग्ध |
| दही | दधि |
| दाँत | दन्त |
| दीया | दीपक |
| दरसन | दर्शन |
| धुँआ | धूम्र |
| धीरज | धैर्य |
| नखत | नक्षत्र |
| नीम | निम्ब |
| नारियल | नारिकेल |
| नींद | निद्रा |
| पूत | पुत्र |



CamScanner

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| पलंग | पर्यंक |
| पंछी | पक्षी |
| पत्थर | प्रस्तर |
| पत्ता | पत्र |
| पछतावा | पश्चात्ताप |
| पैदल | पदाति |
| पाहन | पाषाण |
| पूरब | पूर्व |
| बहू | वधू |
| बिच्छू | वृश्चिक |
| ब्याह | विवाह |
| बंदर | वानर |
| भीख | भिक्षा |
| भीतर | आभ्यन्तर |
| माथा | मस्तक |
| मक्खी | मक्षिका |
| मुँह | मुख |
| मछली | मत्स्य |
| मोर | मयूर |
| मिट्टी | मृत्तिका |
| मीत | मित्र |
| मेढ़क | मंडूक |
| मोती | मौक्तिक |
| मौर | मुकुट |
| मानुष | मनुष्य |
| मूँछ | श्मश्रु |
| मकड़ी | मर्कटी |
| रात | रात्रि |
| लंगोट | लिंगपट्ट |
| लहू, खून | रक्त |
| ससुर | श्वसुर |
| सिंगार | श्रृंगार |
| सोना | स्वर्ण |
| सूई | सूचिका, सूची |
| सपना | स्वप्न |
| साँप | सर्प |
| सुनार | स्वर्णकार |
| साड़ी | शाटिका |
| सावन | श्रावण |
| सीख | शिक्षा |

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| सूअर | शूकर |
| सूखा | शुष्क |
| सूरज | सूर्य |
| सफेद | श्वेत |
| सींग | शृंग |
| हाथ | हस्त |
| हिरन | हरिण |
| होली | होलिका |
| हल्दी (हरदी) | हरिद्रा |

### देशज शब्द

वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रायः प्रचलन में हों, देशज शब्द कहलाते हैं। ये शब्द सामान्यतः क्षेत्रीय भाषा में प्रयोग किए जाते हैं।

जैसे - लोटा, डोंगा, कटोरा, खिड़की, जूता, खिचड़ी, पगड़ी आदि।

### विदेशी/विदेशज शब्द

विदेशी भाषाओं से हिंदी में आए शब्दों को विदेशी शब्द कहा जाता है। इन भाषाओं में मुख्य रूप से अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी व पुर्तगाली शामिल हैं।

- अरबी शब्द - अमीर, औलाद, मुहावरा, वकील, आदमी, आदत, इनाम, किताब, गरीब, नशा, कुर्सी, इज्जत, मौसम, हिम्मत, मुकदमा, अक्ल, उम्र, दौलत आदि।
- अंग्रेजी शब्द - पार्टी, प्लेट, पैट्रोल, मीटिंग, एजेंसी, ड्राइवर, टिकिट, कोर्ट, गिलास, कॉलेज, नर्स, टीचर, पेन्सिल, मोटर, रेल, क्लास, डॉक्टर, फिल्म, टायर, स्कूल, पेपर, कार, केक आदि।
- फारसी शब्द - गुलाब, बीमार, खामोश, हमेशा, होशियार, गवाह, आसमान, गिरोह, खर्च, खजाना, दर्जी, तनख्वाह, गिरफ्तार, चश्मा, अखबार, खुद, शादी, दिल आदि।
- पुर्तगाली शब्द - अलमारी, गमला, अचार, आलपीन, गोदाम, पिस्तौल, मेज, आलू, काजू, कमीज, गोभी, बाल्टी, तौलिया, पपीता, चाबी, फीता आदि।
- फ्रेंच भाषा के शब्द - कूपन, कारतूस, सूप, मेयर, मीनू आदि।
- जापानी भाषा के शब्द - रिक्शा, सायोनारा, सुनामी आदि।

### रूढ़ शब्द

वे शब्द जिनमें संधि, समास, उपसर्ग और प्रत्यय न हों, रूढ़ शब्द कहलाते हैं। इन शब्दों के सार्थक टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं।

जैसे - रोटी, स्त्री, गाय, दूध, फल, पेड़ आदि।



CamScanner

### *यौगिक शब्द*

वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों के योग से बने होते हैं, यौगिक शब्द कहलाते हैं। इन शब्दों के सार्थक टुकड़े किए जा सकते हैं। यौगिक शब्दों में संधि, समास, उपसर्ग और प्रत्यय हो सकते हैं।

जैसे - प्रतिदिन, विद्यालय, दूधवाला, सुपुत्र आदि।

### *योगरूढ़ शब्द*

वे शब्द जो किसी अन्य अर्थ की ओर इशारा करते हैं, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं। बहुव्रीहि समास के सभी उदाहरण योगरूढ़ शब्द होते हैं।

जैसे - गजानन, गिरिधर, त्रिनेत्र, लम्बोदर आदि।

### *सार्थक शब्द*

जिन शब्दों का कोई न कोई निश्चित अर्थ अवश्य होता है।

जैसे - चाय, रोटी, पानी, लस्सी आदि।

### *निरर्थक शब्द*

जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है।

जैसे - वाय, वोटी, वानी, वस्सी आदि।

### *संकर शब्द*

हिन्दी में ऐसे शब्द जो दो अलग-अलग भाषाओं से मिलकर बने हैं, संकर शब्द कहलाते हैं।

जैसे-

रेलगाड़ी = रेल (अंग्रेजी) + गाड़ी (हिंदी)

टिकटघर = टिकट (अंग्रेजी) + घर (हिंदी)

बस-अड्डा = बस (अंग्रेजी) + अड्डा (देशज)

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

1. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**

**मेरे पड़ोसी का घर बन रहा है इसलिए बहुत-सी (ईंट)......मँगवाई गई हैं।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

(a) रेट (b) इष्टिका

(c) गंडक (d) अक्ष

2. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**

**हमें हमेशा सबकी अच्छाई देखनी चाहिए उनके (औगुन) ........नहीं।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-II

(a) शब्द (b) आचरण

(c) बात (d) अवगुण

3. **दिए गए वाक्य में निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**

**तुम दोनों कब से खटर-पटर कर रहे हो। अब चुप हो जाओ।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-II

(a) दोनों (b) खटर-पटर

(c) कब (d) चुप

4. **दिए गए वाक्य में तत्सम शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**

**भिखारी को ............ दे दो।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III

(a) भ्रमर (b) भू

(c) भिक्षा (d) भिक्षुक

5. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।**

**आप सभी को (यहाँ)...........से जाने के लिए कहा गया है।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-IV

(a) अत्र (b) अन्न

(c) अग्र (d) अर्क

6. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।**

**<u>गोस्वामी</u> जी को बुला लाओ।**

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I

(a) गाहक (b) गागर

(c) गुसाई (d) गुन

7. **दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**

**क्या..........इतनी दौलत का जब वह अपने माता-पिता को ही नहीं पूछता?**

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I

(a) जनाब (b) दावत

(c) फायदा (d) जवाब

8. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।**

**पेड़ों पर <u>बंदर</u> बैठे हैं।**

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-II

(a) वानर (b) बांदर

(c) वन (d) बंदरी



CamScanner

9. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।
यह उच्च कोटि के लेखक हैं।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-II
(a) उधर (b) नीचा
(c) ऊपर (d) ऊँचा

10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही अर्थ है।
जब हम कठिन कार्यों को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हैं और उन्हें खुशी और (उछाह)....... से निष्पादित करते हैं, तो चमत्कार हो सकते हैं।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III
(a) उत्साह (b) उपवास
(c) उच्च (d) उत्थान

11. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
आज भी गाँवों में (गोमय) ............ का उपयोग घरों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए किया जाता है।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III
(a) गोबर (b) घरनी
(c) गोध (d) गोसाई

12. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
मेरे मामा के घर में एक बहुत ही सुंदर (घड़ी) ....... टंगी हुई है।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-IV
(a) घोटक (b) घटिका
(c) घट (d) घृत

13. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
कल उमा की.........में पेशी है।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-IV
(a) हाल (b) तारीख
(c) इम्तिहान (d) अदालत

14. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।
उसकी ग्रीवा में काफी दर्द है।
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I
(a) पैर (b) गर्दन
(c) मुँह (d) गला

15. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।
त्वम् मेरे भाई हो।
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I
(a) तुझसे (b) मैं
(c) तुम (d) तुझे

16. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
(क्षत्रिय)..........हिन्दू समाज के चार वर्णों में से एक वर्ण है।
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II
(a) त्रिणी (b) खत्री
(c) खार (d) सिपाही

17. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
तुम चिंता न करो। तुम्हारी........ माफ हो गई है।
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-III
(a) मील (b) समन
(c) फीस (d) लालटेन

18. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
मुझे घर में मक्खी-मच्छरों को देखकर बहुत ही (घिन)..........सी आती है।
SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I
(a) अब्ज (b) घृणा
(c) मज़ा (d) गंदगी

19. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
हम खाने में हमेशा (अम्लिका).......का उपयोग करते हैं।
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV
(a) आँवले (b) हल्दी
(c) इमली (d) अचार

20. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
इनका तो जन्मों-जनमो का साथ है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-I
(a) जन्मों (b) साथ
(c) जनमो (d) इनका

21. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
.......... से मेरे कपड़े निकाल दो।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-I
(a) अलमारी (b) फीता
(c) आलपीन (d) तम्बाकू

22. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।
उलूक रात को ही जागता है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-II



CamScanner

(a) ऊन (b) चिड़िया
(c) उज्ज्वल (d) उल्लू

23. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
कल से ही मेरे (कान).......में तेज दर्द हो रहा है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-II
(a) कर्म (b) कर्ण
(c) चंचु (d) करण

24. दिए गए वाक्य में उचित विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
राजू की नौकरी............से लगी है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III
(a) अदालत (b) एतराज
(c) सिफारिश (d) हाल

25. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्‌भव शब्द ज्ञात कीजिए।
इतने <u>अश्रु</u> क्यों बहा रहे हो?
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III
(a) अंधा (b) अंधेरा
(c) आँसू (d) आँख

26. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
जाओ जाकर मालिक से अपनी..........ले लो।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-IV
(a) तनख्वाह (b) तारीख
(c) इम्तिहान (d) अदालत

27. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
(आँवला)........विटामिन सी का बहुत ही अच्छा स्रोत होता है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-IV
(a) आमीर (b) आर्द्रक
(c) आमलक (d) आम्र

28. दिए गए विकल्पों में से सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I
(a) बिस्तर (b) बीचा
(c) कजोर (d) रदवाजा

29. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।
जल्दी चलो! <u>अंधेरा</u> छाने लगा है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I
(a) रोशनी (b) प्रकाश
(c) रात (d) अंधकार

30. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
पता नहीं कहाँ से एक (तिनका)..........आकर आँख में चला गया जो अब दर्द दे रहा है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II
(a) त्वरित (b) तरवारि
(c) तृण (d) तैल

31. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
पुलिस को कुछ.........मिले हैं।
SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I
(a) सुराग (b) आका
(c) लफंगा (d) सौगात

32. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
हमस नहीं हो पाएगा।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III
(a) हमस (b) नहीं
(c) पाएगा (d) हो

33. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्‌भव शब्द ज्ञात कीजिए।
रोटी का <u>अर्द्ध</u> हिस्सा दीजिए।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-IV
(a) आज (b) आधा
(c) अधिकार (d) आता

34. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।
रमेश <u>घर</u> जा रहा है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-IV
(a) घटिका (b) गहन
(c) घट (d) गृह

35. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्‌भव रूप का सही विकल्प है।
मेरी माताजी एक (गृहिणी)........ हैं वह पूरे घर का बहुत अच्छे से ख्याल रखती हैं।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I
(a) ज्येष्ठ (b) घरनी
(c) मेहनती (d) सुंदर महिला

36. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
ताबकि उठाओ और पढ़ना शुरू करो।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I
(a) ताबकि (b) शुरू
(c) और (d) उठाओ



CS CamScanner

37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
हमें बिना पाखण्डी और (कायर)......बने सभी कार्य करने चाहिए।
**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II**
(a) कज्जल (b) काष्ठ
(c) कुब्ज (d) कातर

38. दिए गए विकल्पों में से सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II**
(a) चागीब (b) नथास्
(c) हवाई (d) लटिज

39. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
मेरे मन की (विथा).........कोई भी नहीं समझता है।
**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III**
(a) जलन (b) कड़वाहट
(c) विशेषता (d) व्यथा

40. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
जब हम गाँव जाते हैं तब हम वहाँ (खाट).......पर ही सोते हैं।
**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III**
(a) खंडगृह (b) खर्जू
(c) खट्वा (d) खर्पर

41. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
शादी-विवाह के कार्यक्रम में बहुत से लोग (गोत्र) ........... जाने बिना आगे का कार्यक्रम नहीं करते हैं।
**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) गृह (b) गौ
(c) गोत (d) गर्दभ

42. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
लगता है बगल के तालाब से एक (कच्छप) .......... बाहर आ गया है।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-I**
(a) किवाड़ (b) कछुआ
(c) गेंद (d) उल्लू

43. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।
मैंने और मेरे परिवार के लोगों ने मिलकर मंदिर में आज रात की (आरती)..........की।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-I**
(a) आमलक (b) आच्शारी
(c) आदित्यवार (d) आरात्रिका

44. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
तुम रुको! मैं घूमते-घामते सामान ले आऊँगा।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II**
(a) घूमते-घामते (b) आऊँगा
(c) सामान (d) रुको

45. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।
ढाई <u>आखर</u> प्रेम के मानव को बदल सकते हैं।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II**
(a) अगर (b) अजगर
(c) अक्षर (d) सक्षम

46. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
बहुत से ऐसे पौधे हैं जिनसे प्राकृतिक रूप से (खर्जू) ....... दूर किया जा सकता है।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III**
(a) खाँसी (b) बीमारी
(c) बुखार (d) खुजली

47. दिए गए विकल्पों में से सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III**
(a) रंजाबा (b) साविन
(c) जबिली (d) मोबाइल

48. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
लाइब्रेरी से फिताब लाकर दीजिए।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) लाइब्रेरी (b) किताब
(c) फिताब (d) दीजिए

49. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।
भगवान को <u>फूल</u> अर्पित करो।
**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) प्रिय (b) पक्ष
(c) पुष्प (d) पक्षु



CS CamScanner

50. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।

(श्यामल) सा आदमी था, जिसके चेहरे पर भद्दे दाग थे।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I

(a) साँवला (b) कालिमा
(c) अँधेरा (d) काला

51. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।

पेड़ से <u>पत्ते</u> गिर रहे हैं।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I

(a) पुत्र (b) पत्र
(c) पौत्र (d) प्राण

52. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।

डॉक्टर ने उसे <u>जिह्वा</u> दिखाने को कहा।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I

(a) दाँत (b) मुँह
(c) हाथ (d) जीभ

53. दिए गए वाक्य में उचित विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

स्कूल को टाटा फाउंडेशन से.......मिला है।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II

(a) टिकट (b) फंड
(c) कोम्तल (d) पादरी

54. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

कंपनीबाग में.........आज धूल खा रही है।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II

(a) तोप (b) नीलम
(c) चकमक (d) कमरा

55. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।

जब तक लक्ष्मण नहीं आए, तब तक उर्मिला <u>नींद</u> में ही थी।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-III

(a) निद्रा (b) निम्ब
(c) नकुल (d) नव

56. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।

शाम होते ही सबके रसोईघरों से (अंगीठी)........ जलाने का धुआँ उठ रहा है।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-III

(a) घास (b) अंत्र
(c) कोयला (d) अग्निष्ठिका

57. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।

<u>बनारस</u> की तो बात ही कुछ और है।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV

(a) वाराण (b) वाराणसी
(c) वाराणास (d) वाराणी

58. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।

मेरे पैर में एक (कंटक)......... चुभ गया।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV

(a) पत्थर (b) काँटा
(c) कील (d) कीड़ा

59. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।

क्या आज <u>दूध</u> वाला नहीं आया?

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-I

(a) दूधि (b) दुग्ध
(c) द्रुत (d) दूधी

60. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

तुम्हारे कपड़ों पर........लगा है।

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II

(a) मोजा (b) चश्मा
(c) दाग (d) बाग

61. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।

मुझे वहाँ से पेन-वेन दे दो।

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-II

(a) पेन-वेन (b) दो
(c) मुझे (d) वहाँ

62. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।



CamScanner

पंचामृत में गंगाजल को (अमी)......माना गया है।

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III

(a) अद्भुत (b) आसान
(c) अमृत (d) मुख्य

63. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।

रोज सुबह-सवेरे जल्दी (उठ).......जाना सेहत के लिए लाभदायक होता है।

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-IV

(a) उच्च (b) उच्छवास
(c) उत्तिष्ठ (d) उत्पघते

64. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।

उसके मन में न जाने कितनी वेदना थी कि वह जोर-जोर से (उसास)...........ले रहा था।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I

(a) उत्तिष्ठ (b) उच्छवास
(c) उपरि (d) इयत

65. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

कितने..........हो तुम जो इसका दर्द भी नहीं समझ पाए।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II

(a) पेशा (b) मलीदा
(c) बेरहम (d) जागीर

66. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

कोमल के.........काफी सुंदर हैं।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II

(a) इयरिंग (b) इंटर
(c) कमीशन (d) कंपनी

67. दिए गए वाक्य में तत्सम शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

........... न जाने कब से भिनभिना रही है।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-III

(a) मकर (b) मातुल
(c) मशक (d) मक्षिका

68. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

आपसे यही........है कि आप हमारी बात सुनें।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-III

(a) फंड (b) मील
(c) डिगरी (d) अपील

69. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।

हमारे बाग में माली ने फूलों की बहुत ही सुंदर (केदारिका) ......... बना रखी है।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-IV

(a) कलम (b) प्रकार
(c) क्यारी (d) खेती

70. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।

जाकर थोड़ी चाय-वाय बना लाओ।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-IV

(a) बना (b) जाकर
(c) थोड़ी (d) चाय-वाय

71. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है।

पूजा पाठ से संबंधित कार्य को (नेम)........से करना चाहिए।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-I

(a) प्रतिदिन (b) मन
(c) नियम (d) हमेशा

72. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

तुम्हारा............कल आ जाएगा।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-I

(a) इंच (b) मिल
(c) ऑर्डर (d) अपील

73. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।

मुझे (इक्षु) .......... का रस पीना बहुत पसंद है।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-II

(a) संतरा (b) कोकम
(c) ईख (d) सेब

74. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।

मुझे तमार से काम है।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-II

(a) काम (b) तमार
(c) कुछ (d) मुझे

75. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।

बाज़ार से टटमार ले आओ।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III



CS CamScanner

(a) लाओ (b) आओ
(c) बाजार (d) टटमार

76. दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
नहीं! मुझे तुमसे कोई............नहीं चाहिए।
**SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III**
(a) उम्र (b) इमारत
(c) कुर्सी (d) एहसान

77. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
आज बहुत दिनों बाद बाहर (अर्द्ध)........ चाँद दिखाई दे रहा है।
**SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV**
(a) आधा (b) गोत
(c) गीध (d) अक्षवाट

78. दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
तूफान की वजह से अनेक पेड़-वेड़ गिर गए हैं।
**SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV**
(a) तूफान (b) वजह
(c) वेड़ (d) अनेक

79. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
सूखे मेवे में मुझे (अक्षोट).......... खाना बहुत पसंद है।
**SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I**
(a) बादाम (b) अखरोट
(c) काजू (d) किशमिश

80. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
मेरी दादी जी हम सभी बच्चों को हर रात एक नई (कथानिका)..............सुनाती हैं।
**SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-II**
(a) घटना (b) पाठ
(c) करतब (d) कहानी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (d) | 3. | (b) | 4. | (c) | 5. | (a) | 6. | (c) | 7. | (c) | 8. | (a) | 9. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (d) | 14. | (b) | 15. | (c) | 16. | (b) | 17. | (c) | 18. | (b) | 19. | (c) | 20. | (c) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (b) | 24. | (c) | 25. | (c) | 26. | (a) | 27. | (c) | 28. | (a) | 29. | (d) | 30. | (c) |
| 31. | (a) | 32. | (a) | 33. | (b) | 34. | (d) | 35. | (b) | 36. | (a) | 37. | (d) | 38. | (c) | 39. | (d) | 40. | (c) |
| 41. | (c) | 42. | (b) | 43. | (d) | 44. | (a) | 45. | (c) | 46. | (d) | 47. | (d) | 48. | (c) | 49. | (c) | 50. | (a) |
| 51. | (b) | 52. | (d) | 53. | (b) | 54. | (a) | 55. | (a) | 56. | (d) | 57. | (b) | 58. | (b) | 59. | (b) | 60. | (c) |
| 61. | (a) | 62. | (c) | 63. | (c) | 64. | (b) | 65. | (c) | 66. | (a) | 67. | (d) | 68. | (d) | 69. | (c) | 70. | (d) |
| 71. | (c) | 72. | (c) | 73. | (c) | 74. | (b) | 75. | (d) | 76. | (d) | 77. | (a) | 78. | (c) | 79. | (b) | 80. | (d) |



CamScanner

# 7 शुद्ध-अशुद्ध (वर्तनी)

## शुद्ध-अशुद्ध

किसी भी शब्द को लिखने में प्रयुक्त वर्णों के व्यवस्थित क्रम को वर्तनी या अक्षरी के नाम से जाना जाता है अंग्रेजी में वर्तनी को स्पेलिंग तथा उर्दू में हिज्जे कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस भाषा की वर्तनी में अपनी भाषा के साथ अन्य भाषाओं की ध्वनि को ग्रहण करने का सामर्थ्य होगा, उस भाषा की वर्तनी उतनी ही समर्थ होगी। अत: वर्तनी का सीधा संबंध भाषागत ध्वनियों के उच्चारण से है।

### शुद्ध वर्तनी लिखने के प्रमुख नियम

- हिन्दी में विभक्ति चिह्न सर्वनाम के अलावा शेष सभी शब्दों से अलग लिखे जाते हैं।

  उदाहरण- श्याम ने पुत्र को कहा।, राम को रुपए दे दो।

- सर्वनाम के साथ यदि विभक्ति चिह्न हो तो उसे सर्वनाम से मिलाकर लिखा जाता है।

  जैसे- उसने, उसके, हमको, किसने, हमने, मुझसे आदि।

- सर्वनाम और उसकी विभक्ति के बीच 'ही' और 'तक' आदि अव्यय हो तो विभक्ति सर्वनाम से अलग लिखी जाती है।

  जैसे- आप तक को, उस ही के लिए इत्यादि।

- सर्वनाम के साथ दो विभक्ति चिह्न का प्रयोग होने पर पहला विभक्ति चिह्न सर्वनाम में मिलाकर लिखा जाता है एवं दूसरा अलग लिखा जाता है।

  जैसे- इनमें से, हममें से आदि।

- संयुक्त क्रियाओं में सभी अंगभूत क्रियाओं को अलग-अलग लिखा जाना अनिवार्य है।

  जैसे- पढ़ा करता है, जा सकते हो आदि।

- पूर्वकालिक प्रत्यय 'कर' को क्रिया से मिलाकर लिखा जा सकता है।

  जैसे- बैठकर, गाकर, खाकर, पीकर आदि।

- द्वंद्व समास में पदों के बीच योजक चिह्न (-) लगाया जाता है।

  जैसे- माता-पिता, शिव-पार्वती, मां-बेटा आदि।

- जब वर्णमाला के किसी वर्ग के पंचम अक्षर के बाद उसी वर्ग से संबंधित प्रथम चारों वर्णों में से कोई वर्ण हो तो पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार (ं) का प्रयोग होना चाहिए।

  जैसे- गंगा, नंदन इत्यादि।

  परंतु जब नासिक्य व्यंजन (वर्ग का पंचम वर्ण) उसी वर्ग के प्रथम चार वर्णों के अलावा अन्य किसी वर्ण के पहले प्रयोग होता है तो उसके साथ उस पंचम वर्ण का आधा रूप लिखा जाता है।

  जैसे- अन्य, निम्न, जन्म आदि।

- **अ**, **ऊ** एवं **आ** मात्रा वाले वर्णों के साथ अनुनासिक चिह्न ( ँ ) का प्रयोग किया जाता है।

  जैसे- जाँच, अँगना, पूँछ आदि।

  परंतु अन्य मात्राओं के साथ अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है।

  जैसे- मैंने, नहीं, खींचना आदि।

- संस्कृत मूल के तत्सम शब्दों की वर्तनी में संस्कृत वाला रूप ही लिखा जाना चाहिए। कुछ शब्दों के नीचे हलंत लगाने का प्रचलन हिन्दी में कुछ समय से समाप्त हो चुका है जबकि उनके नीचे हलंत लगाया जाना चाहिए।

  जैसे- महान्, जगत्, विद्वान् आदि। क्योंकि संधि अथवा छंद को समझाने हेतु नीचे हलंत लगाना आवश्यक है, नहीं तो समस्या उत्पन्न होती है।

उदाहरण

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| अंगुर | अंगूर |
| अकांक्षा | आकांक्षा |
| अतिथी | अतिथि |
| सुर्य | सूर्य |
| पोधा | पौधा |
| अनभिग्य | अनभिज्ञ |
| उधाहरण | उदाहरण |
| कठिनाईयाँ | कठिनाइयाँ |
| क्षत्रीय | क्षत्रिय |
| घन्टे | घंटे/घण्टे |
| छूआछूत | छुआछूत |
| दवाईयाँ | दवाइयाँ |



CamScanner

| | |
|---|---|
| द्वंद | द्वंद्व |
| पुष्पांजली | पुष्पांजलि |
| प्रकृतिक | प्राकृतिक |
| प्रमाणिक | प्रामाणिक |
| प्रान | प्राण |
| बदाम | बादाम |
| भूखमरी | भुखमरी |
| महत्व | महत्त्व |
| मिठइयाँ | मिठाइयाँ |
| मैथली | मैथिली |
| यानि | यानी |
| रसायनिक | रासायनिक |
| रात्री | रात्रि |
| रामायन | रामायण |
| लिपी | लिपि |
| कौव्वा | कौआ |
| तिथी | तिथि |
| बहुब्रीही | बहुव्रीहि |

## *SSC GD के परीक्षानुरूप चुने हुए शब्दों का संकलन*

| क्र.सं. | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| 1. | अभीष्ठ | अभीष्ट |
| 2. | अध्यात्मिक | आध्यात्मिक |
| 3. | आजीवीका | आजीविका |
| 4. | अंगूठी | अँगूठी |
| 5. | आकाषा | आकांक्षा |
| 6. | अनाधिकार | अनधिकार |
| 7. | अनुग्रहित | अनुगृहीत |
| 8. | आद्र | आर्द्र |
| 9. | अन्त्यक्षरी | अन्त्याक्षरी |
| 10. | अभ्यस्य | अभ्यस्त |
| 11. | अध्यन | अध्ययन |
| 12. | अतिथी | अतिथि |
| 13. | अनूचित | अनुचित |
| 14. | अस्पृष्यता | अस्पृश्यता |
| 15. | अक्षुण्य | अक्षुण्ण |
| 16. | अरथ | अर्थ |
| 17. | अर्थात | अर्थात् |
| 18. | अग्नी | अग्नि |
| 19. | अनुगृह | अनुग्रह |
| 20. | आव्हान | आह्वान |
| 21. | आश्रीत | आश्रित |
| 22. | आर्शीवाद | आशीर्वाद |
| 23. | आधीन | अधीन |
| 24. | आधोगिक | औद्योगिक |
| 25. | इतिहासिक | ऐतिहासिक |
| 26. | उज्जवल | उज्ज्वल |
| 27. | उनहोने | उन्होंने |
| 28. | उपाधी | उपाधि |
| 29. | उपरोक्त | उपर्युक्त |
| 30. | उत्तीण | उत्तीर्ण |
| 31. | क्रांती | क्रांति |
| 32. | कलस | कलश |
| 33. | कैलाश | कैलास |
| 34. | कोतुहल | कौतूहल |
| 35. | कवियत्री | कवयित्री |
| 36. | कालीदास | कालिदास |
| 37. | क्लेष | क्लेश |
| 38. | कुमूदनी | कुमुदिनी |
| 39. | गत्यावरोध | गत्यवरोध |
| 40. | गरिष्ट | गरिष्ठ |
| 41. | ग्रहीत | गृहीत |
| 42. | गुरू | गुरु |
| 43. | गृहणी | गृहिणी |
| 44. | चर्मोत्कर्ष | चरमोत्कर्ष |
| 45. | चिन्ह | चिह्न |
| 46. | छेड़छाँड़ | छेड़छाड़ |
| 47. | जाहनवी | जाह्नवी |
| 48. | जिजीविशा | जिजीविषा |
| 49. | ज्योत्सना | ज्योत्स्ना |
| 50. | तिरिस्कार | तिरस्कार |
| 51. | तदोपरान्त | तदुपरान्त |
| 52. | तत्कालिक | तात्कालिक |
| 53. | दुग्रम | दुर्गम |
| 54. | दोर्बल्य | दौर्बल्य |
| 55. | दुरावस्था | दुरवस्था |
| 56. | निरपराधी | निरपराध |
| 57. | निद्रशन | निदर्शन |
| 58. | क्षड़िक | क्षणिक |

| क्र.सं. | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| 59. | पूज्यनीय | पूजनीय |
| 60. | पुरूस्कार | पुरस्कार |
| 61. | परोच्छ | परोक्ष |
| 62. | पड़ोसन | पड़ोसिन |
| 63. | पोरुष | पौरुष |
| 64. | परिक्षा | परीक्षा |
| 65. | प्रजजवलित | प्रज्वलित |
| 66. | प्रगती | प्रगति |
| 67. | प्रदर्शिनी | प्रदर्शनी |
| 68. | प्रतिद्वन्द | प्रतिद्वन्द्व |
| 69. | प्राविधान | प्रावधान |
| 70. | पर्फुल्ल | प्रफुल्ल |
| 71. | प्रातकांल | प्रातःकाल |
| 72. | प्रार्दूभाव | प्रादुर्भाव |
| 73. | बारात | बरात |
| 74. | ब्रतन | बरतन |
| 75. | भस्मिभूत | भस्मीभूत |
| 76. | मध्यान्ह | मध्याह्न |
| 77. | मैथलीशरण | मैथिलीशरण |
| 78. | युधिष्ठर | युधिष्ठिर |
| 79. | रचियता | रचयिता |
| 80. | लघुत्तर | लघूत्तर |
| 81. | विरहणी | विरहिणी |
| 82. | वधु | वधू |
| 83. | व्यवाहरिक | व्यावहारिक |
| 84. | यथेष्ठ | यथेष्ट |
| 85. | विदुषि | विदुषी |
| 86. | वापिस | वापस |
| 87. | विशिष्ठ | विशिष्ट |
| 88. | वाँडमय | वाङ्मय |
| 89. | शारीरीक | शारीरिक |
| 90. | सदोपदेश | सदुपदेश |
| 91. | सूचिपत्र | सूचीपत्र |
| 92. | संसारीक | सांसारिक |
| 93. | साहित्यक | साहित्यिक |
| 94. | समाजिक | सामाजिक |
| 95. | सश्लिश्ट | संश्लिष्ट |
| 96. | स्वध्याय | स्वाध्याय |
| 97. | सर्जन | सृजन |
| 98. | सृष्टा | स्रष्टा |
| 99. | सन्यासी | संन्यासी |
| 100. | सुसुप्ति | सुषुप्ति |
| 101. | सीडी | सीढ़ी |
| 102. | स्थाई | स्थायी |
| 103. | सप्ताहिक | साप्ताहिक |
| 104. | साशन | शासन |
| 105. | सुश्रूषा | शुश्रूषा |
| 106. | हस्ताक्षेप | हस्तक्षेप |
| 107. | हिरण्यकश्यपु | हिरण्यकशिपु |
| 108. | क्षत्रीय | क्षत्रिय |
| 109. | श्रृष्टि | सृष्टि |
| 110. | अगामी | आगामी |
| 111. | चहरदीवारी | चहारदीवारी |
| 112. | अजमाइश | आज़माइश |
| 113. | ब्रह्मंण | ब्राह्मण |
| 114. | हाथिनी | हथिनी |
| 115. | पुत्रि | पुत्री |
| 116. | भागिरथी | भागीरथी |
| 117. | बृटिश | ब्रिटिश |
| 118. | रिषि | ऋषि |
| 119. | पाकीस्तान | पाकिस्तान |
| 120. | वेश्य | वैश्य |
| 121. | अक्षोहिणी | अक्षौहिणी |
| 122. | गोदवरि | गोदावरी |
| 123. | समिक्षा | समीक्षा |
| 124. | पिढ़ी | पीढ़ी |
| 125. | तिर्थ | तीर्थ |
| 126. | ईंजन | इंजन |
| 127. | किर्ति | कीर्ति |
| 128. | झौपड़ी | झोंपड़ी |
| 129. | दन्ड | दण्ड |
| 130. | प्रोढ | प्रौढ़ |
| 131. | झांसी | झाँसी |
| 132. | निशुल्क | निःशुल्क |
| 133. | सामर्थ | सामर्थ्य |
| 134. | प्रन्तु | परन्तु |
| 135. | कीचर | कीचड़ |
| 136. | बृज | ब्रज |
| 137. | भैडिया | भेड़िया |
| 138. | नबाब | नवाब |

| क्र.सं. | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| 139. | व्रत | व्रत |
| 140. | कामायावी | कामयाबी |
| 141. | कुन्डली | कुण्डली |
| 142. | अनाधिकृत | अनधिकृत |
| 143. | अनष्ठि | अनिष्ट |
| 144. | अनुष्टान | अनुष्ठान |
| 145. | अनुशरण | अनुसरण |
| 146. | अलोकिक | अलौकिक |
| 147. | अहार | आहार |
| 148. | अहिल्या | अहल्या |
| 149. | अन्तर्ध्यान | अन्तर्धान |
| 150. | अभिसाप | अभिशाप |
| 151. | अध्यवसाई | अध्यवसायी |
| 152. | अपभ्रंस | अपभ्रंश |
| 153. | अवस्यमेव | अवश्यमेव |
| 154. | अभीष्ठ | अभीष्ट |
| 155. | आयू | आयु |
| 156. | आरोज्ञ | आरोग्य |
| 157. | आर्चाय | आचार्य |
| 158. | आँसु | आँसू |
| 159. | इक्षा | इच्छा |
| 160. | इन्द्रीय | इन्द्रिय |
| 161. | इसाई | ईसाई |
| 162. | ईरसा | ईर्ष्या |
| 163. | ईनाम | इनाम |
| 164. | उदेश | उद्देश्य |
| 165. | उत्कृष्ठ | उत्कृष्ट |
| 166. | उपलक्ष | उपलक्ष्य |
| 167. | उपाशक | उपासक |
| 168. | उरमिला | उर्मिला |
| 169. | रिद्धि | ऋद्धि |
| 170. | ऐस्वर्य | ऐश्वर्य |
| 171. | ओधोगिक | औद्योगिक |
| 172. | अंर्तराष्ट्रीय | अन्तर्राष्ट्रीय |
| 173. | माताए | माताएँ |
| 174. | गंवार | गँवार |
| 175. | इश्वर | ईश्वर |
| 176. | कहानीयों | कहानियों |
| 177. | कृत्यकृत्य | कृतकृत्य |
| 178. | कियारी | क्यारी |

| क्र.सं. | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| 179. | खंबा | खम्भा |
| 180. | घनशाम | घनश्याम |
| 181. | घनिष्ट | घनिष्ठ |
| 182. | चाकु | चाकू |
| 183. | जागृत | जाग्रत |
| 184. | जोति | ज्योति |
| 185. | झन्डा | झण्डा |
| 186. | टिप्पड़ी | टिप्पणी |
| 187. | तपश्या | तपस्या |
| 188. | त्यौहार | त्योहार |
| 189. | देशभक्ती | देशभक्ति |
| 190. | दैनीय | दयनीय |
| 191. | देहिक | दैहिक |
| 192. | द्रष्टिकोण | दृष्टिकोण |
| 193. | धुरंदर | धुरंधर |
| 194. | धोबन | धोबिन |
| 195. | नराज | नाराज |
| 196. | निर्दोषी | निर्दोष |
| 197. | निरिक्षण | निरीक्षण |
| 198. | नोकरी | नौकरी |
| 199. | नोजवान | नौजवान |
| 200. | परिशिष्ठ | परिशिष्ट |
| 201. | पेचिदा | पेचीदा |
| 202. | पैत्रिक | पैतृक |
| 203. | प्रतीनिधि | प्रतिनिधि |
| 204. | मरयादा | मर्यादा |
| 205. | मनेजर | मैनेजर |
| 206. | मान्यनीय | मान्य,माननीय |
| 207. | मृत्योपरान्त | मृत्यूपरांत |
| 208. | यर्थाथवाद | यथार्थवाद |
| 209. | योवन | यौवन |
| 210. | रूपया | रुपया |
| 211. | शास्त्रिय | शास्त्रीय |
| 212. | शारांश | सारांश |
| 213. | सौन्दर्यता | सौन्दर्य |
| 214. | ह्वदय | हृदय |
| 215. | पुष्टी | पुष्टि |
| 216. | क्षती | क्षति |



CamScanner

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

1. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
शिघ्र ही वैद को ले आओ।
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-IV
(a) शिर्घ (b) शीघ्र
(c) शीघ्र (d) शिघ्र

2. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
आपसे मिलना तो मेरा सोभाग्य है।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I
(a) सौभाग (b) साभाग्य
(c) सौभाग्य (d) सोभाग

3. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
अपराधी को पेष किया जाए।
SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III
(a) पेक्ष (b) प्रेस
(c) पेश (d) पेस

4. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
श्रुति की दु:खभरी कहानी सुनकर मेरी आँखों से आंसु बहने लगे।
SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I
(a) कहानी (b) दुख
(c) आंसु (d) आँखों

5. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
अध्यापक को यह पाठ लिखत में चाहिए।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-II
(a) लीखित (b) लिखित
(c) लीखीत (d) लिखीत

6. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
कमलेश उत्तम अंकों से उतीर्ण हो गया।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III
(a) अंकों (b) उतीर्ण
(c) गया (d) उत्तम

7. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
नछत्र शब्द का प्रयोग प्रेमचंद ने अपनी कहानी में किया है।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III
(a) नछत्र (b) शब्द
(c) प्रयोग (d) प्रेमचंद

8. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
मैंने यह चित्र कल स्वपन में देखा था।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-IV
(a) स्वपिन (b) स्वप्न
(c) सव्पन (d) सवप्न

9. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
निसंदेह शरण एक योग्य वर है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I
(a) योग्य (b) निसंदेह
(c) वर (d) शरण

10. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
उपय्रुक्त सभी बातें पढ़कर ही हस्ताक्षर करें।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I
(a) बातें (b) पढ़कर
(c) उपय्रुक्त (d) हस्ताक्षर

11. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
हिंदी हमारी मात्रभाषा है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II
(a) मातरभाषा (b) मातरिभाषा
(c) मात्रभाषा (d) मातृभाषा

12. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
प्रकृति का सौंर्दय देखते ही बनता है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II
(a) सौंर्दय (b) प्रकृति
(c) बनता (d) देखते

13. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
आज ब्याकरण की परीक्षा है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III
(a) व्याकरण (b) व्याकरड़
(c) व्यकरण (d) व्याक्रण

14. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
मैहनत कर के जीवन व्यतीत करो।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I
(a) मैहनात (b) मोहनत
(c) महनत (d) मेहनत

15. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
इसके अंतग्रत भिन्न प्रकार के प्रांत आते हैं।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I
(a) प्रांत (b) अंतग्रत
(c) भिन्न (d) प्रकार

16. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
ऐसी बाणी बोलिए जिससे हृदय शीतल रहे।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II
(a) बोलिए (b) हृदय
(c) शीतल (d) बाणी



CamScanner

17. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
हमें परसपर सहयोग करना चाहिए।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II
(a) प्रसपर (b) परस्पर
(c) पर्सपर (d) परसप्र

18. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
भव्या लाल रँग की शर्ट ढूँढ़ रही है।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III
(a) रगं (b) रग़
(c) रग (d) रंग

19. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
श्यामा दफतर के लिए निकल गई।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-IV
(a) द्फ्तर (b) दफ्तर
(c) दफतर (d) दफत्तर

20. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
भारत के बहुत से वैग्यानिक विदेश गए हैं।
SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II
(a) वेज्ञानिक (b) वैज्ञानीक
(c) वेज्ञानीक (d) वैज्ञानिक

21. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
तुझे समज नहीं आया, है न?
SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III
(a) समस (b) समछ
(c) समज्ञ (d) समझ

22. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
म्रतक के घर वाले वहीं मौजूद थे।
SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV
(a) मरतक (b) मत्रक
(c) मरितक (d) मृतक

23. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
इस बात पर टिप्पड़ी करना क्षमा योग्य नहीं होगा।
SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II
(a) बात (b) टिप्पड़ी
(c) क्षमा (d) योग्य

24. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
बीमारी के बाद उसे बहुत कमजोरि है।
SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV
(a) कमज़ोरी (b) कामजोर
(c) कमजोरि (d) कमज़ेर

25. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
वर्षा रितु की तो बात ही कुछ और है।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-I
(a) रीतु (b) रितू
(c) ऋतू (d) ऋतु

26. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
युधिष्ठिर का राजाभिषेक होते ही चारों तरफ उल्लास छा गया।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-II
(a) राजाभिषेक (b) चारों
(c) उल्लास (d) युधिष्ठिर

27. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
धेर्य से काम लो।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-II
(a) धेय्र (b) धैय्र
(c) धैर्य (d) धार्य

28. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
उनके सासन में दंगे हुए थे।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III
(a) साशन (b) शाशन
(c) सापन (d) शासन

29. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
तुम्हारी बात का मलतब मैं समझा नहीं।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-IV
(a) मतलब (b) मलतुब
(c) मलबत (d) मबतल

30. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
वह आपकी बात आवश्य सुनेंगे।
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-IV
(a) अवशाय (b) अवश्य
(c) अवंशाय (d) अवाश्य

31. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
यह परंपरा तो रितिकाल से चली आ रही है।
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II
(a) रीतीकाल (b) रतीकाल
(c) रितीकालं (d) रीतिकाल



CamScanner

32. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
कर्ण एक वीर योधा था।
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III
(a) योद्धा (b) योधदा
(c) योदधा (d) योधा

33. दिए गए वाक्य में रेखांकित भाग के लिए उचित सार्थक शब्द का चयन कीजिए।
बच्चे तंपग उड़ा रहे हैं।
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I
(a) गंपत (b) लंपत
(c) पलंग (d) पतंग

34. दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
अपने बड़ों का तिरसकार करना पाप है।
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I
(a) बड़ों (b) तिरसकार
(c) पाप (d) अपने

35. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
गौतम बुद्ध ने पालि भाषा में ऊपदेश दिए।
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-II
(a) ऊपदश (b) उपदेश
(c) ओपदेश (d) उपदश

36. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
सैनिक हमारे रक्छक हैं।
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-II
(a) रशक (b) रक्षक
(c) रछकक (d) रषक

37. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
हमें सबसे मैतृ भाव से पेश आना चाहिए।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-II
(a) मैत्री (b) मातृ
(c) मेतरि (d) मेत्र

38. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
यामा की रचियता को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-II
(a) रचयिता (b) रचियता
(c) रच्यता (d) रच्यिता

39. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
उनका हर शब्द बहुमुल्य है।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-III
(a) बहुमोल्य (b) बहूमूल्य
(c) बहूमुल्य (d) बहुमूल्य

40. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
शितल पेय ले आओ।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-III
(a) शीलत (b) सीत्ल
(c) शित्ल (d) शीतल

41. 'भारत देश में इन्दोर स्वच्छता की सूची में प्रथम स्थान पर है।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I
(a) स्वच्छता (b) इन्दोर
(c) प्रथम (d) भारत

42. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है?
तुफान से डरकर नौका पार नहीं होती।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II
(a) पार (b) तुफान
(c) डरकर (d) नौका

43. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनीगत अशुद्धि है?
हमारे मन में प्राणी मत्र के लिए करुणा होनी चाहिए।
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) प्राणी (b) मत्र
(c) करुणा (d) हमारे

44. जो परिश्रम करते हैं, वे सपल होते हैं।
उपर्युक्त वाक्य के किस शब्द में वर्तनीगत अशुद्धि है?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) परिश्रम (b) सपल
(c) वाक्य शुद्ध है (d) करते

45. 'महादेवी वर्मा प्रसिद्ध कवियत्री थीं।' इस वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) महादेवी (b) कवियत्री
(c) वर्मा (d) प्रसिद्ध

46. 'यह रास्ता............ है, सावधानी से चलें।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध वर्तनी वाले शब्द द्वारा कीजिए।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II
(a) दुर्गम (b) दुग्रम
(c) दुरगम (d) दुगर्म

47. 'मैं तुम्हारे ...............भविष्य की कामना करता हूँ।'
वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) उज्वल (b) उज्वल्ल
(c) उज्ज्वल (d) उजवल

48. 'महाभारत के युद्ध में कृष्ण ने कौरवों की सहायता के लिए ग्यारह अक्षोहिणी सेनाएं दी थीं।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द निम्न में से कौन-सा है?
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I

CamScanner

(a) महाभारत (b) कौरवों
(c) कृष्ण (d) अक्षोहिणी

49. निम्न में से अशुद्ध शब्द की पहचान करें-
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV
(a) उज्जवल (b) कवयित्री
(c) अनधिकार (d) अतिथि

50. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-IV
(a) अभिनेट (b) अभीनेता
(c) अभिनेता (d) अभीनेत्रा

51. शुद्ध वर्तनी बताएँ-
(SSC GD 2021)
(a) लालशा (b) शोणित
(c) शौनित (d) मतस्य

52. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को पहचानिए-
(SSC GD 2021)
(a) अवीष्कार (b) आविष्कार
(c) अविष्कार (d) अविषकार

53. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(SSC GD 2021)
(a) तात्कालिक (b) ततकालीक
(c) तत्कालीक (d) तत्कालिक

54. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(SSC GD 2021)
(a) प्रस्तूतीकरण (b) प्रस्तुतिकरन
(c) प्रस्तुतीकरण (d) प्रस्तूतिकरन

55. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(SSC GD 2021)
(a) सांसरिक (b) संसारिक
(c) संसारक (d) सांसारिक

56. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) परिस्थित (b) प्रस्थिति
(c) परिस्थिति (d) पारिस्थिति

57. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) कालिदास (b) कालीदास
(c) कलिदास (d) कलीदास

58. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) चतुष्कोन (b) चतुश्कोण
(c) चतुस्कोण (d) चतुष्कोण

59. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
(SSC GD 2021)
(a) हाशिल (b) हाषिल
(c) हासिल (d) हासील

60. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) जबाब (b) कार्यकर्म
(c) दसहरा (d) आराधना

61. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) उज्जल (b) उज्ज्वल
(c) उजला (d) उज्वल

62. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
(SSC GD 2021)
(a) प्रशंशा (b) प्रसंशा
(c) प्रशंसा (d) प्रसंसा

63. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) उन्मीलीत (b) उन्मिलित
(c) उन्मीलित (d) उन्मिलीत

64. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(SSC GD 2021)
(a) परिशिष्ट (b) परिशीष्ट
(c) परीशिष्ट (d) परिशीष्ठ

65. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) प्रियदर्शी (b) प्रियदरसी
(c) प्रियदर्शि (d) प्रियदर्षी

66. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) प्रमुख (b) पर्मुख्य
(c) प्रमुखिया (d) प्रमुख्य

67. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) कृशांगी (b) क्रिशान्गी
(c) किरशांगी (d) क्रिशांगी

68. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) दिक्षा (b) दीक्क्षा
(c) दीच्छा (d) दीक्षा

69. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) लक्ष्मण (b) लच्छमन
(c) लछमन (d) लक्षमण



CamScanner

70. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) यासथावक्ती (b) जथाशक्ति
(c) यशाशक्ति (d) यथाशक्ति

71. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? (SSC GD 2021)
(a) नछत्र (b) नच्छत्र
(c) नक्षत्र (d) नक्छत्र

72. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? (SSC GD 2021)
(a) प्रज्जवलित (b) प्रज्जवलीत
(c) प्रज्वलीत (d) प्रज्वलित

73. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द निम्न में से कौन-सा है? (SSC GD 2021)
(a) पुरस्कार (b) आशिवाद
(c) मयंक (d) प्रामाणिक

74. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है? (SSC GD 2021)
(a) आतिसबाजी (b) ऐतिहासिक
(c) अत्याक्षरी (d) उत्तरदाई

75. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) उत्कृष्ट (b) उतकृष्ठ
(c) उतकृष्ट (d) उत्कृष्ठ.

76. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) पर्दाथ (b) पदाथ
(c) पदार्थ (d) र्पदाथ

77. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) दुस्कर (b) दूष्कर
(c) दुश्कर (d) दुष्कर

78. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनें- (SSC GD 2021)
(a) परिणति (b) परिणती
(c) परीणती (d) परीणति

79. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) निष्पक्ष (b) निस्पक्ष
(c) निष्पच्छ (d) निश्पक्ष

80. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? (SSC GD 2021)
(a) शुद्धिकरण (b) सुधिकरण
(c) शुद्धीकरण (d) सुद्धीकरण

81. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) खूबसूरती (b) खुबसुरती
(c) खुबसूरती (d) खूबसुर्ती

82. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) शुसमा (b) सूसमा
(c) सुसमा (d) सुषमा

83. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) व्यावसायिक (b) व्यवसायिक
(c) व्यावसायीक (d) व्यवसाईक

84. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए- (SSC GD 2021)
(a) हसित (b) हर्षित
(c) हरषित (d) हरसित

85. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) विषाद (b) विसाद
(c) विशाद (d) वीषाद

86. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) हस्तक्षेप (b) हस्तछेप
(c) हस्ताक्षेप (d) हस्तच्छेप

87. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) अनिर्वचनीय (b) अर्निवचनीय
(c) अनिरव्यचीय (d) अनीर्वचनी

88. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) आधुनीकिकरण (b) आधुनिकीकर्ण
(c) आधूनिकीकरण (d) आधुनिकीकरण

89. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए- (SSC GD 2021)
(a) श्रृंगार (b) श्रंगार
(c) शृीगार (d) शृंगार

90. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) यवजीवन (b) याव्वजीवन
(c) यावज्जीवन (d) यावत्जीवन

91. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2021)
(a) पैतृक (b) पितृक
(c) पैत्रिक (d) पेतृक



CamScanner

92. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) सन्यास (b) संयास
(c) सनयास (d) संन्यास

93. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
(SSC GD 2021)
(a) नीरीह (b) नीरिह
(c) निरिह (d) निरीह

94. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) वाल्मीकी (b) बाल्मीकी
(c) वाल्मीकि (d) बाल्मीकि

95. निम्नलिखित में से सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(SSC GD 2021)
(a) विभीषिका (b) विभिषिका
(c) वीभीषिका (d) विभीषीका

96. निम्नलिखित में से सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(SSC GD 2021)
(a) घनिष्ट (b) घनीष्ठ
(c) घनीष्ट (d) घनिष्ठ

97. सही वर्तनी का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) वांछनीय (b) वांक्षनीय
(c) वंक्षनीय (d) वंछनीय

98. सही वर्तनी का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) लीजीए (b) लिजिए
(c) लिजीये (d) लीजिए

99. सही वर्तनी का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) वीनति (b) विनती
(c) विनति (d) वीनती

100. सही वर्तनी का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) पौराणिक (b) पुराणिक
(c) पूराणिक (d) पौरानिक

101. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) कवयित्री (b) कवयीत्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्रि

102. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) स्वादिशट (b) स्वादुष्ट
(c) सवादिष्ट (d) स्वादिष्ट

103. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) मौखिक (b) मोखिक
(c) मोखीक (d) मौखीक

104. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) शौकाकुल (b) शौककुल
(c) सोकाकुल (d) शोकाकुल

105. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) अजनम (b) आजनम
(c) अजन्मा (d) अजम्मा

106. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) सखभक्षी (b) सर्वभक्षी
(c) सर्वभक्षय (d) सखभक्शी

107. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) प्रतिबर्ष (b) प्रतिवर्ष
(c) प्रतिवर्श (d) परतीवर्ष

108. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) व्यवसथो (b) व्यावस्था
(c) वयवस्था (d) व्यवस्था

109. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) जनमाध (b) जन्मांद
(c) जन्मांध (d) जनमंध

110. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) अल्पायु (b) अल्पायू
(c) आलापायु (d) अलपायु

111. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2021)
(a) प्रकृतिक (b) प्राकृत्रिक
(c) पराकृतिक (d) प्राकृतिक

112. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें-
(SSC GD 2019)



CamScanner

(a) संस्कार (b) संश्कार
(c) संष्कार (d) संसकार

113. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) हिंदुत्व (b) हीन्दूत्व
(c) हिनदुत्व (d) हिंदूत्व

114. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) निराकार (b) निर्कार
(c) नीराकार (d) निरकार

115. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) निरामिष (b) नीरामीष
(c) निरामिश (d) निरामाईष

116. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) मुरलीदर (b) मर्लीधर
(c) मुरलीधर (d) मुरदिलर

117. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) पत्राकर (b) पत्रकार
(c) पत्ररकार (d) पत्रकर

118. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) विकरेता (b) वीक्रेता
(c) वीकरेता (d) विक्रेता

119. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें- (SSC GD 2019)
(a) लालिमा (b) लालीमा
(c) ललिमा (d) ललईमा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (c) | 3. | (c) | 4. | (c) | 5. | (b) | 6. | (b) | 7. | (a) | 8. | (b) | 9. | (b) | 10. | (c) |
| 11. | (d) | 12. | (a) | 13. | (a) | 14. | (d) | 15. | (b) | 16. | (d) | 17. | (b) | 18. | (d) | 19. | (b) | 20. | (d) |
| 21. | (d) | 22. | (d) | 23. | (b) | 24. | (a) | 25. | (d) | 26. | (a) | 27. | (c) | 28. | (d) | 29. | (a) | 30. | (b) |
| 31. | (d) | 32. | (a) | 33. | (d) | 34. | (b) | 35. | (b) | 36. | (b) | 37. | (a) | 38. | (a) | 39. | (d) | 40. | (d) |
| 41. | (b) | 42. | (b) | 43. | (b) | 44. | (b) | 45. | (b) | 46. | (a) | 47. | (c) | 48. | (d) | 49. | (a) | 50. | (c) |
| 51. | (b) | 52. | (b) | 53. | (a) | 54. | (c) | 55. | (d) | 56. | (c) | 57. | (a) | 58. | (d) | 59. | (c) | 60. | (d) |
| 61. | (b) | 62. | (c) | 63. | (c) | 64. | (a) | 65. | (a) | 66. | (a) | 67. | (a) | 68. | (d) | 69. | (a) | 70. | (d) |
| 71. | (c) | 72. | (d) | 73. | (b) | 74. | (b) | 75. | (a) | 76. | (c) | 77. | (d) | 78. | (a) | 79. | (a) | 80. | (c) |
| 81. | (a) | 82. | (d) | 83. | (a) | 84. | (b) | 85. | (a) | 86. | (a) | 87. | (a) | 88. | (d) | 89. | (d) | 90. | (c) |
| 91. | (a) | 92. | (d) | 93. | (d) | 94. | (c) | 95. | (a) | 96. | (d) | 97. | (a) | 98. | (d) | 99. | (b) | 100. | (a) |
| 101. | (a) | 102. | (d) | 103. | (a) | 104. | (d) | 105. | (c) | 106. | (b) | 107. | (b) | 108. | (d) | 109. | (c) | 110. | (a) |
| 111. | (d) | 112. | (a) | 113. | (a) | 114. | (a) | 115. | (a) | 116. | (c) | 117. | (b) | 118. | (d) | 119. | (a) | | |

CamScanner

# 8 वाक्य शुद्धि

### *वाक्य शुद्धि के नियम और उदाहरण*

सार्थक शब्दों का एक व्यवस्थित समूह जिससे एक अर्थ स्पष्ट हो, वाक्य कहलाता है।

वाक्य, भाषा की एक महत्त्वपूर्ण इकाई होती है, लिखने या बोलने के लिए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा जो लिखा जाए वह तार्किक रूप से स्पष्ट तथा व्याकरण की दृष्टि से सार्थक होना चाहिए।

वाक्य में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा अव्यय से संबंधित या अन्य प्रकार की अशुद्धि हो सकती है।

### *वाक्य शुद्धि के महत्त्वपूर्ण नियम*

1. हिन्दी भाषा में विभक्ति चिह्न केवल सर्वनाम को छोड़कर शेष सभी शब्दों से अलग रखे जाते हैं।
   जैसे - नीरज को पेन दे दो।
2. यदि सर्वनाम के साथ विभक्ति चिह्न का प्रयोग हो तो उसे सर्वनाम में मिलाकर लिखा जाना चाहिए।
   जैसे - मुझसे, हमने, उसने, तुमसे, हमको, उसको, किसको, किसने आदि।
3. सर्वनाम के साथ दो विभक्ति चिह्नों का प्रयोग होने पर पहला विभक्ति चिह्न सर्वनाम में मिलाकर लिखा जायेगा।
   जैसे - आपमें से, हममें से आदि।
4. संयुक्त क्रियाओं में सभी अंगभूत क्रियाओं को अलग लिखा जाना चाहिए।
   जैसे - खा सकते हो, वह जगह वहाँ पड़ा करती है।
5. पूर्वकालिक प्रत्यय में **कर** को क्रिया से मिलाकर लिखा जाता है।
   जैसे - खाकर, उठकर, सोकर आदि।
6. द्वंद्व समास में पदों के बीच योजक चिह्न (-) लगाया जाना चाहिए।
   जैसे - माता-पिता, रात-दिन आदि।
7. जब वर्णमाला के किसी भी पाँचवें अक्षर के बाद उसी वर्णमाला के प्रथम चार वर्णों में से कोई भी वर्ण हो तो पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग होता है।
   जैसे - गंगा, ठंड आदि।

### *संज्ञा-संबंधी अशुद्धियाँ*

1. हिन्दी के प्रचार में आज भी बड़े-बड़े संकट हैं। — बड़ी-बड़ी बाधाएँ
2. कृषि हमारी व्यवस्था की रीढ़ है। — का आधार
3. नगर की सारी जनसंख्या भूखी है। — जनता
4. मुझे सफल होने की निराशा है। — आशा नहीं
5. गोलियों की बाढ़। — बौछार

### *लिंग-संबंधी अशुद्धियाँ*

6. परीक्षा की प्रणाली बदलना चाहिए। — बदलनी
7. हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दिया गया। — दी गयी
8. मुझे मजा आती है। — आता
9. देश की सम्मान की रक्षा करो। — के

### *वचन-संबंधी अशुद्धियाँ*

10. अच्छी पुस्तकें नहीं है। — पुस्तक
11. ऐसी एकाध बातें सुनकर दुःख होता है। — बात
12. वे विविध विषय से परिचित हैं। — विषयों

### *कारक-संबंधी अशुद्धियाँ*

13. मैंने राम को पूछा। — से
14. जनता के अन्दर असंतोष फैल गया। — में
15. वह बस पर यात्रा कर रहा है। — से

### *सर्वनाम-संबंधी अशुद्धियाँ*

16. मेरे से मत पूछो। — मुझसे
17. तेरे को अब जाना चाहिए। — तुझे
18. जो सोवेगा वह खोवेगा। — सो
19. वह सब भले लोग हैं। — वे

### *विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ*

20. उसे भारी प्यास लगी है। — बहुत
21. मुझे बड़ी भूख लगी है। — बहुत
22. इस वीरान जीवन में। — नीरस
23. राजेश अग्रिम बुधवार को आएगा। — आगामी
24. वह डाल महीन है। — पतली

### *क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ*

25. पगड़ी ओढ़कर आओ। — बाँधकर
26. छोटी उम्र शिक्षा लेने के लिए है। — पाने
27. अपने हस्ताक्षर लगा दो। — कर
28. हमें यह सावधानी लेनी होगी। — बरतनी
29. वहाँ घना अँधेरा घिरा था। — छाया



CamScanner

### अनुपयुक्त शब्द-संबंधी अशुद्धियाँ

30. आसानीपूर्वक यह काम कर लिया। आसानी से
31. एकमात्र दो उपाय हैं। केवल
32. यह पत्र आपके अनुसार है। अनुरूप

### पदक्रम-संबंधी अशुद्धियाँ

33. छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक फूलों की माला पहनाई। फूलों की एक माला
34. भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे। पटना के चार व्यक्ति
35. कई बैंक के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। बैंक के कई कर्मचारियों
36. आप जाएँगे क्या? क्या आप जाएँगे?

### द्विरुक्ति/पुनरुक्ति-संबंधी अशुद्धियाँ

37. दरअसल में वह बहुत काइयाँ है। दरअसल/असल में
38. वह बहुत जल्दी वापस लौट आया। वापस/लौट
39. मेरे मना करने के बावजूद भी वह चला गया। बावजूद/बाद भी
40. वह अभी शैशव अवस्था में है। शैशव/शिशु अवस्था
41. मध्यकालीन युग में कलाओं की बहुत उन्नति हुई। मध्यकाल/मध्ययुग
42. प्रात:काल के समय टहलना चाहिए। प्रात:काल/सुबह के समय

### अधिकपदत्व-संबंधी अशुद्धियाँ

निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन अक्षरों में छपे पद अनावश्यक हैं-

43. मानव ईश्वर की सबसे उत्कृष्टतम कृति है।
44. सीता नित्य गीता को पढ़ती है।
45. उसने गुप्त रहस्य प्रकट कर दिए।
46. माली जल से पौधों को सींच रहा था।

### शब्द ज्ञान-संबंधी अशुद्धियाँ

47. लाठी बड़ा उपयोगी अस्त्र है। शस्त्र
48. चिड़िया गा रही है। चहक
49. वह नित्य गाने की कसरत करता है। का अभ्यास/का रियाज
50. सोहन नित्य दण्ड मारता है। पेलता
51. इस समय सीता की आयु सोलह वर्ष है। उम्र/अवस्था

## SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन

**1. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

(a) दिपक रोशनी प्रदान करता है।
(b) राम की तूलना कबीर से मत करो।
(c) यह मशिन सब कार्य करती है।
(d) औरत में बहुत शक्ति होती है।

**2. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**

**हर साल के विश्व पर्यावरण दिवस को कुछ न कुछ विषय के/साथ मनाई जाती है, और यह विषय विशेष रूप से पर्यावरण पर/किसी एक चिंता पर ध्यान आकर्षित करने के लिए होता है।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

(a) कोई त्रुटि नहीं है
(b) साथ मनाई जाती है, और यह विषय विशेष रूप से पर्यावरण पर
(c) किसी एक चिंता पर ध्यान आकर्षित करने के लिए होता है
(d) हर साल के विश्व पर्यावरण दिवस को कुछ न कुछ विषय के

**3. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**

**लोभी धन इसलीये इकट्ठा करता हो जिसमें उससे/ किसी समय उसकी कमी न हो, परंतु उसे उसकी/कमी हमेशा बनी ही रहती है।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-II

(a) लोभी धन इसलीये इकट्ठा करता हो जिसमें उससे
(b) किसी समय उसकी कमी न हो, परंतु उसे उसकी
(c) कमी हमेशा बनी ही रहती है
(d) कोई त्रुटि नहीं है

**4. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III

(a) मेरी प्रार्थना स्वीकार करें।
(b) आग लगने का कारड़ सब नष्ट हो गया।
(c) किसकी तेयारी कर रहे हो?
(d) मृत्यू पर किसी का वश नहीं चलता।

**5. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**

**होली पर हमें अप्राकृतिक रंगों से त्योहार को नहीं मनाना/चाहिए बल्कि प्राकृतिक फूलों के रंग से और/ अबीर को होली खेलनी चाहिए।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III

(a) चाहिए बल्कि प्राकृतिक फूलों के रंग से और
(b) अबीर को होली खेलनी चाहिए



CamScanner

(c) कोई त्रुटि नहीं है
(d) होली पर हमें अप्राकृतिक रंगों से त्योहार को नहीं मनाना

6. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**विद्वानों के बीच बोलने का उत्साह भला कौन ही करेगा।**
**SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III**
(a) विद्वानों के बीच
(b) ही करेगा।
(c) बोलने का
(d) उत्साह भला कौन

7. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।**
**SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) यहाँ शुद्ध दूध का गाय मिलता है।
(d) यहाँ शुद्ध गाय की दूध मिलता है।

8. **दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**
**SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) मैं तुमसे रविवार को मिलूँगा।
(b) मैं तुमसे रविवार में मिलूँगा।
(c) मैं तुमसे रविवार के दिन को मिलूँगा।
(d) मैं तुमसे रविवार के दिन मिलूँगा।

9. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**आज माँ आनन्दमयी के निधन पर आशा का अंधकार छाया हुआ है।**
**SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III**
(a) आज माँ आनन्दमयी
(b) के निधन पर
(c) छाया हुआ है
(d) आशा का अंधकार

10. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**बाघ और बकरी एक ही घाट से पानी पीती हैं।**
**SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-III**
(a) से पानी पीती हैं
(b) एक ही घाट
(c) बाघ और बकरी
(d) कोई त्रुटि नहीं है

11. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**मैं ऐसा करना पहले से निश्चित कर रखा था।**
**SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) मैं ऐसा करना
(b) कोई त्रुटि नहीं है
(c) कर रखा था।
(d) पहले से निश्चित

12. **निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**
**जो आदमी दूसरों के भावों का आदर/करना नहीं जानता उससे दुसरे में भी सद्भावना/की आशा नहीं करनी चाहिए।**
**SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) करना नहीं जानता उससे दुसरे में भी सद्भावना
(b) की आशा नहीं करनी चाहिए
(c) जो आदमी दूसरों के भावों का आदर
(d) कोई त्रुटि नहीं है

13. **निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**
**निबंध लिखने में जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात/ध्यान में रखनी होती है, वह यह है कि/आपको विषय को भटकने में बचना है।**
**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II**
(a) ध्यान में रखनी होती है, वह यह है कि
(b) कोई त्रुटि नहीं है
(c) आपको विषय को भटकने में बचना है
(d) निबंध लिखने में जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात

14. **दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**
**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-III**
(a) अधिकाँश लोग अवकाश पर हैं।
(b) अधिकतर लोग अवकाश पर हैं।
(c) कोई लोग अवकाश पर हैं।
(d) एक लोग अवकाश पर हैं।

15. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**व्यक्ति को अपने समय का अच्छा सदुपयोग करना चाहिए।**
**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV**
(a) करना चाहिए। (b) व्यक्ति को
(c) अच्छा सदुपयोग (d) अपने समय का

16. **दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प शुद्ध वर्तनी वाले हैं, जबकि एक अशुद्ध वर्तनी वाला है। उस अशुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**
**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV**



CamScanner

(a) उसे तो सवदेश ही प्यारा है।
(b) माँ से प्यारा शब्द भला और क्या ही है।
(c) दादा जी के पैरों में दर्द है।
(d) पेट में गैस हो गई है।

17. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**किशोरावस्था बचपन से युवा बनने के बीच की व्यवस्था है जब बच्चों में काफी परिवर्तन आते हैं।**

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III

(a) युवा बनने के बीच की
(b) व्यवस्था है जब बच्चों
(c) किशोरावस्था बचपन से
(d) में काफी परिवर्तन आते हैं।

18. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**इतना आलस्यता करोगे तो जीवन में कुछ नहीं कर पाओगे।**

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-IV

(a) में कुछ नहीं
(b) कर पाओगे।
(c) करोगे तो जीवन
(d) इतना आलस्यता

19. **दिए गए वाक्य को शुद्ध कीजिए।**
**हत्यारे को मृत्युदंड की सजा मिल गई।**

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III

(a) हत्यारे को मृत्युदंडित मिल गया।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) हत्यारे को दंड की सजा मिल गई।
(d) हत्यारे को मृत्युदंड मिल गया।

20. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**देवता को एक फूलों की माला अर्पित कर वह वहाँ से चला गया।**

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III

(a) अर्पित कर वह वहाँ
(b) से चला गया।
(c) देवता को
(d) एक फूलों की माला

21. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**ईश्वर के अनेकों रूप हैं जिन्हें मानव नहीं जानता।**

SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-IV

(a) ईश्वर के अनेकों (b) नहीं जानता।
(c) रूप हैं (d) जिन्हें मानव

22. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**यद्यपि वह पढ़ा लिखा है परन्तु मूर्खता के कार्य करता है।**

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I

(a) परन्तु मूर्खता के (b) कार्य करता है।
(c) पढ़ा लिखा है (d) यद्यपि वह

23. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**ईशा ने माँ से कहा कि उसे भारत का भूगोल की एक प्रति खरीदनी है।**

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II

(a) भारत का भूगोल
(b) की एक प्रति खरीदनी है।
(c) कहा कि उसे
(d) ईशा ने माँ से

24. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**राम कुछ देर पहले ही वापिस लौटकर आया है।**

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-I

(a) पहले ही (b) राम कुछ देर
(c) आया है। (d) वापिस लौटकर

25. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**लगभग 200 वर्षों तक भारत के गले में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ी रहीं।**

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III

(a) लगभग 200 वर्षों
(b) में गुलामी की
(c) बेड़ियाँ पड़ी रहीं।
(d) तक भारत के गले

26. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**राम, लक्ष्मण और सीता वन को चली गई।**

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II

(a) सीता वन को
(b) चली गई।
(c) राम, लक्ष्मण और
(d) कोई त्रुटि नहीं है

27. **निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें कोई गलती है। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**
**नारियों का स्थान वैदिक काल से ही देव/तुल्य है इसलिए नारियों की तुलना देवी/देवताओं और भगवानों को की जाती हैं।**

SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-III

(a) नारियों का स्थान वैदिक काल से ही देव
(b) तुल्य है इसलिए नारियों की तुलना देवी



CamScanner

(c) देवताओं और भगवानों को की जाती हैं
(d) कोई त्रुटि नहीं है

**28. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**प्रिया की बातें सुनकर रमेश की आँख से आँसू निकल पड़े।**
SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV
(a) आँसू निकल पड़े। (b) सुनकर रमेश की
(c) प्रिया की बातें (d) आँख से

**29. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**प्रत्येक प्राणी को स्वयं आत्म-निर्भर होना चाहिए ताकि आगे चलकर उसे कोई परेशानी न हो।**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-II
(a) ताकि आगे चलकर उसे
(b) स्वयं आत्म-निर्भर होना चाहिए
(c) प्रत्येक प्राणी को
(d) कोई परेशानी न हो।

**30. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**यह एक गहरी समस्या है जिसका उपाय निकालना ही होगा वरना अनर्थ हो जाएगा।**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III
(a) निकालना ही होगा
(b) वरना अनर्थ हो जाएगा।
(c) समस्या है जिसका उपाय
(d) यह एक गहरी

**31. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**मुझे बताओ कि विश्वनाथ और आनंद में सबसे तेज कौन है?**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-IV
(a) विश्वनाथ और आनंद
(b) में सबसे
(c) मुझे बताओ कि
(d) तेज कौन है?

**32. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**जब मैं जाऊँ तब तीन लड़कियाँ और दो बालकों का ध्यान रखना।**
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II
(a) तब तीन लड़कियाँ
(b) का ध्यान रखना।
(c) और दो बालकों
(d) जब मैं जाऊँ

**33. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**कुमारी विजयलक्ष्मी कल अपने पति के साथ नैनीताल जाएगी।**
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III
(a) कुमारी विजयलक्ष्मी
(b) के साथ नैनीताल जाएगी।
(c) कल अपने पति
(d) कोई त्रुटि नहीं है

**34. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**आज नई शिक्षा नीति के ऊपर चर्चा होगी और फैसला लिया जाएगा।**
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV
(a) आज नई शिक्षा (b) नीति के ऊपर
(c) चर्चा होगी और (d) फैसला लिया जाएगा।

**35. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।**
**इस विद्वान महिला का सम्मान इसे पुरस्कार देकर किया गया।**
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I
(a) इस विद्वान (b) देकर किया गया।
(c) इसे पुरस्कार (d) महिला का सम्मान

**36. दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-III
(a) सबसे नमस्ते! (b) सब ने नमस्ते!
(c) सबमें नमस्ते! (d) सबको नमस्ते!

**37. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-III
(a) लाला की दुकान पर तो बहुत बिक्री होती है।
(b) तुम कौन से जमाने की बात कह रहे हो?
(c) समय का सदूपयोग करो।
(d) जैसा बोला है वेसा ही करो।

**38. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**
SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-III
(a) मुझे आमंत्रड़ मत भेजना।
(b) हर कार्य को ध्यानपूर्वक करो।
(c) अपनी शत्रे मुझे मत बताना।
(d) कंचन की बात को दील पर मत लेना।

**39. निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।**



CamScanner

**हमारे सैनिक/इतने वीर हैं की/मृत्यु के सामने भी नहीं घबराते।**

SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I

(a) कोई त्रुटि नहीं है।
(b) इतने वीर हैं की
(c) मृत्यु के सामने भी नहीं घबराते।
(d) हमारे सैनिक

40. **दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।**

SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I

(a) मेरा और उसका घनिष्ठ संबंध है।
(b) मेरा और उसका घेर संबंध है।
(c) मेरा और उसका घना संबंध है।
(d) मेरा और उसका घोर संबंध हैं।

41. **निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?**
**जीवन और साहित्य का घोर संबंध है।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) जीवन (b) संबंध
(c) साहित्य (d) घोर

42. **निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?**
**गौतम बुद्ध ने पाली भाषा में उपदेश दिया।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) उपदेश (b) दिया
(c) पाली (d) भाषा

43. **निम्नलिखित वाक्य में त्रुटि पहचानें-**
**मैंने हाथ जोड़ दीया।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV

(a) दीया (b) मैंने
(c) हाथ (d) जोड़

44. **निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में वर्तनी सम्बन्धी त्रुटि है?**
**'आजकल दिल्ली के प्रगति मैदान में हस्तशिल्प प्रदर्शिनी चल रही है।'**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) प्रगति मैदान में
(b) आजकल दिल्ली के
(c) चल रही है।
(d) हस्तशिल्प प्रदर्शिनी

45. **निम्न विकल्पों में से अशुद्ध वाक्य छाँटिए।**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) शीला को नाटक अच्छा लगा।
(b) लड़की पुस्तक पढ़ती है।
(c) मुझे उस पर दया आती है।
(d) लड़के ने घर जाना है।

46. **निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) सुमेधा आज छुट्टी पर है।
(b) अंजना ने नई साड़ी खरीदी।
(c) कोयल पेड़ में बैठी है।
(d) वसुंधरा बहुत सुरीला गाती है।

47. **निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में शब्द-चयन सम्बन्धी अशुद्धि है?**
**'हिन्दी के प्रचार में बहुत बड़े-बड़े संकट हैं।'**

SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I

(a) हिन्दी के (b) बहुत
(c) प्रचार में (d) बड़े-बड़े संकट हैं।

48. **वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II

(a) काम पूरा कर डालो, नहीं तो जूर्माना होगा।
(b) इस समय सरदी है, इस्लिए कोट पहन लो।
(c) दोश तुम्हारा है, और इसका मुझे विश्वाश है।
(d) वक्त निकल जाता है, पर बात याद रह जाती है।

49. **निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**

SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III

(a) उन लोगों की मनोवृत्ति ठीक नहीं लगती।
(b) खुदा की कसम गजब हो गई।
(c) इस लड़की का चाल ठीक नही हैं।
(d) यहाँ के हवा-पानी बहुत खराब है।

50. **निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा अशुद्ध वाक्य है?**

SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV

(a) उन्होंने अफवाह फैलाई।
(b) शर्मा जी बुलाए हैं।
(c) मुझे मत मारो।
(d) बुराई से बचो।

51. **'इतना आलस्यता ठीक नहीं है।'**
**उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV

(a) इतना आलस्य ठीक नहीं है।
(b) इतना आलस्याता नहीं है ठीक।
(c) इतनी आलस्यता ठीक नहीं है।
(d) इतनी आलस्य नहीं है ठीक।

52. **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**

SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II

(a) राघव अपने मामे के साथ घूमने गया है।
(b) रमेश आगरे गया था।
(c) सीता पटने से आयी है।
(d) अल्पेश सवेरे जल्दी उठता है।

53. **उसने मेरे साथ गद्देदारी की है।**
**उक्त वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है?**

SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III

(a) मेरे साथ (b) की है।
(c) उसने (d) गद्देदारी



CamScanner

**54. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) मनुष्य स्वभावतः अकेलापन पसंद नहीं करता।
(b) विकास के सूत्र मानव के हाथ में हैं।
(c) देश में सर्वस्व शांति होना चाहिए।
(d) मनुष्यता मनुष्य की अमूल्य निधि है।

**55. निम्न विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I
(a) श्रद्धा के द्वारा उसका मस्तष्क नत था।
(b) पढ़ाई की वजह से उसकी आँखें कमजोर हो गयीं।
(c) मोहन भूख में तड़प रहा था।
(d) वह चिंता करती-करती मर गए।

**56. निम्नलिखित में से किस एक वाक्य में सर्वनाम के प्रयोग सम्बन्धी अशुद्धि है?**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II
(a) मैं आपके केबिन में बैठा था।
(b) सभी छात्र अपने-अपने घर जाएँ।
(c) सबकी अपनी-अपनी मजबूरियाँ थीं।
(d) जो लोग अन्दर आना चाहते हैं, वह आ सकते हैं।

**57. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) विदुषी स्त्री का सम्मान करना चाहिए।
(b) शरीर पर कई अंग होते हैं।
(c) अपने बच्चों बहादुर बनाओ।
(d) मैं आप वहाँ जाऊँगा।

**58. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है-**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV
(a) कई खिलाड़ी वह जमा हो गए।
(b) कई खिलाड़ी वहाँ जमा हो गए।
(c) कई खिड़की वहाँ जमा हो गए।
(d) कई खिलाड़ी वहाँ जम हो गए।

**59. नीचे दिए गए वाक्य के शुद्ध रूप का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
**वह चारपाई पर बिछोना बिछा दिया।**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV
(a) वह चारपाई में बिछोना बिछा दिया।
(b) उसने चारपाई में बिछोना बिछाए।
(c) वह चारपाई में बिछोना बिछा दी।
(d) उसने चारपाई पर बिछौना बिछा दिया।

**60. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?**
**उनकी दृष्टि शुन्य आकाश की ओर थी।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I
(a) आकाश (b) उनकी
(c) दृष्टि (d) शुन्य

**61. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I
(a) काली गाय अच्छी होती है।
(b) काली गाय अच्छा होती है।
(c) काली गाय अच्छी होता है।
(d) काला गाय अच्छी होती है।

**62. नीचे दिए गए वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।**
**'रमेश को उस समय मुझसे बेफिजूल की बातें नहीं करनी चाहिए थीं।'**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II
(a) बेफिजूल की बातें
(b) उस समय मुझसे
(c) रमेश को
(d) नहीं करनी चाहिए थीं।

**63. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II
(a) काम इस मैं होना देर स्वभविक था।
(b) इस काम में देरी होनी स्वाभाविक थी।
(c) इस काम को देर होना स्वभाविक थी।
(d) इस काम में देर होनी स्वभाविक था।

**64. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?**
**अत्यधिक कार्य स्वास्थ को बिगाड़ देता है।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III
(a) बिगाड़ (b) कार्य
(c) अत्यधिक (d) स्वास्थ

**65. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?**
**सूर्य पूर्व पर उगता है।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III
(a) सूर्य (b) पर
(c) उगता (d) पूर्व

**66. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?**
**माता-पिता का आदर रखना चाहिए।**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV
(a) आदर (b) माता-पिता
(c) रखना (d) का

**67. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि है?**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV
(a) वह एक भले आदमी हैं।
(b) गाँव में बाढ़ से क्षति हुई।
(c) यह डाल बहुत मोटी है।
(d) सबसे मीठा बोलो।

**68. दिए गए वाक्यों में से किस वाक्य में सही विभक्ति चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है?**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV
(a) मैदान में कुछ बच्चे झूलों पर झूल रहे हैं।
(b) गेंद खेलने में अन्य लोगों पर चोट लग सकती है।



CamScanner

(c) मैदान में इस तरह गेंद से खेलना ठीक नहीं।
(d) कुछ बच्चों के हाथों में गेंद है।

**69. उसने तरह-तरह के चमड़े के जूते खरीदे। उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I
(a) उसने चमड़े के अलग-अलग जूता खरीदे।
(b) वह तरह-तरह के चमड़े जूते खरीदे।
(c) उन्होंने तरह-तरह की चमड़े जूते खरीदी।
(d) उसने चमड़े के तरह-तरह के जूते खरीदे।

**70. निम्नलिखित वाक्य में अशुद्धि पहचानें-**
**तुम लोग कुते की मौत मरोगे।**
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II
(a) तुम (b) कुते
(c) मौत (d) मरोगे

**71. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि से शुद्ध है?**
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III
(a) चौकीदार पर ही चोर होने का डर है।
(b) चौकीदार पर ही चोर होने का संदेह है।
(c) चौकीदार पर ही चोर होने का हक है।
(d) चौकीदार पर ही चोर होने का विश्वास है।

**72. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है-**
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III
(a) कौन आदमी आ रह है?
(b) कौन अदमी आ रहा है?
(c) कौन आदमी आ रहा है?
(d) कौन आदमी अ रहा है?

**73. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV
(a) वह मरणसन्न था, इसीलिए मैंने उसे छमा कर दिया।
(b) विनय चुसत न हो पर है समझदार।
(c) यदि वह घर पर मिलेगा तो मैं अवशय जाऊँगा।
(d) ज्यों ही मैं वहाँ पहुँचा त्यों ही घंटा बजा।

**74. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV
(a) मेरे प्राण निकल गए।
(b) राजीव ने भरपेट खाना खाया।
(c) केशव रोटी खा लिया है।
(d) अक्षत पाठशाला से सीधे घर चला गया।

**75. "घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसकों विचार किया।" इस वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I
(a) घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसमें विचार किया।
(b) घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इस पर विचार किया।
(c) घर के सभी सदस्यों मिलकर इसे विचारा।
(d) घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसे विचार किया।

**76. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I
(a) यहाँ शुद्ध भैंस का दूध मिलता है।
(b) ग्रीष्मकाल में दिन छोटा होते हैं।
(c) वह सोमवार के दिन आएगा।
(d) विंध्याचल पर्वत भारत के मध्य भाग में स्थित है।

**77. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II
(a) यह कमरा सब कमरों से बड़ा है।
(b) यह कमरा सब कमरों से बड़ है।
(c) यह कमरा सब कमर से बड़ा है।
(d) यह कमर सब कमरों से बड़ा है।

**78. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II
(a) गली का तीसरा मकान मेरा घर है।
(b) ये इमारतें ऊँचाई में भिन्न नहीं हैं।
(c) गाड़ी के समय पर आने की सम्भावना है।
(d) लड़की अपनी पुस्तक पड़ रही है।

**79. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III
(a) वह आरोग्य हो गया।
(b) चरखा चलाना चाहिए।
(c) एक-एक करके सभी के सभी मर गए।
(d) चरखा कातनी चाहिए।

**80. 'केवल मात्र आपके दर्शन पर्याप्त होंगे।' इस वाक्य में अनुपयुक्त शब्द है-**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV
(a) होंगे (b) केवल
(c) आपके (d) दर्शन

**81. "राहुल ने सभी मित्रों में कहानी सुनाई।" उपर्युक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में से शुद्धतम वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV
(a) राहुल ने सभी मित्रों को कहानी सुनाई।
(b) राहुल ने सभी मित्रों से कहानी सुनाई।
(c) राहुल ने सभी मित्रों के साथ कहानी सुनाई।
(d) राहुल ने सभी मित्रों के पास कहानी सुनाई।

**82. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है? आकासवानी से समाचार प्रसारित हो रहे हैं।**
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV
(a) आकासवानी (b) समाचार
(c) हैं। (d) प्रसारित

**83. वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-**
**उसे कई ऐसी घटनाए याद हैं जो उसकी जवानी में घटित हुई थीं।**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I



CamScanner

(a) उसे कई ऐसी (b) घटनाए याद हैं
(c) जो उसकी जवानी (d) में घटित हुई थीं।

84. **निम्नलिखित वाक्य का शुद्ध रूप किस वाक्य में लिखा गया है?**
**'गोपाल ने रसगुल्ले या जलेबी खाया।'**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III
(a) गोपाल ने रसगुल्ला या जलेबी खायीं।
(b) गोपाल ने रसगुल्ले या जलेबी खाए।
(c) गोपाल ने रसगुल्ला या जलेबी खायी।
(d) गोपाल ने रसगुल्ला या जलेबी खाया।

85. **दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?**
**'दुर्गा के <u>अनेकों</u> नाम हैं।**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III
(a) अनेक (b) लाखों
(c) बहुतों (d) करोड़ों

86. **निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?**
**दिल्ली से जयपूर तक चौड़ी सड़क है।**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III
(a) सड़क (b) दिल्ली
(c) चौड़ी (d) जयपूर

87. **"अभ्युदय दिल्ली की किताबें लाकर पढ़ता है।"**
**उपर्युक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में सें शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III
(a) अभ्युदय दिल्ली के किताबें लाकर पढ़ता है।
(b) अभ्युदय दिल्ली से किताबें लाकर पढ़ता है।
(c) अभ्युदय दिल्ली पर किताबें लाकर पढ़ता है।
(d) अभ्युदय दिल्ली को किताबें लाकर पढ़ता है।

88. **निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अशुद्ध शब्द पहचानें।**
**'सेनिक सदैव सीमा की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।'**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV
(a) सदैव (b) तत्पर
(c) सुरक्षा (d) सेनिक

89. **"यह दवा रोग में समूल से नष्ट करती है।"**
**उक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए।**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV
(a) यह दवा रोग पर मूल से नष्ट करती है।
(b) यह दवा रोग के लिए मूल से नष्ट करती है।
(c) यह दवा रोग को समूल नष्ट करती है।
(d) यह दवा रोग को समूल से नष्ट करती है।

90. **वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-**
**विदेश में मेरे मरने पर मेरी अस्थीयाँ इलाहाबाद भेज दी जाएँ।**
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV
(a) मरने पर मेरी (b) भेज दी जाएँ।
(c) विदेश में मेरे (d) अस्थीयाँ इलाहाबाद

91. **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है-**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I
(a) हमलग उत्तर लिखते हैं।
(b) हमलोग उतर लिखते हैं।
(c) हम लोग उत्तर लिखते हैं।
(d) हमलोग उत्तर लिखत हैं।

92. **निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम सम्बन्धी अशुद्धि है?**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I
(a) हम अपना काम स्वयं करता हूँ।
(b) वह अपना और अपनी सखी का काम करेगी।
(c) तुम यह पुस्तक पढ़ कर देखो।
(d) यह पुस्तक बहुत उपयोगी है।

93. **निम्न विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II
(a) राम ने पढ़ता होगा।
(b) लड़की पुस्तक पढ़ी है।
(c) सुरेश ने गीते गा रहा था।
(d) मेरे पिताजी से रोटी नहीं खाई जाती।

94. **निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?**
**आगरा के निकट दो रेलगाड़ीयों की टक्कर हो गई।**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II
(a) टक्कर (b) निकट
(c) रेलगाड़ीयों (d) आगरा

95. **वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III
(a) यद्यपि वह उनके घर गया था, तथपि उनसे भेट नहीं हुई।
(b) मुझे प्रसननतां है कि तुम स्वस्थ हो गए।
(c) उसे तार मिला और वह तुरंत घर से चल पड़ा।
(d) वह बड़े-बड़े गृन्थ पढ़ता था ताकि विद्वान बन जाए।

96. **"चोर को क्षमा दान कर दिया गया।"**
**उक्त वाक्य में क्रिया सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV
(a) चोर को क्षमा दान दे दिया गया।
(b) चोर को क्षमा दान किया गया।
(c) चोर को क्षमा दान प्रदान किया गया।
(d) चोर को क्षमा कर दिया गया।

97. **निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?**
**मोहिनी का पती परदेश में है।**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV



CamScanner

(a) मोहिनी (b) परदेश
(c) का (d) पती

98. **वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I
(a) जब सब नश्ट हो गया, तब सारी चिंता दूर हुई।
(b) जहाँ जाओगे भाग्य तुम्हारा साथ देगा।
(c) उसकी असावधानी के कारण हम हार गए।
(d) जो कुछ याद था वह भी भूल गया।

99. **निम्न विकल्पों में से ऐसा वाक्य चुनिए जिसमें अशुद्ध वर्तनी वाला पद न हो।**
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I
(a) दक्षिण के लोग कॉफी अधिक पीते हैं।
(b) यह कथा अवर्णनिय है।
(c) वह स्टेषन पर पहूँच गया।
(d) माली ने लकड़ि और घाश काट ली।

100. **निम्न विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II
(a) बेटे ने बेटी से पूछा।
(b) बेटा ने बेटी से पूछा।
(c) बेटो बिटियों से पूछा।
(d) बेटी बेटा से पूछा।

101. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**लाल बहादुर शास्त्री जी के मृत्यु की खबर सुनकर हमें बहुत दुख हुआ।**
(SSC GD 2021)
(a) बहुत दुख हुआ
(b) लाल बहादुरशास्त्री जी के
(c) कोई त्रुटि नहीं
(d) मृत्यु की खबर सुनकर हमें

102. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**सरदार भगत सिंह ने फाँसी पर चढ़ना पड़ा।**
(SSC GD 2021)
(a) चढ़ना पड़ा।
(b) कोई त्रुटि नहीं
(c) सरदार भगत सिंह ने
(d) फाँसी पर

103. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**इस समय बच्चे स्कूल को जा रहे हैं।**
(SSC GD 2021)
(a) जा रहे हैं। (b) बच्चे
(c) स्कूल को (d) इस समय

104. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**वह तश्करी करते पकड़ा गया।**
(SSC GD 2021)
(a) करते (b) तश्करी
(c) पकड़ा गया। (d) वह

105. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**बौद्ध बिहार में कई भिक्षु रहते थे।**
(SSC GD 2021)
(a) रहते थे। (b) बौद्ध बिहार
(c) भिक्षु (d) में कई

106. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**पिता ने बच्चों को जलेबियाँ खिलाए।**
(SSC GD 2021)
(a) कोई त्रुटि नहीं (b) बच्चों को
(c) जलेबियाँ खिलाए। (d) पिता ने

107. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**केवल इसीलिए वह तुरंत यहाँ न आ सका।**
(SSC GD 2021)
(a) आ सका। (b) वह तुरंत
(c) यहाँ न (d) केवल इसीलिए

108. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**
**पक्षीराज गरुण, भगवान विष्णु के वाहन हैं और लक्ष्मी जी का वाहन उल्लू है।**
(SSC GD 2021)
(a) वाहन उल्लू है।
(b) और लक्ष्मी जी का
(c) कोई त्रुटि नहीं है
(d) पक्षीराज गरुण, भगवान विष्णु के वाहन हैं

109. **भारत के अनेकों राज्य हैं। रेखांकित शब्द कौन से कारण से अशुद्ध है?**
(SSC GD 2021)
(a) सर्वनाम के कारण
(b) क्रिया के कारण
(c) वचन सम्बन्धी गलती है।
(d) संज्ञा के कारण

110. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**वह सीड़ियो से ऊपर चढ़ गया।**
(SSC GD 2021)
(a) चढ़ गया। (b) वह
(c) ऊपर (d) सीड़ियों से

111. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**इस पुस्तक का यह नौवां संसकर्ण है।**
(SSC GD 2021)
(a) का यह (b) संसकर्ण है।
(c) नौवां (d) इस पुस्तक

112. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**
**सोहन की बहन धीरे-धीरे पुस्तक पढ़ती है।**
(SSC GD 2021)
(a) सोहन की बहन (b) कोई त्रुटि नहीं
(c) पुस्तक पढ़ती है। (d) धीरे-धीरे

113. **दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?**



CS CamScanner

तुम्हें इस बात को अच्छी तरह बूझना-समझना चाहिए। (SSC GD 2021)

(a) अच्छी तरह
(b) बात को
(c) बूझना-समझना चाहिए।
(d) तुम्हें इस

**114. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?** (SSC GD 2021)

(a) मैंने मौसमी को बुलाई।
(b) में मौसमी को बुलाता हूँ।
(c) में मौसमी को बुलाया।
(d) मैंने मौसमी को बुलाया।

**115. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**प्रत्येक प्राणी को आत्मनिर्भर होना चाहिए।** (SSC GD 2021)

(a) प्रत्येक प्राणी (b) को आत्मनिर्भर
(c) होना चाहिए। (d) कोई त्रुटि नहीं

**116. दिए गए वाक्य में वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि हो।**

**हम जानते हैं कि परिश्रम का फल सदा ही मीठा होती है।** (SSC GD 2021)

(a) परिश्रम का फल (b) सदा ही
(c) मीठा होती है। (d) हम जानतें हैं कि

**117. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**आजकल तापमान में तेजी से परिवर्तन हो रही है।** (SSC GD 2021)

(a) तापमान (b) आजकल
(c) तेजी से (d) परिवर्तन हो रही है।

**118. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**मोहन ने रुपयों का प्रबन्ध अपनी पत्नी की गहने बेचकर किया।** (SSC GD 2021)

(a) रुपयों का प्रबन्ध
(b) बेचकर किया।
(c) मोहन ने
(d) अपनी पत्नी की गहने

**119. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**आत्मसम्मानी व्यक्ति का हृदय में लोभ का भाव नहीं होता।** (SSC GD 2021)

(a) हृदय में
(b) आत्मसम्मानी व्यक्ति का
(c) नहीं होता।
(d) लोभ का भाव

**120. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**युवक ही किसी देश को शक्ति का आधार होते हैं।** (SSC GD 2021)

(a) आधार होते हैं। (b) शक्ति का
(c) युवक ही (d) क़िसी देश को

**121. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**भारत की संस्कृति कृषक-संस्कृति है और भारतीय किसान बड़ा कठोरता जीवन जीता है।** (SSC GD 2021)

(a) कृषक-संस्कृति है
(b) भारत की संस्कृति
(c) और भारतीय किसान
(d) बड़ा कठोरता जीवन जीता है।

**122. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**वास्तव पर अकेलापन विधाता का एक अभिशाप है।** (SSC GD 2021)

(a) एक अभिशाप है। (b) विधाता का
(c) अकेलापन (d) वास्तव पर

**123. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**भाषण एक सामाजिक कला है जिसकी संबंध विभिन्न समस्याओं से होता है।** (SSC GD 2021)

(a) जिसकी संबंध
(b) विभिन्न समस्याओं से
(c) होता है।
(d) भाषण एक सामाजिक कला है

**124. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**इस सरकार का राज में आटे-दाल के दाम सातवें आसमान पर पहुँच गये हैं।** (SSC GD 2021)

(a) पहुँच गए हैं।
(b) सातवें आसमान पर
(c) इस सरकार का राज में
(d) आटे-दाल के दाम

**125. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**

**मंदिर जाने से पूर्व भक्त मानव एक फूलों की माला बाजार से लाया।** (SSC GD 2019)

(a) एक फूलों की माला
(b) बाजार से लाया।



CamScanner

(c) भक्त मानव
(d) मंदिर जाने से पूर्व

**126. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**
**मोहन का आम का बगीचा बड़ी ही सुन्दर है।** (SSC GD 2019)

(a) आम का बगीचा (b) मोहन का
(c) बड़ी ही (d) सुन्दर है

**127. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**
**डॉ. अब्दुल कलाम और मिसाइल एक-दूसरे के पूरक हो गया है।** (SSC GD 2019)

(a) और मिसाइल (b) पूरक हो गया है
(c) डॉ. अब्दुल कलाम (d) एक-दूसरे के

**128. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**
**हमारे प्रदेश का सबसे पुरानी और प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान कहाँ है?** (SSC GD 2019)

(a) और प्रसिद्ध
(b) हमारे प्रदेश का
(c) सबसे पुरानी
(d) राष्ट्रीय उद्यान कहाँ है?

**129. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**
**पक्षियों की दुनिया कितना स्वच्छंद होती है।** (SSC GD 2019)

(a) कितना स्वच्छंद (b) होती है।
(c) दुनिया (d) पक्षियों की

**130. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है।**
**भारत जैसा सहिष्णुता और उदारता से ही विश्वशांति संभव है।** (SSC GD 2019)

(a) भारत जैसा
(b) संभव है।
(c) सहिष्णुता और उदारता
(d) से ही विश्वशांति

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (b) | 3. | (a) | 4. | (a) | 5. | (b) | 6. | (d) | 7. | (a) | 8. | (a) | 9. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (a) | 13. | (c) | 14. | (b) | 15. | (c) | 16. | (a) | 17. | (b) | 18. | (d) | 19. | (d) | 20. | (d) |
| 21. | (a) | 22. | (a) | 23. | (a) | 24. | (d) | 25. | (d) | 26. | (b) | 27. | (c) | 28. | (d) | 29. | (b) | 30. | (d) |
| 31. | (b) | 32. | (a) | 33. | (a) | 34. | (b) | 35. | (a) | 36. | (d) | 37. | (a) | 38. | (b) | 39. | (b) | 40. | (a) |
| 41. | (d) | 42. | (c) | 43. | (a) | 44. | (d) | 45. | (d) | 46. | (c) | 47. | (d) | 48. | (d) | 49. | (a) | 50. | (b) |
| 51. | (a) | 52. | (d) | 53. | (d) | 54. | (c) | 55. | (b) | 56. | (d) | 57. | (a) | 58. | (b) | 59. | (d) | 60. | (d) |
| 61. | (a) | 62. | (a) | 63. | (b) | 64. | (d) | 65. | (b) | 66. | (c) | 67. | (b) | 68. | (b) | 69. | (d) | 70. | (b) |
| 71. | (b) | 72. | (c) | 73. | (d) | 74. | (c) | 75. | (b) | 76. | (d) | 77. | (a) | 78. | (d) | 79. | (b) | 80. | (b) |
| 81. | (a) | 82. | (a) | 83. | (b) | 84. | (c) | 85. | (a) | 86. | (d) | 87. | (b) | 88. | (d) | 89. | (c) | 90. | (d) |
| 91. | (c) | 92. | (a) | 93. | (d) | 94. | (c) | 95. | (c) | 96. | (d) | 97. | (d) | 98. | (a) | 99. | (a) | 100. | (a) |
| 101. | (b) | 102. | (c) | 103. | (c) | 104. | (b) | 105. | (b) | 106. | (c) | 107. | (d) | 108. | (c) | 109. | (c) | 110. | (d) |
| 111. | (b) | 112. | (b) | 113. | (c) | 114. | (d) | 115. | (d) | 116. | (c) | 117. | (d) | 118. | (d) | 119. | (b) | 120. | (d) |
| 121. | (d) | 122. | (d) | 123. | (a) | 124. | (c) | 125. | (a) | 126. | (c) | 127. | (b) | 128. | (c) | 129. | (a) | 130. | (a) |

CamScanner

# 9 रिक्त स्थानों की पूर्ति

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ प्रश्न रिक्त स्थानों की पूर्ति से संबंधित आते हैं। इन प्रश्नों में वाक्य या अनुच्छेद में रिक्त स्थान होता है, उसकी पूर्ति के लिए चार विकल्प दिए जाते हैं जिनमें एक विकल्प सही होता है। यदि सही विकल्प रिक्त स्थान पर रख दिया जाए तो वह वाक्य सार्थक बन जाता है।

## *रिक्त स्थानों की पूर्ति संबंधी नियम*

रिक्त स्थानों की पूर्ति संबंधी नियम निम्नलिखित हैं-

- वाक्य में प्रयोग किए गए शब्दों की प्रकृति देखिए, वे संस्कृतनिष्ठ या अरबी-फारसी-उर्दू के हो सकते हैं। आपको जिन शब्दों का चयन करना है, वह उनसे मेल खाता होना चाहिए।
- दिए गए शब्दों के अर्थ एवं उनकी ध्वनियों को ध्यान से समझिए।
- वाक्य में प्रयुक्त क्रिया को ध्यान से देखिए।
- जिन शब्दों को आप सही समझ रहे हैं, मन-ही-मन उन्हें रिक्त स्थानों पर रख कर देखिए, अनुचित शब्द वाक्य में सदैव ही अटपटा लगता है।
- यदि शब्द को रिक्त स्थान में रखने के बाद वाक्य को पढ़ने में सहजता रहे और अर्थ बन जाए तो आपने सही शब्द का चयन किया है।

उदाहरण

1. **बचत को बढ़ावा देने के लिए बैंको ने ब्याज की दरों में .........की है।**
   (a) अवनति (b) उन्नति
   (c) समृद्धि (d) वृद्धि
2. **भारत के उद्योगों ने जिस गति से अपना विकास किया है वह ...........है।**
   (a) संस्तुत्य (b) स्तुत्य
   (c) अनुशंसनीय (d) प्रशंसनीय
3. **किसी समाज की सभ्यता का मूल्यांकन वहाँ की स्त्रियों के प्रति पुरुषों के ..............को देखकर किया जा सकता है।**
   (a) दृष्टिकोण (b) चरित्र
   (c) स्वभाव (d) आचरण
4. **आज मैं अपने मित्र के आने की...........कर रहा हूँ।**
   (a) अभिलाषा (b) इच्छा
   (c) प्रतीक्षा (d) कामना
5. **जो किसी के द्वारा किए गए उपकार को माने उसे ...........कहते हैं।**
   (a) कृतघ्न (b) कृतज्ञ
   (c) कृपण (d) कृतकृत्य
6. **हवाई अड्डे पर लोगों ने ताली बजाकर प्रधानमंत्री का ................किया।**
   (a) प्रतिवेदन (b) निवेदन
   (c) अभिवादन (d) प्रत्यावेदन
7. **इस वर्ष अच्छी वर्षा होने की ..............है।**
   (a) आशा (b) कल्पना
   (c) संभावना (d) उपेक्षा
8. **इस कहानी के लिए मुझे साप्ताहिक-पत्रिका की ओर से सौ रुपये का ................मिला है।**
   (a) ईनाम (b) पारिश्रमिक
   (c) पुरस्कार (d) अनुदान
9. **हमें अपने कर्त्तव्य का..............निष्ठापूर्वक करना चाहिए।**
   (a) सम्पादन (b) संचालन
   (c) संशोधन (d) पालन
10. **संगीत का प्रभाव व्यक्ति के ...................पर पड़ता है।**
   (a) शरीर (b) अधिकार
   (c) कर्त्तव्य (d) आचरण
11. **तुमने मेरे विरुद्ध उसके................।**
   (a) कान काटे हैं (b) कान भरे हैं
   (c) कान पकड़े हैं (d) कान खाए हैं
12. **जिन खोजा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ।**
   **मैं .............डूबन डरी, रही किनारे बैठ॥**
   (a) बगुला (b) बपुरा
   (c) आकुल (d) बकुल
13. **बुरे कामों का ..................बुरा ही होता है।**
   (a) प्रमाण (b) परिणाम
   (c) निष्कर्ष (d) परिमाण
14. **सर्वप्रथम यह प्रश्न ....................है कि लेखक अपनी कृति के माध्यम से पाठक को क्या संदेश देना चाहता है?**



CS CamScanner

(a) स्मरणीय (b) विचारणीय
(c) माननीय (d) शोचनीय

15. हँसता हुआ चेहरा एक ऐसा ...............है जिसमें मन की निर्मल भावनाएँ प्रतिबिम्बित होती हैं।
(a) मुकुट (b) मुकुल
(c) कमल (d) बिम्ब

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

1. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
योग से मनोरंजन भी किया जा सकता है तथा भटकते मन को............भी प्रदान की जा सकती है।
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-II
(a) शांति (b) प्राप्ति
(c) क्रांति (d) भ्रान्ति

2. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
बाल श्रम को बच्चों द्वारा ........... के लिए किसी भी प्रकार के कार्य को करने के रूप में परिभाषित किया गया है।
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-II
(a) रोजगार (b) अनुभव
(c) अध्ययन (d) क्रीड़ा

3. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
आज वही देश सबसे .......... है जिसके पास ज्ञान की अद्‌भुत शक्ति है।
SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III
(a) हारा हुआ (b) दुखी
(c) पिछड़ा (d) कामयाब

4. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
सभ्यता के विकास एवं विज्ञान की.........खोजों के कारण मनोरंजन का क्षेत्र भी अछूता न रह सका।
SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-III
(a) अवांछित (b) अस्वाभाविक
(c) अनियमित (d) अद्‌भुत

5. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
मानव एक विवेकशील और.........प्राणी है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III
(a) चिंतनशील (b) शील
(c) मननशील (d) मानशील

6. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
अवकाश साल का वो समय है जिसकी........से पूरे वर्ष प्रतीक्षा की जाती है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-III
(a) सभी (b) निरुत्साह
(c) उत्सुकता (d) प्रोत्साहन

7. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
भारत प्राचीनतम संस्कृति का देश है जहाँ दान-पुण्य को................का अनिवार्य अंग माना गया है।
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-IV
(a) जीवनमुक्ति (b) अनचाहा
(c) सबका (d) लोगों

8. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
सपने हर किसी के होते हैं, लेकिन केवल वे जिन्हें सही मायने में संजोया जा सकता है, उन्हें ही.........माना जा सकता है।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II
(a) अनदेखा (b) आश्चर्य
(c) कभी-कभार (d) वास्तविक

9. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
रक्त और रक्त उत्पादों का आदान-प्रदान हर वर्ष लाखों लोगों को.......में सहायता करता है।
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II
(a) व्यस्त (b) आयोजन
(c) जानकारी (d) बचाने

10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
पिछले कुछ वर्षों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के कारण कृषि क्षेत्र में नवीन..........का इस्तेमाल होने लगा है।
SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II



CamScanner

(a) उपकरणों (b) प्रकरणों
(c) मवेशियों (d) व्यक्तियों

11. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।**
**सकारात्मक सोच के जरिए आप अपने जीवन में आसानी से कुछ भी............कर सकते हैं।**
SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III
(a) हासिल (b) कोशिश
(c) प्रोत्साहन (d) मतलब

12. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।**
**श्रम के उपरांत थकान होना...........है।**
SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I
(a) गलत (b) कैसे
(c) स्वाभाविक (d) निष्ठा

13. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।**
**हमारे जीवन को चलाने के लिए भोजन एक........की भाँति काम करता है।**
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-IV
(a) ईंधन (b) पेय
(c) ट्रेन (d) गाड़ी

14. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।**
**संचार शब्द संस्कृत के 'चर' धातु से बना है जिसका ......है-आगे बढ़ना, फैलना आदि।**
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-III
(a) प्रचारक (b) माध्यम
(c) तात्पर्य (d) निर्धारक

15. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।**
**जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि.........हो जाती है।**
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-III
(a) संकुचित (b) अच्छी
(c) विस्तृत (d) बड़ी

16. **रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें-**
**मेरे पिताजी ने यह.........लिखी है।**
(SSC GD 2021)
(a) कहानी (b) उपन्यास
(c) नाटक (d) संस्करण

17. **रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें-**
**रोगी ने चिकित्सक से.........लिया।**
(SSC GD 2021)
(a) मंत्रणा (b) अनुदान
(c) आज्ञा (d) परामर्श

18. **दिए गए शब्दों में से उचित शब्द से वाक्य पूर्ण करें-**
**वैद्य जी ................ देखकर इलाज करते हैं।**
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I
(a) नारी (b) नाड़ी
(c) नीर (d) नीड़

19. **'अनुसंधान .................।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त वाक्यांश का चयन विकल्पों में से कीजिए।**
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV
(a) द्वारा खोज का अर्थ होता है
(b) खोज का अनर्थ होता है
(c) का अर्थ खोज होता है
(d) की अर्थ में खोज होता है

20. **रिक्त स्थान की पूर्ति उचित कारक चिह्न से करें-**
**श्याम मीरा ................ खिलौने लाया।**
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I
(a) ने (b) का
(c) में (d) के लिए

21. **रितेश को जब कक्षा में प्रथम आने का समाचार मिला, तो उसकी ............... खिल गईं।**
**रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्वारा कीजिए।**
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV
(a) बाँछें (b) आँखें
(c) चेहरा (d) मुस्कान

22. **'लालकिला भारत की .............. इमारत है। वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) ऐतिहासिक (b) इतिहासिक
(c) एतिहासिक (d) इतिहाषिक

23. **'रौनक को चोट लगने पर .............. उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द के द्वारा कीजिए।**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) तत्कलिक (b) तत्कालिक
(c) तत्कलीन (d) तात्कालिक

24. **'व्यायामशाला ................... ।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान पर आने वाले उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III



CamScanner

(a) वह स्थान है, जहाँ बैठकर चर्चा होती है
(b) वह स्थान है, जहाँ व्यायाम किया जाता है
(c) वह स्थान है, जहाँ न्याय किया जाता है
(d) वह स्थान है, जहाँ हवन किया जाता है

**25. 'साहित्यानुरागी ..................... ।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?**

**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I**

(a) से तात्पर्य है साहित्य प्रेमी
(b) से साहित्य प्रेमी तात्पर्य है
(c) का प्रेमी तात्पर्य साहित्य है
(d) का तात्पर्य प्रेमी साहित्य है

**26. 'ग्रामवास ................. ।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?**

**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II**

(a) से अभिप्राय होता है ग्राम के लिए वास करना
(b) से अभिप्राय होता है ग्राम द्वारा वास करना
(c) से अभिप्राय होता है ग्राम से वास करना
(d) से अभिप्राय होता है ग्राम में वास करना

**27. दिए गए शब्दों में से उचित शब्द से वाक्य पूर्ण करें- महानगरों में कई जगह कूड़े के ..................... दिखाई देते हैं।**

**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III**

(a) अंबरसारी (b) अंबार
(c) अंबर (d) अंबारी

**28. 'निर्धन बालिका भूख से ..................... थी।**
**उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द के चयन द्वारा कीजिए।**

**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) हकलान (b) आतुर
(c) आकुल (d) व्याकुल

**29. एक दिन के उपवास के बाद मोहन के पेट में ........ .... कूदने लगे।**
**उक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्वारा कीजिए।**

**SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) बिल्ली (b) चूहे
(c) कुत्ते (d) मेढ़क

**30. 'शहर का आधा भाग .............. चुका है।' इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त वाक्य-खंड द्वारा कीजिए।**

**SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I**

(a) जल में निमग्न हो (b) जल से मग्न हो
(c) जलमग्न हो (d) पानी मे तैर रहा हो

**31. निम्न शब्दों में से उचित शब्द का प्रयोग करके दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**
**आपको क्या पता कि उसने मेरे साथ क्या ............ की?**

**SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II**

(a) खूबी (b) कठिनाई
(c) भलाई (d) विशेषता

**32. 'लोग उपदेशक का अनुसरण करने में प्रसन्नता का .......... करेंगे।' रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्द द्वारा कीजिए।**

**SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III**

(a) उपवास (b) अनुभव
(c) महसूस (d) प्रतिफलन

**33. सुंदर का बेटा मोहन तो गुदड़ी का ........... है।**
**रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्वारा कीजिए।**

**SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III**

(a) माल (b) धागा
(c) लाल (d) कपड़ा

**34. "उसके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के कारण वह समाज में ............. है।"**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान पर निम्न में से किस शब्द का प्रयोग उपयुक्त होगा?**

**SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III**

(a) गुमनाम (b) विख्यात
(c) बदनाम (d) कुख्यात

**35. 'यज्ञशाला ..................... ।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?**

**SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III**

(a) वह स्थान है, जहाँ न्याय किया जाता है
(b) वह स्थान है, जहाँ हवन किया जाता है
(c) वह स्थान है, जहाँ बैठकर चर्चा होती है
(d) वह स्थान है, जहाँ व्यायाम होता है

**36. 'कुलश्रेष्ठ ...................... ।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?**

**SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) का अर्थ होता है कुल में वृद्ध
(b) का अर्थ होता है कुल में बड़ा
(c) का अर्थ होता है कुल में श्रेष्ठ
(d) का अर्थ होता है कुल में छोटा

**37. 'रागिनी ने जब वीणा बजाना शुरू किया तो उसके स्वर से सारा वातावरण .......... हो गया।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति निम्न में से सही शब्द चुनकर कीजिए।**

**SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III**

(a) झनकृत (b) झनक्रत
(c) झंकृत (d) झंक्रत



CamScanner

38. 'बाढ के कारण जान-माल की भारी ............ हो चुकी थी।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्द द्वारा कीजिए।
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV
(a) तबाही (b) विनाशलीला
(c) रंजिश (d) उगाही

39. विकल्पों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर निम्न वाक्य पूर्ण करें।
हमें ........................ का निरादर नहीं करना चाहिए।
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV
(a) अन् (b) अन्य
(c) अन (d) अन्न

40. विकल्पों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द से निम्न वाक्य पूर्ण करें।
हमें अपने ............... की स्वयं देखभाल करनी चाहिए।
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I
(a) सामान्य (b) सामान
(c) समान (d) सारांश

41. 'प्रकृति कुपित होकर अपना .............. रूप दिखाती है।'
रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्वारा कीजिए।
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-IV
(a) कल्याणकारी (b) अहितकारी
(c) निर्माणकारी (d) विनाशकारी

42. 'कैंसर रोग बड़ा .................. है।' इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।
SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-I
(a) दुसाधय (b) दुरसाध्य
(c) दूसाध्य (d) दुःसाध्य

43. 'पीतांबर ........................ ।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?
SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II
(a) का अर्थ है – पीले रंग का वस्त्र
(b) का अर्थ है – पीले रंग का व्यक्ति
(c) का अर्थ है – पीले रंग का रथ
(d) का अर्थ है – पीले रंग का आकाश

44. 'सूर्योदय ...................... ।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?
SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I
(a) का अर्थ सूर्य का प्रकाश होता है
(b) का अर्थ सूर्य की गर्मी से होता है
(c) का अर्थ सूर्य का उदय होना होता है
(d) का अर्थ सूर्य का छिपना होता है

45. 'रमेश के घर के पास एक ................. है, जिसमें से वह पानी भरता है।' इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I
(a) कुंआ (b) कुआँ
(c) कुवा (d) कुआ

46. 'नकटा ...............।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-IV
(a) का अर्थ होता है जिसका अंगूठा छोटा हो
(b) का अर्थ होता है जिसका नाम न हो
(c) का अर्थ होता है जिसका कद छोटा हो
(d) का अर्थ होता है जिसकी नाक कटी हो

47. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
सशस्त्र प्रहरी.............की रक्षा कर रहे हैं।
(SSC GD 2021)
(a) कोश (b) कुल
(c) कोस (d) कोष

48. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
भाषा में अभिव्यक्त विचार लिपि की...................से सुरक्षित रहते हैं।
(SSC GD 2021)
(a) सहायता (b) कृपा
(c) दया (d) प्रेरणा

49. रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
दुकान से दो किलो मिठाई..............लो।
(SSC GD 2021)
(a) माँग (b) भर
(c) खरीद (d) प्राप्त

50. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
विषयों मे .................... होने से सर्वनाश होता है।
(SSC GD 2021)
(a) प्रेम (b) आसक्ति
(c) स्नेह (d) अनुराग

51. नीचे दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
खिड़की के बाहर बारिश का ................ संगीत बज रहा था। (SSC GD 2021)
(a) रीमझीम (b) रिमझिम
(c) झिमझिम (d) झिमझीम



CamScanner

52. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
उसके पास ............... धन है।
(SSC GD 2021)
(a) प्राप्त (b) उपयुक्त
(c) अतल (d) पर्याप्त

53. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
इस लड़की को वाद्य संगीत से ....................है।
(SSC GD 2021)
(a) स्नेह (b) आकर्षण
(c) अनुराग (d) आसक्ति

54. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
मक्खियाँ ................हैं।
(SSC GD 2021)
(a) भिनभिनाती (b) खनखनाती
(c) सनसनाती (d) चटचटाती

55. साहित्य और जीवन का....................संबंध है।
(SSC GD 2021)
(a) अभिन्न (b) घोर
(c) पृथक (d) घनघोर

56. रोहन को.................है कि मोहन इतना काम कर सकेगा। (SSC GD 2021)
(a) डर (b) शंका
(c) आशंका (d) भय

57. 15 अगस्त को एक ...................पर्व के रूप में मनाया जाता है। (SSC GD 2021)
(a) सांस्कृतिक (b) राष्ट्रीय
(c) राजनीतिक (d) सामाजिक

58. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
विद्यार्थियों को .............. का महत्त्व समझना चाहिए।
(SSC GD 2021)
(a) शांती (b) शांति
(c) दु:ख (d) सुख

59. गंगा मे प्रदूषण की ...............चिंताजनक है।
(SSC GD 2021)
(a) घुलनशीलता (b) विद्यमानता
(c) मिलावट (d) स्थिति

60. रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
वह भीख ............... गुजारा करता है।
(SSC GD 2021)
(a) फेंककर (b) देकर
(c) बाँटकर (d) माँगकर

61. कश्मीर में विद्रोहियों का ............... था।
(SSC GD 2021)
(a) विवाद (b) आतंक
(c) कंप (d) त्रास

62. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें -
पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की .................में घूम रहा था।
(SSC GD 2021)
(a) पकड़ (b) तलाश
(c) अनुसंधान (d) चाह

63. देश में उद्योग-धंधों की..................हुई है।
(SSC GD 2021)
(a) प्रोन्नति (b) गति
(c) प्रगति (d) उन्नति

64. चिड़िया .............है।
(SSC GD 2021)
(a) मिमियाती (b) चहचहाती
(c) दहाड़ती (d) भौंकती

65. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
उसका स्वर अत्यंत...........था।
(SSC GD 2021)
(a) कर्कश (b) कठिन
(c) श्रेष्ठ (d) कसैला

66. रिक्त स्थान की पूर्ति करें-
आज .............. प्रतियोगिता नहीं होगी।
(SSC GD 2021)
(a) अंत्याक्षरी (b) अंताक्षरी
(c) अंत्येष्टि (d) अन्तोदय

67. मित्रों ने अंकित का ...............किया पर उसने बुरा नहीं माना।
(SSC GD 2021)
(a) परिहास (b) उपहास
(c) व्यंग्य (d) हास

68. गर्मी से पहले..............ऋतु होती है।
(SSC GD 2021)
(a) वर्षा (b) हेमंत
(c) वसंत (d) ग्रीष्म

69. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
भारत वस्तुतः ऋतुओं की...........का देश है।
(SSC GD 2021)
(a) समानता (b) मनोरंजकता
(c) विविधता (d) समकक्षता

70. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-



CamScanner

लखनऊ जाकर कार्यालय के कई .............निपटाने हैं। (SSC GD 2021)

(a) कार्य (b) भुगतान
(c) कर्त्तव्य (d) वक्तव्य

71. हमारे गाँव में एक ..............की स्थापना हुई। (SSC GD 2021)

(a) तालाब (b) घर
(c) दुकान (d) मंदिर

72. रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
वकीलों ने कागज़ात की ............की। (SSC GD 2021)

(a) दर्शन (b) सर्वेक्षण
(c) निरीक्षण (d) जाँच

73. रिक्त स्थान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें-
मन में............उत्पन्न होने से मैं कोई निर्णय न कर सका। (SSC GD 2021)

(a) टकराहट (b) द्वंद्व
(c) संघर्ष (d) युद्ध

74. अनाथाश्रम में.............रहते हैं। (SSC GD 2021)

(a) मध्यम वर्ग के बच्चे
(b) श्रमिक बच्चे
(c) अनाथ बच्चे
(d) झोपड़पट्टी के बच्चे

75. विपत्ति में कभी अपना..........नहीं खोना चाहिए। (SSC GD 2021)

(a) क्रोध (b) धैर्य
(c) शांति (d) धन

76. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
...............की भीड़ बढ़ गयी। (SSC GD 2021)

(a) दर्शक (b) दर्शकों
(c) पाठक (d) श्रोता

77. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
हरे-भरे खेत .......... हुए अत्यंत सुन्दर दिखाई देते हैं। (SSC GD 2021)

(a) लहराते (b) लहलहाते
(c) फहराते (d) चमचमाते

78. मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा ...............। (SSC GD 2021)

(a) की (b) करी
(c) निहारी (d) देखी

79. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें-
मुझे .........है कि आपकी दावत में सम्मिलित नहीं हो सकूँगा। (SSC GD 2021)

(a) ग्लानि (b) खेद
(c) शोक (d) हर्ष

80. राम खूब कसरत करता है..............वह पहलवान बन जाए। (SSC GD 2021)

(a) क्योंकि (b) इसलिए
(c) ताकि (d) इससे

81. ...............भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए।
रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) उजला (b) कलंकीय
(c) अंधेरे (d) उज्ज्वल

82. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए-
सफलता के मार्ग में बहुत...........हैं। (SSC GD 2021)

(a) संकट (b) मेहनत
(c) बाधाएँ (d) छाँव

83. भौरे ................ रहे हैं। (SSC GD 2021)

(a) मचल (b) गुनगुना
(c) दौड़ (d) मुस्कुरा

84. कवि कविता का .....................करता है। (SSC GD 2021)

(a) निर्माण (b) सृजन
(c) व्यापार (d) उत्पादन

85. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।
मैंने एक गाय और एक भैंस................। (SSC GD 2021)

(a) खरीदी (b) खरीदें
(c) खरीदा (d) खरीदे

86. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित शब्द का चयन करें-
दो दिन से .................में ठंडक है। (SSC GD 2021)

(a) ऋतु (b) मौसम
(c) शीत (d) जलवायु

87. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें-
परीक्षा की ....................बदलनी चाहिए। (SSC GD 2021)

(a) तरीका (b) प्रणाली
(c) उपाय (d) ढाँचा

88. मुर्गियों के दौड़ने की आवाज ................सुनाई दे रही थी।
(SSC GD 2021)
(a) पड़-पड़-पड़-पड़
(b) धड़-धड़-धड़-धड़
(c) खट-खट-खट-खट
(d) किड़-किड़-किड़-किड़

89. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित शब्द चुनें।
इस .................. ठीक बारह बजे हैं।
(SSC GD 2021)
(a) युग (b) काल
(c) समय (d) अवधि

90. रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
उनकी ................भी उनके साथ आई है।
(SSC GD 2021)
(a) पत्नी (b) महिला
(c) स्त्री (d) नारी

91. महेश को स्वयं पर भरोसा है, वह किसी की .......... नहीं करता।
(SSC GD 2021)
(a) तरफदारी (b) परवाह
(c) इज्जत (d) इच्छा

92. बेटी पिताजी के साथ .................थी।
(SSC GD 2021)
(a) जाने वाली (b) जाने वाला
(c) जाने वाले (d) चलने वाले

93. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
सादा जीवन ..............विचार ही जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए।
(SSC GD 2021)
(a) उच्च (b) निम्न
(c) विचित्र (d) सरल

94. रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें-
दक्षिण का कोणार्क मंदिर.................का अद्‌भुत नमूना है।
(SSC GD 2021)
(a) मुगलकला (b) वास्तुकला
(c) पाश्चात्य कला (d) हस्तकला

95. रिक्त स्थान को भरने के लिए उचित शब्द का प्रयोग करें-
वे ................. बार देख चुके हैं।
(SSC GD 2021)
(a) अनेकों (b) आनेको
(c) अनेक (d) अनकोन

96. दिल्ली...............मलेरिया का जोर है।
(SSC GD 2021)
(a) में (b) ऊपर
(c) अंदर (d) भीतर

97. उनकी ............मनाई गई।
(SSC GD 2021)
(a) तिरोधान (b) जयंती
(c) विवाह (d) जन्मदिन

98. आज का युवा अपने अधिकारों के प्रति अत्यंत.............है।
(SSC GD 2021)
(a) सजग (b) बेखबर
(c) अनभिज्ञ (d) सहज

99. पुलिस सारी घटना की.................कर रही है।
(SSC GD 2021)
(a) जाँच (b) माप
(c) परीक्षा (d) टीका

100. श्रीकृष्ण के मामा कंस एक ................ राजा थे।
(SSC GD 2021)
(a) देश प्रेमी (b) धार्मिक
(c) अत्याचारी (d) विनयी

101. मैं परीक्षा में पास होने का ............. करूँगा।
(SSC GD 2021)
(a) प्रयत्न (b) अभ्यास
(c) साहस (d) व्यवहार

102. हमें............देश का सम्मान करना चाहिए।
(SSC GD 2021)
(a) हमारे (b) अपने
(c) आपके (d) अपनी

103. चिंता एक ............. है।
(SSC GD 2021)
(a) नशा (b) संस्कार
(c) आधि (d) व्याधि

104. सौ ............. के टिकट चोरी हुए।
(SSC GD 2021)
(a) रुपयों (b) रूपयों
(c) रुपये (d) रूपये

105. वहाँ की जलवायु मेरे..............नहीं थी।
(SSC GD 2021)
(a) अनुरूप (b) अनुकूल
(c) अनुसार (d) अनुमानित

106. मैं केवल ............ चाहती हूँ।
(SSC GD 2021)
(a) इतना तक (b) इतना
(c) इतना ही (d) इतना भर



CamScanner

**107.** **उसकी खुशी का ............ मैं आज तक नहीं जान पाया।**

**(SSC GD 2021)**

(a) कारण (b) फल
(c) ठिकाना (d) प्रकार

**108.** **रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-**
**विपत्ति में..................से काम लेना चाहिए।**

**(SSC GD 2021)**

(a) साहस (b) बल
(c) वीरता (d) शौर्य

**109.** **रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-**
**आकाश में.............चमक रहा है।**

**(SSC GD 2019)**

(a) चाँदी (b) बादल
(c) तारा (d) सोना

**110.** **रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-**
**बूढा आदमी अपने ...............से दु:खी है।**

**(SSC GD 2019)**

(a) जवानी (b) बुढ़ापे
(c) बचपन (d) प्रशंसा

**111.** **रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें-**
**बसंत पंचमी के दिन देवी से .............की जाती है।**

**(SSC GD 2019)**

(a) आह्वान (b) प्रार्थना
(c) पूजा (d) प्रसन्नता

**112.** **रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें-**
**आज प्रत्येक गाँव में ............ खोले जा रहे हैं।**

**(SSC GD 2019)**

(a) विश्वविद्यालय (b) हवाई अड्डे
(c) विद्यालय (d) बंदरगाह

**113.** **रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द चुनें।**
**घोड़ा ........... रहा है।**

**(SSC GD 2019)**

(a) भौंक (b) हिनहिना
(c) मिमिया (d) कूक

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (d) | 4. | (d) | 5. | (a) | 6. | (c) | 7. | (a) | 8. | (d) | 9. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (c) | 13. | (a) | 14. | (c) | 15. | (a) | 16. | (a) | 17. | (d) | 18. | (b) | 19. | (c) | 20. | (d) |
| 21. | (a) | 22. | (a) | 23. | (d) | 24. | (b) | 25. | (a) | 26. | (d) | 27. | (b) | 28. | (d) | 29. | (b) | 30. | (c) |
| 31. | (c) | 32. | (b) | 33. | (c) | 34. | (b) | 35. | (b) | 36. | (c) | 37. | (c) | 38. | (a) | 39. | (d) | 40. | (b) |
| 41. | (d) | 42. | (d) | 43. | (a) | 44. | (c) | 45. | (b) | 46. | (d) | 47. | (d) | 48. | (a) | 49. | (c) | 50. | (b) |
| 51. | (b) | 52. | (d) | 53. | (c) | 54. | (a) | 55. | (a) | 56. | (b) | 57. | (b) | 58. | (b) | 59. | (b) | 60. | (d) |
| 61. | (b) | 62. | (b) | 63. | (d) | 64. | (b) | 65. | (a) | 66. | (a) | 67. | (b) | 68. | (c) | 69. | (c) | 70. | (a) |
| 71. | (d) | 72. | (d) | 73. | (b) | 74. | (c) | 75. | (b) | 76. | (b) | 77. | (b) | 78. | (a) | 79. | (b) | 80. | (c) |
| 81. | (d) | 82. | (c) | 83. | (b) | 84. | (b) | 85. | (a) | 86. | (b) | 87. | (b) | 88. | (d) | 89. | (c) | 90. | (a) |
| 91. | (b) | 92. | (a) | 93. | (a) | 94. | (b) | 95. | (c) | 96. | (a) | 97. | (b) | 98. | (a) | 99. | (a) | 100. | (c) |
| 101. | (a) | 102. | (b) | 103. | (c) | 104. | (c) | 105. | (b) | 106. | (b) | 107. | (a) | 108. | (a) | 109. | (c) | 110. | (b) |
| 111. | (b) | 112. | (c) | 113. | (b) | | | | | | | | | | | | | | |



CamScanner

# 10 वाक्यांश का प्रतिस्थापन

इस अध्याय में वाक्य में रेखांकित अंश दिए होते हैं, जिसमें कुछ न कुछ त्रुटि विद्यमान होती है। उस त्रुटि के स्थान पर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करना ही प्रतिस्थापन कहलाता है।

प्रतिस्थापन का मूलत: भाव वर्तनी, शब्द तथा वाक्य के तार्किक क्रम को दर्शाना होता है।

इस अध्याय को गहराई से समझने के लिए उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया गया है।

उदाहरण

**1. धर्म के कामों में सहयोग करना चाहिए।**

(a) धर्मीय (b) धर्मवान
(c) धार्मिक (d) धर्मी

**2. विद्यापति के पद गाए जा सकते हैं।**

(a) पेय (b) प्रदेय
(c) गोपनीय (d) गेय

**3. सविता पढ़ना-लिखना जानती है।**

(a) साक्षर (b) स्वार्थी
(c) अनपढ़ (d) निरक्षर

**4. मुझे चमक वाले कपड़े पसंद नहीं हैं।**

(a) चमकमय (b) चमकवान
(c) चमक (d) चमकीले

**5. यह कुम्हार तो सीधा है, लेकिन इसकी स्त्री बहुत तेज है।**

(a) कुम्हारिन (b) कुम्हारी
(c) कुम्हाराइन (d) कुम्हारनी

**6. उसकी हरकतें गाँव वालों जैसी हैं।**

(a) गँपई (b) ग्रामीणों
(c) अनपढ़ों (d) गँवारू

**7. मृत्यु जीवन का शाश्वत सत्य है।**

(a) दु:खद (b) एकमात्र
(c) अंतिम (d) चिरन्तन

**8. रामचरितमानस की तुलना नहीं की जा सकती है।**

(a) अतुलनीय (b) अपकर्ष
(c) तुलनीय (d) अचिंत्य

**9. आकाश में बादल घिर आए।**

(a) वनज (b) वारिधि
(c) पयोधि (d) मेघ

**10. रात्रि में भौंरा कमल की पंखुड़ियों में बंद हो जाता है।**

(a) पवमान (b) पद्म
(c) गुलाब (d) जलद

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

**1. दिए गए वाक्य में रेखांकित भाग के लिए उचित सार्थक शब्द का चयन कीजिए।**
**रात होते ही डुभी बढ़ गई है।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

(a) भीड़ (b) भड़ा
(c) भाड़ (d) ड़ाभ

**2. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**कैदियों को कुत्ते की तरह घसीटा गया।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III

(a) कैदियों के कुत्तों की तरह घसीटा गया।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) कैदियों के कुत्ता को तरह घसीटा गया।
(d) कैदियों को कुत्तों की तरह घसीटा गया।

**3. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**जो परिश्रम करते हैं, वह सफल होते हैं।**

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-III

(a) जो परिश्रम करते हैं, जो सफल होते हैं।
(b) जो परिश्रम करते हैं, वह सफल होता है।
(c) जो परिश्रम करते हैं, वैसे सफल होते हैं।
(d) जो परिश्रम करते हैं, वे सफल होते हैं।

**4. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**कई दिनों के पीछे आज धूप आई है।**

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV

(a) कई दिनों के आगे आज धूप आई है।
(b) कई दिनों के बदले आज धूप आई है।
(c) कई दिनों के बाद आज धूप आई है।
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।



CamScanner

5. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।**
**वह <u>अचानक ही</u> घर आ गये।**
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I
(a) आकस्मिक (b) अतिवृष्टि
(c) तुरंत (d) शीघ्रता

6. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**आपके प्रश्न <u>का समाधान</u> मेरे पास है।**
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I
(a) आपके प्रश्न का प्रयास मेरे पास है।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) आपके प्रश्न का प्रयत्न मेरे पास है।
(d) आपके प्रश्न का उत्तर मेरे पास है।

7. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**जितना गुड़ डालोगे, <u>वैसा मीठा</u> होगा।**
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II
(a) जितना गुड़ डालोगे, वैसी मीठी होगा।
(b) जितना गुड़ डालोगे, उतना मीठा होगा।
(c) जितना गुड़ डालोगे, उतना मीठी होगा।
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

8. **दिए गए वाक्य में रेखांकित भाग के लिए उचित सार्थक शब्द का चयन कीजिए।**
**<u>रावेस</u> होते ही सब उठ गए।**
SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II
(a) रेसब (b) बसेरा
(c) बेसब्र (d) सवेरा

9. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**तुम्हारी <u>घड़ी में के</u> बजा है।**
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I
(a) तुम्हारी घड़ी में कैसा बजा है।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) तुम्हारी घड़ी में कितना बजा है।
(d) तुम्हारी घड़ी में क्या बजा है।

10. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**काव्य के क्षेत्र में <u>अनेकों वाद चल चुके हैं</u>।**
SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-IV
(a) काव्य के क्षेत्र में अनेक वाद चल चुके हैं।
(b) काव्य के क्षेत्र में अनेके वाद चल चुके हैं।
(c) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(d) काव्य के क्षेत्र में अनेकी वाद चल चुका है।

11. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**अमन <u>अपनी स्वेच्छा</u> से सेवानिवृत्त हो रहा है।**
SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I
(a) अमन अपना स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो रहा है।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) अमन अपने स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो रहा है।
(d) अमन स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो रहा है।

12. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**यह <u>आँखो से देखी</u> घटना है।**
SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II
(a) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(b) यह आँख से देखी घटना है।
(c) यह आँखों देखी घटना है।
(d) यह आँखो घटना है।

13. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**<u>कोई भी आदमी</u> की हालत ठीक नहीं है।**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-I
(a) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(b) किसी भी आदमी की हालत ठीक नहीं है।
(c) किसने भी आदमी की हालत ठीक नहीं है।
(d) कैसी भी आदमी की हालत ठीक नहीं है।

14. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**तुम <u>बीस तारीख के दिन</u> कहाँ रहोगे?**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III
(a) तुम बीस तारीख में कहाँ रहोगे?
(b) तुम बीस तारीख को कहाँ रहोगे?
(c) तुम बीस तारीख ने कहाँ रहोगे?
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

15. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**बालक और बालिका एक <u>साथ खेल रही है</u>।**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III
(a) बालक और बालिका एक साथ खेल रहा है।
(b) बालक और बालिका एक साथ खेल रहे हो।
(c) बालक और बालिका एक साथ खेल रहे हैं।
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

16. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**
**उसने <u>एक मोती का हार</u> खरीदा।**
SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-IV
(a) उसने मोतियों का एक हार खरीदा।
(b) उसने एक मोती का एक हार खरीदी।
(c) उसने एक मोतियों का एक हार खरीदी।
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

17. **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**



CamScanner

**उसे परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की आशा है।**

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I

(a) उसे परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की सफलता है।
(b) उसे परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की कोमलता है।
(c) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(d) उसे परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।

**18. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**उसे शक मत करो।**

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II

(a) उस पर शक मत करो।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) उसमें पर शक मत करो।
(d) उससे शक मत करो।

**19. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**मैं मेरी कलम से लिखता हूँ।**

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-IV

(a) हम मेरी कलम से लिखता हूँ।
(b) मैं हमारी कलम से लिखता हूँ।
(c) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(d) मैं अपनी कलम से लिखता हूँ।

**20. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**उचार्ण शुद्ध रखना भाषा की पहली आवश्यकता है।**

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-I

(a) उच्चारण शुद्ध रखना भाषा की पहली आवश्यकता है।
(b) उच्चर्ण शुद्ध रखना भाषा की पहली आवश्यकता है।
(c) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(d) उच्चार्ण शुद्ध रखना भाषा की पहली आवश्यकता है।

**21. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**एक आवश्यकीय कार्य से मुझे जयपुर जाना है।**

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III

(a) एक आवश्यता कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) एक आवश्यकपूर्वक कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
(d) एक आवश्यक कार्य से मुझे जयपुर जाना है।

**22. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**अनूप सर अखबार पढ़कर के जाएँगे।**

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-I

(a) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(b) अनूप सर अखबार पढ़को जाएँगे।
(c) अनूप सर अखबार पढ़कर जाएँगे।
(d) अनूप सर अखबार पढ़ने के जाएँगे।

**23. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**हमारे को यह विचार छोड़ने चाहिए।**

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-III

(a) हमें यह विचार छोड़ने चाहिए।
(b) हमसे को यह विचार छोड़ने चाहिए।
(c) हमने को यह विचार छोड़ने चाहिए।
(d) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

**24. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**एक चाय का प्याला ले आओ।**

SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I

(a) चाय का एक प्याला ले आओ।
(b) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(c) एक चाय की प्याला ले आओ।
(d) एक चाय प्याला ले आओ।

**25. लकड़ियों का समूह**

**रेखांकित पद समूह के बदले उपयुक्त शब्द का प्रयोग कीजिए।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I

(a) गट्ठर (b) रेवड़
(c) टुकड़ा (d) ढेर

**26. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।**

**भरत को कैकेयी की करनी पर करूणा हुई।**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III

(a) पश्चात्ताप हुई (b) दया हुआ
(c) दुःख हुई (d) क्षोभ हुआ

**27. निम्न वाक्य में अनुपयुक्त शब्द प्रयोग सम्बन्धी अशुद्धि दूर करने के लिए रेखांकित भाग को उचित विकल्प चुनकर प्रतिस्थापित करें–**

**'हिन्दी साहित्य में आचार्य रामचंद्र शुक्ल एक बड़े व्याख्याता माने जाते हैं।'**

SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV

(a) एक अच्छे वर्चक
(b) एक उत्कृष्ट विश्लेषक
(c) एक बड़े साहित्यक
(d) बड़े अच्छे वक्ता

**28. निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर विकल्पों में से सबसे उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।**



CamScanner

<u>शोक</u> है कि मैं आपके पत्र का उत्तर नहीं दे सका।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) खेद (b) खुशी
(c) कष्ट (d) पता

29. वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन कीजिए।
प्रत्येक भारतवासी को हिंदी का <u>सामान्य</u> ज्ञान होना चाहिए।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) साहित्यिक (b) सामाजिक
(c) व्यावहारिक (d) लौकिक

30. रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
आवश्यक काम में <u>रत</u> रहने के कारण मुझे अवकाश नहीं मिला।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) व्यस्त (b) विरक्त
(c) विलीन (d) आसक्त

31. 'ऊँट के मुँह में <u>पान भरना</u>।' रेखांकित वाक्यांश के स्थान पर शुद्ध वाक्यांश होगा–
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) नमक देना (b) धनिया देना
(c) पानी भरना (d) जीरा देना

32. 'ऐसे साहित्य के रचयिता <u>अधिक मात्रा में व्याप्त</u> हैं।' – वाक्य के रेखांकित भाग को उचित विकल्प चुनकर प्रतिस्थापित करें।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) अधिक मात्रा में विद्यमान
(b) अधिक संख्या में व्याप्त
(c) अधिक संख्या में विद्यमान
(d) बहुत मात्रा में विद्यमान

33. निम्न वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
इंदिरा गांधी भारत की <u>राजनेता</u> थीं।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III
(a) अभिनेत्री (b) राजनेत्री
(c) अभिनेता (d) राजकुमारी

34. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–
टब पानी से <u>ठूसमठूस</u> भरा है।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV
(a) ठसाठस (b) चकाचक
(c) लबालब (d) फुलमफुल

35. युद्ध की इच्छा रखने वाला <u>युवराज</u> कहलाता है।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद के स्थान पर आने वाले सही शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I
(a) राजनीतिज्ञ (b) यायावर
(c) यशस्वी (d) युयुत्सु

36. वह <u>उसका</u> चश्मा भूल गया।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II
(a) किसका (b) क्या
(c) कुछ (d) अपना

37. रेखांकित शब्द-समूह के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें।
आज <u>दोपहर के बाद</u> मैं व्यस्त हूँ।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II
(a) पूर्वाह्न (b) अपराह्न
(c) सुबह (d) भोर

38. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–
विनय <u>के</u> पुस्तक पढ़ी।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III
(a) ने (b) से
(c) को (d) में

39. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द को विकल्पों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द से बदलें।
राम की वाणी से परशुराम का <u>अहंकार</u> काफूर हो गया।
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) दंश (b) दर्प
(c) धनुष (d) अभियान

40. 'मुझे आप पुराने पते पर पत्र दीजिएगा।' इस वाक्य में 'दीजिएगा' के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II
(a) भेजिएगा (b) लीजिएगा
(c) सोचिएगा (d) आइएगा

41. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द को विकल्पों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द से बदलें।
मैं <u>आशा</u> करूँगा कि समय पर आपके पास पहुँच जाऊँ।
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) प्रत्याशा (b) चेष्टा
(c) उत्कंठा (d) चिंता

42. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त शब्द निम्न में से कौन-सा होगा?
लोग बड़ी <u>मात्रा</u> में जमा हो गए।
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) भीड़ (b) संख्या
(c) परिमाण (d) मात्र



CamScanner

43. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प निम्न में से कौन-सा होगा?
शत्रु मैदान से दौड़ खड़ा हुआ।
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) उठ (b) भाग
(c) निकल (d) रवाना

44. वे जन्मपर्यंत ब्रह्मचारी रहे।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद के स्थान पर निम्न में से कौन-सा शब्द आ सकता है?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) जीवन आरंभ होने के बाद
(b) जीवन के बाद
(c) आजन्म
(d) पुनर्जन्म

45. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द को विकल्पों में दिए गए किस शब्द से बदला जा सकता है, जिससे वाक्य के अर्थ में कोई परिवर्तन न हो?
प्रतिदिन रियाज करने के कारण वह प्रवीण हो गया।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II
(a) कसरत (b) अभ्यास
(c) उपासना (d) आसन

46. नीचे दिए गए वाक्य के रेखांकित भाग को उचित वाक्य खंड से प्रतिस्थापित करें।
'हमारे गले में पराधीनता की बेड़ियाँ पड़ी थीं।'
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) हमारे गले में स्वाधीनता की बेडियाँ
(b) हमारे हाथों में पराधीनता की बेड़ियाँ
(c) हमारे पैरों में पराधीनता की बेड़ियाँ
(d) हमारे पैरों में पराधीनता की हथकड़ियाँ

47. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
वह मिलनसार था इसलिए उसने कई अपने बना लिए।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) शत्रु (b) प्रेमी
(c) भक्त (d) मित्र

48. निम्न वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर आने वाले सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
मैंने उसे बहुत समझाया पर वहाँ न मानी।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) वह (b) कि
(c) तुम (d) मैं

49. लोग रंगीन चाँदनी में नौका विहार का आनंद ले रहे थे।
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I
(a) धवल (b) पीली
(c) सुनहरी (d) रोशन

50. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
बच्चों को काटकर आम खिलाओ।
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II
(a) काट आम (b) आम काट
(c) आम काटकर (d) काटकर

51. दूध में कौन पड़ गया?
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर कौन-सा शब्द उचित होगा?
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV
(a) मैं (b) कोई
(c) यह (d) क्या

52. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
पूज्यनीय पिता जी का आदेश है।
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV
(a) पूज्य (b) पावन
(c) परम (d) पाहन

53. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
सूखा पड़ गया है इसलिए इस बार हरियाली कम है।
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I
(a) फसल (b) समृद्धि
(c) उत्पादन (d) मेहनत

54. नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
हमें अपने माता-पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए।
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I
(a) भक्ति (b) गुस्सा
(c) सेवा (d) नौकरी

55. नीचे दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
'एक और एक बारह होना'
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III
(a) नौ (b) ग्यारह
(c) तेरह (d) दस

56. 'भोजन बहुत सुन्दर बना है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III
(a) स्वादिष्ट (b) खूबसूरत
(c) उन्नत (d) बेहतर

57. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन कीजिए।

CamScanner

गोलियों की बाढ़ के सामने कोई न टिक सका।
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III
(a) बारिश (b) गति
(c) दहाड़ (d) बौछार

58. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
कोयला सूखकर राख हो गया।
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II
(a) तपकर (b) जलकर
(c) गीला होकर (d) चलकर

59. विकल्पों में से क्या निम्न वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर आएगा?
प्रेमचंद ने गोदान की रचना लिखी है।
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II
(a) कि (b) पढ़ी
(c) सुनी (d) की

60. 'आपके रहन-सहन का दर्जा ऊंचा है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III
(a) तरीका (b) भांति
(c) स्तर (d) कुछ

61. उन्होंने अपने बड़े बेटे को श्रद्धांजलि दे दी।
उक्त वाक्य में रेखांकित पद के स्थान पर सबसे उपयुक्त शब्द निम्न में से कौन-सा होगा?
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III
(a) तिलांजलि (b) पुष्पांजलि
(c) गीतांजलि (d) अंजलि

62. 'मेरे से कुछ ना पूछो' इस वाक्य में रेखांकित वाक्य खंड के स्थान पर क्या आएगा?
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III
(a) मैं (b) मुझको
(c) मुझसे (d) मेरे

63. 'पगड़ी ओढ़कर आओ।' वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV
(a) पहनकर (b) बिछाकर
(c) बांधकर (d) डालकर

64. नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
गीता को अचार अच्छी लगती है।
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I
(a) अच्छे लगता (b) अच्छी लगते
(c) अछे लगता (d) अच्छा लगता

65. निम्न वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
बेटों में युद्ध हो गई।
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I
(a) युद्ध (b) पिटाई
(c) संग्राम (d) लड़ाई

66. 'एकमात्र दो उपाय हैं।' रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II
(a) कुछ (b) क्या
(c) केवल (d) दोमात्र

67. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
आज से यह नियम चालू है।
SSC GD 25 Feb. 2023, Shift-II
(a) आगे (b) लागू
(c) ऊपर (d) पीछे

68. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
गज भर की मकान होना।
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III
(a) दुकान (b) जुबान
(c) पहचान (d) दीवार

69. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
'वह इस आशा में विश्राम करता रहा कि मुझसे मुलाकात हो जाएगी।
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I
(a) विश्वास (b) परिश्रम
(c) प्रतीक्षा (d) उपासना

70. 'वह आँख से कुबड़ा है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I
(a) बहरा (b) गूंगा
(c) वाचाल (d) दृष्टिहीन

71. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
मैंने कल दिल्ली जा रहा हूँ।
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II
(a) हम (b) मेरे
(c) मैं (d) मुझे

72. वह पौधों को खींचती है।
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II
(a) सींचती (b) सुखाती
(c) भींजती (d) रचती



CamScanner

73. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
उसके पाँच सौ रुपये जुर्माना हुआ।
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III
(a) वह (b) उसी
(c) उसे (d) उसकी

74. घोड़ा जंगल की तरफ भागा।
उक्त वाक्य में 'की तरफ' के बदले कौन-सा शब्द प्रयोग हो सकता है?
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV
(a) के सामने (b) की ओर
(c) की और (d) के निकट

75. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
उसने अपने दोस्त को जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दी।
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I
(a) तरक्की (b) बधाई
(c) आयु (d) धमकी

76. 'वह पढ़ना माँगता है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II
(a) चाहता (b) जाता
(c) खाता (d) सोचता

77. 'मैं रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊँगा।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सही शब्द क्या होगा?
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II
(a) को (b) पर
(c) के लिए (d) में

78. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
मैं बुढ़ापे की और बढ़ रहा हूँ।
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-III
(a) जगह (b) साथ
(c) ओर (d) तथा

79. विकल्पों में से कौन-सा शब्द निम्न वाक्य के रेखांकित शब्द के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होगा?
'सीता राम की स्त्री थीं।'
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-IV
(a) नायिका (b) औरत
(c) पत्नी (d) महिला

80. रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प इनमें से कौन-सा है?
गतवर्ष वह दिल्ली जाने वाला है।
SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-I
(a) पिछले वर्ष (b) विगत वर्ष
(c) अगले वर्ष (d) उस वर्ष

81. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
'छठी का मिठाई याद आना।'
SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-I
(a) दूध (b) नमक
(c) पकवान (d) चीनी

82. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
लड़के ने पत्र लिखी।
SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II
(a) लिखता (b) लिखाई
(c) लिखा (d) लिख

83. दिए गए वाक्य के रेखांकित शब्द को उचित विकल्प से प्रतिस्थापित करें।
महासागर पर पुल बन जाने पर रावण को आश्चर्य हुआ।
SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV
(a) हर्ष (b) विस्मय
(c) भ्रम (d) संकोच

84. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
अंधों में काना रानी।
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-IV
(a) नौकर (b) राजा
(c) महाराजा (d) दोस्त

85. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने हेतु सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
अपना दोष दूसरों के सिर पर क्यों जड़ते हो?
(SSC GD 2021)
(a) फोड़ते (b) करते
(c) जोड़ते (d) मढ़ते

86. दूर रहने वाले लोगों से हम अपनी बात दूरभाष यंत्र में कर सकते हैं।
(SSC GD 2021)
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) दूरभाष यंत्र द्वारा कर सकते हैं
(c) दूरभाषा यंत्र में कर सकती हैं
(d) दूरभाषा यंत्र पर कर सकते हैं

87. दिए गए वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसमें प्रतिस्थापन करने की आवश्यकता नहीं है। तो विकल्प में 'किसी प्रकार की आवश्यकता नहीं है', का चयन करें।



CamScanner

'उसका भाई सेक्रेटरी लगा हुआ है।'

(SSC GD 2021)

(a) सेक्रेटरी लगता है
(b) सेक्रेटरी है
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) सेक्रेटरी लगा है

**88. प्राचार्य ने हम को समझाया कि जो परिश्रम करेगा वह सफल होगा।**

(SSC GD 2021)

(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) प्राचार्य ने हमें समझाया की
(c) प्राचार्य ने हमें समझाया कि
(d) प्राचार्य ने हमको समझाया कि

**89. श्याम बेटे को पत्र लिखा।**

(SSC GD 2021)

(a) श्याम ने
(b) श्याम को
(c) श्याम से
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

**90. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**मैं आपके सुखी जीवन की आकांक्षा करता हूँ।**

(SSC GD 2021)

(a) इच्छा (b) वासना
(c) कामना (d) आराधना

**91. किसी भी देश की सम्पत्ति, ऐसे देश में आदर्श विद्यार्थी ही होते हैं।**

(SSC GD 2021)

(a) उस देश के आदर्श विद्यार्थी
(b) ऐसे देश के आदर्श विद्यार्थी
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) उस देश में आदर्श विद्यार्थी

**92. जंगल में मोर अथवा मोरनी दिखाई पड़ेगा।**

(SSC GD 2021)

(a) मोर अथवा मोरनी दिखांई पड़ेगी
(b) मोर अथवा मोरनी दिखाई गए
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) मोर अथवा मोरनी दिखाई देगा

**93. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**हमारे गले में पराधीनता की बेड़ियाँ पड़ी हैं।**

(SSC GD 2021)

(a) सीने में (b) मस्तक में
(c) पैरों में (d) भुजाओं में

**94. इटली की राजधानी रोम की तरह दिल्ली भी कई बार उजाड़ा और बसाया गया।**

(SSC GD 2021)

(a) कई बार उजाड़ा और बसायी गयी
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) कितनी बार उजाड़ा और बसाया गया
(d) कई बार उजाड़ी और बसायी गयी।

**95. मित्रता एक ऐसा रिश्ता है जिसकी स्पर्धा किसी अन्य रिश्तेदार से नहीं की जा सकती।**

(SSC GD 2021)

(a) स्पर्धा किसी अन्य रिश्ते से
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) तुलना किसी अन्य रिश्ते से
(d) तुलना किसी अन्य रिश्तेदार से

**96. मुझे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।**

(SSC GD 2021)

(a) पुरुष्कार
(b) पुरुस्कार
(c) पुरसकार
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

**97. पूज्यनीय गुरुजी आ रहे हैं।**

(SSC GD 2021)

(a) पुज्यनीय गुरुजी
(b) पूजनीय गुरुजी
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) पूज्यनीया गुरु जी

**98. उसे तत्कालिक सहायता चाहिए।**

(SSC GD 2021)

(a) तत्कालीक सहायता
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) तात्कालीक सहायता
(d) तात्कालिक सहायता

**99. दिए गए वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो 'विकल्प किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है', का चयन करें।**
**हवा जोरो से बह रही है।**

(SSC GD 2021)

(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) जबरदस्त
(c) जोर से
(d) भयानक

**100. वह एक सप्ताह में वापस लौट आया।**

(SSC GD 2021)

(a) वे वापस लौट आए
(b) वे वापस लौट आएँगे
(c) वापस आया
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।



CamScanner

101. **मेरा यह सुझाव तुम्हारे हित का है।** **(SSC GD 2021)**
(a) तुम्हारे हित की
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) तुम्हारे हित के लिए है
(d) तुम्हारे हित को

102. **उसने अपनी भूल के लिए दया माँगी।** **(SSC GD 2021)**
(a) भिक्षा (b) याचना
(c) क्षमा (d) कृपा

103. **सभा समाप्त होने के बाद अतिथि घर चली गई।** **(SSC GD 2021)**
(a) घर चलते दिए
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) घर चलते है
(d) घर चले गए

104. **एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।** **(SSC GD 2021)**
(a) चर रहे हैं
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) चर रही है
(d) चर रहा है

105. **सुमन को अपने रूप पर गौरव है।** **(SSC GD 2021)**
(a) सम्मान (b) दर्प
(c) गर्व (d) क्षोभ

106. **दिए गए वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। कवियों को काव्य के करते समय आनंद मिलता है।** **(SSC GD 2021)**
(a) काव्य बनाते
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) कविता करते
(d) काव्य करते

107. **महेश चित्रकला का व्यायाम कर रहा है।** **(SSC GD 2021)**
(a) चिंतन (b) लेखन
(c) अभ्यास (d) प्रयास

108. **हमारे धर्म शास्त्रों में बहुत कुछ पड़ा है।** **(SSC GD 2021)**
(a) में बहुत कुछ संकलित है
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) के अन्दर बहुत पड़ा है
(d) के अंदर बहुत कुछ है

109. **तुम इस मूल्य से यह खरीद सकते हो।** **(SSC GD 2021)**
(a) इस मूल्य पर
(b) इस मूल्य को
(c) इस मूल्य में
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

110. **दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें। सरोजिनी नायडू भारत की कोकिला कहा जाता थीं।** **(SSC GD 2021)**
(a) भारत की कोकिला कही जाती थीं
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) भारत के कोकिला कही जाती थीं
(d) भारत की कोकिला कही जाता थीं

111. **शनैः-शनैः उसकी दिशा बिगड़ती गई।** **(SSC GD 2021)**
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) दशा
(c) दीशा
(d) दिसा

112. **दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। मेरी बेटा बकरी को घुमाया।** **(SSC GD 2021)**
(a) मेरे बेटे ने
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) मीरी बेटा ने
(d) मेरा बेटा ने

113. **साधु ने चूहे पर दया करा और उसे बिल्ली बना दिया।** **(SSC GD 2021)**
(a) साधु ने चूहे पर दया की
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) साधु ने चूहा पर दया करी
(d) साधु ने चूहे पर दया करे

114. **मिठाइयाँ लेकर विजय बाबू घर चला गया।** **(SSC GD 2019)**
(a) घर चले गयो (b) घर चली गयी
(c) घर चले गए (d) घर गए चले

115. **तुम्हारे गुरु तुमकी प्रार्थना स्वीकार कर सकते हैं।** **(SSC GD 2019)**
(a) तुम से प्रार्थना (b) तुम्हारी प्रार्थना
(c) तुझे प्रार्थना (d) तुम प्रार्थना

116. **जो परिश्रम से मुँह मोड़ता है तब जीवन में पिछड़ जाता है।** **(SSC GD 2019)**
(a) वे जीवन में (b) सब जीवन में
(c) वह जीवन में (d) अब जीवन में



CamScanner

117. किसी की टोपी घर पर छूट गयी और किसी की चश्मा गिर गयी।

(SSC GD 2019)

(a) किसी का चश्मा गिर गया
(b) किसी के चश्मे गिर गया
(c) किसी की चश्मा गिर गई
(d) किस का चश्मा गिर गए

118. मुम्बई जैसे शहर में अच्छा मकान मिलने बहुत मुश्किल है।

(SSC GD 2019)

(a) अच्छी मकाने मिलना
(b) अच्छी मकान मिलना
(c) अच्छा मकान मिलना
(d) अच्छे मकानों मिलना

119. मोहन को काटकर सेब खिलाओ।

(SSC GD 2019)

(a) मोहन को सेब काटकर
(b) काटकर सेब को मोहन
(c) सेबों मोहन को काटकर
(d) मोहन से काटकर सेब

120. जीवन के इस पड़ाव पर आकर उसके व्यवहार में ठहराव आ गई है।

(SSC GD 2019)

(a) आ गया (b) कर गया
(c) आए गए (d) आ गए

121. रात होने के कारण जहाँ रुके हैं यहाँ पर डेरा डाल लेते हैं।

(SSC GD 2019)

(a) कहाँ पर डेरा डाल लेता है
(b) कहीं पर डेरा डाल लेते हैं
(c) जहा पर डेरा डाल लेते है
(d) वहीं पर डेरा डाल लेते हैं

122. मैंने इन सब बातों को गहराई पर अनुभव किया।

(SSC GD 2019)

(a) बातों पर गहराई से (b) बातों को गहराई से
(c) बातों में गहराई की (d) गहराई पर बातों की

123. मुझे पनीर का मिठाई बहुत पसंद है।

(SSC GD 2019)

(a) पनीर को मिठाई (b) पनीर की मिठाई
(c) पनीर में मिठाई (d) पनीर से मिठाई

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (d) | 3. | (d) | 4. | (c) | 5. | (a) | 6. | (d) | 7. | (b) | 8. | (d) | 9. | (c) | 10. | (a) |
| 11. | (d) | 12. | (c) | 13. | (b) | 14. | (b) | 15. | (c) | 16. | (a) | 17. | (d) | 18. | (a) | 19. | (d) | 20. | (a) |
| 21. | (d) | 22. | (c) | 23. | (a) | 24. | (a) | 25. | (a) | 26. | (d) | 27. | (b) | 28. | (a) | 29. | (c) | 30. | (a) |
| 31. | (d) | 32. | (c) | 33. | (b) | 34. | (c) | 35. | (d) | 36. | (d) | 37. | (b) | 38. | (a) | 39. | (b) | 40. | (a) |
| 41. | (b) | 42. | (b) | 43. | (b) | 44. | (c) | 45. | (b) | 46. | (c) | 47. | (d) | 48. | (a) | 49. | (a) | 50. | (c) |
| 51. | (d) | 52. | (a) | 53. | (a) | 54. | (c) | 55. | (b) | 56. | (a) | 57. | (d) | 58. | (b) | 59. | (d) | 60. | (c) |
| 61. | (a) | 62. | (c) | 63. | (c) | 64. | (d) | 65. | (d) | 66. | (c) | 67. | (b) | 68. | (b) | 69. | (c) | 70. | (d) |
| 71. | (c) | 72. | (a) | 73. | (c) | 74. | (b) | 75. | (b) | 76. | (a) | 77. | (a) | 78. | (c) | 79. | (c) | 80. | (c) |
| 81. | (a) | 82. | (c) | 83. | (b) | 84. | (b) | 85. | (d) | 86. | (b) | 87. | (b) | 88. | (c) | 89. | (a) | 90. | (c) |
| 91. | (a) | 92. | (a) | 93. | (c) | 94. | (d) | 95. | (c) | 96. | (d) | 97. | (b) | 98. | (d) | 99. | (c) | 100. | (c) |
| 101. | (c) | 102. | (c) | 103. | (d) | 104. | (a) | 105. | (c) | 106. | (c) | 107. | (c) | 108. | (a) | 109. | (a) | 110. | (a) |
| 111. | (b) | 112. | (a) | 113. | (a) | 114. | (c) | 115. | (b) | 116. | (c) | 117. | (a) | 118. | (c) | 119. | (a) | 120. | (a) |
| 121. | (d) | 122. | (b) | 123. | (b) | | | | | | | | | | | | | | |



CamScanner

# 11 संज्ञा एवं सर्वनाम

## संज्ञा

संसार में उपलब्ध समस्त वस्तु, व्यक्ति (जीव), भाव, स्थान आदि का कोई न कोई नाम अवश्य होता है, अर्थात् नाम ही संज्ञा है। संज्ञा के बिना पहचान या भाषा का प्रयोग संभव नहीं है।

### परिभाषा

'संज्ञा' उस विकारी शब्द को कहते हैं जिससे किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव आदि का बोध हो।

उदाहरण – सूरज इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षक है।

उपर्युक्त वाक्य में **सूरज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, शिक्षक** संज्ञाएँ हैं क्योंकि ये हमें क्रमशः किसी व्यक्ति, स्थान तथा पद का बोध करा रहे हैं।

### संज्ञा के भेद

संज्ञा के पाँच प्रकार होते हैं–

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) जातिवाचक संज्ञा (3) समूहवाचक संज्ञा (4) द्रव्यवाचक संज्ञा (5) भाववाचक संज्ञा

**नोट** – आधुनिक हिंदी में संज्ञा के तीन भेद माने गए हैं क्योंकि समूहवाचक एवं द्रव्यवाचक संज्ञाएँ सामान्यतः जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत ही आती हैं।

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा

जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे – महात्मा गाँधी, दिल्ली, रामायण आदि।

(2) जातिवाचक संज्ञा

जिस शब्द से किसी एक जाति या वर्ग के सभी प्राणियों अथवा वस्तुओं का बोध हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे – लड़का, नदी, पर्वत आदि।

(3) समूहवाचक संज्ञा

जिन संज्ञा शब्दों से किसी समूह या समुदाय का बोध होता है, उन्हें समूह या समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे – कक्षा, सभा, सेना, पुलिस आदि।

(4) द्रव्यवाचक संज्ञा

वे संज्ञाएँ जिन्हें मापा या तोला जा सकता है परन्तु गिना नहीं जा सकता, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे – सोना, चाँदी, पानी, दूध, तेल आदि।

(5) भाववाचक संज्ञा

जिन शब्दों से किसी प्राणी अथवा पदार्थ के गुण, भाव या अवस्था आदि का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे – प्यार, गुस्सा, निराशा, उत्साह, क्रोध आदि।

## सर्वनाम

वाक्यों में एक संज्ञा प्रयुक्त होने के बाद यदि उसी संज्ञा के प्रयोग की आवश्यकता हो तो संज्ञा के स्थान पर वह, उसका, आप आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है अर्थात् 'सर्वनाम' उस विकारी शब्द को कहते हैं जो संज्ञा के स्थान पर उसी संज्ञा के संबंध में प्रयुक्त हो।

जैसे – वह, उसका, तुम, मैं आदि।

### सर्वनाम के भेद

सर्वनाम के छः भेद हैं, हिन्दी में ग्यारह सर्वनाम शब्द हैं– मैं, तू, आप, जो, सो, यह, वह, क्या, कौन, कोई, कुछ।

प्रयोगानुसार सर्वनाम के छः भेद और तीन पुरुषवाचक उपभेद भी हैं–

(1) पुरुषवाचक (2) निजवाचक
(3) निश्चयवाचक (4) अनिश्चयवाचक
(5) संबंधवाचक (6) प्रश्नवाचक

(1) पुरुषवाचक सर्वनाम

जिस सर्वनाम का प्रयोग वक्ता या लेखक द्वारा स्वयं के लिए अथवा अन्य व्यक्ति के लिए किया जाता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे – मैं, तुम, यह, वह आदि।

उदाहरण वाक्य –

**मैं** कल दिल्ली जाऊँगा।
**तुम** एक बहादुर लड़के हो।

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन उपभेद हैं।

**(क) उत्तम पुरुष** – जिस सर्वनाम का प्रयोग वक्ता स्वयं के बारे में बताने के लिए करता है।

जैसे – मैं, हम।

**(ख) मध्यम पुरुष** – जिस सर्वनाम का प्रयोग वक्ता सुनने वाले व्यक्ति के लिए करता है।

जैसे – तू, तुम, आप।

**(ग) अन्य पुरुष** – जिस सर्वनाम का प्रयोग वक्ता किसी तीसरे व्यक्ति के बारे में बताने हेतु करता है।

जैसे – यह, वह, ये, वे।

(2) निजवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं (खुद) के लिए करता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे – आप, स्वयं, अपने आप आदि।

उदाहरण वाक्य –

तुम्हें यह काम **स्वयं** करना होगा।
मैं **अपने आप** से ही हिंदी सीख गया।



CamScanner

**(3) निश्चयवाचक सर्वनाम**

जिस सर्वनाम से वक्ता की किसी वस्तु का निश्चित बोध हो, चाहे वह वस्तु पास हो या दूर, निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाता है।

**जैसे** – यह, वह, वे आदि।

**उदाहरण वाक्य –**

**यह** पुस्तक है। (पास की वस्तु)
**वह** अच्छी पुस्तक है। (दूर की वस्तु)
**वह** पैन मेरा नहीं है।

**(4) अनिश्चयवाचक सर्वनाम**

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, जिस सर्वनाम से किसी व्यक्ति या वस्तु का निश्चित या स्पष्ट बोध न हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** – कोई, कुछ।

**उदाहरण वाक्य –**

ऐसा न हो कि **कोई** आ जाए।
घी में **कुछ** मिला है।
**कोई** आ रहा है।

**(5) संबंधवाचक सर्वनाम**

जिस सर्वनाम से दो व्यक्ति या वस्तु के बीच परस्पर (एक-दूसरे) सम्बन्ध स्थापित या प्रकट हो, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** – जो-सो, जिसको-उसको आदि।

**उदाहरण वाक्य –**

**जो** बोओगे **सो** काटोगे।
**वह** कौन है **जो** रो रहा है।
**जो** कल आयेगा **सो** इनाम पायेगा।

**(6) प्रश्नवाचक सर्वनाम**

प्रश्न करने के लिए, जिन सर्वनामों का प्रयोग हो अर्थात् जिस सर्वनाम से प्रश्न का बोध हो, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** – कौन, कहाँ, क्या आदि।

**उदाहरण वाक्य –**

तुम **कहाँ** जा रहे हो?
वहाँ **कौन** खड़ा है?
तुम **क्या** खा रहे हो?

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

**1. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**परिवार से उस व्यक्ति के चले जाने की........सदैव बनी रहेगी।**

**SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I**

(a) उभार (b) कांति
(c) कमी (d) कटुता

**2. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**आज पुष्पा ने बरतन ठीक से नहीं धोए हैं, कढ़ाई में अभी भी..........है।**

**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-II**

(a) चिकनाहट (b) खटाई
(c) चिकना (d) तेल

**3. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**अब मैं कहीं नहीं जा सकता, मैं ......... से चूर हो चुका हूँ।**

**SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-I**

(a) थकाना (b) लिख
(c) थकावट (d) नाचना

**4. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**................. में इंसान एकदम बच्चा बन जाता है।**

**SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I**

(a) दिन (b) घर
(c) बुढ़ापे (d) परिवार

**5. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**मैंने अपने महाविद्यालय में बहुत से............का अध्ययन किया है।**

**SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-III**

(a) किताब (b) साहित्यिक
(c) साहित्य (d) पाठ

**6. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**माँ लक्ष्मी की कृपा से सभी को ......... प्राप्त होती है।**

**SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-IV**

(a) आराम (b) फल-फूल
(c) सम्पन्नता (d) विपन्नता

**7. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।**
**सीमा ने रोहिणी से कहा कि........के नाते तुम्हें उसकी मदद करनी चाहिए।**

**SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I**

(a) थकान (b) बचपन
(c) इंसानियत (d) गुस्सा



CamScanner

8. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
सुरेश की बात की........को समझना बहुत जरूरी है।
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II
(a) गंभीरता (b) चपल
(c) गड़गड़ाहट (d) कटु

9. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
आज के समय में तकनीक की............बहुत ज्यादा है।
SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-IV
(a) बातें (b) उपयोग
(c) समस्या (d) उपयोगिता

10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
वह बड़ा ही शांत लड़का है, .........से उसका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं।
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-I
(a) लड़ाई (b) खेलना
(c) थकना (d) लड़ना

11. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
विकास की आवाज में बहुत ............... है।
SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV
(a) प्यास (b) मिठास
(c) खटास (d) दर्दनाक

12. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
आज भी लोग जय और वीरू की..........का उदाहरण देते हैं।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-II
(a) माता (b) अध्यापक
(c) सेवक (d) दोस्ती

13. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा वाला विकल्प हो।
माँ ने आज जो दही जमाया है उसमें बहुत ज्यादा .... ......है।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-III
(a) खट्टी (b) मीठी
(c) खटास (d) पतली

14. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
.........तरल अवस्था में होता है।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II
(a) सुन्दरी (b) वह
(c) कुछ (d) पारा

15. हमें किसी बूढ़े व्यक्ति के ......... का तिरस्कार नहीं करना चाहिए।
उचित भाववाचक संज्ञा से वाक्य पूर्ण कीजिए।
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV
(a) मोटापे (b) बूढ़ा
(c) बुढ़ापे (d) चाल-चलन

16. निम्न वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
वह अभी-अभी ................ के घर गया है।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III
(a) किसी (b) लोकेश
(c) कोई (d) दूसरे

17. तपस्वी ने बहुत <u>तपने</u> के पश्चात यह सिद्धि प्राप्त की है।
वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर भाववाचक संज्ञा शब्द होगा –
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I
(a) तपोवन (b) तपस्या
(c) तपन (d) तपभूमि

18. निम्न वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त संज्ञा शब्द से करें।
जीवन में ............ होना अति आवश्यक है।
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I
(a) आप (b) मधुरता
(c) अपना (d) कोई

19. निम्नलिखित किस विकल्प में भाववाचक, समूहवाचक और जातिवाचक संज्ञा का शब्दक्रम सही है?
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III
(a) चाँदी, पानी, दौड़
(b) कावेरी, दीवाली, वर्षा
(c) दासत्व, घौद, जुलाहा
(d) मकान, मैना, काला सागर

20. निम्न वाक्य में द्रव्यवाचक संज्ञा का गलत प्रयोग हुआ है, त्रुटि पहचानिए।
घर में घी पीसा गया।
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I
(a) पीसा (b) गया
(c) घी (d) घर में

21. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III
(a) आलस्य (b) समृद्धि
(c) सज्जन (d) लघुता

22. <u>क्षेत्र</u> को लेकर भारत में संघर्ष अब आम बात हो गई है।



CamScanner

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर भाववाचक संज्ञा शब्द क्या होगा?
SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II

(a) क्षत्रिय (b) क्षेत्रीयता
(c) क्षेत्रित (d) क्षेत्रीय

23. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
डॉक्टर ................ का परीक्षण करता है।
SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-I

(a) रोगी (b) नीरस
(c) अपने-आप (d) कुछ

24. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा शब्द है?
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-III

(a) कोयला (b) साहस
(c) सूरज (d) विद्यार्थी

25. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक वाक्य प्रश्नवाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है?
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-II

(a) यह मूर्खता किसने की है?
(b) किसी ने जोर से चीत्कार की?
(c) संसार का संचालन और नियमन कौन करता है?
(d) यह गाड़ी किसकी है?

26. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक वाक्य सम्बन्धवाचक सर्वनाम का उदाहरण नहीं है?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II

(a) जो व्यक्ति आपत्ति में विचलित नहीं होता, वह अवश्य अपनी मंजिल पाता है।
(b) यह अच्छा विचार है।
(c) जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह स्वयं उसमें गिरता है।
(d) जिसे चोट लगती है, वही पीर समझता है।

27. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सर्वनाम शब्द त्रुटिपूर्ण है?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II

(a) तुम तो बहुत व्यस्त हो।
(b) उसने अपने माली को काम से निकाल दिया।
(c) हमारे से अब यह सब नहीं होता।
(d) आप लोग बहुत बड़े आदमी हैं।

28. निम्नलिखित में से 'सम्बन्धवाचक सर्वनाम' सम्बन्धी अशुद्धि वाले वाक्य की पहचान कीजिए।
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I

(a) यह वही आदमी है, जिसका पुत्र परीक्षा में अव्वल आया है।
(b) जो मेहनत करते हैं, वे सफल होते हैं।
(c) यह वही फिल्म है, जिसे तुम देखना चाहते हो।
(d) मेरी वह किताब खो गयी एक मैंने कल पुस्तक मेले से खरीदा था।

29. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक वाक्य संकेतवाचक सर्वनाम का नहीं है?
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II

(a) नदी में पानी नहीं है।
(b) ये मेरी पुस्तकें हैं।
(c) यह लड़का इस कक्षा का मॉनीटर है।
(d) वह आदमी एक विदेशी जासूस है।

30. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक निजवाचक सर्वनाम का वाक्य नहीं है?
SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II

(a) आप कुछ पूछना चाहते हैं?
(b) ये फाइलें मैं अपने आप देखूँगा।
(c) वे अपने आप ही यह जिम्मेदारी सँभालने को तैयार हो गए।
(d) यह सब वे अपने आप देख लेंगे।

31. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'सर्वनाम' सम्बन्धी अशुद्धि है?
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I

(a) मुझे पता है कि आज वह यहाँ आएगा।
(b) तुम्हारे लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूँ।
(c) वह तो बिल्कुल पत्थर बन गया।
(d) तुम तेरा घर स्वयं खुद संभालो।

32. 'वह गाड़ी के पास सो रहा है।'
अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग कर इस वाक्य को पुनः लिखिए।
SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I

(a) कोई गाड़ी के पास सो रहा है।
(b) वह स्वयं गाड़ी के पास सो रहा है।
(c) वे गाड़ी के पास सो रहे हैं।
(d) कौन गाड़ी के पास सो रहा है?

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (a) | 3. | (c) | 4. | (c) | 5. | (c) | 6. | (c) | 7. | (c) | 8. | (a) | 9. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (b) | 12. | (d) | 13. | (c) | 14. | (d) | 15. | (c) | 16. | (b) | 17. | (b) | 18. | (b) | 19. | (c) | 20. | (c) |
| 21. | (c) | 22. | (b) | 23. | (a) | 24. | (a) | 25. | (b) | 26. | (b) | 27. | (c) | 28. | (d) | 29. | (a) | 30. | (a) |
| 31. | (d) | 32. | (a) | | | | | | | | | | | | | | | | |



CamScanner

# 12 लिंग, वचन एवं कारक

## लिंग

जैसा कि हम जानते हैं कि 'संज्ञा' किसी व्यक्ति या वस्तु के नाम को कहते हैं और उसकी कोई-न-कोई जाति अवश्य होगी चाहे वह पुरुष जाति हो या स्त्री जाति और वस्तु की उस जाति के बोध को ही लिंग कहते हैं अर्थात् संज्ञा के उस रूप को, जिससे वस्तु या व्यक्ति के पुरुष जाति या स्त्री जाति का बोध हमें होता है, व्याकरण में उसे लिंग कहते हैं।

'लिंग' शब्द का अर्थ है चिह्न या पहचान। लिंग शब्द संस्कृत भाषा का शब्द है। कोई भी वस्तु सजीव हो या निर्जीव उसकी जाति अवश्य होती है।

जैसे- कुर्सी, प्याली, शेर, कोयल, पेड़, लोटा, कलम इत्यादि।

### लिंग के प्रकार

लिंग दो प्रकार के होते हैं-

(i) पुल्लिंग

(ii) स्त्रीलिंग

उभयलिंग; जैसे- मंत्री, डॉक्टर, प्रधानमंत्री, मैनेजर, इंजीनियर आदि।

हिन्दी में दो ही लिंग की मान्यता है- (i) **पुल्लिंग,** (ii) **स्त्रीलिंग**। हिन्दी में इन्हीं दो लिंगो के आधार पर ही समस्त सजीव या निर्जीव पदार्थवाचक शब्दों को विभक्त करते हैं।

हिन्दी में नपुंसकलिंग को स्थान नहीं दिया गया है।

### *प्रयोग के आधार पर लिंग निर्णय*

कोई शब्द स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग; इसे जानने के लिए शब्द के साथ सर्वनाम, विशेषण, क्रिया एवं कारक चिह्न को आधार बनाया जा सकता है। जैसे-

**(1)** सर्वनाम का प्रयोग करके:-
यह मेरी पुस्तक है। (पुस्तक स्त्रीलिंग है)
यह मेरा खिलौना है। (खिलौना पुल्लिंग है)

**(2)** विशेषण का प्रयोग करके:-
किताब अच्छी है। (स्त्रीलिंग)
ग्रंथ अच्छा है। (पुल्लिंग)

**(3)** क्रिया का प्रयोग करके:-
किताब खो गयी। (स्त्रीलिंग)
ग्रंथ खो गया। (पुल्लिंग)

**(4)** कारक चिह्न 'का', 'की' का प्रयोग करके:-
मोहन का ग्रन्थ (पुल्लिंग)
मोहन की किताब (स्त्रीलिंग)

### *पुल्लिंग शब्द*

पुरुष जाति बोधक शब्द पुल्लिंग होते हैं।

***पुल्लिंग शब्दों की पहचान :-***

- **महासागरों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  प्रशान्त महासागर, हिंद महासागर, अटलांटिक महासागर आदि।
- **जल, स्थल और भूमण्डल के भागों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  देश, नगर, समुद्र, द्वीप, भारत, चीन, जापान, रेगिस्तान, सरोवर आदि।
  अपवाद - श्री लंका (स्त्रीलिंग)
- **वृक्षों/पेड़ों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  शीशम, नीम, पीपल, आम, बरगद आदि।
  अपवाद - इमली, खेजड़ी, तुलसी (स्त्रीलिंग)
- **ग्रहों/तारों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  मंगल, शनि, चंद्रमा, सूर्य, बुध, शुक्र, राहु, केतु आदि।
  अपवाद- पृथ्वी (स्त्रीलिंग)
- **अनाजों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  गेहूँ, चना, जौ, बाजरा, चावल आदि।
  अपवाद - ज्वार, मक्का, सरसों, अरहर (स्त्रीलिंग)
- **धातु/रत्नों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  सोना, ताँबा, लोहा, हीरा, मोती, पन्ना, मूँगा आदि।
  अपवाद - चाँदी, मणि (स्त्रीलिंग)
- **वार/माह के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  सोमवार, रविवार, मार्च, अप्रैल, चैत्र, आषाढ़, जून आदि।
  अपवाद - जनवरी, फरवरी, मई, जुलाई (स्त्रीलिंग)
- **वर्णमाला के अक्षर प्रायः पुल्लिंग होते हैं-**
  अ, आ, उ, ए ..... आदि।
  अपवाद - इ, ई, ऋ (स्त्रीलिंग)
- **द्रव पदार्थों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  पानी, दूध, तेल, घी, जूस, शरबत, दही आदि।
  अपवाद - चाय, लस्सी, शराब, कॉफी (स्त्रीलिंग)
- **पर्वतों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  हिमालय, विंध्याचल, रॉकी पर्वत, अरावली पर्वत आदि।
- **शरीर के अवयवों के नाम पुल्लिंग होते हैं-**
  मुँह, कान, गला, हाथ, पैर, मस्तक, दाँत आदि।
  अपवाद - गर्दन, चोटी, कमर, नाक आदि (स्त्रीलिंग)



CamScanner

- **ना, आव, पन, त्व, आपा आदि प्रत्ययों वाले शब्द प्रायः पुल्लिंग होते हैं-**
  जागना, सोना, हँसना, तनाव, बहाव, सोधापन, बचपन, महत्त्व, मानवत्व, बुढापा, मोटापा आदि।
- **त्योहार सामूहिक रूप से पुल्लिंग होते हैं जबकि व्यक्तिगत रूप से त्योहारों का लिंग परिवर्तित हो जाता है।**
  जैसे- दिपावली आ गयी।, होली आ गयी।
  दशहरा आ गया।, ईद आ गयी।

## स्त्रीलिंग शब्द

स्त्री जाति बोधक शब्द स्त्रीलिंग श्रेणी में आते हैं।

***स्त्रीलिंग शब्दों की पहचान :-***

- **नदियों/झीलों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं-**
  गंगा, यमुना, सरयू, रावी, ताप्ती, डल झील, चिल्का झील आदि।
  अपवाद - सिंधु, सोन, ब्रह्मपुत्र (पुल्लिंग)
- **तिथियों/नक्षत्रों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं-**
  प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, ......, पूर्णिमा, अमावस्या, रोहिणी, अश्विनी आदि।
- **ऋतुओं के नाम स्त्रीलिंग होते हैं-**
  बसंत ऋतु, शरद ऋतु, ग्रीष्म ऋतु आदि।
- **भाषाएँ, बोलियाँ एवं लिपियाँ प्रायः स्त्रीलिंग होती हैं-**
  हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, ब्रज, भोजपुरी, अवधी, देवनागरी, अरबी, फारसी, ब्राह्मी आदि।
- **आहारों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं-**
  पूड़ी-सब्जी, रोटी, खिचड़ी, चटनी, दाल, खीर, टिक्की आदि।
  अपवाद - सलाद, दलिया, परांठा आदि (पुल्लिंग)
- **किराने की वस्तुएँ प्रायः स्त्रीलिंग होती हैं-**
  सौंफ, हल्दी, इलायची, लौंग, हींग, कालीमिर्च आदि।
  अपवाद - जीरा, नमक, जायफल (पुल्लिंग)
- **ट, आई, वट, हट, आस आदि प्रत्यय युक्त शब्द प्रायः स्त्रीलिंग होते हैं-**
  खाट, मिठाई, खटाई, कढ़ाई, बनावट, सजावट, मुस्कराहट, चिकनाहट, मिठास, खटास आदि।

## वचन

संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण की जिस प्रकृति या रूप से हमें उसकी संख्या का भाव या बोध हो उसे वचन कहते हैं अर्थात् संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण के रूप से एक या अधिक का संख्याबोध ही 'वचन' कहलाता है।

### वचन के प्रकार

अंग्रेजी की भाँति हिन्दी में भी वचन दो प्रकार के होते हैं-

(i) एकवचन (ii) बहुवचन

(i) एकवचन
जिस विकारी शब्द के कारण किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, पदार्थ आदि के **एक** होने का पता चले, उसे एकवचन कहते हैं।
जैसे- नदी, लड़का, माला, गधा, बच्चा, घोड़ा आदि।
उदाहरण वाक्य -
पुस्तक अच्छी है। (पुस्तक एकवचन है)
गधा बैठा है। (गधा एकवचन है)

(ii) बहुवचन
जिस विकारी शब्द के कारण किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, पदार्थ आदि के **एक से अधिक** अथवा **अनेक** होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं।
जैसे - नदियाँ, लड़के, मालाएँ, गधे, बच्चे, घोड़े आदि।
उदाहरण वाक्य -
पुस्तकें बहुत मोटी हैं। (पुस्तकें बहुवचन हैं)
गायें दौड़ रही हैं। (गायें बहुवचन हैं)

- वे शब्द जो सदा एकवचन रहते हैं-
  जनता, आग, पानी, वर्षा, दूध, सोना, लोहा, ताँबा, घी, तेल, दही, क्रोध, सत्य आदि।
- वे शब्द जो सदैव बहुवचन रहते हैं-
  हस्ताक्षर, प्राण, अनेक, आँसू, दाम, लोग, दर्शन, रोंगटे, नेत्र, तेवर, होश, अक्षत, समाचार आदि।

## कारक

***परिभाषा***

(i) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के शब्दों के साथ उनके संबंध का बोध हो, उस रूप को कारक कहते हैं। अर्थात् वाक्य में प्रयुक्त शब्द आपस में सम्बद्ध होते हैं, उनके अर्थ में संबंध की सार्थकता बताने का कार्य 'कारक' करते हैं।

(ii) संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उनका (संज्ञा या सर्वनाम का) संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ विशेषतः क्रिया के साथ होता है, उसे कारक कहते हैं।
जैसे- राजन शैली देखता है।→राजन शैली **को** देखता है।
(को कारक चिह्न का प्रयोग)
नीरज भीड़ अलग हो गया।→नीरज भीड़ **से** अलग हो गया
(से कारक चिह्न का प्रयोग)

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट हो रहा है कि बिना 'कारक चिह्न' के वाक्य के अर्थ स्पष्ट नहीं हो रहे हैं। अतः 'कारक चिह्न' के प्रयोग के साथ ही वाक्य का अर्थ स्पष्ट और उनके बीच के संबंध की सार्थकता का भी स्पष्टीकरण हो जाता है।

जब संज्ञा और सर्वनाम के आगे ने, को, से, के लिए आदि विभक्तियाँ लगती हैं, तब उनका रूप 'कारक' कहलाता है, तभी वे वाक्य के अन्य शब्दों से संबंध रखने योग्य 'पद' बनते हैं और पद



CS CamScanner

की अवस्था में ही वे वाक्य के दूसरे शब्दों से या क्रिया से जुड़ाव रख पाते हैं।

### विभक्ति ( परसर्ग/कारक-चिह्न )

कारक को सूचित करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के साथ जो चिह्न लगाया जाता है, उसे विभक्ति कहते हैं।

**जैसे**- ने, को, के लिए, से, के द्वारा आदि।

### कारक के भेद

कारक **आठ** प्रकार के होते हैं, जो अपनी विभक्तियों के साथ इस प्रकार हैं-

| कारक | कारक-चिह्न/परसर्ग |
|---|---|
| कर्त्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, के द्वारा |
| सम्प्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से (अलगाव के अर्थ में) |
| संबंध | का, के, की, रा, रे, री, ना, नी, ने |
| अधिकरण | में, पर |
| संबोधन | हे! हो! अरे!, अजी!, अहो! |

### कर्त्ता कारक

वाक्य में जो शब्द काम करने या क्रिया करने के लिए प्रयुक्त होता है अर्थात् क्रिया करने वाले के अर्थ में आता है, उसे **कर्त्ता कारक** कहते हैं।

कर्त्ता कारक की विभक्ति **ने** होती है।

**जैसे**- राम **ने** खाना खाया।
योगेश **ने** जीतू को चाँटा मारा था।

### कर्म कारक

संज्ञा तथा सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का फल पड़ता है, उसे **कर्म कारक** कहते हैं। इसकी विभक्ति **को** है।

**जैसे**- गोपाल ने सीमा **को** मारा।
रामू ने घोड़े **को** पानी पिलाया।
माँ ने बच्चे **को** खाना खिलाया।
अध्यापक छात्रों **को** पीटता है।

### करण कारक

जिस शब्द या साधन के द्वारा क्रिया पूर्ण की जाती है या वाक्य में जो साधन या शब्द क्रिया के संबंध का बोध कराता है, **करण कारक** कहलाता है।

इसकी विभक्ति **से, के द्वारा** हैं।

**जैसे**- आकांक्षा ने गुलेल **से** फल तोड़ा।
(**से** साधन के रूप में करण कारक)
अक्षिता कलम **से** किताब लिखती है।
(**से** साधन के रूप में करण कारक)

### सम्प्रदान कारक

वे शब्द जो वाक्य में किसी के लिए कुछ करने या कुछ देने का बोध कराएँ, उन शब्द रूप को **सम्प्रदान कारक** कहते हैं।

**जैसे**- राजन लाडो **के लिए** चॉकलेट लाता है।
विशाल बच्चे **के लिए** गेंद लाओ।
प्यासों **को** जल देना चाहिए।

### अपादान कारक

संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलगाव या पृथक् होने का भाव प्रकट होता है, उसे **अपादान कारक** कहते हैं। इसकी विभक्ति **से** है।

**जैसे**- हिमालय **से** गंगा निकलती है।
अंकित छत **से** गिरा।
राहुल घर **से** बाहर आया।

### संबंध कारक

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका दूसरे शब्दों के साथ संबंध या जुड़ाव (लगाव) प्रदर्शित हो, उसे **संबंध कारक** कहते हैं।

इस कारक के विभक्ति चिह्न **का, के, की** आदि हैं।

**जैसे**- नीरज **की** घड़ी खो गई।
मोहन **का** भाई अच्छा है।

### अधिकरण कारक

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से **क्रिया के आधार** का बोध होता है, उसे **अधिकरण कारक** कहते हैं। इसकी विभक्ति **में, पर** हैं।

**जैसे**- मेज **पर** पुस्तक है।
मुम्बई **में** ताज़ होटल है।

### संबोधन कारक

जिस शब्द से किसी को पुकारने, संबोधित करने अथवा सावधान करने का बोध हो, उसे **संबोधन कारक** कहते हैं।

- हिन्दी में यह कर्त्ता से पृथक् कारक माना जाता है जबकि संस्कृत में इसे कर्त्ता कारक से अलग नहीं मानते।

**जैसे**- **हे ईश्वर!** मुझ पर कृपा कीजिए।
**अजी!** सुनते हो।

संबोधन कारक की कोई विभक्ति नहीं होती। इसे **हे!, अरे!, रे!** आदि शब्दों से प्रकट करते हैं।

## SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन

**1. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।**

**मैं..........में अपने परिवार के साथ घूमने जाने वाली हूँ।**

**SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I**

(a) गाड़ी (b) अपनेपन
(c) कल (d) दिसंबर

**2. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।**



CamScanner

क्या हुआ है तुम्हें, तुम्हारी वह.......... अब नहीं रही।

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I

(a) स्वास्थ्य (b) खबर
(c) होश (d) चमक

3. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
उसके चेहरे पर.........लगातार गिर रही हैं।

SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-II

(a) ताज (b) छप्पर
(c) कूड़ा (d) बूंदे

4. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
कल सभी उस लड़के की...........कर रहे थे।

SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I

(a) सभा (b) कुशल
(c) प्रशंसा (d) खुलासा

5. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
मैंने हाल ही में जो कहानी पढ़ी है उसकी ........ बहुत ही अच्छी हैं।

SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-II

(a) गढ़ाई (b) सजावट
(c) पाठिका (d) लेखिका

6. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
तुम्हारी ......... कुछ ठीक नहीं लग रही है।

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-II

(a) तबीयत (b) होश
(c) घाव (d) स्वास्थ्य

7. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
सभी को ईश्वर की ....... करनी चाहिए।

SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-III

(a) देखरेख (b) अग्नि
(c) शक्ति (d) भक्ति

8. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
मैंने आज ही एक बहुत सुंदर..........देखा।

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II

(a) किताब (b) कुर्सी
(c) मंजिल (d) नक्शा

9. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
.......... करना हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III

(a) बातें (b) क्रोध
(c) खेल (d) हँसी–मजाक

10. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
हमें किसी भी अधिकारी को ..........नहीं देनी चाहिए।

SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV

(a) तीर (b) क्रोध
(c) आईना (d) घूस

11. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
आज लगता है पूरे घर की सफाई हुई है क्योंकि....... भी साफ नजर आ रहा है।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I

(a) आईना (b) किताब
(c) दीवारें (d) घड़ी

12. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
कभी-कभी सबके साथ ज्यादा..........भारी पड़ जाता है।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-III

(a) जमाव (b) लगाव
(c) चुनाव (d) रुकाव

13. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
मैंने जो अपना.........तुम्हें कल दिया था वह मुझे वापस चाहिए।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-III

(a) रुमाल (b) टोपी
(c) किताब (d) मिठाई

14. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
हमारे पड़ोस में एक बड़े ही ........... व्यक्ति रहते हैं।

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-II

(a) कवयित्री (b) विदुषी
(c) विद्वान (d) कवि



CamScanner

15. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग वाला विकल्प हो।
............ एक प्रकार की जंगली जानवर होती है।
SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-II
(a) लोमड़ी (b) शेर
(c) भेड़ (d) भैंस

16. 'करण खाने बीच मिठाई लाया'
उपर्युक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए।
SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I
(a) करण खाने साथ मिठाई लाया।
(b) करण खाने की मिठाई लाया।
(c) करण खाने बाद मिठाई लाया।
(d) करण खाने के लिए मिठाई लाया।

17. निम्नलिखित में से कौन-सा संबोधन कारक चिह्न है?
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I
(a) ही (b) से
(c) अरे (d) ने

18. दिए गए वाक्य में प्रयुक्त गलत विभक्ति चिह्न के स्थान पर सही विभक्ति चिह्न होगा–
छुट्टियों में सभी बच्चों का अपने मम्मी-पापा के साथ घूमने जाने का कार्यक्रम बना लिया था।
SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II
(a) ने (b) पर
(c) से (d) द्वारा

19. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य करण कारक का उदाहरण नहीं है?
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I
(a) सब ही भाग्य को रोते हैं।
(b) मैंने लाठी से साँप मारा।
(c) बच्चे गेंद से खेल रहे हैं।
(d) वह कलम से पत्र लिख रही थी।

20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कारक चिह्न नहीं है? SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II
(a) द्वारा (b) पर
(c) के लिए (d) जाना

21. निम्न में से कौन-से वाक्य में कर्म कारक का गलत प्रयोग हुआ है?
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III
(a) लड़का कुत्ते को मारता है।
(b) सीता ने चिट्टी लिखी।
(c) रमेश ने गोपाल को मारा।
(d) कविता पत्र को लिखती है।

22. संप्रदान कारक का बहुवचन रूप किस विकल्प में मौजूद है?
SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV
(a) हमारे लिए (b) हमारे द्वारा
(c) हमारे पर (d) हममें

23. निम्नलिखित वाक्य की पूर्ति उचित कर्त्ता कारक चिह्न से करें।
'सोहन............घर का सारा काम किया है।'
SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III
(a) से (b) ने
(c) पर (d) में

24. निम्न में से कौन-सा वाक्य संबोधन कारक का उदाहरण नहीं है?
SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV
(a) अजी! तुम उसे क्या मारोगे?
(b) आलोक माँ के लिए दवाई लाया।
(c) अरे भाई! यहाँ आओ।
(d) हे भगवान! तू सबका भला कर।

25. निम्न विकल्पों में से किसमें गलत अपादान कारक का प्रयोग हुआ है?
SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II
(a) वह मुझसे अलग रहता है।
(b) मेरे हाथ से छड़ी छूट पड़ी।
(c) दूध से दही बनता है।
(d) वह लखनऊ से आया है।

26. निम्न वाक्य को अधिकरण कारक के अनुसार शुद्ध कीजिए।
कपड़े छत को सूख रहे हैं।
SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III
(a) कपड़े छत के सूख रहे हैं।
(b) कपड़े छत से सूख रहे हैं।
(c) कपड़े छत के अनुसार सूख रहे हैं।
(d) कपड़े छत पर सूख रहे हैं।

27. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?
(a) माला (b) योजना
(c) भिक्षा (d) संबल

28. 'पंखा' का बहुवचन क्या होगा?
(a) पँखे (b) पँखें
(c) पंख (d) पंखे

29. 'हरि भिखारी <u>को</u> रुपये देता है।' रेखांकित में कौन-सा कारक है?
(a) कर्म कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) अधिकरण कारक

30. इनमें से 'छाया' शब्द का बहुवचन क्या होगा?
(a) छाया (b) छायें
(c) छाओं (d) इनमें से कोई नहीं

31. इनमें से कौन-सा शब्द 'वीरांगना' का पुल्लिंग रूप है?
(a) वीरता (b) वीर
(c) वीरांगना (d) इनमें से कोई नहीं



CS CamScanner

**32. 'कवि' का स्त्रीलिंग इनमें से क्या है?**
(a) कवियाइन (b) कवियानी
(c) कवियित्री (d) कवयित्री

**33. 'ठठेरा' शब्द का लिंग परिवर्तित कीजिए-**
(a) ठठेरी (b) ठठारी
(c) ठठेरिन (d) ठठेरिनी

**34. 'रमा विद्यालय से घर जाती है', में कारक है-**
(a) अपादान (b) कर्त्ता
(c) कर्म (d) सम्बन्ध

**35. पेड़ से पत्ता गिरा। यहाँ 'पेड़ से' में कारक है-**
(a) करण कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) अपादान कारक (d) कर्म कारक

**36. 'राजा भिक्षुक को दान देता है' वाक्य में कौन-सा कारक है?**
(a) कर्म कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) करण कारक

**37. 'वधू' का बहुवचन क्या होगा?**
(a) वधूएँ (b) वधुओं
(c) वधुएँ (d) वधुऐ

**38. सीमा कुत्ते से डरती है। इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**
(a) अपादान कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्बोधन कारक

**39. 'अध्यापक को पुरस्कार दीजिए।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**
(a) संबोधन कारक (b) अधिकरण कारक
(c) कर्म कारक (d) संबंध कारक

**40. कारक के कितने भेद होते हैं?**
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

**41. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?**
(a) विवाद (b) सार
(c) रूप (d) आय

**42. किसका प्रयोग सदैव बहुवचन में होता है?**
(a) दर्शन (b) नारी
(c) लता (d) गाय

**43. वचन की दृष्टि से कौन-सा जोड़ा सही नहीं हैं?**
(a) लता-लताएँ (b) घोड़ा-घोड़े
(c) किताब-किताबें (d) सखी-सखीयाँ

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (d) | 4. | (c) | 5. | (d) | 6. | (a) | 7. | (d) | 8. | (d) | 9. | (b) | 10. | (d) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (a) | 14. | (c) | 15. | (a) | 16. | (d) | 17. | (c) | 18. | (a) | 19. | (a) | 20. | (d) |
| 21. | (d) | 22. | (a) | 23. | (b) | 24. | (b) | 25. | (c) | 26. | (d) | 27. | (d) | 28. | (d) | 29. | (c) | 30. | (a) |
| 31. | (b) | 32. | (d) | 33. | (c) | 34. | (a) | 35. | (c) | 36. | (c) | 37. | (c) | 38. | (a) | 39. | (c) | 40. | (b) |
| 41. | (d) | 42. | (a) | 43. | (d) | | | | | | | | | | | | | | |



CamScanner

# 13 विशेषण एवं अव्यय

### परिभाषा

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे विशेषण कहते हैं तथा जिसकी विशेषता बताई जाए, वह विशेष्य कहलाता है।

अर्थात् शब्दों में विशेषण ऐसा विकारी शब्द है जो हमेशा संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है।

- विशेषण से संज्ञा का गुण अथवा विशेषता प्रकट होती है, इसके प्रयोग से जातिवाचक संज्ञा की व्यापकता सीमित हो जाती है।

  जैसे - कुत्ता संज्ञा से कुत्ता जाति के सभी प्राणियों का बोध होता है, पर 'काला कुत्ता' कहने से केवल काले कुत्ते का बोध होता है, सभी तरह के कुत्तों का नहीं। यहाँ 'काला' विशेषण से 'कुत्ता' संज्ञा की व्यापकता सीमित (मर्यादित) हो गई।

### विशेषण के भेद

विशेषण के मुख्यतः चार भेद हैं-

1. सार्वनामिक विशेषण
2. गुणवाचक विशेषण
3. संख्यावाचक विशेषण
4. परिमाणवाचक विशेषण

**1. सार्वनामिक विशेषण**

निजवाचक और पुरुषवाचक सर्वनाम (मैं, तू) के अतिरिक्त अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पूर्व आते हैं, तब वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

जैसे- **यह** आदमी अच्छा नहीं है।
**वह** नौकर नहीं आया।

उपर्युक्त उदाहरणों में आदमी और नौकर संज्ञाओं के पहले विशेषण के रूप में यह और वह सर्वनाम आए हैं। अतः ये सार्वनामिक विशेषण हैं।

**2. गुणवाचक विशेषण**

जिन विशेषणों से संज्ञा के गुण, रंग, आकार, स्वभाव, दशा आदि का बोध होता है, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**विशेषणों में इनकी संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। कुछ मुख्य रूप निम्नलिखित हैं-**

- **स्थानबोधक** - शहरी, ग्रामीण, भारतीय, रूसी, क्षेत्रीय, बिहारी, पंजाबी आदि।
- **रंगबोधक** - काला, लाल, नीला, हरा, बैंगनी, नारंगी, सुनहरा आदि।
- **कालबोधक** - पुराना, नया, ताजा, मौसमी, नवीन, पिछला, प्राचीन, अगला आदि।
- **दशा/अवस्थाबोधक** - गरीब, उद्यमी, दुबला, पतला, पिघला, गीला, रोगी, युवा, वृद्ध, स्वस्थ आदि।
- **आकारबोधक** - सुडौल, चौड़ा, समान, गोल, तिरछा, नुकीला, लंबा आदि।
- **गुणबोधक** - बुरा, भला, दयालु, निर्दयी, झूठा, सच्चा, शांत, सीधा, दुष्ट, पापी आदि।
- विचार दृष्टि - गुणवाचक विशेषण में 'सा' सादृश्यवाचक पद जोड़कर गुणों को कम या सीमित भी किया जा सकता है।

  जैसे - छोटा-सा, बड़ी-सी, पीला-सा आदि।

**3. संख्यावाचक विशेषण**

जिन विशेषणों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या प्रदर्शित हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं।

जैसे - तीन दिन, चार कुत्ते, दस गुने लोग, पंचम वर्ण आदि।

संख्यावाचक विशेषण के मुख्यतः दो भेद हैं-

(क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ख) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण- इस विशेषण से किसी व्यक्ति या वस्तु की निश्चित संख्या का बोध होता है।

जैसे- दो लड़के, चार लोग, बीस रुपये आदि।

(i) क्रमबोधकः पहला, दूसरा, तीसरा, ........ हजारवाँ आदि।
(ii) आवृत्तिबोधकः दोगुना, तिगुना, चौगुना आदि।
(iii) समुदायबोधकः तीनों, चारों, पाँचों आदि।
(iv) प्रत्येकबोधकः एक-एक, दो-दो, हर-एक आदि।
(v) गणनाबोधकः

**पूर्णांकबोधक** - एक, दो, नौ, हजार आदि।
**अपूर्णांकबोधक** - पाव, आधा, पौन, सवा, डेढ़ आदि।

(ख) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण- इसमें व्यक्ति या वस्तु की संख्या का निश्चित बोध नहीं होता है।

जैसे- कई आदमी, कुछ लोग, थोड़े बच्चे, सैंकड़ों छात्र आदि।

**4. परिमाणवाचक विशेषण**

किसी पदार्थ या वस्तु की मात्रा, परिमाण, नाप या तौल का बोध कराने वाले शब्दों को परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे- सारा दूध, थोड़ा घी इत्यादि।



CamScanner

परिमाणवाचक विशेषण के दो भेद होते हैं-

(क) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(क) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण- किसी वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की निश्चित मात्रा, परिमाण, नाप या तौल का बोध कराने वाले शब्दों को निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे- तीन किलो अनाज, चार मीटर कपड़ा, चार किलो आलू आदि।

(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण- किसी वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की अनिश्चित मात्रा, परिमाण, नाप या तौल का बोध कराने वाले शब्दों को अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे- थोड़ा अनाज, कुछ फल, थोड़ी नमकीन, बहुत दूध आदि।

## अव्यय

### परिभाषा

जिन शब्दों में लिंग, वचन, काल और कारक से कोई विकार उत्पन्न नहीं होता तथा शब्द रूप सदैव एक-से बने रहते हैं, उन्हें 'अव्यय' या 'अविकारी' शब्द कहते हैं। चूँकि इनका व्यय नहीं होता, अतः ये अव्यय हैं।

जैसे - सलमान धीरे चलता है।
तुम धीरे चलते हो।

उक्त में 'धीरे' शब्द सभी अवस्थाओं में एक समान है-अव्यय है।

### अव्यय के भेद

सामान्यतः अव्यय के चार भेद होते हैं- (1) क्रियाविशेषण (2) संबंधबोधक (3) समुच्चयबोधक (4) विस्मयादिबोधक।

1. क्रिया-विशेषण

जो अव्यय क्रिया की विशेषता प्रकट या प्रदर्शित करे अर्थात् जिस अव्यय से क्रिया, विशेषण या अन्य क्रियाविशेषण की विशेषता प्रकट हो, उसे 'क्रिया-विशेषण' कहते हैं।

जैसे- जितेन्द्र तेज दौड़ता है।
राज अभी टहलता है।

यहाँ क्रिया 'दौड़ना' और 'टहलना' की विशेषता क्रमशः 'तेज' और 'अभी' है- अतः ये क्रिया-विशेषण हैं।

इसके अतिरिक्त, क्रिया-विशेषण दूसरे क्रिया-विशेषण की विशेषता को भी प्रकट करता है।

जैसे- शिवकुमार बहुत धीरे चलता है।

इस उदाहरण वाक्य में 'बहुत' क्रिया-विशेषण है, वहीं यह दूसरे क्रिया-विशेषण 'धीरे' की भी विशेषता प्रकट कर रहा है।

क्रिया-विशेषण के भेद-

अर्थ के आधार पर क्रिया-विशेषण के मुख्यतः चार भेद होते हैं।

(i) स्थितिवाचक क्रिया-विशेषण- जिस क्रिया-विशेषण से स्थान और दिशा की सूचना मिलती है, उसे स्थितिवाचक (स्थानवाचक) क्रिया-विशेषण कहते हैं।

जैसे- इधर, उधर, ऊपर, नीचे, दायें, बायें आदि।

(ii) कालवाचक क्रिया-विशेषण- जिस क्रिया विशेषण से काल या समय की सूचना मिले, उसे कालवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं।

जैसे- आज, कल, परसों, अब, कब आदि।

(iii) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण- वे अव्यय शब्द जो क्रिया के परिमाण अर्थात् नाप-तौल का बोध कराते हैं, परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण कहलाते हैं।

बहुत, खूब, अत्यंत, अति - अधिकताबोधक
जरा, थोड़ा, किंचित, कुछ - न्यूनताबोधक
बस, काफी, ठीक, यथेष्ट - पर्याप्तिबोधक
कम, अधिक, इतना, उतना - तुलनाबोधक
थोड़ा-थोड़ा, तिल-तिल, बारी-बारी - श्रेणीबोधक

(iv) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण- वे अव्यय शब्द जो क्रिया के होने का प्रकार दर्शाते हैं, रीतिवाचक क्रिया-विशेषण कहलाते हैं।

जैसे- एकाएक, अचानक, जरूर, आकस्मिक, धीरे-धीरे आदि।

2. संबंधबोधक

जो अव्यय, संज्ञा अथवा सर्वनाम का संबंध वाक्य के दूसरे शब्द से प्रदर्शित करता है, वह 'संबंधबोधक' कहलाता है अर्थात् जो संबंध का बोध कराए, संबंधबोधक अव्यय कहलाता है।

जैसे- के बाद, के बिना, के साथ, के सामने, के भीतर आदि।

यदि वाक्य में संज्ञा न हो तो वही अव्यय क्रिया-विशेषण कहलाएगा।

उदाहरण वाक्य-

ज्ञान **के बिना** किसी का काम नहीं चलता।
दिन **भर** घूमना अच्छा नहीं होता।

उपर्युक्त उदाहरण वाक्य में **'के बिना'** और **'भर'** संबंधबोधक हैं। इन वाक्यों में **'के बिना'** शब्द **'ज्ञान'** संज्ञा का संबंध **'चलता'** क्रिया से जोड़ता है। इसी तरह **'भर' 'दिन'** को **'घूमना'** क्रियार्थक संज्ञा से जोड़ता है।

संबंधबोधक के भेद-

प्रयोग, व्युत्पत्ति और अर्थ के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के निम्नलिखित भेद हैं।

प्रयोग के अनुसार- प्रयोग के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के दो भेद हैं-

(i) संबद्ध संबंधबोधक अव्यय- संबंधबोधक अव्यय जो संज्ञा की विभक्तियों के बाद या पीछे आते हैं, **'संबद्ध संबंधबोधक अव्यय'** होते हैं।

(ii) अनुबद्ध संबंधबोधक अव्यय- ऐसे संबंधबोधक अव्यय जो संज्ञाओं के विकृत रूप के बाद आते हैं, **'अनुबद्ध संबंधबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

व्युत्पत्ति के अनुसार- व्युत्पत्ति के आधार पर संबंधबोधक अव्यय के दो भेद होते हैं-



CamScanner

(i) **मूल संबंधबोधक अव्यय**- बिना, पूर्वक, पर्यंत इत्यादि।

(ii) **यौगिक संबंधबोधक अव्यय**-

**संज्ञा से** - अपेक्षा, मारफत, लेखे, पलटे आदि।

**विशेषण से** - उल्टा, ऐसा, तुल्य, समान, योग्य आदि।

**क्रिया से** - कर, जाने, लिए, मारे, चलते आदि।

**क्रिया-विशेषण से** - पीछे, परे, पास आदि।

**अर्थ के अनुसार**- अर्थ के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के तेरह (13) भेद निम्नलिखित हैं-

(i) कालवाचक (ii) स्थानवाचक
(iii) दिशावाचक (iv) साधनवाचक
(v) हेतुवाचक (vi) विषयवाचक
(vii) व्यतिरेकवाचक (viii) विनिमयवाचक
(ix) सादृश्यवाचक (x) विरोधवाचक
(xi) साहचर्यवाचक (xii) संग्रहवाचक
(xiii) तुलनावाचक

### 3. समुच्चयबोधक अव्यय

ऐसे अव्यय जो दो शब्दों अथवा दो वाक्यों को जोड़ते हैं, वे **'समुच्चयबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

जैसे- मैं आया **और** वह चला गया।

यहाँ **'और'** समुच्चयबोधक अव्यय है, क्योंकि **'मैं आया'** तथा **'वह चला गया'** को जोड़ता है।

इसी तरह समुच्चयबोधक अव्यय दो पदों को भी जोड़ता है।

जैसे- नौ **और** दो ग्यारह होते हैं।

**समुच्चयबोधक के भेद-**

समुच्चयबोधक अव्यय के मुख्यतः दो भेद होते हैं तथा इनके अपने उपभेद भी हैं।

(i) समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय
(ii) व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय

(i) **समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय**-मुख्य वाक्य जोड़ने में सहायक पद या अव्यय, अर्थात् जिन अव्ययों या पदों के द्वारा मुख्य वाक्य जोड़े जाते हैं, **'समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

इसके **चार** उपभेद हैं, जो निम्नलिखित हैं-

**(क) संयोजक** - एवं, तथा, और।
**(ख) विभाजक** - व, अथवा, या किंवा, चाहे ........चाहे कि, न........ न, नहीं तो।
**(ग) विरोधबोधक** - किन्तु, परन्तु, वरन्, पर, लेकिन, मगर।
**(घ) परिणामबोधक** - अतएव, इसलिए, अतः।

(ii) **व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय** - जिन अव्ययों या पदों के मेल से मुख्य वाक्य में एक या अधिक आश्रित वाक्य जोड़े जाते हैं, उन्हें **'व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय'** कहते हैं।

इसके **चार** उपभेद हैं-

**(क) कारणवाचक** - चूँकि, इसलिए कि, क्योंकि।
**(ख) उद्देश्यवाचक** - कि, जोकि, ताकि।
**(ग) संकेतवाचक** - यदि-तो, जो-सो, यद्यपि-तथापि।
**(घ) स्वरूपवाचक** - अर्थात्, यानी कि।

### 4. विस्मयादिबोधक अव्यय

जिन अव्ययों से भाव (हर्ष, आश्चर्य, शोक आदि) सूचित हों, पर उनका संबंध किसी विशेष पद या वाक्य से न हो, **'विस्मयादिबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

जैसे- **अरे!** ये तुमने क्या किया।

इसमें **'अरे!'** विस्मय प्रकट कर रहा है तथा इनका अपने वाक्य या किसी पद से कोई संबंध नहीं है।

विस्मयादिबोधक अव्ययों का व्याकरण में कोई विशेष महत्व नहीं है। इनका प्रयोग मनोभावों को तीव्रता से प्रकट करने के लिए होता है।

जैसे- तुम क्या करोगे? → हाय! तुम क्या करोगे?

इसके कुछ मुख्य भेद निम्नलिखित हैं-

(i) **हर्षबोधक** - धन्य-धन्य!, जय!, शाबाश!, अहा!,वाह-वाह!
(ii) **आश्चर्यबोधक** - हैं!, ऐं!, ओहो!, क्या!
(iii) **स्वीकारबोधक** - जी हाँ!, हाँ जी!, बहुत अच्छा!, ठीक!
(iv) **तिरस्कारबोधक** - चुप!, अरे!, हट!
(v) **शोकबोधक** - आह!, हा-हा!, त्राहि-त्रहि!, हाय!
(vi) **अनुमोदनबोधक** - वाह!, अच्छा!, ठीक!, हाँ-हाँ!
(vii) **संबोधनबोधक** - अरे!, रे!, अहो!, हे!, अजी!

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

**1. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?**
**SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III**

(a) दुर्घटना में पहलवान को अधिक घाव हो गए हैं।
(b) हमारी बगिया में कुछ अधिक वृक्ष हो गए हैं।
(c) महात्मा गाँधी बहुत थोड़े कपड़े पहनते थे।
(d) नव्या के काले बाल हैं।

**2. निम्नलिखित में से विशेषण शब्द का उदाहरण है-**
**SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) समाज (b) भारत
(c) भारतीय (d) धन

**3. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?**
**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I**

(a) छत पर चार सफेद कबूतर हैं।
(b) भव्या का स्वभाव अच्छा है।
(c) कक्षा में चार छात्र पढ़ते हैं।
(d) कुछ खिलाड़ी बहुत अच्छा खेले।

**4. निम्नलिखित में से किस वाक्य में तुलनात्मक विशेषण की उत्तमावस्था के अशुद्ध रूप का उपयोग हुआ है?**
**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III**



CamScanner

(a) इन सब में से तुम सबसे सुन्दर हो।
(b) उसका स्वभाव कोमलरतम है।
(c) सभी महासागरों में प्रशांत महासागर विशालतम है।
(d) हल्क सबसे ज्यादा बलवान है।

**5. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III
(a) यह किसका खरगोश है?
(b) दिल्ली के पास यमुना में ज़रा-सा पानी है।
(c) मेरी गाय थोड़ा दूध देती है।
(d) गौरव के पास थोड़ी-सी भूमि बची हुई है।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द सार्वनामिक विशेषण शब्द नहीं है?**
SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV
(a) ऐसा (b) मैं
(c) तुम्हारा (d) जैसा

**7. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I
(a) नीना खाती है।
(b) शीला सोती है।
(c) राधा के लम्बे बाल हैं।
(d) करीम खेलता है।

**8. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?**
SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV
(a) उसका घोड़ा सुन्दर है।
(b) रमेश घर में है।
(c) मोहन गाँव में रहता है।
(d) सोहन प्रयागराज में है।

**9. किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?**
SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III
(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) समुच्चयबोधक (d) क्रिया

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द विशेषण शब्द नहीं है?**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II
(a) आप (b) पुराना
(c) काला (d) दोगुना

**11. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III
(a) गीता खेलती है।
(b) वह अच्छा लड़का है।
(c) वह कानपुर गया।
(d) राम पढ़ता है।

**12. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?**
SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III
(a) रमेश का चेहरा गोल है।
(b) नीरज दिल्ली में रहता है।
(c) राम सुन्दर बालक है।
(d) श्याम अच्छा लड़का है।

**13. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?**
SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I
(a) वह जाता है। (b) वह मीठा फल है।
(c) वह खाता है। (d) वह पढ़ता है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रिया से बना एक विशेषण शब्द है?**
SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II
(a) लड़ाकू (b) भागना
(c) गाना (d) दौड़ना

**15. 'अनु <u>बहुत</u> सुंदर लड़की है।'**
**उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द है-**
SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-I
(a) प्रविशेषण (b) विशेषण
(c) विशेष्य (d) क्रियाविशेषण

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है?**
SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV
(a) लगातार (b) दोगुना
(c) पहला (d) बहुत

**17. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?**
SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II
(a) रोज स्कूल जाओ। (b) पानी से नहाओ।
(c) खाना खाओ। (d) मीठा फल खाओ।

**18. तब की बात कुछ और थी, फिर ऐसा नहीं होगा। उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'तब','फिर' समानार्थक क्रिया-विशेषण के सही अर्थ क्या हैं?**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I
(a) 'तब' का अर्थ बाद में और 'फिर' का अर्थ बार-बार
(b) 'तब' का अर्थ उस समय और 'फिर' का अर्थ दुबारा
(c) 'तब' का अर्थ कहाँ और 'फिर' का अर्थ वर्तमान
(d) 'तब' का अर्थ उस समय और 'फिर' का अर्थ अलग

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वाक्य क्रिया-विशेषण से सम्बन्ध रखता है?**
SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III



CamScanner

(a) घोड़ा बहुत तेज दौड़ता है।
(b) बच्चा रोता है।
(c) मोहन हँसता है।
(d) सोहन सोता है।

**20. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक वाक्य क्रिया-विशेषण से सम्बन्ध रखता है?**
**SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I**

(a) वह अब धीरे-धीरे चलेगा।
(b) कोई काम न करना।
(c) क्या मैं घर जाऊँ।
(d) तुम घर जाओ।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वाक्य क्रिया-विशेषण से सम्बन्ध रखता है?**
**SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III**

(a) वह खड़ा है।
(b) बच्चे दौड़ते हैं।
(c) सीता यहाँ आ रही है।
(d) गाय चरती है।

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वाक्य क्रिया-विशेषण से संबंध रखता है?**
**SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-IV**

(a) हम पढ़ते हैं।
(b) पिता का कर्त्तव्य है कि संतानों का पालन करे।
(c) वे कमाते हैं।
(d) किशन बहुत तेज दौड़ता है।

**23. निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण शब्द नहीं है-**
**SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II**

(a) पुस्तक (b) पहले
(c) धीरे (d) शायद

**24. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द क्रिया-विशेषण शब्द नहीं है?**
**SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-III**

(a) कल (b) क्या
(c) जब (d) कब

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वाक्य क्रिया-विशेषण से सम्बन्ध रखता है?**
**SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I**

(a) रेखा गाती है।
(b) अनुराधा आयेगी।
(c) राहुल पढ़ता है।
(d) अशोक कल खेलेगा।

**26. कौन से विकल्प में दिए गए शब्द रीतिवाचक क्रिया विशेषण के उदाहरण हैं?**
**SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-II**

(a) आज, आजकल, प्रतिदिन
(b) ज्योंही, तक, पर
(c) ऊपर, नीचे, बाहर
(d) केवल, कदाचित, शायद

**27. किस विकल्प में पौनःपुन्यबोधक क्रिया-विशेषण के उदाहरण गलत हैं?**
**SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II**

(a) प्रतिदिन,घड़ी-घड़ी,बार-बार
(b) निकट, उस तरफ, परसों
(c) बार-बार, बहुधा, अक्सर
(d) पुनः, फिर, हरबार

**28. निम्न में से कौन-सा विकल्प स्थानवाचक क्रिया-विशेषण का उदाहरण नहीं है?**
**SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II**

(a) बाएं (b) तेज
(c) ऊपर (d) भीतर

**29. शब्द विचार की दृष्टि से क्रिया-विशेषण शब्द है-**
**SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II**

(a) सकर्मक (b) अकर्मक
(c) अविकारी (d) विकारी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (c) | 3. | (b) | 4. | (b) | 5. | (a) | 6. | (b) | 7. | (c) | 8. | (a) | 9. | (b) | 10. | (ब) |
| 11. | (b) | 12. | (b) | 13. | (b) | 14. | (a) | 15. | (a) | 16. | (a) | 17. | (d) | 18. | (b) | 19. | (a) | 20. | (a) |
| 21. | (c) | 22. | (d) | 23. | (a) | 24. | (b) | 25. | (d) | 26. | (d) | 27. | (b) | 28. | (b) | 29. | (c) | | |



CS CamScanner

# 14 क्रिया, काल एवं वाच्य

## क्रिया

### परिभाषा

जिस शब्द से किसी काम के होने, करने का बोध हो उसे क्रिया कहते हैं। क्रिया का अर्थ है-कार्य का होना या करना।

क्रिया एक विकारी शब्द है, जिसके रूप वचन, लिंग एवं पुरुष के अनुसार बदलते रहते हैं। क्रिया की यह अपनी विशेषता है।

जैसे - खाना, पढ़ना, खेलना, पीना, जाना, करना आदि।

उदाहरण वाक्य -

रुपाली को कूदना पसन्द है।

आशुवेन्द्र को भोपाल जाना है।

- कर्म के आधार पर क्रिया के भेद

कर्म के आधार पर क्रिया के सामान्यत: दो भेद हैं -

### सकर्मक क्रिया

सकर्मक क्रिया के व्यापार का फल कर्म पर पड़ता है या कर्म की सम्भावना होती है, अर्थात् वह क्रिया जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म होने की सम्भावना हो, सकर्मक क्रिया कहलाती है।

यहाँ क्रिया के व्यापार का संचालन तो होता है, लेकिन इसका फल या प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु पर, अर्थात् कर्म पर पड़ता है।

जैसे - श्रेया फल खाती है।

इस वाक्य में श्रेया कर्त्ता है, खाने के साथ उसका कर्तृरूप से संबंध है, श्रेया के खाने का प्रभाव 'फल' अर्थात् कर्म पर पड़ता है। अतः यहाँ, खाना क्रिया सकर्मक है।

### अकर्मक क्रिया

जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर हो, न कि कर्म पर, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

चूँकि अकर्मक क्रियाओं में कर्म नहीं होता, तो क्रिया का व्यापार और फल कर्त्ता पर पड़ता है।

उदाहरण वाक्य -

रश्मि सोती है।

इस वाक्य में सोना क्रिया अकर्मक है। रश्मि कर्त्ता है, सोने की क्रिया रश्मि द्वारा पूर्ण होती है। अत: सोने का फल भी कर्त्ता पर ही पड़ता है, इसलिए 'सोना' अकर्मक क्रिया है।

- प्रयोग एवं संरचना के आधार पर क्रिया के भेद

### प्रेरणार्थक क्रिया

जिस क्रिया शब्द से इस बात का बोध हो कि कर्त्ता स्वयं कार्य न करके किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वह प्रेरणार्थक क्रिया कहलाती है।

उदाहरण वाक्य -

राहुल मोहन से किताब लिखवाता है।

यहाँ राहुल (कर्त्ता) स्वयं किताब न लिखकर मोहन से दूसरे व्यक्ति को लिखने के लिए प्रेरित करता है।

### नामधातु क्रिया

संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण से बनने वाली क्रिया को नामधातु क्रिया कहते हैं।

जैसे - हाथ से हथियाना, बात से बतियाना, चिकना से चिकनाना, लाठी से लठियाना, लात से लतियाना इत्यादि।

### पूर्वकालिक क्रिया

जब कर्त्ता एक कार्य को समाप्त करके तुरंत दूसरे काम में लग जाता है तब जो क्रिया पहले ही समाप्त हो जाती है, उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं।

उदाहरण वाक्य -

पुजारी ने **नहाकर** पूजा की।

चोर सामान **चुराकर** भाग गया।

### संयुक्त क्रिया

जो क्रिया भिन्न-भिन्न क्रियाओं के मेल से बनकर एक क्रिया का निर्माण करती है, उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं।

उदाहरण वाक्य -

सीमा खाना **बना रही** है।

सुरेश ने खाना **खा लिया**।

### सहायक क्रिया

जो क्रिया मुख्य क्रिया की सहायता करती है, उसे सहायक क्रिया कहते हैं।

उदाहरण वाक्य -

मोहन पुस्तक पढ़ता **है**।

सोहन ने अपनी पुस्तक मेज पर रख **दी**।

### सजातीय क्रिया

जिस वाक्य में कर्म और क्रिया एक ही धातु से बने होते हैं, उसे सजातीय क्रिया कहते हैं।



CamScanner

उदाहरण वाक्य -

वह अच्छी **लिखाई लिख** रहा है।

भारत ने **लड़ाई लड़ी**।

## सामान्य क्रिया

जिस वाक्य में एक ही क्रिया होती है उसे सामान्य क्रिया कहते हैं।

उदाहरण वाक्य -

सीता आई।, राम गया।

## काल

### परिभाषा

क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का बोध होता है, उसे काल कहते हैं।

जैसे - राम **पढ़ता** है।

राजन जा **चुका होगा**।

### काल के भेद

**काल के तीन भेद हैं-**

(1) वर्तमान काल (2) भूतकाल (3) भविष्य काल

## वर्तमान काल

क्रियाओं के व्यापार की निरंतरता को वर्तमान-काल कहते हैं अर्थात् क्रिया का वह रूप जो वर्तमान समय का बोध कराता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं।

जैसे- आकांक्षा पढ़ती है।

अन्नू खेल रही है।

वर्तमान काल के भेद - वर्तमान काल के पाँच भेद हैं-

(i) सामान्य वर्तमान (ii) तात्कालिक वर्तमान

(iii) पूर्ण वर्तमान (iv) संदिग्ध वर्तमान

(v) संभाव्य वर्तमान

(i) **सामान्य वर्तमान**- क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया का सामान्य रूप से वर्तमान काल में होना पाया जाए 'सामान्य वर्तमान' कहलाता है।

जैसे- वह जाता है।

मैं पढ़ता हूँ।

(ii) **तात्कालिक वर्तमान**- क्रिया का वह रूप जिससे पता चले कि क्रिया वर्तमान काल में हो रही है अर्थात् कार्य जारी है।

जैसे- अक्षिता खेल रही है।

राज पढ़ रहा है।

(iii) **पूर्ण वर्तमान**- क्रिया का वह रूप जिससे वर्तमान काल में कार्य की पूर्ण सिद्धि का बोध होता है।

जैसे- कपिल आ चुका है।

विशाल पुस्तक पढ़ चुका है।

(iv) **संदिग्ध वर्तमान**- क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया के होने में संदेह प्रकट हो, पर उसकी वर्तमानता में सन्देह न हो।

जैसे- सपना पढ़ती होगी।

मानस खाता होगा।

(v) **संभाव्य वर्तमान**- क्रिया का वह रूप जिससे वर्तमान काल में काम के पूरा होने की संभावना रहती है।

जैसे- वे गए हों।

वह लौटा हो।

## भूतकाल

क्रिया के जिस रूप से कार्य की समाप्ति का बोध बीते हुए समय में हो, उसे भूतकाल कहते हैं।

जैसे- भोलू आया था।

मैंने खाया।

भूतकाल के भेद - भूतकाल के छः भेद हैं-

(i) सामान्य भूत (ii) आसन्न भूत

(iii) पूर्ण भूत (iv) अपूर्ण भूत

(v) संदिग्ध भूत (vi) हेतुहेतुमद् भूत

(i) **सामान्य भूत**- जिससे भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान न हो।

जैसे- श्रेया आयी।

श्रेयश गया।

(ii) **आसन्न भूत**- क्रिया के इस रूप से क्रिया की समाप्ति निकट भूत में या तत्काल ही सूचित होती है।

जैसे- मैंने खाना खाया है।

तुमने पुस्तक पढ़ी है।

(iii) **पूर्ण भूत**- क्रिया के उस रूप को पूर्ण भूत कहते हैं, जिससे क्रिया की समाप्ति के समय का स्पष्ट बोध होता है कि क्रिया को समाप्त हुए काफी समय बीत चुका है।

जैसे- उसने शिवांक को मारा था।

तुमने मेरा घर देखा था।

(iv) **अपूर्ण भूत**- क्रिया के इस रूप से यह ज्ञात होता है कि क्रिया भूतकाल में सम्पन्न हो रही थी, परन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं चलता।

जैसे- ममता गीत गा रही थी।

शैला सो रही थी।

(v) **संदिग्ध भूत**- क्रिया के इस रूप से भूतकाल में काम के पूरा होने में संदेह का बोध होता है।

जैसे- संध्या ने खाना खाया होगा।

ट्रेन छूट गई होगी।

(vi) **हेतुहेतुमद् भूत**- क्रिया के इस रूप से यह पता चलता है कि क्रिया भूतकाल में होने वाली थी, पर किसी वजह से न हो सकी।

जैसे- यदि वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।

## भविष्य काल

भविष्य में होने वाली क्रिया को भविष्य काल कहते हैं।

जैसे- आकांक्षा स्कूल जाएगी।

भोलू फुटबॉल खेलेगा।



CamScanner

**भविष्य काल के भेद** – भविष्य काल के तीन भेद हैं–

(i) सामान्य भविष्य (ii) संभाव्य भविष्य
(iii) हेतुहेतुमद् भविष्य

**(i) सामान्य भविष्य**– क्रिया के इस रूप से सामान्यतः यह प्रकट होता है कि क्रिया भविष्य में होगी।

**जैसे**– मैं जाऊँगा।
वंश कबड्डी खेलेगा।

**(ii) संभाव्य भविष्य**– क्रिया के जिस रूप से भविष्य में किसी कार्य के होने की संभावना हो।

**जैसे**– शायद कृष्णा कल आएगी।
लगता है, बारिश होगी।

**(iii) हेतुहेतुमद् भविष्य**– जब भविष्य में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया के होने पर निर्भर करता है, तो उसे हेतुहेतुमद् भविष्य काल कहते हैं।

**जैसे**– वह आए तो मैं जाऊँ।
आप कमाएँ तो हम खाएँ।

## वाच्य

### *परिभाषा*

क्रिया का वह रूपान्तर या परिवर्तन, जिससे इस बात का बोध हो कि वाक्य में कर्त्ता, कर्म अथवा भाव – इनमें से किसकी प्रधानता है तथा इनमें किसके अनुसार क्रिया के लिंग, वचन तथा पुरुष आदि आए हैं; **वाच्य** कहलाता है।

अर्थात् कर्त्ता, कर्म या भाव के अनुसार क्रिया के लिंग, वचन, पुरुष का होना बाध्य है।

**जैसे**– रश्मि खाती है। [**रश्मि** कर्त्ता के अनुसार क्रिया **खाती है** स्त्रीलिंग, एकवचन, अन्य पुरुष]
मैं पुस्तक पढ़ता हूँ। [**मैं** कर्त्ता के अनुसार क्रिया **पढ़ता हूँ** पुल्लिंग, एकवचन, प्रथम पुरुष]

**वाच्य के प्रयोग**

वाक्य में क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष का अध्ययन **प्रयोग** कहलाता है। ऐसा पाया जाता है कि वाक्य की क्रिया का लिंग, वचन और पुरुष कभी **कर्त्ता** तो कभी **कर्म** के अनुसार होता है लेकिन कभी-कभी वाक्य की क्रिया कर्त्ता या कर्म के अनुसार न होकर एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्यपुरुष होती है, इसी को प्रयोग कहते हैं।

**वाच्य के भेद**

वाच्य के तीन भेद हैं–

(i) कर्तृवाच्य (ii) कर्मवाच्य (iii) भाववाच्य

**(i) कर्तृवाच्य** – क्रिया का वह रूपान्तर, जिससे वाक्य में कर्त्ता की प्रधानता का बोध हो अर्थात् कर्त्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार क्रिया का रूप बदलता है, **कर्तृवाच्य** कहलाता है।

**जैसे**– आकांक्षा पुस्तक पढ़ती है।
लड़का खाता है।

यहाँ **पढ़ती है, खाता है** क्रियाओं के कर्त्ता क्रमशः 'आकांक्षा', 'लड़का' वाक्य का उद्देश्य हैं।

**(ii) कर्मवाच्य** – क्रिया का वह रूपांतर, जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो, **कर्मवाच्य** कहलाता है।

**जैसे**– किताबें पढ़ी जाती हैं।
सेब खाया जाता है।

यहाँ कर्म **किताबें, सेब** के अनुसार क्रिया का रूपान्तर हुआ है।

**(iii) भाववाच्य** – क्रिया का वह रूपांतर, जिससे वाक्य में क्रिया या भाव की प्रधानता का बोध हो, उसे **भाववाच्य** कहते हैं।

**जैसे** – लाडो से पढ़ा नहीं जाता।
सर्दी में उससे खेला नहीं जाता।

यहाँ कर्त्ता **'लाडो, उससे'** की प्रधानता न होकर भाव [**पढ़ा नहीं जाता, खेला नहीं जाता**] की प्रधानता है।

**विचार-दृष्टि**–यहाँ यह दृष्टव्य है कि कर्तृवाच्य में क्रिया **सकर्मक** और **अकर्मक** दोनों हो सकती हैं, किन्तु **कर्मवाच्य** में केवल सकर्मक क्रिया तथा भाववाच्य में केवल **अकर्मक क्रिया** होती है।

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन*

**1. पेड़ बढ़ता गया। इस वाक्य में प्रयुक्त संयुक्त क्रिया का नाम बताइए।**

**SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I**

(a) नित्यताबोधक संयुक्त क्रिया
(b) अनुमतिबोधक संयुक्त क्रिया
(c) अवकाशबोधक संयुक्त क्रिया
(d) समाप्तिबोधक संयुक्त क्रिया

**2. समझ-समझकर काम करना चाहिए। विकल्पों में से चुनकर बताइए कि उक्त वाक्य में रेखांकित पद किस प्रकार की क्रिया है?**

**SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III**

(a) पुनरुक्त क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) प्रेरणार्थक क्रिया (d) नामबोधक क्रिया

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है?**

**SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) सीता खाना बनाती है।
(b) अशोक हँसता है।
(c) हनसा रोती है।
(d) सोना चमकता है।

**4. उसने नहाने के बाद भोजन किया। उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद के बदले उचित पूर्वकालिक क्रिया पद भरकर वाक्य पूर्ण कीजिए।**

**SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) नहाना और (b) नहाया
(c) नहाकर (d) नहलवाया



CamScanner

5. **निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है–**

**SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) सोहन साइकिल चलाता है।
(b) मोहन दूध पीता है।
(c) बालक दौड़ता है।
(d) श्यामा ढोलक बजाती है।

6. **निम्नलिखित विकल्पों में क्रिया के प्रेरणार्थक रूप का गलत प्रयोग किसमें हुआ है?**

**SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I**

(a) बिठाना – बिठवाना
(b) टकारना – टकारवाना
(c) खिलाना – खिलवाना
(d) दिलाना – दिलवाना

7. **निम्नलिखित वाक्य में कौन-सा शब्द क्रिया शब्द है? मैंने आशा को मीनार दिखाई।**

**SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV**

(a) आशा (b) मैंने
(c) दिखाई (d) मीनार

8. **संज्ञा या विशेषण के मेल से बनने वाली क्रिया प्रेरणार्थक क्रिया है। रेखांकित पद को बदलकर शुद्ध कीजिए।**

**SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I**

(a) क्रियार्थक संज्ञा (b) सहायक क्रिया
(c) नामबोधक क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

9. **निम्नलिखित में से किस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया है?**

**SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I**

(a) धर्मेंद्र पढ़कर सो गया।
(b) सीता राधा से पत्र पढ़वाती है।
(c) सोहन ने खाना बना लिया।
(d) मुझे पढ़ने दो।

10. **'रमेश घर आया।' इस वाक्य का संदिग्ध भूतकाल में रूपांतरण होगा–**

**SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III**

(a) रमेश घर आ रहा था।
(b) रमेश घर आया था।
(c) रमेश घर आएगा।
(d) रमेश घर आ गया होगा।

11. **"सुयश अमेरिका गया होगा।" उपर्युक्त वाक्य को पूर्ण भूतकाल का प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए।**

**SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II**

(a) सुयश अमेरिका जाएगा।
(b) सुयश अमेरिका गया था।
(c) सुयश अमेरिका गया है।
(d) सुयश अमेरिका जा रहा था।

12. **"अभ्युदय पाठशाला जा रहा है।" उपर्युक्त वाक्य का सामान्य भविष्य काल में रूपांतरण क्या होगा?**

**SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) अभ्युदय शायद पाठशाला जाए।
(b) अभ्युदय पाठशाला जा रहा था।
(c) अभ्युदय पाठशाला चला गया होगा।
(d) अभ्युदय पाठशाला जाएगा।

13. **"अक्षदा उपवन में टहलने गई थी।" उपर्युक्त वाक्य को संदिग्ध वर्तमान काल का प्रयोग कर पुनः लिखिए।**

**SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III**

(a) अक्षदा उपवन में टहल रही थी।
(b) अक्षदा उपवन में टहलने गई।
(c) अक्षदा उपवन में टहलती होगी।
(d) अक्षदा उपवन में टहलने जा रही है।

14. **निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य कर्तृवाच्य में बदला गया है?**

(a) आज घूमने चला जाए।
(b) कल देर तक पढ़े।
(c) बालकों द्वारा खेला जाएगा।
(d) लड़कों के द्वारा खूब पढ़ा गया।

15. **'नमन पुस्तक पढ़ता है।' इस वाक्य का कर्मवाच्य में रूपांतरण होगा–**

**SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV**

(a) नमन पुस्तक पढ़ रहा है।
(b) नमन पुस्तक पढ़ेगा।
(c) नमन से पुस्तक पढ़ी नहीं जाती।
(d) नमन द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।

16. **निम्नलिखित वाक्यों में से अपूर्ण भूतकाल को पहचानिए–**

(a) रामू खाना खा रहा था।
(b) माँ खाना बना चुकी है।
(c) मुझे बाहर जाना है।
(d) हम घूमने जाएँगे।

17. **निम्नलिखित वाक्यों में से भविष्यत काल को पहचानिए–**

(a) गाय घास चरती है।
(b) रोहन मुंबई गया था।
(c) मैं कल घूमने जाऊँगी।
(d) माँ बच्चे को पढ़ा रही है।

18. **निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य चुनें।**

(a) ऐसा कहते हैं कि ................।
(b) तुम लिख नहीं सकते।
(c) बिल्ली के हाथों चूहा मारा गया।
(d) उसे सब कुछ बता दें।



CamScanner

**19. अकर्मक क्रिया के कितने भेद हैं?**
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) इनमें से कोई नहीं

**20. भूतकाल के कितने भेद हैं?**
(a) 5 (b) 6
(c) 4 (d) 3

**21. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है।' इस वाक्य की पहचान करें।**
(a) आसन्न भूत (b) सामान्य वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) इनमें से कोई नहीं

**22. निम्न में भाववाच्य है-**
(a) मोहन पुस्तक पढ़ता है।
(b) श्याम पत्र लिखता है।
(c) मोहन से बैठा नहीं जाता।
(d) पत्र लिखा जाता है।

**23. अकर्मक का अर्थ है-**
(a) कर्मवान (b) कर्मरहित
(c) कर्मशील (d) कर्म में निरत

**24. वर्तमान काल के भेद हैं-**
(a) 1 (b) 4
(c) 5 (d) 3

**25. निंम्न में वर्तमान काल का उदाहरण है-**
(a) उसने पढ़ा था। (b) वह पुस्तक पढ़ेगा।
(c) वह जाता है। (d) वह खेल रहा था।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (a) | 4. | (c) | 5. | (c) | 6. | (b) | 7. | (c) | 8. | (c) | 9. | (b) | 10. | (d) |
| 11. | (b) | 12. | (d) | 13. | (c) | 14. | (b) | 15. | (d) | 16. | (a) | 17. | (c) | 18. | (c) | 19. | (a) | 20. | (b) |
| 21. | (a) | 22. | (c) | 23. | (b) | 24. | (c) | 25. | (c) | | | | | | | | | | |



CamScanner

# 15 वाक्य विचार

## परिचय

भाषा की रचना वर्णों, शब्दों और वाक्यों से होती है अर्थात् वर्णों से शब्द, शब्दों से वाक्य और वाक्यों से भाषा का निर्माण होता है।

"सार्थक शब्दों का एक व्यवस्थित समूह जिससे एक अर्थ स्पष्ट हो, वाक्य कहलाता है।"

वाक्य के दो अंग होते हैं-

**उद्देश्य** - जिसके संबंध में जो भी कुछ कहा जाए, उसे उद्देश्य कहते हैं अर्थात् कर्त्ता को ही उद्देश्य कहते हैं।

**विधेय** - उद्देश्य के विषय में जो कुछ भी कहा जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

उदाहरण - हिमालय (उद्देश्य) देश का गौरव है। (विधेय)

## वाक्यों का वर्गीकरण

वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यत: दो आधारों पर किया गया है-

1. रचना के आधार पर
2. अर्थ के आधार पर

1. रचना के आधार पर

रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

**(i) सरल वाक्य**

जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय रहता है, उसे सरल या साधारण वाक्य कहते हैं।

जैसे- राम स्कूल जाता है।

**(ii) संयुक्त वाक्य**

दो या दो से अधिक सरल वाक्य और, तथा, एवं, या, किंतु, परन्तु, लेकिन, इसलिए, अत: (समुच्चयबोधक अव्ययों) से जुड़े हों, तो उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

जैसे- मोहन गया **और** राम आ गया।

**(iii) मिश्र वाक्य**

मिश्र वाक्य में भी दो या दो से अधिक सरल वाक्य होते हैं; परन्तु उनमें एक वाक्य मुख्य होता है, दूसरा या तीसरा वाक्य अधीन या आश्रित वाक्य होता है। मुख्य और अधीन वाक्यों को जोड़ने वाले निम्नलिखित समुच्चयबोधक अव्यय होते हैं-

कि, ताकि, क्योंकि, जैसा कि, यदि-तो, यद्यपि-तथापि, जब-तब, जो आदि।

जैसे- मोहन ने कहा **कि** वह कल अवश्य आएगा।

2. अर्थ के आधार पर

अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं-

**(i) विधानवाचक**

सूर्य पूर्व में निकलता है।
राकेश दिल्ली गया।

**(ii) निषेधवाचक**

मोहन विद्यालय नहीं गया।
अंजलि ने खाना नहीं खाया।

**(iii) विस्मयवाचक**

वाह! कितना सुंदर दृश्य है।
हे भगवान्! हमारी मदद करो।

**(iv) आज्ञावाचक**

जल्दी खाना खाओ।
अपना पाठ याद करो।

**(v) इच्छावाचक**

ईश्वर तुम्हें खुश रखे।
नववर्ष मंगलमय हो।

**(vi) संकेतवाचक**

यदि आप आए तो मैं चलूँगा।
जो परिश्रम करेगा वह सफल होगा।

**(vii) प्रश्नवाचक**

तुम्हारा क्या नाम है?
तुम कहाँ रहते हो?

**(viii) संदेहवाचक**

शायद आज वर्षा हो।
शायद आज सीमा स्कूल नहीं जाएगी।

## वाक्यांतरण

### सरल वाक्य से संयुक्त वाक्य

- सरल - वह खाना खाकर सो गया।
  संयुक्त - उसने खाना खाया और सो गया।
- सरल - इतना कहने पर भी वह नहीं आया।
  संयुक्त - इतना कहा परन्तु वह नहीं आया।
- सरल - प्राचार्य ने उसे अनुशासन भंग करने पर दंडित किया।
  संयुक्त - उसने अनुशासन भंग किया इसलिए प्राचार्य ने उसे दंडित किया।
- सरल - कड़ी मेहनत के बावजूद वह सफल न हो सका।
  संयुक्त - उसने कड़ी मेहनत की परन्तु वह सफल न हो सका।



CS CamScanner

- सरल - दुर्भाग्य से वह परीक्षा में बैठ न सका।
  संयुक्त - उसका दुर्भाग्य था इसलिए वह परीक्षा में बैठ न सका।
- सरल - उसने ऐसा काम करके बदनामी कमाई।
  संयुक्त - उसने ऐसा काम किया और बदनामी कमाई।
- सरल - कपड़े उतारकर वह नदी में कूद पड़ा।
  संयुक्त - उसने कपड़े उतारे और वह नदी में कूद पड़ा।
- सरल - सब कुछ पाने पर भी वह संतुष्ट नहीं था।
  संयुक्त - उसने सब कुछ पा लिया परन्तु वह संतुष्ट नहीं हुआ।
- सरल - उसके सीटी बजाने पर खेल रुक गया।
  संयुक्त - उसने सीटी बजाई और खेल रुक गया।
- सरल - वर्षा आती देख हमने एक झोपड़ी में शरण ली।
  संयुक्त - हमने वर्षा आती देखी और एक झोपड़ी में शरण ली।
- सरल - दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
  संयुक्त - वह दंड से बचना चाहता था इसलिए भाग गया।
- सरल - अपने ऊपर विपत्ति आती देखकर वह वहाँ से खिसक गया।
  संयुक्त - उसने अपने ऊपर विपत्ति आती देखी और वह वहाँ से खिसक गया।

## संयुक्त वाक्य से सरल वाक्य

- संयुक्त - राजकुमार ने भाई को मार डाला और आप राजा बन बैठा।
  सरल - भाई को मारकर राजकुमार राजा बन बैठा।
- संयुक्त - उसका साझेदार मर गया और सारा कार्यभार उस पर आ पड़ा।
  सरल - उसके साझेदार के मर जाने पर सारा कार्यभार उस पर आ पड़ा।
- संयुक्त - वह बच्चा ही तो था, पर था चतुर।
  सरल - बच्चा होने पर भी वह चतुर था।
- संयुक्त - देर मत करो नहीं तो/वरना गाड़ी छूट जाएगी।
  सरल - देर करने पर गाड़ी छूट जाएगी।
- संयुक्त - वे लोग निर्धन थे और कष्ट भोगते रहते थे।
  सरल - वे निर्धन लोग कष्ट भोगते रहते थे।
- संयुक्त - मैंने उसे बुलाया परन्तु उसने कोई उत्तर नहीं दिया।
  सरल - मेरे बुलाने पर भी उसने कोई उत्तर नहीं दिया।
- संयुक्त - उसने घर का काम कर लिया और पुस्तक बंद कर दी।
  सरल - उसने घर का काम करके पुस्तक बंद कर दी।
- संयुक्त - न रहेगा बाँस और न रहेगी बाँसुरी।
  सरल - बाँस और बाँसुरी दोनों नहीं रहेंगे।
- संयुक्त - स्याही सूख गई और मैं लिख न सका।
  सरल - स्याही सूख जाने के कारण मैं लिख न सका।
- संयुक्त - वह प्रतिदिन अभ्यास करता था इसलिए प्रवीण हो गया।
  सरल - प्रतिदिन अभ्यास करने के कारण वह प्रवीण हो गया।
- संयुक्त - यह कोट फटा पुराना है इसलिए यह मेरा नहीं हो सकता।
  सरल - यह फटा-पुराना कोट मेरा नहीं हो सकता।

## सरल वाक्य से मिश्र वाक्य

- सरल - उसने अपना दोष मान लिया।
  मिश्र - उसने मान लिया कि दोष उसका है।
- सरल - आज शाम उससे मिलने का मेरा विचार है।
  मिश्र - मेरा विचार है कि आज शाम उससे मिला जाए।
- सरल - वह मुझसे घर आने को कहता है।
  मिश्र - वह मुझसे कहता है कि मेरे घर आओ।
- सरल - उसे मारे जाने का डर था।
  मिश्र - उसे डर था कि वह मारा जाएगा।
- सरल - मेरे आने तक यहीं बैठे रहना।
  मिश्र - जब तक मैं न आऊँ तब तक यहीं बैठे रहना।
- सरल - इतना धन रहते हुए भी वह स्वस्थ नहीं है।
  मिश्र - यद्यपि उसके पास इतना धन है तथापि वह स्वस्थ नहीं है।

## मिश्र वाक्य से सरल वाक्य

- मिश्र - चीनी ऐसा खाद्य पदार्थ है जो सबसे महँगा है।
  सरल - चीनी सबसे महँगा खाद्य पदार्थ है।
- मिश्र - जहाँ श्याम रहता है वहीं राम भी रहता है।
  सरल - राम और श्याम एक ही जगह रहते हैं।
- मिश्र - यह निश्चित नहीं है कि वह कब आएगा?
  सरल - उसके आने का समय निश्चित नहीं है।
- मिश्र - घोषणा की गई कि लोग अपने-अपने हथियार मालखाने में जमा कर दें।
  सरल - घोषणा में लोगों से अपने-अपने हथियार मालखाने में जमा करने को कहा गया।
- मिश्र - वह उसी गाँव में मरा जिसमें पैदा हुआ था।
  सरल - वह अपने पैदाइशी गाँव में ही मरा।
- मिश्र - जब तुम लौटकर आओगे तब मैं जाऊँगा।
  सरल - तुम्हारे लौटकर आने पर मैं जाऊँगा।
- मिश्र - यद्यपि वह गरीब है तथापि वह चोरी नहीं करता।
  सरल - गरीब होने पर भी वह चोरी नहीं करता।
- मिश्र - मुझे बताओ कि तुम कहाँ रहते हो?
  सरल - मुझे अपने रहने का स्थान बताओ।
- मिश्र - आशा है कि वह साफ बच जाएगा।
  सरल - उसके साफ बच जाने की आशा है।
- मिश्र - यह वह सलाई है जिससे बुनाई की थी।
  सरल - इस सलाई से बुनाई की थी।
- मिश्र - चाबुक से उसके शरीर पर जो निशान पड़ गए थे वे अब भी दिखाई दे रहे थे।
  सरल - चाबुक से उसके शरीर पर पड़े हुए निशान अब भी दिखाई दे रहे थे।



CamScanner

- मिश्र - जो कुछ याद था वह भी भूल गया।
  सरल - याद किया हुआ सब कुछ भूल गया।

### संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य

- संयुक्त - मैं उसे चुप रहने को कहता रहा परन्तु उसने एक नहीं सुनी।
  मिश्र - यद्यपि मैं उसे चुप रहने को कहता रहा तथापि उसने एक नहीं सुनी।
- संयुक्त - काम पूरा कर डालो नहीं तो जुर्माना होगा।
  मिश्र - यदि काम पूरा नहीं करोगे तो जुर्माना होगा।
- संयुक्त - इसकी तलाशी लो और घड़ी मिल जाएगी।
  मिश्र - यदि इसकी तलाशी लोगे तो घड़ी मिल जाएगी।
- संयुक्त - विनय चुस्त न हो, पर है समझदार।
  मिश्र - यद्यपि विनय चुस्त नहीं है तथापि वह है समझदार।
- संयुक्त - शेर घायल हुआ परन्तु मारा नहीं गया।
  मिश्र - यद्यपि शेर घायल हो गया तथापि वह मारा नहीं गया।
- संयुक्त - मुझे तार मिला और मैं तुरन्त चल पड़ा।
  मिश्र - ज्यों ही मुझे तार मिला त्यों ही मैं चल पड़ा।
- संयुक्त– दवा लो और बुखार कम हो जाएगा।
  मिश्र - यदि दवा लोगे तो बुखार कम हो जाएगा।
- संयुक्त - करो या मरो।
  मिश्र - यदि नहीं करोगे तो मरोगे।
- संयुक्त - मोहन एक पुस्तक चाहता था और वह उसे मिल गई।
  मिश्र - मोहन जो पुस्तक चाहता था वह उसे मिल गई।
- संयुक्त - मैं वहाँ पहुँचा और तुरन्त घंटा बजा।
  मिश्र - ज्यों ही मैं वहाँ पहुँचा त्यों ही घंटा बजा।

### मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य

- मिश्र - वह इसलिए कंगाल हो गया कि उसका घर जलकर राख हो गया।
  संयुक्त - उसका घर जलकर राख हो गया इसलिए वह कंगाल हो गया।
- मिश्र - यद्यपि मैं उनके घर गया था तथापि उनसे भेंट नहीं हुई।
  संयुक्त - मैं उनके घर गया तो था पर उनसे भेंट नहीं हुई।
- मिश्र - यदि जल्दी तैयार नहीं होओगे तो बस चली जाएगी।
  संयुक्त - जल्दी तैयार हो जाओ नहीं तो बस चली जाएगी।
- मिश्र - मैंने उसे क्षमा कर दिया क्योंकि वह मरणासन्न था।
  संयुक्त - वह मरणासन्न था इसलिए मैंने उसे क्षमा कर दिया।
- मिश्र - मुझे वह पुस्तक मिल गई है जो खो गई थी।
  संयुक्त - वह पुस्तक खो गई थी परन्तु मुझे मिल गई है।

## SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का संकलन

**1. मिश्र वाक्य - 'जब तुम मेरे घर आये थे तब चार बजे थे।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV

(a) घर आये तुम चार बजे मेरे।
(b) तुम चार बजे मेरे घर आये थे।
(c) घर चार बजे तुम मेरे आये थे।
(d) चार बजा जब तुम मेरे घर आये थे तब था।

**2. मिश्र वाक्य - "जब मैंने तुम्हें देखा था, तुम रुग्णावस्था में थे।" निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I

(a) मैंने तुम्हें रुग्णावस्था में देखा था।
(b) जब तुम्हें देखा था तुम रुग्णावस्था में थे।
(c) तुम रुग्णावस्था में जब मैंने तुम्हें देखा था।
(d) रुग्णावस्था में जब तुम्हें देखा था।

**3. संयुक्त वाक्य - 'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I

(a) वह दंड से बचना चाहता था भाग गया।
(b) बचना चाहता था इसलिए भाग गया।
(c) दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
(d) वह बचना चाहता था इसलिए भाग गया।

**4. मिश्र वाक्य - 'इस गाँव का जो प्रधान है, वह अच्छा आदमी नहीं है।'
उपर्युक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II

(a) प्रधान अच्छा आदमी इस गाँव का नहीं है।
(b) जो प्रधान है, वह बिल्कुल अच्छा आदमी नहीं है।
(c) इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।
(d) गाँव का जो अच्छा आदमी नहीं है।

**5. संयुक्त वाक्य - 'ये भी अच्छे हैं और वे भी अच्छे हैं।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-III

(a) यह अच्छे हैं वे अच्छे हैं।
(b) सब अच्छे हैं और बुरे हैं।
(c) सब अच्छे हैं।
(d) सब बुरे हैं।



CamScanner

6. **मिश्र वाक्य - 'लोग समझते हैं कि तुम मूर्ख हो।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**
**SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV**
(a) तुम मूर्ख हो, लोग समझते हैं।
(b) मूर्ख लोग समझते हैं।
(c) मूर्ख लोग समझते तुम्हें हैं।
(d) लोग तुम्हें मूर्ख समझते हैं।

7. **संयुक्त वाक्य - 'शिक्षा साध्य नहीं है, साधन है।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**
**SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III**
(a) शिक्षा एक साधन है।
(b) शिक्षा साध्य न होकर साधन है।
(c) शिक्षा माध्यम नहीं साधन है।
(d) शिक्षा साधन है।

8. **निम्न विकल्पों में से मिश्र वाक्य को पहचानिए-**
(a) गुड़िया का मकान उधर है।
(b) जो देर से खाना खत्म करेगा, उसे मिठाई नहीं मिलेगी।
(c) राकेश ने भोजन किया।
(d) विकास आया और थककर सो गया।

9. **जिसमें एक से अधिक साधारण वाक्य हों तथा वे किसी संयोजक शब्द से जुड़े हों, उसे कहते हैं-**
(a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) जटिल वाक्य (d) साधारण वाक्य

10. **'गीता ने कहानी लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया' वाक्य किसका उदाहरण है?**
(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं

11. **जिसका मुझे भय था वही हुआ, वाक्य है-**
(a) सरल (b) संयुक्त
(c) मिश्र (d) नकारात्मक

12. **निम्नलिखित विकल्पों में से संयुक्त वाक्य को पहचानिए-**
(a) जो लड़का वहाँ बैठा है उसे मैं जानता हूँ।
(b) आज बहुत ठण्ड है।
(c) क्या श्याम यहाँ से चला गया?
(d) राहुल विद्यालय जाता है और मन लगाकर पढ़ता है।

13. **'यदि परिश्रम किया होता, तो सफलता अवश्य मिलती।' 'वाक्य प्रकार' की दृष्टि से उक्त वाक्य है-**
(a) संकेतार्थक (b) इच्छार्थक
(c) विधानार्थक (d) आज्ञार्थक

14. **निम्नलिखित में 'संदेहार्थक' वाक्य कौन-सा है?**
(a) वह जहाँ रहे, सुखी रहे।
(b) वह नहीं आया इसलिए हम नहीं गए।
(c) जो काम तुम्हें दिया गया है, उसे देखो।
(d) आज शाम को शायद वर्षा हो।

15. **''अहा! हिमालय की प्रकृत कितनी मनमोहक है''- यह किस प्रकार का वाक्य है?**
(a) विस्मयवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

16. **निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्र वाक्य है?**
(a) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(b) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबन्ध है।
(c) यज्ञदत्त देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(d) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।

17. **संयुक्त वाक्य का उदाहरण है-**
(a) वह धन के अभिमान में अकड़कर चलता है।
(b) जहाँ खेत थे वहाँ शहर बस गया।
(c) बस छूट जाने के कारण मैं गाँव नहीं गया।
(d) मैं अस्वस्थ था इसलिए मन लगाकर नहीं पढ़ सका।

18. **यदि मन लगाकर काम करोगे, तो सफलता प्राप्त करोगे। वाक्य का प्रकार बताइए-**
(a) साधारण वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) उपर्युक्त सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (a) | 3. | (c) | 4. | (c) | 5. | (c) | 6. | (d) | 7. | (b) | 8. | (b) | 9. | (b) | 10. | (a) |
| 11. | (c) | 12. | (d) | 13. | (a) | 14. | (d) | 15. | (a) | 16. | (b) | 17. | (d) | 18. | (c) | | | | |

CamScanner

# 16 अपठित गद्यांश

अपठित का अर्थ होता है 'जो पढ़ा नहीं गया हो।' प्रायः अपठित गद्यांश साहित्य, विज्ञान, कला, संस्कृति, दर्शनशास्त्र व अन्य किसी भी मानविकी विषय का हो सकता है। गद्यांश प्रायः प्रख्यात लेखकों की रचनाओं से लिए गए होते हैं। इनसे सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाते हैं। इससे छात्रों का मानसिक व्यायाम होता है और साथ ही उनकी व्यक्तिगत योग्यता व अभिव्यक्ति की क्षमता की परख भी होती है।

अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक है–

1. दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ना चाहिए।
2. गद्यांश पढ़ते समय मुख्य बातों को रेखांकित कर देना चाहिए।
3. गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर देते समय भाषा एकदम सरल होनी चाहिए।
4. उत्तर सरल, संक्षिप्त व सहज होने चाहिए। अपनी भाषा में उत्तर देना चाहिए।
5. प्रश्नों के उत्तर कम-से-कम शब्दों में देने चाहिए, साथ ही गद्यांश में से ही उत्तर छाँटने चाहिए।
6. मूलभाव के आधार पर शीर्षक लिखना चाहिए।

## *SSC GD में विगत वर्षों में पूछे गए गद्याशों का संकलन*

### *गद्यांश–1*

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा–**

डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स, जिसे मेडेसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स (एमएसएफ) के नाम से भी जाना जाता है, फ्रांस का एक गैर-सरकारी (1) ........ है जो युद्ध क्षेत्रों और बीमारियों से (2) .......... देशों में मानवीय चिकित्सा, देखभाल प्रदान करता है। यह संगठन (3) ........... बीमारियों जैसे मधुमेह, दवा-प्रतिरोधी संक्रमण, एचआईवी/एड्स, हेपेटाइटिस सी के उपचार में मदद करता है। एमएसएफ को कई महाद्वीपों पर उनके (4) ......... कार्यों के लिए 1999 में नोबेल शांति (5) ......... से सम्मानित किया गया था।

SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-I

1. **रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) हार्डवेयर (b) सायंकाल
   (c) सॉफ्टवेयर (d) संगठन
2. **रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) अतिक्रमण (b) परिचय
   (c) राजपथ (d) प्रभावित
3. **रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) विभिन्न (b) विनाश
   (c) अनुग्रह (d) अत्यंत
4. **रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) अनुभव (b) बेकार
   (c) मानवीय (d) अतिशयोक्ति
5. **रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) दंड (b) भेंटो
   (c) गेम (d) पुरस्कार

#### *उत्तरमाला*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (a) |
| 4. | (c) | 5. | (d) | | |

### *गद्यांश–2*

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प चुनें।**

वर्तमान काल में यदि संसार के किसी भी कोने में कोई भी घटना घटित हो तो उसके अगले दिन हमारे पास उसकी खबर आ जाती है। ऐसा सिर्फ समाचार पत्रों के कारण ही .......... होता है। आज के समय में बिना समाचार पत्र के जीवन की .......... करना भी काफी कठिन है। यह वो पहली और आवश्यक वस्तु है, जिसे सभी हर सुबह सबसे पहले देखते हैं। यह हमें पूरे विश्व में हो रही ......... के बारे में जानकारी देकर वर्तमान समय से जुड़े रखने में हमारी मदद करता है। समाचार पत्र व्यापारियों, राजनीतिज्ञों, सामाजिक मुद्दों, बेरोजगारों, खेल, अन्तर्राष्ट्रीय समाचार, विज्ञान, शिक्षा, दवाइयों, अभिनेताओं, मेलों, त्योहारों, तकनीकों आदि की जानकारी हमें देता है। यह हमारे ज्ञान कौशल और तकनीकी ........... को बढ़ाने में भी हमारी सहायता करता है। पहले के समय में, समाचार पत्रों में केवल खबरों का विवरण प्रकाशित होता था। हालांकि, अब इसमें बहुत से विषयों के बारे में खबरें और विशेषज्ञों के विचार यहाँ तक कि, लगभग सभी विषयों की जानकारी भी निहित होती है। बहुत



CamScanner

से समाचार पत्रों की कीमत बाजार में उनकी खबरों के ....... और उस क्षेत्र में प्रसिद्धि के कारण अलग-अलग होती है। समाचार पत्र या अखबार में दैनिक जीवन की सभी वर्तमान घटनाएं नियमित रुप से छपती हैं।

**SSC GD 20 Feb. 2024, Shift-IV**

1. **ऐसा सिर्फ समाचार पत्रों के कारण ही ........ होता है।**
   (a) संभव (b) विफल
   (c) मुश्किल (d) देखा
2. **आज के समय में बिना समाचार पत्र के जीवन की ........ करना भी काफी कठिन है।**
   (a) जरुरत (b) आवश्यकता
   (c) संरचना (d) कल्पना
3. **यह हमें पूरे विश्व में हो रही .......... के बारे में जानकारी देकर वर्तमान समय से जुड़े रखने में हमारी मदद करता है।**
   (a) घटनाओं (b) संकल्पनाओं
   (c) खेलों (d) त्योहारों
4. **यह हमारे ज्ञान, कौशल और तकनीकी .......... को बढ़ाने में भी हमारी सहायता करता है।**
   (a) माँग (b) जागरूकता
   (c) बात (d) संख्या
5. **बहुत से समाचार पत्रों की कीमत बाजार में उनकी खबरों के ......... और उस क्षेत्र में प्रसिद्धि के कारण अलग-अलग होती है।**
   (a) छपाई (b) बढ़ाई
   (c) गलती (d) विवरण

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (d) | 3. | (a) |
| 4. | (b) | 5. | (d) | | |

## गद्यांश-3

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प चुनें।**

जोखिम वाले कार्य या रोमांचकारी कार्य किसी उत्साहवर्धक .... का अनुभव कराते हैं। यह अप्रत्याशित अनुभव होता है जो साहस, उत्साह और आनंद की गतिविधियों से भरा होता है। यह कभी भी परिणाम के बारे में नहीं सोचता। इसका परिणाम सकारात्मक होता है, जो हमें कुछ लाभ देता है और इसके .......... प्रभाव नुकसान और हानि पहुँचाते हैं। यद्यपि, साहसिक लोग कभी भी ........ के बारे में नहीं सोचते हैं और अपने साहसिक कार्यों को निरंतर करते रहते हैं। प्रत्येक कार्य में रोमांच निहित होता है हालांकि, यह लोगों की सोच के अनुसार थोड़ा अलग होता है। इस तरह की गतिविधियाँ ........ और साहस से भरी होती हैं जिनकी प्रकृति साहस और जोखिम वाली होती है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनका पूरा जीवन साहसिक अनुभवों से भरा होता है। रोमांचकारी कार्य अनुभवकारी गतिविधियों का समूह होता है, जो उन्हें कुछ अस्वाभाविक ........... देते हैं।

**SSC GD 21 Feb. 2024, Shift-I**

1. **जोखिम वाले कार्य या रोमांचकारी कार्य किसी उत्साहवर्धक .......... का अनुभव कराते हैं।**
   (a) दुविधा (b) प्रमाण
   (c) प्रणाली (d) गतिविधि
2. **इसका परिणाम सकारात्मक होता है, जो हमें कुछ लाभ देता है और इसके ....... प्रभाव नुकसान और हानि पहुँचाते हैं।**
   (a) नकारात्मक (b) साहसी
   (c) रोमांचक (d) कुछ भी
3. **यद्यपि, साहसिक लोग कभी भी ......... के बारे में नहीं सोचते हैं और अपने साहसिक कार्यों को निरंतर करते रहते हैं।**
   (a) परिणाम (b) प्रमाण
   (c) पर्यावरण (d) कार्य
4. **इस तरह की गतिविधियाँ ......... और साहस से भरी होती हैं जिनकी प्रकृति साहस और जोखिम वाली होती है।**
   (a) प्रकृति (b) उत्साह
   (c) डर (d) नियम
5. **रोमांचकारी कार्य अनुभवकारी गतिविधियों का समूह होता है, जो उन्हें कुछ अस्वाभाविक ......... देते हैं।**
   (a) अनुभव (b) बातें
   (c) समय (d) हिस्सा

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (a) | 3. | (a) |
| 4. | (b) | 5. | (a) | | |

## गद्यांश-4

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।**

वन प्राणियों के लिए कितने आवश्यक हैं, ये सभी को पता है। कहा भी गया है कि वन ही जीवन है। इतना समझने के बावजूद भी दिन-प्रतिदिन वनों की ......... कटाई होती है। यह समस्या दिन-प्रतिदिन ........ रूप धारण करती जा रही है। जंगल मूल रूप से भूमि का एक टुकड़ा है जिसमें बड़ी संख्या में वृक्ष और पौधों की विभिन्न किस्में शामिल हैं। प्रकृति की ये खूबसूरत रचनाएँ ...... की विभिन्न प्रजातियों के लिए घर का काम करती हैं। जंगल पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। वे ग्रह की ....... को बनाए रखने में मदद करते हैं, वातावरण को शुद्ध करते हैं, वाटरशेड की रक्षा करते हैं। वे जानवरों के लिए एक .......... आवास और लकड़ी के एक प्रमुख स्रोत हैं जो कि हमारे दिन-प्रतिदिन जीवन में उपयोग किए जाने वाले कई उत्पादों के उत्पादन के लिए उपयोग की जाती है।

**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-I**



CamScanner

1. इतना समझने के बावजूद भी दिन-प्रतिदिन वनों की ....... कटाई होती है।
   (a) मजेदार (b) अंधाधुंध
   (c) आवश्यकतानुसार (d) कम से कम
2. यह समस्या दिन-प्रतिदिन ........... रूप धारण करती जा रही है।
   (a) साधारण (b) सामान्य
   (c) नया (d) विकराल
3. प्रकृति की ये खूबसूरत रचनाएँ .......... की विभिन्न प्रजातियों के लिए घर का काम करती हैं।
   (a) नदियों (b) जानवरों
   (c) पहाड़ों (d) मनुष्यों
4. वे ग्रह की ............ को बनाए रखने में मदद करते हैं।
   (a) आवश्यकता (b) गहराई
   (c) विश्वसनीयता (d) जलवायु
5. वे जानवरों के लिए एक .......... आवास और लकड़ी के एक प्रमुख स्रोत हैं।
   (a) कभी-कभी (b) प्राकृतिक
   (c) मानव निर्मित (d) शारीरिक

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (d) | 3. | (b) |
| 4. | (d) | 5. | (b) | | |

## गद्यांश-5

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

कार्तिक कृष्ण अमावस्या को दीपावली (1) ........... है। इस (2) ......... से लोग दिवाली मनाते हैं कि राम का अयोध्या में (3) ............. हुआ है और (4) ............ में द्वीप जलाए गए हैं। उनका (5) ........... राज्याभिषेक हुआ और लोग घर-घर में दीप जलाते हैं।

**SSC GD 22 Feb. 2024, Shift-IV**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) पढ़ती (b) उठती
   (c) चलती (d) पड़ती
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) भाव (b) मान
   (c) भयभीत (d) मालूम
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) बातचीत (b) अनुभव
   (c) पांव (d) राज्याभिषेक
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) कहीं-कहीं (b) दूर-पास
   (c) घर-घर (d) हर-हर
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) विधिवत (b) कर्त्तव्य
   (c) शब्दहीन (d) लम्बा

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (a) | 3. | (d) |
| 4. | (c) | 5. | (a) | | |

## गद्यांश-6

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

जब लोगों ने पहली बार साफ हवा के लिए (1) .......... छेड़ी तो सबसे पहले इस (2) ........... से निपटने के लिए कानूनी रास्तों को (3) .............. का प्रयास किया गया। यह काम आसान नहीं था क्योंकि (4) .......... और भाप इंजनों के मालिक अपनी मशीनों में सुधार के लिए पैसा (5) ........... करने को कतई तैयार नहीं थे।

**SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-I**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) मुहिम (b) रास्ता
   (c) महिला (d) पुरुष
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) खूबसूरत (b) गरीमा
   (c) समस्या (d) लक्षण
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) कोहरा (b) दिशा
   (c) बीमारियों (d) आजमाने
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) गंदगी (b) कारखानों
   (c) कचरे (d) शहर
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) फुकाने (b) खर्च
   (c) आसानी (d) मुश्किल

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (c) | 3. | (d) |
| 4. | (b) | 5. | (b) | | |



CamScanner

## गद्यांश-7

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं। प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चारों विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प चुनें।**

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारी .......... का प्रतीक है। देश में अपना ध्वज लहराने का मतलब है कि वह देश स्वतंत्र है। आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने कहा था 'राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ हमारी स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि ये देश की समस्त जनता की स्वतंत्रता का प्रतीक है।' भारतीय कानून के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज ............. के कपड़े का होना चाहिए। शुरुआत में राष्ट्रीय ध्वज का इस्तेमाल आम नागरिकों द्वारा सिर्फ राष्ट्रीय दिवस जैसे स्वतंत्रता दिवस व गणतन्त्र दिवस को ही होता था, बाकी के दिनों में वे उसको नहीं .......... सकते थे। हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की संस्कृति, सभ्यता और ....... को दर्शाता है। हवा में लहराता हुआ हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की ......... को प्रदर्शित करता है। यह हमारा ध्वज हमारे देश के नागरिकों की स्वतंत्रता के साथ-साथ अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्त होने पर अपना एवं अपने देशवासियों का गौरवयुक्त अभिमान है।

**SSC GD 23 Feb. 2024, Shift-IV**

**1. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारी .......... का प्रतीक है।**
(a) संरचना (b) स्वाधीनता
(c) पराधीनता (d) अच्छाई

**2. भारतीय कानून के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज ......... के कपड़े का होना चाहिए।**
(a) सूती (b) अच्छे
(c) मलमल (d) खादी

**3. बाकी के दिनों में वे उसको नहीं ........... सकते थे।**
(a) उतार (b) फहरा
(c) दिखा (d) ला

**4. हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की संस्कृति, सभ्यता और ............ को दर्शाता है।**
(a) ह्रास (b) इतिहास
(c) गतिविधि (d) जनसंख्या

**5. हवा में लहराता हुआ हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की .......... को प्रदर्शित करता है।**
(a) परतंत्रता (b) स्वतंत्रता
(c) लड़ाई (d) शुरुआत

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (d) | 3. | (b) |
| 4. | (b) | 5. | (b) | | |

## गद्यांश-8

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प चुनें।**

आलस्य एक ऐसा भाव है जो मनुष्य को कार्य करने की ........... नहीं देता अर्थात् मनुष्य कोई भी काम नहीं करना चाहता। उसे कोई भी कार्य करना अच्छा नहीं लगता सिवाय आराम फरमाने के। आलस्य मनुष्य को ......... मार्ग पर ले जाता है। आलसी मनुष्य को अपनी कुर्सी से उठने में भी कठिनाई होती है। उसे लगता है कि उसका काम कोई दूसरा व्यक्ति कर दे तो उसकी नींद पूरी हो जाए। अब बताइए आलसी मनुष्य अपना ........... खुद ही बन जाता है। उसे परिश्रम का महत्व समझ नहीं आता। मनुष्य में कई तरह के दोष हैं जैसे- लालच, क्रोध, हिंसा, जलन आदि लेकिन सबसे भयानक आलस का रोग है। आलस्य मनुष्य को असफलता की राह पर ले जाता है। असफलता, अवनति और विनाश आलसी मनुष्य के ........... हैं। शेर भी जंगल में शिकार करके अपनी भूख मिटाता है। शेर जंगल का राजा होता है लेकिन वह भी परिश्रम करके जानवर का शिकार करता है। कहने का तात्पर्य है बिना कोई काम किए किसी को जीवन में .......... प्राप्ति नहीं होती।

**SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-II**

**1. आलस्य एक ऐसा भाव है जो मनुष्य को कार्य करने की ........... नहीं देता।**
(a) अनुभव (b) समय
(c) जरूरत (d) इज़ाजत

**2. आलस्य मनुष्य को ........ मार्ग पर ले जाता है।**
(a) अच्छे (b) मनचाहे
(c) सुगम (d) दुर्गम

**3. अब बताइये आलसी मनुष्य अपना .......... खुद ही बन जाता है।**
(a) दोस्त (b) पसंदीदा
(c) दुश्मन (d) प्यारा

**4. असफलता, अवनति और विनाश आलसी मनुष्य के ........ हैं।**
(a) परिणाम (b) अपने
(c) महान (d) प्रणाम

**5. कहने का तात्पर्य है बिना कोई काम किए किसी को जीवन में ........ प्राप्ति नहीं होती।**
(a) लक्ष्य (b) आलस
(c) कठिनाई (d) दुख की

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (c) |
| 4. | (a) | 5. | (a) | | |

## गद्यांश-9

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

(1) ........... में रीढ़ की हड्डी की जो भूमिका है, वही संसद में (2) ............ की है। संसद का ढांचा महिलाओं पर (3) ......... है। भारत दुनिया की पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनं गया है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था का (4) ........... मुख्य तौर पर महिलाओं से ही (5) .......... है।

**SSC GD 24 Feb. 2024, Shift-IV**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) किताब (b) देश
   (c) संसद (d) शरीर
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) जूतों (b) फोन
   (c) महिलाओं (d) अखबार
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) निर्भर (b) ऊपर
   (c) मौका (d) विषय
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) ऊँचाई (b) विकास
   (c) नीचता (d) उपस्थित
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) ऊपर (b) नीचे
   (c) संचालित (d) भूमिक

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (c) | 3. | (a) |
| 4. | (b) | 5. | (c) | | |

### गद्यांश-10

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

मोबाइल फोन टेलीविजन या टैबलेट जैसे (1) .......... की स्क्रीन पर बच्चों के ज्यादा समय देने को लेकर हाल के वर्षों में (2) .......... अध्ययन हुए हैं। इनके (3) ............ इस बात का इशारा करते हैं कि (4) ............ स्क्रीन टाइम तंत्रिका संबंधी विकास और आपसी मेलजोल बढ़ाने में (5) ........... बनते हैं।

**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-I**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए
   (a) भूमि (b) उपकरणों
   (c) किताबों (d) कार्यालय
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) गतिविधि (b) व्यापक
   (c) दुष्ट (d) कोमल
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) अतिरिक्त (b) स्मार्ट
   (c) पैदा (d) निष्कर्ष
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) इशारा (b) बचपन
   (c) स्वास्थ्य (d) अत्यधिक
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) बाधक (b) छुटकारा
   (c) सलाह (d) हताश

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (b) | 3. | (d) |
| 4. | (d) | 5. | (a) | | |

### गद्यांश-11

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

फसलों का (1) ............. अच्छा हो, यह प्रयास फसलों की (2) ........ के चयन पर निर्भर करता है। किसानों को अच्छी (3) ......... वाले विशेष बीज उपलब्ध होने चाहिए (4) ........... बीज उसी किस्म के होने चाहिए जो (5) ............. परिस्थिति में अंकुरित हो सकें।

**SSC GD 26 Feb. 2024, Shift-IV**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) उत्पादन (b) कीमत
   (c) गुणगान (d) परिवर्तन
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) किस्मों (b) विज्ञान
   (c) उच्च (d) जलवायु
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) गुणवत्ता (b) विशेषकर
   (c) सुधार (d) महत्वपूर्ण
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) या (b) केवल
   (c) अर्थात् (d) उल्टा
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) शताब्दी (b) अनुकूल
   (c) प्रतिवर्ष (d) वार्षिक

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (a) |
| 4. | (c) | 5. | (b) | | |



CamScanner

## गद्यांश-12

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

वित्त मंत्रालय ने देश के सभी सरकारी बैंको को अपनी साइबर (1) ............ की समीक्षा और उसे (2) ........ करने की जो सलाह दी, उस पर अमल भी (3) .......... किया जाना चाहिए। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि बैंको की साइबर सुरक्षा में (4) .......... लगती ही रहती है। साइबर हमलों में भारत के भी विभिन्न (5) ............ हैं।

**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-II**

**1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) वसूली (b) निराशा
(c) सुरक्षा (d) आरक्षण

**2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) छोटी (b) लंबी
(c) ढीली (d) मजबूत

**3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) दुर्गम (b) अनर्थ
(c) सुनिश्चित (d) दुर्जन

**4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) सेंध (b) चमचम
(c) चमकीला (d) प्रार्थना

**5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) संस्थान (b) विदेश
(c) प्रदेश (d) स्वदेश

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (d) | 3. | (c) |
| 4. | (a) | 5. | (a) | | |

## गद्यांश-13

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

'गोदान' प्रेमचंद की सबसे मशहूर (1) .......... है। यह भारतीय किसानों पर लिखा गया महान (2) ............... है। इस उपन्यास में किसान होरी और उसकी बीवी धनिया की (3) ......... है। समाज में (4) .......... के मालिक लोग उन्हें अपने दमन के (5) .......... में ऐसा फाँसते हैं कि वे भूमिहीन मजदूर बन जाते हैं।

**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-III**

**1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) परिकर (b) धात्री
(c) निष्कर्ष (d) कृति

**2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) कार्यकर (b) भेंट
(c) पक्ष (d) उपन्यास

**3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) कहानी (b) चरित्र
(c) रंगरूप (d) प्रेम

**4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) पर्यटक (b) विज्ञापन
(c) सत्ता (d) युग

**5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) प्रभावशाली (b) दुष्चक्र
(c) कृतियाँ (d) पहलवानी

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (d) | 3. | (a) |
| 4. | (c) | 5. | (b) | | |

## गद्यांश-14

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

हर युग का अपना-अपना प्रिय (1) ......... होता है। इन दिनों यह उद्योग बना है, देश की नई (2) ........... को विदेश का रास्ता दिखाने का। (3) ............ यह रास्ता खुल रहा है, त्यों-त्यों लगता है मुंबई का विरार का इलाका और दूसरे महानगरों के पीछे या भूख से सूखती हुई अंधेरी गलियाँ विदेशी (4) ........ का रास्ता तलाश रही हैं। गांव (5) ............ हो रहे हैं।

**SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-II**

**1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) गारंटी (b) नवीन
(c) उद्योग (d) दाव

**2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) विषय (b) पीढ़ी
(c) लोग (d) रास्ता

**3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) ज्यों-ज्यों (b) जिन्हें
(c) जब (d) जो



CamScanner

4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) प्राणी (b) युवक
(c) प्रवास (d) प्राण

5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) भारी (b) भ्रमित
(c) भर (d) खाली

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (b) | 3. | (a) |
| 4. | (c) | 5. | (d) | | |

### गद्यांश-15

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं। प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चारों विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प चुनें।**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और साथ ही उसमें विचारों को व्यक्त करने एवं ........... को महसूस करने की शक्ति होती है। इसी कारण मनुष्य अकेला नहीं रह सकता। एक मनुष्य दूसरे मनुष्य अथवा किसी अन्य प्राणी की तरफ ............ होता है। उसे भावनात्मक रूप से अपना समझता है, बिना किसी रक्त संबंध के अपने दुःख-सुख उससे बाँटता है और सदैव उसकी मदद करता है। ऐसे ही संबंध को दोस्ती अथवा मित्रता का ............ कहा जाता है। मित्रता का महत्व बहुत बड़ा है। जब भी व्यक्ति किसी अन्य के साथ स्वयं को परिपूर्ण समझे, उसके साथ उसकी तकलीफों को अपना समझे, अपने गम उससे कह सके, भले ही दोनों में न रक्त संबंध हो, न जातीय संबंध और न ही इंसानी सजीवता का संबंध लेकिन फिर भी वह भावनात्मक दृष्टि से उससे जुड़ा हुआ हो यही मित्रता का अर्थ है। मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो ............ नहीं रह सकता। उसे अपने दिल की बात कहने के लिए किसी न किसी साथी की ............ होती है फिर चाहे वो कोई इन्सान हो, जानवर हो या कोई निर्जीव सी वस्तु या फिर भगवान।

SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-III

1. मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और साथ ही उसमें विचारों को व्यक्त करने एवं ........ को महसूस करने की शक्ति होती है।
(a) जानकारी (b) आविष्कार
(c) भावनाओं (d) अनुशासित

2. एक मनुष्य दूसरे मनुष्य अथवा किसी अन्य प्राणी की तरफ ............ होता है।
(a) उपलब्ध (b) जाता
(c) प्रकाशित (d) आकर्षित

3. ऐसे ही संबंध को दोस्ती अथवा मित्रता का ........ कहा जाता है।
(a) भरमार (b) मजाक
(c) कमाई (d) संबंध

4. मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो ........ नहीं रह सकता।
(a) सम्बंधित (b) सरकारी
(c) अकेला (d) सामाजिक

5. अपने दिल की बात कहने के लिए किसी न किसी साथी की ......... होती है।
(a) प्रमुख (b) माध्यम
(c) जरूरत (d) उपयोग

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (d) | 3. | (d) |
| 4. | (c) | 5. | (c) | | |

### गद्यांश-16

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

प्रतियोगिता परिक्षाओं में गड़बड़ी और (1) ........ नई बात नहीं है। कई परीक्षा देने वाले (2) ......... का कहना है कि (3) .... .......... के सील टूटे हुए थे। वे इनके विरोध में (4) .......... भी कर रहे हैं। यही कारण है की परीक्षा (5) ....... कर दी गयी है।

SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-I

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) विवाद (b) रहस्यमय
(c) समूह (d) मूर्ख

2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) थानेदार (b) अभ्यर्थियों
(c) कर्मचारी (d) दुकानदार

3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) प्रश्नपत्रों (b) बन्दूक
(c) कारतूस (d) विचार

4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) प्रतिशोध (b) शोध
(c) उत्साह (d) प्रदर्शन

5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) धैर्य (b) खटास
(c) मिठास (d) रद्द

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (b) | 3. | (a) |
| 4. | (d) | 5. | (d) | | |



CS CamScanner

### गद्यांश-17

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

तकनीक के (1) ......... को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो (2) ........... जताई वह यह बताती है कि उसके गलत (3) ........... की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। दिल्ली में मुख्यालय में दीपावली मिलन (4) ......... को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह (5) .......... दी कि उनका भी डीपफेक वीडियो सामने आया है।

SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-IV

1. **रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) उपयोग (b) इच्छा
   (c) दुरुपयोग (d) पकड़
2. **रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) चिंता (b) आवश्यकता
   (c) गलत (d) बधाई
3. **रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) सुशील (b) प्रकाश
   (c) इस्तेमाल (d) अधिकारी
4. **रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) समारोह (b) कार्यालय
   (c) शोक (d) घटना
5. **रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) जानकारी (b) समझाया
   (c) बताया (d) उत्साह

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (a) | 3. | (c) |
| 4. | (a) | 5. | (a) | | |

### गद्यांश-18

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

आइआइटी कानपुर ने दावा किया है कि उसके पास दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के जरिए (1) ......... बारिश कराने की (2) ............. है। कृत्रिम बारिश कराना एक वैज्ञानिक (3) .......... है। इसकी (4) ......... मौसम के खास हालात पर (5) ........... करती है।

SSC GD 06 Mar. 2024, Shift-II

1. **रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) कृत्रिम (b) अनुपयोग
   (c) बादल (d) राहत
2. **रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) क्षमता (b) अनुकूल
   (c) सहाय (d) उपयोग
3. **रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) प्रचंड (b) परिवार
   (c) प्रक्रिया (d) परतंत्र
4. **रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) असफल (b) उपयोग
   (c) सफलता (d) प्रयोग
5. **रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) दायित्व (b) निड़र
   (c) निर्भर (d) सफल

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (c) |
| 4. | (c) | 5. | (c) | | |

### गद्यांश-19

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

भारत दुनिया में अपने संबंधों की (1) .............. और गरिमा के लिए जाना जाता है। व्यक्ति अपना (2) ............ यौवन अपने बच्चों के लिए न्यौछावर कर देता है, किंतु एक दिन वही बच्चे उसे त्याग देते हैं या उसकी (3) ........... करने लगते हैं। जीवन की इससे बड़ी (4) ................ और क्या हो सकती है? (5) ........... की अंधी दौड़ में हम बेतहाशा भाग रहे हैं।

SSC GD 07 Mar. 2024, Shift-IV

1. **रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) करीब (b) आत्मीयता
   (c) बेकार (d) व्यक्ति
2. **रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) केवल (b) संपूर्ण
   (c) खराब (d) शून्य
3. **रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) सुखी (b) संपत्ति
   (c) उपेक्षा (d) खिलाने
4. **रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) त्रासदी (b) सुविधा
   (c) लगाव (d) व्यर्थ



CamScanner

5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) सफलता (b) निवासी
(c) हिस्सा (d) प्रतिशत

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (b) | 3. | (c) |
| 4. | (a) | 5. | (a) | | |

## गद्यांश-20

**नीचे दिए गये गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।**

बसंत पंचमी का दिन बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के आरम्भ के लिए ही ज्यादा .......... माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन से शिक्षा प्रारंभ होने से बच्चे ज्ञानवान बनते हैं और .......... होती है। बच्चों के अन्नप्राशन के लिए भी यह दिन बहुत शुभ होता है। गृह प्रवेश और नए कार्य भी इसी दिन से शुरू किये जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार जब सृष्टि की रचना की गई तब उस समय वातावरण में नीरसता, उदासी थी। ऐसा लग रहा था मानो किसी की वाणी नहीं है, सभी ......... हैं। भगवान विष्णु को यह देखकर अच्छा नहीं लगा, फिर उन्होंने अपने कमंडल से जल छिड़का, जल कणों के छिड़कते ही पेड़ों से एक शक्ति उत्पन्न हुई, जो अपने दोनों हाथों से वीणा बजा रही थी। साथ ही इस देवी के हाथों में पुस्तक और मोती की माला थी। इस देवी ने ही समस्त ........ को वाणी प्रदान की। जिसके बाद से ही इन्हें सरस्वती कहा गया। यह देवी विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री हैं, इसलिए इन्हें ......... भी कहा जाता है।

**SSC GD 30 Mar. 2024, Shift-I**

1. **बसंत पंचमी का दिन बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के आरम्भ के लिए बहुत ही ज्यादा ....... माना जाता है।**
(a) शुभ (b) अशुभ
(c) आसान (d) अनजान

2. **माना जाता है कि इस दिन से शिक्षा प्रारंभ होने से बच्चे ज्ञानवान बनते हैं और ...... होती है।**
(a) बुद्धि तीव्र (b) अज्ञानी
(c) शक्ति क्षीण (d) खानपान

3. **ऐसा लग रहा था मानो किसी की वाणी नहीं है, सभी ........ हैं।**
(a) मूक (b) अचूक
(c) बड़ब्रोले (d) बहुत बोलते

4. **इस देवी ने ही समस्त ........... को वाणी प्रदान की।**
(a) प्राणियों (b) जानवरों
(c) देवों (d) प्रकृति

5. **यह देवी विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री हैं, इसलिए इन्हें ............. भी कहा जाता है।**
(a) विद्यादायिनी (b) माता
(c) देवी (d) लक्ष्मी

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (a) | 3. | (a) |
| 4. | (a) | 5. | (a) | | |

## गद्यांश-21

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

शहरी इलाकों में आबादी का अधिक (1) ......... वाहनों की ज्यादा संख्या और अधिक आवाजाही के (2) .......... सड़क हादसों का सबसे अधिक (3) ........... ग्रामीण इलाकों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में शहरी क्षेत्रों में 54000 लोगों को (4) ............. में जान (5) .......... पड़ी।

**SSC GD 27 Feb. 2024, Shift-IV**

1. **रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
(a) घटना (b) घोर
(c) घनत्व (d) घना

2. **रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
(a) लिए (b) परस्पर
(c) बावजूद (d) वजह

3. **रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
(a) परिणाम (b) कारोबार
(c) इज्जत (d) जोखिम

4. **रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
(a) दुर्घटनाओं (b) मंत्रालय
(c) सुविधा (d) सुविचार

5. **रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
(a) चालाकी (b) गंवानी
(c) हालात (d) बचानी

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (c) | 3. | (d) |
| 4. | (a) | 5. | (b) | | |

## गद्यांश-22

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

निःसंदेह भारत के लोग विराट (1) ......... वाले हैं। वे सबको अपना लेते हैं। (2) ............. संस्कृतियों के पश्चात भी सब आपस में (3) ........... सहयोग भाव बनाए रखते हैं। एक-दूसरे के साथ (4) ............... कर रहते हैं। यही हमारी भारतीय संस्कृति की (5) ......... है।

**SSC GD 28 Feb. 2024, Shift-I**



CamScanner

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) ग्रीवा (b) पादुका
   (c) हर्ष (d) हृदय
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) बेकार (b) अध्ययन
   (c) विभिन्न (d) अजीबोगरीब
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) हीन (b) सम्मान
   (c) परस्पर (d) भेदभाव
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) तू तड़ाक (b) मारपीट
   (c) बड़बोले (d) मिलजुल
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) महानता (b) उदासी
   (c) बढ़ोत्तरी (d) दुःख

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (c) | 3. | (c) |
| 4. | (d) | 5. | (a) | | |

### गद्यांश-23

**नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

मोटे अनाज का (1) ............ बढ़ने से जनसामान्य सहित किसानों को लाभ मिलने की बड़ी (2) ............ है। एक ओर इससे कुपोषण की समस्या से निपटने का नया और सरल मार्ग मिलेगा, वहीं दूसरी ओर इससे किसानों की (3) ............. दोगुनी होने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यही कारण है कि मोटा अनाज वर्ष में एक ओर किसानों को इन अनाजों की खेती करने के लिए (4). ........ .. किया जाएगा और दूसरी ओर लोगों को मोटे अनाज के महत्व से (5) .......... कराया जाएगा जिससे इनकी खपत बढ़े और किसान इनकी खेती में रूचि दिखाएं।

**SSC GD 29 Feb. 2024, Shift-II**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) ईंधन (b) प्रभाव
   (c) प्रचलन (d) कीमत
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) समस्या (b) व्यंजन
   (c) परिणाम (d) संभावना
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) पीढ़ी (b) मात्रा
   (c) महत्त्व (d) आय
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) स्वीकार (b) जागरुक
   (c) मोटापन (d) अंधापन
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) स्वीकृत (b) अवगत
   (c) परिपूर्ण (d) अधिकतर

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (d) | 3. | (d) |
| 4. | (b) | 5. | (b) | | |

### गद्यांश-24

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

एक्सप्रेसवे के जरिए प्रदेश की (1) ........... को बेहतर बनाने के साथ ही अब इनके (2) .................. औद्योगिक केंद्रों की (3) ............. के लिए औद्योगिक गलियारे विकसित किए जाने की (4) ............. पर (5) ............. शुरू किया गया है। इस बारे में आज ही मुख्यमंत्री जी के साथ चर्चा होगी।

**SSC GD 01 Mar. 2024, Shift-II**

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) ऑफिस (b) कनेक्टिविटी
   (c) टैंक (d) समन
2. रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) बाएँ (b) सीधे
   (c) किनारे (d) गोलाकार
3. रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) बंद (b) स्थापना
   (c) प्रभाव (d) नाटक
4. रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) वर्तमान (b) योजना
   (c) षड्यंत्र (d) दान
5. रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
   (a) प्रेम (b) दुख
   (c) अमल (d) पीड़ा



CamScanner

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (c) | 3. | (b) |
| 4. | (b) | 5. | (c) | | |

## गद्यांश-25

**नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-**

जैसे ही हम (1) .......... के आगरा शहर का नाम सुनते हैं, सबसे पहले हमारे (2) ............ में ताजमहल ही आता है। सफ़ेद (3) .............. से बना यह महल, (4) .......... प्रेम की निशानी है। ताजमहल का निर्माण मुग़ल (5) ........... शाहजहाँ ने करवाया था। यह दुनिया के सात अजूबों में से एक है।

**SSC GD 05 Mar. 2024, Shift-I**

1. **रिक्त स्थान 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) अनोखा (b) भारत
   (c) दुनिया (d) विश्राम
2. **रिक्त स्थान 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) ज़हन (b) अंकुश
   (c) परीक्षा (d) गर्दन
3. **रिक्त स्थान 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) प्रकाश (b) संगमरमर
   (c) आकाश (d) कुमकुम
4. **रिक्त स्थान 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) असीम (b) कम
   (c) केवल (d) अनेक
5. **रिक्त स्थान 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) सज़ा (b) शासक
   (c) शासन (d) शासित

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (a) | 3. | (b) |
| 4. | (a) | 5. | (b) | | |

**निम्नलिखित गद्यांशों में कुछ शब्दों को हटा दिया गया है। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**

## गद्यांश-26

मैत्री भाव सकारात्मक तथा (1) .................... वर्ग में गिना जाता है। मित्रता ऐसा उपहार है जो (2) ................... को प्राप्त होता है। सच्चा मित्र वही होता है जिसके कारण हमें कभी भी (3) .................... ना हो। जब भी हमारी ऐसी कोई आदत होती है जिससे दूसरे को परेशानी होती है तो ऐसी आदत (4) .................... में ही भलाई है। मनुष्य तो (5) .................... प्राणी है।

**SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I**

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) नकारात्मक (b) निम्न
   (c) उच्च (d) मध्यम
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) गरीब (b) सबको
   (c) अमीर (d) भाग्यशाली
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) खुशी (b) उत्साह
   (c) भलाई (d) पश्चाताप
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) दिखाने (b) गिनाने
   (c) छोड़ने (d) अपनाने
5. **रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) भयानक (b) परेशान
   (c) सामाजिक (d) दिखावा

### उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (d) | 3. | (d) |
| 4. | (c) | 5. | (c) | | |

## गद्यांश-27

